माघ मास, कृष्ण पक्ष 15, वर्ष 11, अंक 344, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शनिवार, 21 जनवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अन्दर : आईपीएल 2023 से पहले रिकी पोंटिंग ने रखी शर्त बोले- मैं चाहता हूं पंत डगआउट में मेरे पास बैठे



अंदर - मीडिया में विश्वसनीयता का संकट

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## संजय राउत 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल, भाजपा ने की खिंचाई

**साधा निशाना**

**देश में माहौल तेजी से बदल रहा है, अपनी पार्टी की तरफ से यात्रा में आया हूं : राउत**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल होने को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत पर व्यंग्य कसा है। भाजपा ने संजय राउत पर व्यंग्य कसते हुए शुक्रवार को कहा कि वह कांग्रेस नेता के साथ जितनी दूरी तय करेंगे उद्धव ठाकरे की पार्टी जीत से उतनी ही दूर होगी। राहुल गांधी के साथ जम्मू-कश्मीर में 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल हुए संजय राउत ने संवाददाताओं से कहा, मैं अपनी पार्टी की ओर से यात्रा में शामिल होने आया हूं। देश में माहौल तेजी से बदल रहा है और मैं राहुल को वास्तविक मुद्दों पर आवाज उठाने वाले नेता के रूप में देख रहा हूं।" संजय राउत ने कहा, जिस तरह से लोग इस यात्रा से जुड़ रहे हैं, यह दिल को छू लेने वाला है।



वह एक नेता हैं और इसलिए वह सड़कों पर हैं। जनता फैसला करेगी (उनका नेता कौन होगा)।" भाजपा की मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार ने कहा कि उन्हें निडर होकर राहुल गांधी के साथ चलना चाहिए। जितना संजय राउत राहुल गांधी के साथ चलेंगे, उद्धव जी की सेना के लिए जीत उतनी ही दूर होती जाएगी।

## नेशनल चैंपियनशिप छोड़कर लौटे 200 पहलवान



**आईओए ने जांच के लिए कमेटी बनाई**

इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन की बैठक में पहलवानों के आरोपों की जांच के लिए 7 सदस्यीय कमेटी बना दी है। इस कमेटी में बॉक्सर मैरी कॉम, डोला बनर्जी, अलकनंदा अशोक, योगेश्वर दत्त, सहदेव यादव और दो वकील शामिल हैं।

**बृजभूषण शरण ने सरकार को भेजा जवाब** | **खेल मंत्री के साथ खिलाड़ियों की दोबारा बैठक** | **पहलवानों ने इंडियन ओलिंपिक संघ को लिखा लेटर**



नई दिल्ली। डब्ल्यूएफआई और पहलवानों के बीच जारी विवाद के बीच भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने उनकी शुक्रवार को होने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द कर दी है। उनके बेटे प्रतीक ने मीडिया से कहा- बृजभूषण डब्ल्यूएफआई (रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया) की 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली सालाना बैठक के बाद खेल मंत्रालय को अपना आधिकारिक जवाब देंगे। वहीं, सूत्रों का कहना है कि बृजभूषण शरण ने खेल मंत्रालय को अपना जवाब भेज दिया है। इस विवाद का असर यूपी के गोंडा में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप पर भी पड़ा है। चैंपियनशिप में हिस्सा लेने गए दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के कई खिलाड़ी लौट रहे हैं। इनमें शामिल दिल्ली के रेसलर प्रदीप मीणा ने बताया कि अब तक 200 से ज्यादा रेसलर लौट चुके हैं। इन लोगों ने चैंपियनशिप में खेलने से इनकार कर दिया है। करीब 15 साल से रेसलिंग कर रहे प्रदीप के मुताबिक, 'अब गोंडा में ज्यादा पहलवान नहीं है। हम लोग दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे रेसलर्स के साथ हैं। वहां पहुंचते ही जंतर-मंतर जाएंगे। प्रदीप ने आरोप लगाया- हमें अपने पैसों से आने-जाने की टिकट करानी पड़ती है। रुकने का इंतजाम भी अच्छा नहीं होता। कॉलेज के कमरों में रुकवा देते हैं। यहां पतले-पतले गद्दे होते हैं। हमें खाने को भी कुछ नहीं मिला। सुबह भी अपने पैसों से खाना खाया।

### मुंह खोल दूंगा तो सुनामी आ जाएगी: बृजभूषण

यौन शोषण के आरोपों में घिरे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने शुक्रवार को इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'मैं मुंह खोल दूंगा तो सुनामी आ जाएगी। मेरे समर्थन में भी कई खिलाड़ी हैं।' सूत्रों की माने तो खेल मंत्रालय डब्ल्यूएफआई पर डायरेक्ट एक्शन नहीं ले सकता है, लेकिन इंडियन ओलिंपिक संघ फेडरेशन को भंग कर सकता है। ऐसे में अगर बृजभूषण नहीं माने तो व्ङ्कअ कार्रवाई कर सकता है। पहलवानों ने आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा को शिकायती पत्र भेजा है। इंडियन ओलिंपिक संघ को लिखे लेटर में पहलवानों ने अपना पूरा दर्द बयान किया। पहलवानों ने आरोप लगाया- जब टोक्यो ओलिंपिक में विनेश फोगाट मेडल से चूक गई थीं, तब कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने उन्हें मानसिक तौर पर इतना परेशान किया कि विनेश ने सुसाइड का मन बना लिया था। इधर, तीसरे दिन के धरने के बाद खिलाड़ी खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के घर पहुंचे हैं। खिलाड़ियों और ठाकुर के बीच कल भी दो घंटे बातचीत हुई थी।

### हमें सुना तो गया, लेकिन संतुष्ट जवाब नहीं मिला: विनेश

विनेश ने धरना स्थल पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन जारी रहेगा। हम यहीं (जंतर-मंतर पर) मैट लगाकर अपनी प्रैक्टिस जारी रख सकते हैं। हमने अपने ईश्यू खेल मंत्री के सामने रखे थे। कुछ मुद्दे ऐसे थे जिन पर हम असंतुष्ट थे। उन्होंने हमें आज शाम को फिर बुलाया है। हमारे साथ 5 से 6 लडकियां हैं, जिनके साथ शोषण हुआ है। हमने जो इल्जाम लगाए हैं, वे सच हैं। हम झूठ नहीं बोल रहे हैं। अगर सुनवाई नहीं हुई तो हम केस करके आगे बढ़ेंगे। हमें अब तक सुना गया है, लेकिन संतुष्ट जवाब नहीं मिला है।

# नड्डा ने किया मिशन 2024 का शंखनाद

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले-गलत बटन दबाने से आता है माफियाराज

जनसंदेश न्यूज

**संबोधन**

**आगामी लोकसभा चुनाव में माफिया को नमस्कार कर डबल इंजन की सरकार में गाजीपुर भी बनेगा भागीदार, भाजपा देती है सुरक्षा की गारंटी**

**गाजीपुर।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 2024 लोकसभा का आगाज शुक्रवार को आइटीआई मैदान में आयोजित जनसभा के दौरान कर दिया है। जेपी नड्डा ने कहा कि गाजीपुर आने पर पहले घंटों लग जाता था। लेकिन आज डेढ़ घंटे में हम पहुंच जाते थे। यह आपने अपने ताकत का सही उपयोग किया है। गलत जगह बटन दब जाय तो माफियाराज आ जाता है। सही जगह बटन दब जाए तो मेडिकल कालेज और विकास आ जाता है। नरेंद्र मोदी जी के लिए सही बटन और योगी जी के लिए सही बटन आपने दबाया है, जिससे डबल इंजन की सरकार आ गई। यहां माफियाराज को नमस्कार कर विकास को आगे बढ़ाया है। विकास का मतलब हीरा है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए ही माफिया मुख्तार अंसारी और उनके भाई गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी पर हमला किया। गाजीपुर में लगातार लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी ने भाजपा के मनोज सिन्हा को हराया था। नड्डा ने कहा कि आगामी चुनाव में माफिया को नमस्कार कर डबल इंजन की सरकार में भागीदार गाजीपुर भी बनेगा। नड्डा के साथ सीएम योगी भी गाजीपुर पहुंचे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गाजीपुर को सुरक्षा की गारंटी भाजपा देती है। पिछले चुनावों में जो भी हुआ अगले चुनाव में नहीं होगा। गाजीपुर के विकास में कोई कमी सरकार नहीं रहने देंगी। आईटीआई मैदान पर जनसभा में जेपी नड्डा माफियाओं पर गरजे तो देश में विकास की बयार भी बताई। जेपी नड्डा ने कहा कि भारत ना टेररिज्म करता है, ना सहता है। सबको पता है आतंकवाद शब्द कहां से आया है। भारत अब ऑटो मोबाइल इंडस्ट्री में तीसरे स्थान पर आ गया है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बनकर उभरी है। गाजीपुर में सभा से पहले नड्डा ने सीएम योगी के साथ पवहारी बाबा आश्रम पहुंचे। यहां पर दर्शन पूजन किया। इसके बाद नंद रेजीडेंसी में सैनिक सम्मेलन व संवाद कार्यक्रम में शिरकत की। यहां पर भूतपूर्व सैनिकों से बात करते हुए नड्डा ने कहा कि मेरा यह सौभाग्य है कि मुझे उस धरती पर आने का मौका मिला है, जहां परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद जी का संबंध है।



गाजीपुर के आटीआई मैदान में जनसभा को संबोधित करते जेपी नड्डा

### गाजीपुर में सीएम योगी का विपक्ष पर प्रहार

**गाजीपुर।** सीएम योगी ने गाजीपुर के मंच से विपक्ष पर कई हमले किए। अपने संबोधन के शुरूआत में सीएम ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत किया। सीएम ने कहा- डबल इंजन की सरकार ने अपराध को खत्म करने का काम किया है। अपराधियों पर कैसे लगाम लगाई गई इसका जीता-जागता उदाहरण गाजीपुर है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे ने तो पूरी काया ही बदल दी। पहले गाजीपुर से लखनऊ जाने में सात से आठ घंटे लगते थे, आज ढ़ाई घंटे में पहुंच जाते हैं। आज आपके पास अपना मेडिकल कॉलेज है। प्रधानमंत्री की अनुकंपा से जलमार्ग का विकास करते हुए गंगा विलास का यहां से रवाना किया गया। हर गरीब के पास अपना घर हो। ये सब मोदी जी की वजह से संभव हो पाया है। शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव का मिला जिसका उदाहरण ये गाजीपुर की धरती बना है। जाति और मजहब की राजनीति कभी किसी का कल्याण नहीं कर सकती। ये उत्तर प्रदेश के विकास में सबसे बड़ा बैरियर था। यूपी की जनता ने इस बैरियर को समझा-जाना और पीएम के आह्वान पर यूपी ने जब अंगड़ाई ली तो इस बैरियर को हटाया और मैं आज गाजीपुर की जनता का आह्वान करने आया हूं। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भले ही हमें यहां सफलता ना मिली हो लेकिन विकास के कार्यों में हमने कोई कमी नहीं रखी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने अपने कार्यक्रम को केंद्रबिंदु बनाया है। सीएम योगी ने गाजीपुर की जनता से अपील करते हुए कहा- आप भारतीय जनता पार्टी और डबल इंजन की सरकार पर भरोसा कीजिए। सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी पीएम मोदी जी के नेतृत्व में, मैं आपको देता हूं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बांटे 71 हजार नियुक्ति पत्र

**पहल**

**अधिकारियों को दिया मंत्र आसान हुआ है रोजगार मिलने का तरीका**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रोजगार मेले के तहत देशभर के 71,426 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को इस मंत्र के साथ काम करना चाहिए कि नागरिक हमेशा सही होता है। पीएम मोदी ने कहा कि रोजगार मेला हमारे सुशासन की पहचान बन गया है। यह हमारे वादों को निभाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का वसीयतनामा भी है। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकारी कर्मचारियों की भर्ती की प्रक्रिया आसान हो गई है और उन पुरानी मुश्किलों से भी आजाद हो गयी है जो अक्सर सरकारी नौकरी के रास्ते में आती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा की इस तरीके को आसान और पारदर्शी बनाया गया है। एक पारदर्शी और बेहतर भर्ती प्रक्रिया लोगों की योग्यता और क्षमता को पुरस्कृत करती है। उन्होने कहा कि यह रोजगार मेला उनकी सरकार की पहचान बन गया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित हुए रोजगार मेला के दौरान कहा कि पिछले साल 10 लाख लोगों को रोजगार देने के लिए रोजगार मेला अभियान की घोषणा की गयी थी। कई राज्य जहां भाजपा और उसके सहयोगी दल सत्ता में हैं वहां भी मेला आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जल्द ही अधिक राज्य जल्द ही ज्यादा से ज्यादा राज्य रोजगार मेला आयोजित करेंगे।






## 'प्यार-व्यार नहीं अपोजिट सेक्स का होता है आकर्षण'

**लखनऊ।** प्यार-व्यार कुछ नहीं होता है, ये केवल अपोजिट सेक्स के लिए आकर्षण है। ये बयान योगी सरकार की महिला विकास राज्यमंत्री ने इटावा में आयोजित राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में दिया है। बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत एक कार्यक्रम में शामिल हुई राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने लड़कियों को लेकर कई नसीहत दे डालीं। उन्होंने कहा कि हर मां को ये ध्यान रखना चाहिए कि इस उम्र में अगर बेटियां ज्यादा सजधज कर निकल रही हैं तो जरूर कहीं गड़बड़ है। सिर्फ इतना ही नहीं मंत्री ने लड़कियों के साथ-साथ लड़कों को भी नसीहत दे डाली। उन्होंने कहा कि यदि बेटा अधिक खर्चा कहीं कर रहा है तो वहां भी गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि लड़कियों को अपोजिट सेक्स के चक्कर में न पड़ने की सलाह दी। उन्होंने माताओं को सचेत किया कि बेटी सज धज कर निकल रही है तो मामला गड़बड़ है।

## जातिगत जनगणना के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार

**सुप्रीम कोर्ट की ना**

**याचिकाकर्ता पटना हाईकोर्ट जाएं**

**कोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला दिया ये सबके हित में : नीतीश कुमार**

**नालंदा।** बिहार में जारी जातिगत जनगणना के खिलाफ दायर याचिकाओं पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया। अदालत ने याचिकाकताओं को पटना हाईकोर्ट जाने के निर्देश दिए हैं। बिहार में 7 जनवरी से जातीय जनगणना का पहला चरण शुरू हुआ था जो 21 जनवरी को समाप्त होगा जबकि दूसरा चरण अप्रैल से शुरू होगा। जाति जनगणना पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला दिया है, ये सबके हित में है। जाति जनगणना तो केंद्र सरकार का काम है हम तो राज्य में कर रहे हैं। एक-एक चीज की जानकारी होगी तो विकास के काम को बढ़ाने में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जब मैं रेल मंत्री था तो हम लोगों को ढेर सारी नौकरियां देते थे। संसद में जब रेल बजट पेश किया गया तो तमाम अखबारों में चर्चा हुई। मैं चाहता हूं कि सदन में अलग से रेल बजट पेश किया जाए।

### तिलक समारोह में तंदूरी रोटी में मिट्टी होने की बात पर दोनों पक्षों में मारपीट

**अमरोहा।** अमरोहा की डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव में लग्न समारोह के दौरान तंदूरी रोटी में मिट्टी देखकर लड़की पक्ष के लोग भड़क गए। जिसके बाद लड़के और लड़की पक्ष के लोगों में जमकर मारपीट हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और बिगड़ते हालात को संभाला। मारपीट में छह लोग घायल हो गए, जबकि पुलिस ने महिल समेत चार लोगों के खिलाफ एनसीआर दर्ज की है। वहीं दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की बेटी का रिश्ता पड़ोस के गांव निवासी युवक के साथ हुआ है। दोनों परिवारों के बीच शादी की तैयारियां चल रही हैं। शादी के लिए 27 जनवरी तारीख तय है।

## एयर इंडिया पर लगा 30 लाख का जुर्माना

**कार्रवाई**

**डीजीसीए ने नियमों के उल्लंघन को लेकर यह कार्रवाई की**

**पेशाब करने के आरोपी को 4 माह के लिए किया गया प्रतिबंधित**

**नई दिल्ली।** 26 नवंबर 2022 को एयर इंडिया के यात्री द्वारा महिला से बदसलूकी मामले में डीजीसीए ने एयरलाइन पर जुर्माना लगाया है। डीसीसीए ने नियमों के उल्लंघन के लिए एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उड़ान के पायलट-इन-कमांड के लाइसेंस को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहने के लिए तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही एआई की निदेशक-इन-फ्लाइट सेवाओं पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

दरअसल 26 नवंबर को न्यूयार्क से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान में यात्री शंकर मिश्रा ने एक बुजुर्ग महिला पर पेशाब कर दिया था। इसके बाद शख्स के खिलाफ दिल्ली पुलिस के कहने पर आव्रजन ब्यूरो ने लुक आउट सर्कुलर जारी किया था। इसके अलावा आरोपी के बारे में जानकारी लेने के सिलसिले में दिल्ली पुलिस की एक टीम आरोपी एस मिश्रा के एक रिश्तेदार से मिलने मुंबई पहुंची थी और पूछताछ भी की थी। इससे पहले एयर इंडिया ने अपने स्तर पर कार्रवाई करते हुए आरोपी पर 30 दिन की यात्रा पाबंदी लगा दी थी। आरोपी को छह जनवरी को दिल्ली पुलिस ने बेंगलुरु से गिरफ्तार किया था।



इससे पहले आरोपी यात्री शंकर मिश्रा पर चार महीने का प्रतिबंध लगा दिया गया था। एयर इंडिया के प्रवक्ता के मुताबिक, पूर्व जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आंतरिक समिति ने इस मामले में जांच की और शंकर मिश्रा को 'बुरे व्यवहार वाला यात्री' पाया। जांच के बाद नागरिक उड्डयन के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार शंकर मिश्रा पर चार महीने के लिए उड़ान भरने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। डीजीसीए की कार्रवाई के बाद एयर इंडिया ने कहा कि हम अपनी रिपोर्टिंग प्रक्रिया में कमियों को स्वीकार करते हैं, उन्हें दूर करने के लिए कदम उठा रहे हैं। हम दुर्व्यवहार करने वाले यात्रियों से जुड़ी घटनाओं से निपटने संबंधी नीतियों को लेकर चालक दल के सदस्यों में जागरूकता बढ़ा रहे हैं।

## सुबह स्विगी तो शाम को गूगल पर छंटनी की मार

**हड़कंप**

**गूगल अपने 12000 कर्मचारियों को करेगी बाहर, सीईओ पिचाई ने मेमो साझा कर किया ऐलान**

**स्विगी ने 380 कर्मचारियों को निकाला, कंपनी के सीईओ बोले- ये बहुत कठिन फैसला कर्मियों को भेजा मेल, मांगी माफी**

**नई दिल्ली।** गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट अपने 12,000 कर्मियों को नौकरी से निकाल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी के सीईओ सुंदर पिचाई ने कर्मचारियों के साथ साझा किए गए एक मेमो में यह जानकारी दी है। दुनिया की सबसे दिग्गज टेक कंपनी में छंटनी की इस खबर से बाजार भौंचक है। दो दिन पहले ही अल्फाबेट की प्रतिस्पर्धी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने 10,000 कर्मचारियों को निकालने की बात कही थी। माना जा रहा है कि इस छंटनी में कंपनी के एचआर विभाग, कॉरपोरेट कार्य, इंजीनियरिंग और उत्पाद विभाग की टीमें प्रभावित होंगी। गूगल ने कहा है कि छंटनी वैश्विक स्तर पर की जा रही है। अमेरिकी कर्मचारियों को यह फैसला तुरंत प्रभावित करेगा। अल्फाबेट में छंटनी की यह खबर आर्थिक अनिश्चितता के एक ऐसे दौर में सामने आई हैं जब गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी सॉफ्टवेयर कंपनियां जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में निवेश पर ध्यान केंद्रित कर रहीं हैं। अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने नोट में कहा, मैं अपने मिशन की ताकत, हमारे उत्पादों और सेवाओं की महत्ता और एआई क्षेत्र में हमारे शुरूआती निवेश के लिए हमारे सामने मौजूद विशाल अवसरों के बारे में आश्वस्त हूं। अपने मेमो में पिचाई ने कहा, मेरे पास आपके के लिए एक बुरी खबर है। हमने अपने वर्कफोर्स में करीब 12000 की कटौती करने का फैसला किया है। अमेरिका में लोग इस फैसले से प्रभावित हो रहे हैं उन्हें एक अलग मेल भेज दिया गया है। दूसरे देशों में यह प्रक्रिया विभिन्न देशों के कानूनों और प्रावधानों के अनुसार अभी जारी रहेगी। पिचाई ने आगे लिखा, इस फैसले का मतलब है कुछ अत्यंत प्रतिभावान लोगों से अलग होना, जिन्हें हमने बड़ी मेहनत के बाद हायर किया था। हमें उनके साथ काम कर बहुत अच्छा लगा। मैं इस फैसले के लिए माफी चाहता हूं।₹ साथ ही गूगल सीईओ ने कहा कि मैं इस स्थिति के लिए खुद के फैसलों को जिम्मेदार मानता हूं। वहीं फुड डिलिवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने शुक्रवार को अपने 380 कर्मचारियों को बाहर निकालने की घोषणा की है। कंपनी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा है कि यह बहुत कठिन फैसला है। उसने यह कदम अपने बदलाव की कोशिशों के तहत उठाया है। कंपनी ने 380 क्षमतावान कर्मचारियों को निकालने के बारे में बताया कि हम यह कठिन फैसला अपनी टीम को छोटा करने के लिए कर रहे हैं। कंपनी के सीईओ श्रीहर्ष मजेटी ने अपनी ओर से भेजे गए मेल में कर्मचारियों को कहा है कि सभी संभव उपायों पर विचार करने के बाद यह फैसला लिया गया है।




## बहुविवाह-निकाह हलाला को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह मुसलमानों में बहुविवाह और निकाह हलाला की प्रथा की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पांच न्यायाधीशों की नयी संविधान पीठ का गठन करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जे बी पदीर्वाला की पीठ ने इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय के प्रतिवेदन पर गौर किया, जिसमें पीठ से अनुरोध किया गया था कि मामले में संविधान पीठ को नए सिरे से गठित करने की आवश्यकता है, क्योंकि पिछली संविधान पीठ के दो न्यायाधीश-न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता सेवानिवृत्त हो चुके हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष यह बहुत महत्वपूर्ण मामला लंबित है। हम एक पीठ का गठन करेंगे और इस मामले पर गौर करेंगे। इस मामले पर पिछले साल दो नवंबर को सुनवाई की गई थी।



# छात्रसंघ के अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी

**लगाया आरोप**

### काशी विद्यापीठ कुलपति और अपर पुलिस आयुक्त को कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्रसंघ अध्यक्ष शशि प्रकाश चंदन ने शुक्रवार को खुद के जान का खतरा बताते हुए एक व्यक्ति पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। इस बाबत उन्होंने कुलपति और अपर पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। शशि ने आरोप पत्र के माध्यम से बताया कि कई दिनों से मुझे जान से मारने की धमकी व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, इस दौरान विश्वविद्यालय की राजनिति में मुझे भाग लेने से मना भी किया जा रहा है। जिस कारण मुझे चुनाव में सहभागिता न करने व विश्वविद्यालय भी आने से रोका व धमकी दी जा रही है, आरोप लगाते हुए बताया कि पूर्व में विश्वविद्यालय का छात्र रहा एक व्यक्ति जो वर्तमान में विश्वविद्यालय का छात्र नहीं है उसके बावजूद अपने बाहरी साथियों के साथ आकर मुझे विश्वविद्यालय कैंपस के अंदर आने से मना कर रहा है। न मानने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

### सब्जी विक्रेता पर प्राणघातक हमला, दो पर केस

तरना। कुछ बदमाशों ने बीते मंगलवार को शिवपुर थाना क्षेत्र में सब्जी विक्रेता को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, साथ ही उसके पास रखा रुपए भी छीन लिया। पीड़ित के भाई की तहरीर पर शुक्रवार को पुलिस ने एससी एसटी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। परमहंस नगर इंद्रपुर निवासी सोनू कुमार के अनुसार मेरा भाई लक्ष्मण सोनकर शिवपुर चुंगी पर सड़क किनारे ठेले पर सब्जी बेचने का काम करता है। 17 जनवरी की देर रात वह घर नहीं आया तो भाई खोजने के लिए अपने बाइक से सेंट्रल जेल रोड पहुंचा जहां दो व्यक्तियों पर निगाह पड़ी जिनका नाम क्रमशः सैफ अली पुत्र मुमताज अली व रज्जब पुत्र गुड्डू बताया गया। भाई ने बताया कि दोनों ईट-पत्थर व लोहे की राड से मेरे भाई की हत्या करने की नियत से सिर पर मार रहे थे। मुझे देखकर दोनों आरोपी भाग गए और मेरे भाई के जेब से 8000 रुपये भी निकाल लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

## संक्षेप

### अंधापन मुक्त भारत निर्माण में आयुर्वेद की पहल



वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय के पूर्व संकाय प्रमुख यामिनी भूषण त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि विभिन्न प्रकार के दृष्टिदोष जिसमें नोतियाबिद भी शामिल है, के इलाज का सुरक्षित और सहज मार्ग आईसोटीन आई ड्राप द्वारा मिल गया है। बताया कि 88% नेत्र विकार के रोगियों को लाभ हुआ है। आयुर्वेद में इस आई ड्राप के प्रयोग से अपेक्षा से अधिक नेत्र विकार में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं जो नेत्र विकार में आयुर्वेद का समाज के लिए एक बड़ा उपहार है। बताया कि विभिन्न समूहों का विशिष्ट अध्ययन करने पर पता चला कि समूह एक और दो के 91 प्रतिशत रोगियों का चश्मा उतर गया।

### शंघाई सहयोग संगठन के सदस्यों ने स्मारक स्थल देखा



सारनाथ। शंघाई सहयोग संगठन का 18 सदस्यीय दल शुक्रवार को सारनाथ स्थित पुरातात्विक खंडहर परिसर में स्मारकों को देख कर भगवान बुद्ध के इतिहास को समझे। साथ ही यहाँ पर हैंडीक्राफ्ट के समानो को देखा। शंघाई सहयोग संगठन के जनेश केन, एम इब्राहिमो की देख रेख में उज्बेकिस्तान के राकेश नाथू लल्ला, कजीकस्तान के यरलिक सरूक्रोबिच अली सहित 18 सदस्यीय दल शुक्रवार को दोपहर 2.40 बजे सारनाथ पुरातात्विक खंडहर परिसर पहुँच कर धर्मराजिका स्तूप, अशोक की लाट, प्राचीन मूलगंध कुटी बौद्ध मंदिर के अवशेषों को देख कर भगवान बुद्ध के जीवन व उनके इतिहास की जानकारी पर्यटक पुलिस के निरीक्षक अच्छे लाल ने दी। इसके साथ ही धमेख स्तूप पर बनी कलाकृतियों को देखा।

### लगेज स्कैनर से जांच फिर शुरू

वाराणसी। कैंट स्टेशन के मुख्य यात्री हाल में यात्रियों का सामान स्कैन करने की व्यवस्था गुरुवार को फिर से शुरू हो गई। पूछताछ केंद्र के पास लगे लगेज स्कैनर से रेल सुरक्षा बल के जवानों की निगरानी में बैग व अन्य सामानों की जांच की गई। कुछ समय पहले लगेज स्कैनर खराब हो गया था। अब इसे फिर लगाया गया है।

### 'यूपी दिवस' का मुख्य आयोजन बेनियाबाग में



वाराणसी। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने आगामी दिनों आयोजित होने वाले 'यूपी दिवस' के लिए शुक्रवार को विकास भवन सभागार में तैयारी बैठक की। उन्होंने बताया कि 24 से 26 जनवरी मुख्य कार्यक्रम बेनियाबाग में होगा। उन्होंने सभ महकमों के अफसरों को विभागवार कार्यक्रम की कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने डीआईओएस को बच्चों के लिए क्विज कंपटीशन कराने को कहा। क्षेत्रीय सांस्कृतिक अधिकारी को सभी विभागों से तालमेल कर आयोजन सफल बनाने पर जोर दिया। मीटिंग में परियोजना निदेशक विनोद राम त्रिपाठी, संस्कृति अधिकारी डॉ. सुभाष यादव समेत अन्य अफसर मौजूद थे।

### अराजकतत्वों ने फूंकी बाइक

चौबेपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के कैथी गांव में गुरुवार की रात शिशिर सिंह पुत्र केदार सिंह के घर के बाहर खड़ी बाइक को अराजक तत्वों ने आग के हवाले कर दिया। बाइक को आग लगाने के बाद अराजक तत्व मौके से फरार हो गये। क्षेत्र में हुई घटना से लोगों में हड़कंप है। मामले को लेकर शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने चौबेपुर पुलिस को लिखित तहरीर दी है।



### पति समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मिजार्मुराद। विवाहिता की तहरीर पर गुरुवार को पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई। ठठरा गांव निवासी सरस्वती देवी ने आरोप लगाया कि 2021 में भवानीपुर थाना गोपीगंज निवासी नीरज के साथ शादी हुई। शादी के कुछ दिन बाद ही पति नीरज, सास बुधना, ससुर शिवधनी उर्फ दुधई, ननद शिवानी, देवर आकाश व चचिया ससुर मुन्ना सभी लोगों द्वारा मुझे प्रताड़ित करके बोला जाता था कि अपने पिता से पचास हजार रुपया व एक बुलट गाड़ी मांगो जब में इन सब चीजों के लिए मना करती थी तो आए दिन हमें बुरी तरह मारा पीटा जाता था व गर्भ में पल रहे बच्चे को भी मारने का प्रयास किया गया। वही चचिया ससुर मुन्ना द्वारा भी गलत निगाह रखी जाती थी।

### अधिवक्ता कल्याण निधि का 354 करोड़ भुगतान करे सरकार : विकास सिंह

वाराणसी। अधिवक्ता कल्याण कोष में जमा धनराशि को लेकर अब अधिवक्ता आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में इस संबंध में एक जनहित याचिका भी दाखिल की गई है। जिस पर मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल व न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की बेंच ने सुनवाई करते हुए इस संबंध में राज्य सरकार से जवाब देने को कहा है। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव व अधिवक्ता विकास सिंह ने इस संबंध में एक विज्ञप्ति जारी कर कहा की प्रदेश सरकार अधिवक्ता हितों की अनदेखी कर रही है। वह अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य, पेंशन योजना में खर्च किए जाने वाली अधिवक्ता कल्याण कोष में जमा धनराशि का भुगतान नहीं करके अधिवक्ताओं के साथ अन्याय कर रही है। जिसको लेकर अधिवक्ताओं में प्रदेश सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। कहा की यदि प्रदेश सरकार ने जल्द से जल्द उक्त धनराशि को अवमुक्त नहीं किया तो अधिवक्ता सड़क पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे और जब प्रदेश के लाखों अधिवक्ता अपने हक के लिए सड़क पर उतरेंगे तो प्रदेश सरकार को उनकी आवाज को दबा पाना मुश्किल हो जायेगा। अधिवक्ता कल्याण स्टैंप से इकट्ठा 354 करोड़ से अधिक धनराशि राज्य सरकार के पास है। उक्त फंड को ट्रस्टी कमेटी के पक्ष में अवमुक्त करने का सरकार से कई बार अनुरोध किया किंतु सरकार वकीलों के कल्याण के लिए एकत्र धनराशि अवमुक्त नहीं कर रही है।

जनसंदेश टाइम्स
## वर्गीकृत
**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 4153682 का अंकपत्र व मूल प्रमाण पत्र खो गया है। विशाल कुमार पुत्र प्रभुनाथ कुमार, ग्राम+पोस्ट-बैरिया, जिला-बलिया, उप्र।

मेरा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी बी0ए0 तृतीय वर्ष 1996 अनुक्रमांक 63901 का मूल प्रमाण पत्र खो गया है। सुशील कुमार शुक्ल पुत्र मथुरा शुक्ल, ग्रा0-सज्जनडिहरा, थाना-करगहर, जिला-रोहतास बिहार।

सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम शिवम उर्फ आकाश गुप्ता पुत्र हनुमान गुप्ता निवासी मोहल्ला गुडहाई मुंगराबादशाहपुर जौनपुर था अब सभी अभिलेख में मेरा नाम आकाश गुप्ता पुत्र हनुमान गुप्ता है दोनों नाम मेरे हैं अब मुझे आकाश गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

विदित हो कि आराजी नं. 26, रकबा- 1702 वर्गफीट स्थित मौजा-तुलसीपुर, प0-दे0 अ0, जिला-वाराणसी का मालिक जलील अहमद वल्द अब्दुल जब्बार, मौजा तुलसीपुर मण्डुआडीह, वाराणसी है। उक्त सम्पत्ति से संबंधित मूल विक्रय विलेख दिनांकित 25.08.1989 नविश्ता किशोरीलाल पुत्र सीताराम व माता प्रसाद पुत्र रामजी मौसूमा श्रीमती रामप्यारी देवी पत्नी हरिवंश पाण्डेय जो उपनिबंधक वाराणसी के कार्यालय में बही नं. 1 जिल्द संख्या 7043 के पृष्ठ संख्या-129/134, क्रमांक 14541 पर दिनांक 11.02.1993 को निबंधित है, खो गया है। उपरोक्त संपत्ति तथा विक्रय विलेख उपरोक्त के संबंध में किसी को कोई आपत्ति करना हो तो अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रकाशन की तिथि से 10 दिन के अंदर अपनी आपत्ति/दावा पेश कर सकता है अन्यथा उसके बाद कोई आपत्ति/ दावा मान्य नहीं होगा। **(राजेन्द्र प्रसाद सिंह गौतम) एडवोकेट एस 14/74 बी-5 अंधरापुल कैण्ट वाराणसी 221002**

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-वी0 ब0 सिंह पू0 वि0 जौनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालय सृष्टि बालिका शिक्षण संस्थान पहाड़पुर विसम्भर, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत कला संकाय स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय में एक प्रवक्ता की आवश्यकता है। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0 जी0 सी0 रेगुलेशन 2016 एवं वि0 वि0 परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ महाविद्यालय के पते पर 21 दिन में सम्पर्क करें।
प्रबन्धक

**आवश्यकता है**-वी0 ब0 सिंह पू0 वि0 वि0 जौनपुर से सम्बद्ध श्री लछिराम पी0 जी0 कालेज सालिकपुर-सौरी, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में म0 इतिहास में एक तथा विज्ञान संकाय में भौतिक वि0-2, रसायन वि0-3, जन्तु वि0-2, वनस्पति वि0-2, गणित-2 तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में गृह विज्ञान-3, रा0 शास्त्र-2 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0 रेगुलेशन 2016 एवं वि0 वि0 परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों में दे। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी।
प्रबन्धक

### बीडीसी के रिक्त चार पदों के लिए उपचुनाव 9 को

**वाराणसी।** जनपद में बीडीसी के खाली चल रहे पदों पर उपचुनाव नौ फरवरी को होगा। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी करते हुए इस बाई इलेक्शन का कार्यक्रम घोषित कर दिया। इस क्रम में डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एस. राजलिंगम ने जनपद में संबंधित वार्डों में क्षेत्र पंचायत सदस्य की चार सीटों पर उपचुनाव के कार्यक्रम जारी किये। जिसके अंतर्गत चिरईगांव विकास खंड के छितौनी और सीवो, आराजी लाइन ब्लॉक के दरेखु एवं पिंडरा विकास खंड के बाबतपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य पदों के लिए वोट डाले जाएंगे। इस बाई इल्केशन के तय प्रोग्राम के मुताबिक पर्चा दाखिला 24 जनवरी को पूर्वाह्न दस बजे से सायं चार बजे तक होगा। नामांकन-पत्रों की जांच 25 को, नाम वापसी 27 को पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक और उसके बाद चुनाव चिह्न विचरण किया जाएगा। पोलिंग नौ फरवरी को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। जबकि मतगणना दस फरवरी को सुबह आठ आरंभ होगी।

# अधिकारियों ने पार्सल यान की सघन जांच की

**निरीक्षण**

### बाईपास लाइन, पाइप लिकेज की समस्या दूर करने का दिया निर्देश



पार्सन यान की जांच करते अधिकारी

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन)पर चल रहे यार्ड री मॉडलिंग के कार्यो का शुक्रवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक लालजी चौधरी व स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने निरीक्षण कर कमियों को जल्द दूर करने का निर्देश दिया। शुक्रवार को कैंट स्टेशन से वाराणसी सिटी तक पैदल निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने इस बीच बनने वाले डबलिंग मार्ग का निरीक्षण किया, इसके साथ ही अधिकारियों ने प्लेटफार्म नौ पर खड़ी बेगमपुरा एक्सप्रेस में सफाई व्यवस्था को जांचा जिसमें सब कुछ व्यवस्थित मिला, केंट स्टेशन पर बन रहे तीसरे एफओबी को निर्धारित समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने द्वितीय प्रवेश द्वार की ओर चल रहे विभिन्न कार्य को संरक्षित व सुरक्षित तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। प्लेटफार्म पर पानी लिकेज को ठीक करने का निर्देश दिया, वाराणसी से दीनदयाल उपाध्याय नगर तक बनने वाली तीसरी व चौथी लाइनों एवं वाराणसी जंक्शन पर बनने वाले गुड्स बाईपास लाइन की प्रगति देखी, स्टॉफ पार्किंग के कार्य का भी निरीक्षण किया, जीरो वेस्ट मैनेजमेंट के कार्य की प्रगति देखी, इसके साथ ही तीसरे द्वार को मार्च में पूरा करने का निर्देश दिया। लालजी चौधरी व गौरव दीक्षित ने बताया कि स्टेशन पर सभी कार्यो को निर्धारित समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया।

### पर्यटकों की सुविधा के लिए मूर्त रूप देने में जुटे विभाग

**सारनाथ।** पर्यटन विकास के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए आज शुक्रवार अपराह्न विकास प्राधिकरण के अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ सारनाथ क्षेत्र के घुरहूपुर, बईरपुर, गंज, में चिन्हित सरकारी भूमि को कटीले तारों से गिरने का निर्देश दिया। जानकारी अनुसार विडीये शर्मा पर्यटन अधिकारी व राजस्व विभाग, के साथ सारनाथ में बौद्ध सर्किल के तहत विकास कार्यों मूर्त रूप देने के लिए भूमि पैमाइश करने मौके पर पहुंचे।मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि पर्यटन विकास के लिए सारनाथ के बौद्ध दर्शन पर आधारित ओपन थिएटर, पार्किंग, फूड प्लाजा का निर्माण होना है, जिसके लिए सरकारी भूमि की पैमाइश कराई जा रही है। वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा कि सारनाथ के चौमुखी विकास के लिए भूमि की पैमाइश की जा रही है जिसमें मल्टी स्टोरी पार्किंग भव्य पार्क ओपन थिएटर फूड प्लाजा निर्माण होने को है।

# कैंसर पर आईएमए में हुई सीएमई




**वाराणसी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) लहुराबीर में शुक्रवार को कैंसर पर एक सीएमई का आयोजन किया गया। कैंसर एवं प्रशामक उपचार(पैलिएटीव केयर) पर आयोजित सीएमई में मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित टाटा मेमोरियल मुम्बई के विशेषज्ञ डॉ. रघु थोटा का आईएमए वाराणसी के अध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। संबंधित विषय पर लोगों को जागरुक करते हुए डॉ. थोटा ने कैंसर रोगियों की शारीरिक और मानसिक पीड़ा कम करने हेतु विभिन्न प्रकार के उपचार तथा इलाज की मौजूद पद्वतियों के बारे में विस्तृतपूर्ण व्याख्यान दिया और बताया कि कैसे इन तरीकों से कैंसर रोगियों के जीवन को आरामदेह बनाया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी वाराणसी डॉ संदीप चौधरी का सम्मान किया गया। डॉ अजित सहगल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

सभा में डॉ के पी अग्रवाल. डॉ कुसुम चंद्रा. डॉ विवेक कुमार. डॉ केवीपी सिंह. डॉ संजय राय. डॉ अरविंद सिंह. डॉ मनीषा सिंह. डॉ कार्तिकेय सिंह. डॉ शिवशक्ति द्विवेदी. डॉ अतुल सिंह. डॉ अमित सिंह. डॉ राकेश पटेल आदि थे।

### दुनिया में भारत का नाम रोशन कर रहे चार्टर्ड एकाउंटेंट



रीसर्च कमेटी एवं सस्टेंबिलिटी कमिटी आईसीएआई के सेमिनार में उपस्थित अतिथि

**बोले अनुज गोयल**

### रिसर्च कमेटी एवं सस्टेनिबिलिटी कमेटी का सेमिनार सम्पन्न

**हरहुआ।** रीसर्च कमेटी के चेयरमैन अनुज गोयल ने कहा कि भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट अपने कार्यो से दुनिया में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने रिसर्च कमेटी एवं सस्टेंबिलिटी कमिटी आईसीएआई नई दिल्ली के बैनर तले रिंग रोड स्थित एक निजी संस्थान परिसर मेंफाइनेंसियल रिपोर्टिंग में एक्सीलेंस के लिए शुक्रवार को आईसीएआई अवार्ड (2021-22) को संबोधित किया।

सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग स्टैंडर्ड बोर्ड के चेयरमैन डॉ. संजीव सिंघल ने बताया कि सस्टेंबिलिट रिपोर्टिंग एक नया क्षेत्र है और इसकी शुरूआत मात्र दो साल पहले हुई है, लेकिन इसने इंडियन अकाउंटिंग स्टैंडर्ड को विश्व मानक के समकक्ष खड़ा किया है। कार्यक्रम में वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कंपनियों व संस्थाओं को सम्मानित किया गया। एक्सीलेंस इन फाइनेंशियल रिपोर्टिंग के लिए 36 अवार्ड तथा सस्टेनिबिलिटी रिपोर्टिंग अवार्ड में कुल 14 अवार्ड दिए गए। अवार्ड जूरी के चेयरमैन मेंबर ऑफ पार्लियामेंट उड़ीसा सुजीत कुमार थे। प्रेसिडेंट सीए. देवाशीष मित्रा ने बताया कि ये साल 1958 से दिए जा रहे हैं। आंगतुकों का स्वागत वाराणसी शाखा के अध्यक्ष सोम दत्ता रघु ने किया। कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल, सौरभ शर्मा, नीरज सिंह, विनय कुमार, विजय प्रकाश, बृजेश जयसवाल, कमलेश अग्रवाल, सुदेशना बासु, मनोज अग्रवाल, विश्वजीत सिंह, शिशिर उपाध्याय, अतुल सेठ आदि थे।

# बीरापट्टी स्टेशन पर 740 मीटर की लूप लाइन

जनसंदेश न्यूज

**सुविधा**

### इस स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक पर उतर सकेंगे यात्री

**वाराणसी।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की वाराणसी स्टेशन के आसपास के स्टेशनों को यात्री सुविधाओं के लिए और बेहतर बनाने के उद्देश्य से उसमें बढ़ोतरी की जा रही है इसी क्रम में जौनपुर वाराणसी रेल मार्ग पर स्थित बिरापट्टी स्टेशन पर 740 मीटर की लूट लाइन बनाई जा रही है जिसके बनने के बाद यात्री ट्रेन से प्लेटफार्म नंबर एक पर उतर सकेंगे।

बीरापट्टी स्टेशन पर अभी अप मेन लाइन और दो डाउन लाइन (मेन व लूप लाइनें) हैं। लखनऊ की जाने वाली जिन ट्रेनों का ठहराव यहां होता है तो मेन लाइन से प्लेटफार्म दूर होने से यात्रियों को जमीन पर उतरना पड़ता है। यही नहीं, अगर अप साइड (लखनऊ की ओर जाने वाली) की गाड़ी गुजर रही हो और किसी कारणवश उसे रोककर कोई प्रमुख ट्रेन आगे निकालना सम्भव नहीं हो पाता है।

जब गाड़ी बाबतपुर पहुंच जाती है तो दूसरी ट्रेन आगे निकाली जा सकती है। अब लूप लाइन बन जाने से इन समस्याओं का समाधान हो जाएगा। इंट्रीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लान के तहत चल रहे फुट ओवरब्रिज और हाईलेवल प्लेटफार्म का निर्माण भी 31 मार्च तक पूरा हो जाएगा। अपर मंडल रेल प्रबंधक लालजी चौधरी ने बताया कि लूप लाइन शुरू पर परिचालन शुरू कराने के लिए रेल संरक्षा आयुक्त के पास आवेदन भेजा गया है। निर्माण पूरा होने तक वहां से स्वीकृति मिल जाएगी।

### आरबीआई लोकपाल ऑफिस कानपुर का जागरूकता कार्यक्रम



**वाराणसी।** आरबीआई लोकपाल कार्यालय, भारतीय रिजर्व बैंक कानपुर के तत्वावधान में एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन होटल कैस्टिलो सिगरा में किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन यूनियन बैंक आफ इंडिया व कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से किया गया। संचालन एसके दास, मयंक अवस्थी, अभिनव वर्मा, अंशुल यादव व प्रसून सिंह ने किया। प्रारंभ में आरबीआई लोकपाल प्रतिनिधि मयंक अवस्थी ने प्रतिभागियों व बैंक अधिकारियों का स्वागत किया। रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना व आरबीआई कम्प्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) ने पोर्टल के संबंध व अभिनव वर्मा (आरबीआई लोकपाल प्रतिनिधि ने प्रतिभागियों को जानकारी दी। उद्बोधन में आरबीआई लोकपाल योजना 2021 के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। श्री दास ने विभिन्न बैंकिंग सेवाओं जैसे पेंशन, ऋण और अग्रिम, डेबिट कार्ड, धोखाधड़ी के माध्यम से निकासी/ स्थानांतरण एटीएम, यूपीआई लेन-देन, एफडीआर संबंधित मुद्दे केसीसी ऋण आदि विषयों पर चर्चा की।

# अध्ययन व अनुसंधान को मिलेगा प्रोत्साहन

**एमओयू**

### बीएचयू और श्रीसत्य साई यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सीलेंस करेंगे सहयोग

### संयुक्त व्याख्यान, कार्यशालाएं शैक्षणिक तथा एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए सहमति

### वेद, संस्कृत, व्याकरण व ज्योतिष शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए श्रीसत्य साई छात्रवृत्ति योजना

**वाराणसी।** बीएचयू तथा श्रीसत्य साई यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सिलेंस-कर्नाटक, प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली के क्षेत्रों में अध्ययन व अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए सहयोग करेंगे। इस आशय के एक सहमति पत्र पर दोनों विश्वविद्यालयों ने हस्ताक्षर किये। सहमति पत्र के तहत बीएचयू में वेद, संस्कृत, व्याकरण तथा ज्योतिष शास्त्र समेत हिन्दू अध्ययन की विभिन्न शाखाओं जैसे प्राचीन हिन्दू कला, संस्कृति, दर्शन, शासन व प्रबंध व्यवस्था का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए श्री सत्य साई छात्रवृत्ति स्थापित की जाएगी। इसके तहत स्नातक, स्नातकोत्तर तथा शोध कर रहे 100 विद्यार्थियों को मेरिट व आर्थिक स्थिति के आधार पर वार्षिक 25000 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन निरंतर इस बात पर जोर देते रहे है कि बीएचयू के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के नए अवसर सृजित किये जाएं। श्रीसत्य साई विश्वविद्यालय के साथ सहमति पत्र इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सहमति पत्र पर बीएचयू के कुलसचिव प्रो. अरुण सिंह तथा श्रीसत्य साई युनिवर्सिटी के कुलाधिपति बीएन नरसिम्हा मूर्ति ने हस्ताक्षर किये। बीएचयू के भारत अध्ययन केंद्र के सहयोग से श्रीसत्य साई यूनिवर्सिटी में वैदिक अध्ययन केंद्र की स्थापना की जाएगी। प्रस्तावित केंद्र भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करेगा। बीएचयू तथा श्री सत्य साई विश्वविद्यालय भारत के इतिहास, संस्कृति तथा दर्शन पर शोध कार्यक्रमों में सहयोग के लिए भी सहमत हुए हैं। दोनों विश्वविद्यालय भारतीय इतिहास व संस्कृति, आध्यात्मिक दर्शन तथा वेदों व अन्य संबंधित विषयों पर संयुक्त रूप से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कार्यशालाएं तथा संगोष्ठियां भी आयोजित करेंगे। बीएचयू के विशेषज्ञ श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी में अद्वैत वेदांत, उपनिषदों तथा भगवद गीता पर व्याख्यान भी देंगे।

#### भारत संस्कृति सम्मान भी प्रस्तावित

सहमति पत्र में श्रीसत्य साई भारत संस्कृति सम्मान भी प्रस्तावित किया गया है, जो श्रीसत्य साई विश्वविद्यालय हर वर्ष वेदों के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों व संस्थानों के योगदान को सम्मानित करने के लिए प्रदान करेंगे। इसके तहत विद्यार्थी (2 लाख रुपये), शिक्षक (3 लाख रुपये) तथा विद्यालय (5 लाख रुपये) यानी तीन श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे, जिनमें नकद राशि तथा प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

### मालगाड़ी परिचालन में लखनऊ मण्डल की कीर्ति

वाराणसी। मालगाड़ी के परिचालन में उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने एक नया इतिहास बनाया है, एक ही दिन में इस मंडल में वाराणसी से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर को 51 गाड़ियां भेजी गयी,जो आज तक का अधिकतम है। इन मालगाड़ियों में मुख्य तौर पर कोयला लदान के लिए बॉक्सएन रेक प्रयोग होने वाले थे, जो कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली इत्यादि प्रदेशों के पावर और सीमेंट प्लांटो से खाली होकर आये थे। अधिक से अधिक मालगाड़ियों का परिचालन करते हुए लखनऊ मण्डल कोयला उत्पादन क्षेत्रों में कोल रेक की उपलब्धता सुनिश्चित करने में एक अहम योगदान करता रहा है, जिस दिशा में यह एक मील का पत्थर साबित होगा। कैंट स्टेशन निदेशक गौरव दिक्षित ने बताया कि मालगाड़ियों के परिचलन में और सुधार करने की दिशा में वाराणसी स्टेशन पर गुड्स बाईपास लाइन और वाराणसी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के बीच तीसरी और चौथी लाइन बिछाने का कार्य किया जाना है।इससे वाराणसी क्षेत्र में रेल परिचालन में सुगमता आएगी जिससे सवारी गाड़ियों के समयबद्ध परिचालन में भी सुधार आएगा।

**उप परियोजना प्रबंधक**
**उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, सेतु निर्माण ईकाई बलिया**
**शिव-विला, जी0बी0-2, चन्द्रशेखर नगर बलिया-277001**

पत्रांक 1173/ई0 टेण्डर/2022-23 दिनांक 19.01.2023

**ई-टेण्डर सूचना**

सेतु निर्माण ईकाई, बलिया के अन्तर्गत जनपद बलिया में "Supply of Stone Grit and Coarse Sand Work at Katharia-Firozpur in Distt-Ballia.", "Supply of Stone Grit and Coarse Sand Work at Maghai River Bridge Near House of Lt. Vinod Rai, Village-Narahi in Distt-Ballia." एवं "Supply of Stone Grit and Coarse Sand Work at Tons River Bridge, Chittbaragaon- Pakki court in Distt-Ballia." कार्य हेतु सेतु निगम / लो0नि0वि0 में पंजीकृत अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों से दिनांक 21.01.2023 (10:00 AM) से 30.01.2023 (05:00 PM) तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा पोर्टल http:/etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें।

**डी0आर0 सिंह**
उप परियोजना प्रबंधक

**कार्यालय ग्राम पंचायत ओरिल, विकास खंड अहरौला, आजमगढ़**

पत्रांक-मेमो/2022-23 दिनांक-20.01.2023

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ओरिल द्वारा एसएलडब्लूएम योजनाअंतर्गत एसबीएम 15वां वित्त एवं मनरेगा योजना की प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निम्न विवरण अनुसार प्रथम श्रेणी ईंट, एसओबीईट, ईंट गिट्टी, सफेद बालू, स्थानीय बालू, चोपनबालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी 20 एमएम, 10 एमएम, 40 एमएम, जिगजैग, इंटरलाकिंग, लोहे का ईंगल, लोहे की जाली, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, बैट्री चालित ई-रिक्शा, डस्टबिन, प्लास्टिक बैग, पेंट आदि के लिए आपूर्ति हेतु मुहर बंद निविदा करें। दिनांक 21.01.2023 से 27.01.2023 को अपराह्न 2 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म अपनी निविदा निर्धारित अवधि के अन्तर्गत कार्यालय ग्राम पंचायत ओरिल, विकास खंड अहरौला, आजमगढ़ पर जमा कर सकते हैं।

| क्र.सं. | परियोजना / कार्य का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | व्यक्तिगत खाद गड्ढा कम्पोस्टपिट | 62 |
| 2 | व्यक्तिगतनाडेप /कम्पोस्टपिट | 06 |
| 3 | सामुदायिक खाद गड्ढा कम्पोस्टपिट | 06 |
| 4 | व्यक्तिगतवर्मीकम्पोस्टपिट | 02 |
| 5 | सामुदायिकनाडेप | 02 |
| 6 | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 83 |
| 7 | सामुदायिक एवं संस्थागत प्लास्टिक बैंक | 84 |
| 8 | कचरा वाहन साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा | 02 |
| 9 | स्वच्छता किट | 03 |
| 10 | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र | 01 |
| 11 | सामुदायिक एवं संस्थागत इंसीनेटर | 05 |
| 12 | व्यक्तिगत शोकपिट | 300 |
| 13 | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु शोकपिट | 15 |
| 14 | सील्टकैचर | 20 |
| 15 | फिल्टर चेम्बर तालाबों, जलाशय पर | 05 |
| 16 | यू टाइप नाली निर्माण / मरम्मत घर/संस्था | 466 मी. |
| 17 | भूमिगत नाली निर्माण / मरम्मत | 591 मी. |
| 18 | हैंडपम्प प्लेटफार्म, रेटोफिटिंग/ मरम्मत/निर्माण | 15 |
| 19 | हैंडपम्प पर शोकपिट | 54 |
| 20 | सामुदायिक एवं संस्थागत लीजपिट | 02 |
| 21 | दीवार चित्रण लेख | --- |

निविदा प्रपत्र शुल्क 100.00 रुपया की धनराशि जमा करके कार्यालय ग्राम पंचायत ओरिल से निविदा आरम्भ तिथि से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। समस्त निविदाएं 27.01.2023 को समय 2 बजे ग्राम पंचायत ओरिल, विकास खंड अहरौला में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। यदि प्राप्त एवं खोलने की तिथि पर कार्यालय बंद होता है तो निविदाएं अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर प्राप्त एवं खोली जायेंगी। किसी फर्म द्वारा एक या एक से अधिक अथवा सभी परियोजनाओं कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएं डाली जा सकती हैं। विस्तृत जानकारी/ नियम व शर्तें किसी भी कार्यदिवस में निविदाप्रपत्र के साथ कार्यालय ग्राम पंचायत ओरिल से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा हेतु धरोहर धनराशि रुपया 5000.00 निविदा समिति द्वारा निर्धारित किया गया है। ग्राम पंचायत में निविदा निरस्त करने एवं संशोधन करने का अधिकार रहेगा।

**(बिन्दू यादव)**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ओरिल, वि.खं. अहरौला
जनपद-आजमगढ़

**(राम अवतार यादव)**
ग्रामप्रधान
ग्राम पंचायत ओरिल, वि.खं. अहरौला
जनपद-आजमगढ़



# वाराणसी



# हाई फ्लड लेवल हटे तो हजारों करोड़ के निवेश से इनकार नहीं

## विभिन्न विभागों में निवेश को प्रोत्साहन के लिए हुए आयोजन में उद्यमियों ने दिलाया ध्यान

**वाराणसी इन्वेस्टर्स समिट**

**जनपद में आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर देने पर ही सरकार के लक्ष्य से अधिक इन्वेस्टमेंट है संभव**

**परियोजनाओं का नक्शा पास कराना है टेढ़ी खीर, शहर के बाहरी हिस्से का विकास जरूरी**

**ट्रैफिक व्यवस्था में सख्ती आवश्यक, लचर ट्रांसपोर्ट नीति को बनाना होगा बेहतर**

**जल्द लागू हो मास्टर प्लान रोप-वे का उपयोग और उसके परिणाम पर विचार करना चाहिए**

जनसंदेश न्यूज



इन्वेस्टर्स समिट में भाग लेते राज्य सरकार के नुमाइंदों समेत व्यापारी

**वाराणसी।** जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जब अधिक से अधिक इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराएंगे तभी सरकार ने इन्वेस्टमेंट का जितना भी लक्ष्य तय सोचा है उससे कहीं अधिक निवेश होगा। रिंग रोड, बाईपास, फोर लेन तो बना दिया लेकिन मौके पर नाली, सीवर, बिजली, पानी जैसी सुविधाएं भी मुहैया करानी होंगी। इलेक्ट्रिक फीडर के लिए सुविधाओं का अभाव है। शहर के बाहरी हिस्से का विकास आवश्यक है। परियोजनाओं का नक्शा पास कराने की प्रक्रिया का सरलीकरण जरूरी है। जब तक हाई फ्लड लेवल को लेकर लगाए गये प्रतिबंध खत्म नहीं किये जाएंगे जबतक उद्योगों में निवेश प्रभावित होता रहेगा। धड़ल्ले से हो रहे अवैध निर्माणों का यदि सकारात्मक समाधान नहीं किया गया तो समस्या बढ़ेगी। ढुलमुल यातायात व्यवस्था को खत्म करने के लिए सख्त रवैया अपनाना जरूरी है। लचर ट्रांसपोर्ट नीति को बेहतर बनाना होगा। रोप-वे का उपयोग और उसके रिजल्ट पर विचार करना होगा। मास्टर प्लान को जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए।

लखनऊ में आगामी दस फरवरी से प्रस्तावित तीन दिनी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के क्रम में शुक्रवार को कमिश्नरी सभागार में शुक्रवार को आयोजित एकदिनी जनपद स्तरीय वाराणसी इन्वेस्टर्स समिट में उद्यमियों व संबंधित क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों ने मौजूद मंत्रियों और अफसरों से यह कहा। लघु उद्योग भारती के संयोजन में हुए इस आयोजन में पर्यटन तथा वीडीए आदि ने उद्योगों में निवेश कराने के उद्देश्य से पीपीटी के जरिये भविष्य के विकास कार्यों का खाका पेश किया। यूपी टूरिज्म की उप निदेशक प्रीति श्रीवास्तव ने पर्यटन नीति-2022 के तहत बताया कि इको टूरिज्म बोर्ड गठित हो चुका है। रूरल टूरिज्म के डेढ़ दर्जन क्षेत्र चिह्नित हुए हैं। पीपीपी मॉडल पर हेली पोर्ट्स संचालित होंगे। पर्यटन में 20 हजार करोड़ रुपये निवेश का टार्गेट है। सूबे में कई थिमैटिक सेक्टर तय किये गये हैं। लैंड बैंक बन रहा है। वीडीए के जेई मनोज ने बढ़ती आबादी को देखते हुए किये जा रहे कई पहल समेत सन 2041 तक का सिटी डेवलपमेंट प्लान की जानकारी देते हुए बताया कि पड़ाव-रामनगर में न्यू लिंक रोड से एचएफएल हट जाएगा। इस मौके पर उद्यमियों ने सर्वाधिक समस्या परियोजनाओं के नक्शा पास करने में आ रही समस्याओं की ओर ध्यान दिलाते हुए आगाह किया कि यदि शहर के बारही क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर जेवलप नहीं किया गया तो उद्यमियों का निवेश बेकार चला जाएगा। उन्होंने एक ऐसा फोरम गठित करने की मांग रखी जहां समस्याओं का समाधान संभव हो।

इस पर डीएम एस. राजलिंगम ने भरोसा दिलाया कि उद्यमियों की समस्याओं को न सिर्फ सक्षम फोरम के सामने रखेंगे बल्कि एक ऐसे फोरम की जरूरत है जहां अफसर और उद्यमी आमने-सामने बैठकर बातचीत के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकाल सकें। उन्होंने आश्वस्त किया कि वाराणसी में क्षमता और संभावनाएं हैं, उसे निवेशकों को सुविधाजनक ढंग से उपलब्ध कराने का प्रयास हो रहा है।

### निवेश के लिए अबतक किस विभाग से हुए कितने समझौते

1- पशुपालन के 4 : 13 करोड़ रुपये
2- ऊर्जा के 2 : 22800 करोड़ रुपये
3- दुग्ध विकास के 4 : 85 करोड़ रुपये
4- उद्यान के 9 : 209.02 करोड़ रुपये
5- पर्यटन के 42 : 11576.06करोड़ रुपये
6- आवास के 17 : 3028.16 करोड़ रुपये
7- स्वास्थ्य सेवा के 4 : 959.84 करोड़ रुपये
8- अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत के 3 : 205 करोड़ रुपये
9- आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के 1 : 10 करोड़ रुपये
10- हैंडलूम एवं टेक्सटाइल के 8 : 178.75 करोड़ रुपये
11- संसाधन एवं औद्योगिक विकास के 1 : 900 करोड़ रुपये
12- यूपी एक्सप्रेसवेज़ इंडस्ट्रियल अथॉरिटी के 1 : 5 करोड़ रुपये
13- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के 2 : 109.26 करोड़ रुपये
14- एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन के 189 : 3826.74 करोड़ रुपये
15- यूपी स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के 5 : 2096 करोड़ रुपये

### इन्वेस्ट के लिए अबतक प्राप्त आवेदन

पशुपालन के 4, दुग्ध विकास के 5, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत के 3, ऊर्जा के 2, एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन के 193, कौशल विकास के 2, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के 2, हैंडलूम एवं टेक्सटाइल के 25, उच्च शिक्षा के 2, उद्यान के 10, आवास के 11, संसाधन एवं औद्योगिक विकास के 4, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के 2, स्वास्थ्य सेवा के 4, पर्यटन के 42, परिवहन का 1, शहरी विकास का 1, यूपी एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल अथॉरिटी का 1, यूपी स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के 5 : 2096 करोड़ रुपये

### एचएफएल नहीं हटा तो खंडहर हो जाएगी काशी : डॉ. दयाशंकर

सूबे के आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि गंगा के शहर में आज विकास की गंगा बह रही है। लेकिन यदि एचएफएल नहीं हटा को काशी खंडहर में तब्दील हो जाएगी। अब मंत्री विदेशों में घूमने नहीं बल्कि निवेश कराने जा रहे हैं। देश के तमाम सेक्टर में यूपी अव्वल है। सूबे में असीम मैनपावर है। यह अब बदला हुआ एवं सकारात्मक उत्तर प्रदेश है और यूपी एक्सप्रेस-वे का राज्य है। प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करेगा।

### भारी निवेश लेकर आए हैं सूबे के मंत्री : अनिल राजभर

सूबे के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि यूपी सरकार ने 16 देशों का भ्रमण कर सूबे में सराहनीय वातावरण बनाया है। विदेशी निवेशकों ने सात लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। जबकि भारत में यूपी के तमाम मंत्री महाराष्ट्र से सात लाख करोड़, कोलकाता से सात हजार करोड़, हैदराबाद से 25 हजार करोड़, जौनपुर से 25 हजार करोड़ का इन्वेस्टमेंट लेकर आए हैं। श्री राजभर ने आह्वान किया कि देश के विकास में उद्यमी भागीदार बनें। उद्यमियों की समस्याओं पर सरकार का पूरा ध्यान है। शनिवार की शाम सीएम योगी ने वाराणसी के विकास के बारे में समीक्षा बैठक बुलायी है। वह चाहते हैं कि श्रम कानून के नाम पर किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न न हो। हमारे लिए चुनौती है कि सूबे के युवा राज्य से बाहर न जाएं। प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाना है।

### 46 हजार करोड़ निवेश को 292 एमओयू : उमेश सिंह

संयुक्त आयुक्त उद्योग उमेश सिंह ने बताया कि जनपद के 15 विभागों की ओर से 327 निवेश प्रस्तावों में शामिल 47 हजार 705 करोड़ रुपये की पूंजी इन्वेस्ट के प्रपोजल्स के सापेक्ष अबतक 46 हजार एक करोड़ रुपये निवेश के लिए 292 एमओयू हो चुके हैं। उनमें से एमएसएमई विभाग में 193 निवेशकों ने तीन हजार 848 करोड़ रुपये इन्वेस्ट करने का प्रस्ताव दिया है। कार्यक्रम में सात उद्यमियों को उनकी कंपनियों से हुए एमओयू के सर्टिफिकेट सौंपे गये। उनमें नितेश बहल (120 करोड़ रुपये), सौरभ जैन (17 करोड़), ज्योति शंकर मिश्र (10 करोड़), दिनेश कुमार मौर्य (40 करोड़), अरुण अग्रवाल (1084 करोड़), आकाश तिवारी (40 करोड़) एवं राजेश भाटिया (50 करोड़) शामिल रहे।

### सरकार करेगी समस्याओं का समाधान : सौरभ

समिट में विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने संकेतों में कहा कि ऐसी सरकारों के दिन गये जो प्रदेश में अपहरण और वसूली उद्योग चलाती थी। अब भाजपा का शासन है और इस सरकार ने काम का माहौल दिया है। यूपी अपराध मुक्त हो गया है। किसी भी उद्यमी को रंगदारी के फोन नहीं आ रहे हैं। इस प्रकार के समिट आदि का उद्देश्य है कि राज्य उत्तम प्रदेश बने, सबकों सुविधाएं मिलें। सभी लाभांवित हों। सरकार उद्यमियों की सभी समस्याओं का समाधान करेगी।

### काशी में संभावनाएं अपार : त्रिभुवन राम

विधायक त्रिभुवन राम ने कहा कि योगी सरकार वाराणसी के इस प्रकार विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं जिससे यहां उद्योग, पर्यटन और निवेश बढ़े। यहां अपार संभावनाएं हैं। सभी की सुविधा के लिए शासन ने सिंगल विंडो सुविधा उपलब्ध करायी है।

### इनकी भी रही प्रमुख उपस्थिति

समिट में सूबे के मंत्री अनिल राजभर एवं डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' आदि सहित जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, विधायक सौरभ श्रीवास्तव और त्रिभुवन राम, भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल, सीडीओ हिमांशु नागपाल, संयुक्त आयुक्त उद्योग उमेश सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, अनुज डिडवानिया, राजीव सिंह, आरसी जैन, अंबुज गुप्ता, अरुण अग्रवाल, दीपक बहल, आकाशदीप, प्रशांत गुप्ता, अमिताभ सिंह, रंजना अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, राजेश भाटिया, अमिताभ सिंह, वीरेंद्र जायसवाल एवं आरके चौधरी, राजेश सिंह आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

## 13 घंटे लेट पहुंची महानगरी एक्सप्रेस

**गोंदिया-बरौनी हिमगिरि पाटलिपुत्र सुपरफास्ट समेत लम्बी दूरी की आधा दर्जन ट्रेनें विलम्बित**

**वाराणसी।** पिछले कुछ दिनों से कैंट स्टेशन से मुम्बई (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) जाने वाली प्रमुख ट्रेन महानगरी एक्सप्रेस का परिचालन बेपटरी हो गया है। शुक्रवार को यह ट्रेन कैंट स्टेशन पर 13.30 घंटे की देरी से शाम पांच बजे पहुंची। सफाई आदि के बाद इसे रात आठ बजे रवाना किया गया। ऐसे में मुम्बई से आने वाले यात्रियों को दिक्कत झेलनी पड़ी। वहीं, यहां से जाने वाले यात्री ट्रेन के इंतजार में घंटों प्लेटफार्म व वेटिंग रूम में बैठे रहे। इसके अलावा गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस आठ घंटे, हिमगिरि सात घंटे, पाटलिपुत्र सुपरफास्ट 4.30 घंटे, दून 2.50 घंटे, स्वतंत्रता सेनानी 2.45 घंटे, पटना-कोटा 2.25 घंटे और गंगा-सतलुज दो घंटे विलम्बित रहीं। वहीं, मुम्बई से बनारस स्टेशन आने वाली कामायनी एक्सप्रेस दो घंटे देरी से पहुंची। उधर, बाबतपुर एयरपोर्ट से विमानों का संचालन समयबद्ध हो गया

## नई दिल्ली जाने वाले पार्सलों पर अस्थाई रोक

**वाराणसी।** नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर रेलवे की ओर से नई दिल्ली जाने वाली सभी तरह के पार्सल पर रोक लगा दिया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से आगामी 23 जनवरी से लगायत 26 जनवरी तक कैंट रेलवे स्टेशन से किसी भी तरह के पार्सल नई दिल्ली के बुक नहीं हो सकेंगे। पार्सल को 26 तारीख के बाद ही बुक किया जा सकेगा। अधिकारियों की मानें तो सभी प्रकार के पार्सल लेनदेन (लीज्ड एसएलआर, वीपी और डिमांड वीपीएस सहित) आवक और जावक पार्सल ट्रैफिक दोनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। केवल यात्री डिब्बों में व्यक्तिगत सामान की अनुमति दी जा सकती है।

# टीम द्वारिका को एक लाख और शिवम को 50 हजार

**बोट रेस**

**नौका रेस का भैंसासुर घाट पर समापन, राजेन्द्र की टीम को मिले 25 हजार**

**पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार ने दिया शील्ड**



विजेताओं को शील्ड देते पूर्व क्रिकेटर प्रवीण कुमार

**वाराणसी।** चार दिवसीय नौका रेस प्रतियोगिता का शुक्रवार को भैंसासुर घाट पर समापन हो गया। इस रेस प्रतियोगिता में काशी कीपर की टीम तीन दिनों तक प्रथम पर रही। इसके कैप्टन रामनगर निवासी द्वारिका मांझी रहे। जबकि अन्य नाव चलाने में राधेश्याम सहानी, अनुराग साहनी, दिनेश साहनी, सूरज साहनी रहे। आखिरी दिन यह टीम दूसरे नंबर पर रही लेकिन प्वाइंट के आधार पर इनको विनर घोषित किया गया। इस टीम को एक लाख रूपये का चेक व शील्ड प्रदान किया गया। दूसरी टीम गंगा लहरी रही। इसके कैप्टन शिवम साहनी रहे। जबकि अन्य में विवेक साहनी, राहुल साहनी, विजय साहनी, मोहित साहनी रहे। इस टीम को 50 हजार रुपये का चेक दिया गया। तीसरे नंबर पर जल योद्धा की टिीम रही। इसके कैप्टन राजेन्द्र साहनी रहे। जबकि अन्य में अमित साहनी, अजय कन्नौजिया, बृजेन्द्र साहनी, अनिल साहनी रहे। इस टीम को 25 हजार रुपये का चेक दिया गया। इसके अलावा अन्य 9 टीमों को 5-5 हजार रुपये का चेक व मोमेंटो प्रदान किया गया। टीमों को चेक व मोमेंटो भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर प्रवीण कुमार ने प्रदान किया। इस मौके पर उप निदेशक उ.प्र. प्रर्यटन प्रीति श्रीवास्तव व अन्य विशिष्टजन मौजूद थे। पुरस्कार राशि यूपी टूरिज्म व मां गंगा क्रूज सर्विस की ओर से दिया गया था। इस मौके पर पदाधिकारी सर्वश्री प्रदीप साहनी सोनू, दुर्गा मांझी, बबलू साहनी, संजय यादव शोभनाथ यादव, अनुपम राय भी मौजूद थे

## हॉट बैलून को भी नियमित करने की तैयारी

**वाराणसी।** काशी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अब टेंट सिटी की तर्ज पर हाट एयर बैलून को भी नियमित करने की तैयारी है। बाढ़ समाप्त होते ही इसकी टेंडरिंग की बात है। लगभग छह माह तक यह बैलून काशी के पर्यटन क्षेत्र के आसमान पर उड़ान भरते दिखेंगे। इसके लिए नमो घाट के पास अस्थाई स्टेशन बनेगा। शुल्क काउंटर के साथ ही आनलाइन बुकिंग की भी व्यवस्था रहेगी। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ-शंघाई कारपोरेशन आर्गेनाइजेशन) की मीटिंग को देखते हुए काशी महोत्सव के नाम पर इस हॉट एयर बैलून को 17 से 20 जनवरी तक गंगा पार उड़ान की अनुमति दी गई थी। पर्यटकों के अलावा काशी के आसपास के लोगों के बीच यह आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चे से लेकर महिलाओं तक ने आसमान से काशी देखने के प्रति रूचि दिखाई लेकिन अनुमति नहीं होने के कारण उड़न का हिस्सा नहीं बन सकीं। अब इसकी मांग को देखते हुए इसे पर्यटन की दृष्टि से लांचिंग की तैयारी है। कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने कहा कि ट्रायल पूरी तरह सफल रहा। अब इसको नियमित करने की तैयारी है। शासन से अनुमति के बाद इसकी टेंडरिंग होगी।

# बाबा धाम में योगी व नड्डा ने मत्था टेका



बाबा का दुग्धाभिषेक करते नड्डा और सीएम योगी

**बाबा की शरण में**

**कालभैरव बाबा का दर्शन कर चाय की ली चुस्की**

**विश्वनाथ कॉरिडोर का लिया जायजा**

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर हैं। शुक्रवार को जेपी नड्डा ने काशी कोतवाल बाबा कालभैरव दरबार में हाजिरी लगायी। इस दौरान उनके साथ सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और शहर दक्षिणी के विधायक डा. नीलकंठ तिवारी व अन्य नेता मौजूद रहे। बाबा कालभैरव का विधि विधान से दर्शन-पूजन व अर्चन करने के बाद जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक साथ मंदिर से बाहर निकले। इस दौरान वह गली में स्थित बटुक सरदार की चाय की दुकान पर रुक गये। नड्डा व योगी आदित्यनाथ ने कुल्हड़ में चाय की चुस्की ली। इस दौरान वहां भाजपा के नेताओं के साथ आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इस पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व योगी आदित्यनाथ ने हाथ हिला कर सभी का अभिवादन किया। इसके बाद वह काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। जहां पर उन्होंने बाबा विश्वनाथ का विधिवत दर्शन-पूजन व अर्चन किया। इस दौरान जेपी नड्डा व योगी आदित्यनाथ ने काशी विश्वनाथ कारिडोर का निरीक्षण भी किया।



# थाली का खर्च हुआ दोगुना, महंगाई से जीना मुहाल

जितेंद्र श्रीवास्तव

**कीमतों में इजाफा**

**आटा ही नहीं, चावल, दाल, तेल-मसाले की कीमतों में तेज उछाल**

**सब्जी का छनन-मनन या फिर दाल फ्राई को झटका, पॉकिट पर तड़का**

**फुरसत किसे जो मेरा हाल पूछता, हर शख्स अपनी ही सोचता**

**वाराणसी।** दो बच्चों की मां मीनाक्षी के पति वाहन चालक है और बमुश्किल महीने में 15-16 हजार रुपये कमा पाते हैं। इसी रकम से घर-गृहस्थी चलाने के साथ बच्चों की परवरिश भी करनी होती है। वे कहती है कि कुछ साल पहले, भोजन के खर्च को पूरा करने के लिए 4000 रुपये पर्याप्त थे, लेकिन अब उसके साथ रोजमर्रा की अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए 8000 रुपये भी एक चुनौतीपूर्ण राशि है। मीनाक्षी ने कहा, महंगाई के बीच चिंता और कुफुत में जीवन-बसर किया जा रहा है।

दो बच्चों की मां सुषमा देवी कहती है कि उनके पति मजदूरी करते हैं और महीने में बमुश्किल 14-15 हजार रुपये कमा पाते हैं। मकान का किराया, बिजली का बिल, बच्चों की फीस देने के बाद किचेन समेत अन्य घरेलू खर्च पर पूरी रकम समाप्त हो जाती है। महीना बीतते ही पाई-पाई रकम के लिए मोहताज होना पड़ता है। वे कहती है कि 'प्याज की कीमत कितनी बेतुकी है! 25 रुपये किलो से कम में यह बाजार में उपलब्ध नहीं है। पहले टमाटर 10 रुपये किलो बिकता था, अब 10 रुपये में एक किलो आलू भी नहीं मिलता है।'

सिर्फ मीनाक्षी, सुषमा ही नहीं, ऐसी तमाम गृहिणियां महंगाई के बीच अपने परिवार के लिए पकवान बनाने में जूझ रही है। पापी पेट को पालने के लिए हाड़तोड़ मेहनत भी रंग नहीं ली पा रहा है। सब्जी का छनन-मनन या फिर दाल फ्राई का तड़का, सभी को जहां झटका लगा है। वहीं, पॉकिट पर जबर्दस्त चोट भी। साबुन-शैंपू तक का लोग अब खर्च घटा दिए हैं। वैसे भी कीमत पुरानी पर पैकेट नयी की तर्ज पर बाजार में कम क्वांटिटी के ये आइटम परोसे जाने लगे हैं। यहां तक की नौनिहालों के निवाले पर भी महंगाई ने चोट कर दी है। लोगों का कहना है कि सरकार भले ही महंगाई पर नियंत्रण की बात कह रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम में बेतहासा वृद्धि ने आम लोगों की चिंताएं बढ़ा दी है। कीमतों में आयी उछाल से थाली में परोसे जाने वाले व्यंजन का स्वाद फीका पड़ने लगा है। जिसे देख बच्चे नाक-मुंह सिकोड़ने से बाज नहीं आते। मेहनत-मजदूरी करने वालों के लिए शाम के चूल्हे पर सब्जी का तड़का भी फीका पड़ने लगा है। लिहाजा, कहने में संकोच नहीं कि फुरसत किसे की जो मेरा हाल पूछता, हर सख्श अपने बारे में कुछ सोचता मिला। कोरोना, बेरोजगारी के बीच महंगाई के चलते न आदमी मर पा रहा है और न जी पा रहा है। लोग कहते हैं, 'आए है इस जहां में जीना ही पड़ेगा, जिंदगी है जहर इसे पीना ही पड़ेगा।'

### साबुन-शैंपू तक पर खर्च घटा रहे लोग

महंगाई के बीच खुद को जिंदा रखने के लिए भोजन पर तो लोग खर्च कर हैं, लेकिन पर्सनल और हाउसहोल्ड केयर पर खर्च घटा रहे हैं। कारोबारियों की मानें तो नहाने के साबुन, कपड़ा धोने के साबुन, डिटर्जेंट, शैंपू, कंडिशनर्स आदि जैसे पर्सनल केयर सेगमेंट पर लोग खर्च करने में कंजूसी करने लगे हैं। वजह साफ है, निर्माता कंपनियों ने इन चीजों के दाम बढ़ाने के साथ ही क्वांटिटी कम कर दी है। इसके चलते लोगों के बटुए पर चोट पड़ने लगी है। लिहाजा, लोग अब इस मामले में चूजी हो चले हैं।

### इन चीजों के भी बढ़े दाम

महंगाई की मार सिर्फ तेल, रिफाइंड, मसालों और सब्जियों पर ही नहीं पड़ रही है। चावल-दाल, मैदा-सूजी, चना, मटर, राजमा और नमक की कीमत भी काफी बढ़ गई है। करीब छह साल पूर्व के मुकाबले वर्तमान में चावल की कीमत 42 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इसी तरह तुअर दाल की कीमत में 48 प्रतिशत, उड़द दाल में 42 प्रतिशत, मूंग दाल में 40 प्रतिशत, नमक में 41 प्रतिशत, मटर में 42 प्रतिशत, चना में 56 प्रतिशत, राजमा में 44 प्रतिशत, चीनी में 42 प्रतिशत, गुड़ में 50 प्रतिशत, मूंगफली तेल में 54 प्रतिशत, सरसों तेल में 64 प्रतिशत, वनस्पति तेल में 90 प्रतिशत, सोयाबीन तेल में 99 प्रतिशत, सूरजमुखी तेल में 97 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है।

### रोजमर्रा के सामानों की कीमतों में उफान

बढ़ती कीमतों को लेकर थोक एवं फुटकर कारोबारी भी परेशान है। कहते हैं कि पहले तो सप्ताह-पखवारे के बाद दाम में उतार-चढ़ाव होता था, लेकिन अब तो हर रोज ऐसा हो रहा है। इसके पीछे का कारण वायदा कारोबार है। रकम कम और माल अधिक खरीदने की छूट का फायदा उठाते हुए बड़े खिलाड़ी लंबी बोली लगा देते हैं। इससे माल देशावर मंडी में ही डम्प हो जाता है। माल की कमी बताकर खिलाड़ी कीमत भड़का देते हैं। लिहाजा, थोक मंडियों में सौदा महंगा पड़ने लगता है। परचून की दुकानों से रोजमर्रा के सामान खरीद रही कलावती देवी, शांति गुप्ता, प्रियंका शर्मा आदि ने कहा कि पांच-छह साल के दौरान सामानों के दाम में इतनी अधिक तेजी आयी है कि हिम्मत जवाब देने लगी है। बात चाहे सरसों तेल की करें या फिर रिफाइंड, काली मिर्च, पीसी हल्दी, जीरा, पचफोरन, गरम मसाला, धनिया, जायफर, लाल मिर्च, मरीच, लौंग, खड़ी धनिया, पिसी धनिया, बड़ी लाची, तेजपत्ता आदि की। सभी की कीमतों में आग लगी है।


रिटेल डायरेक्टरी





संक्षेप

## हमारा शरीर ही सबसे बड़ा डॉक्टर : डॉ. संतोष कुमार

**वाराणसी।** हमारा शरीर ही हमारा सबसे बड़ा डॉक्टर है, क्योंकि जब भी हम किसी बीमारी का शिकार होने वाले होते हैं तब हमारा शरीर हमें उससे संबंधित संकेत जरूर देता है। उक्त बातें ऋषिकेश एम्स से काशी विद्यापीठ में पधारे डॉ. संतोष कुमार ने कही। कहा कि फेफड़ों को शुद्ध हवा हृदय को शुद्ध ब्लड पेट को शुद्ध भोजन और मन को शुद्ध विचार की जरूरत है। हमें सुबह का पराठा न खाकर नाश्ते में सिर्फ एक सेब और एक केला ही खाना चाहिए। गौरतलब है की हेल्थ वैलनेस का यह कार्यक्रम का शुक्रवार को दूसरा दिन था। काशी विद्यापीठ के एक्टिविटी क्लब द्वारा आयोजित और कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी की अध्यक्षता में हुए इस दो दिवसीय कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ।

## विदुषी महिला मंडल के पदाधिकारियों का पदग्रहण



**वाराणसी।** विदुषी महिला मंडल की नई पदाधिकारियों का शुक्रवार को एक होटल में पदग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। निर्वतमान अध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह, महामंत्री श्रीमती श्वेता अग्रवाल व कोषाध्यक्ष श्रीमती वर्षा जैन ने आगत अध्यक्ष श्रीमती गरिमा टकसाली, महामंत्री श्रीमती प्रियंका अग्रवाल व कोषाध्यक्ष श्रीमती मृदुला यादव को संस्था की पिन लगाकर जिम्मेदारी सौंपी। संस्थापिका मनीषा अग्रवाल ने वसंत के प्रीत प्रतीक रुप में सबको पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह ने विदुषी परिवार के किए जा रहे कार्यों पर खुशी व्यक्त की। महामंत्री श्रीमती श्वेता अग्रवाल ने पूरे साल हुए कार्यों की विवेचना की। कोषाध्यक्ष श्रीमती वर्षा जैन ने खर्चे का लेखा-जोखा दिया।

## धूमधाम से मनाएंगे 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस'

**वाराणसी।** आगामी 25 जनवरी को मनाए जाने वाले 13वें 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के बारे में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला रायफल क्लब सभागार में एडीएम प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह ने तैयारी बैठक की। उन्होंने बताया कि उस दिन 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम' थीम पर संपूर्ण जनपद में धूमधाम से कार्यक्रम होंगे। मीटिंग में डीआईओएस, बीएसए, डीपीआरओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विज्ञान सूचना अधिकारी, जिला युवा अधिकारी, स्वीप आइकन नीलू मिश्रा आदि की उपस्थिति रही।

## रन फार जी-20 का आयोजन आज

**वाराणसी।** भारत की अध्यक्षता में होने वाले जी-20 सम्मेलन के अन्तर्गत जिला प्रशासन व नगर निगम संयुक्त रूप से शनिवार को रन फार जी-20 का आयोजन कर रहा है। जो सुबह 9 बजे सिगरा स्थित रुद्राक्ष, अंतराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर से प्रारंभ होकर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर स्थित महात्मा गॉधी प्रतिमा के पास समाप्त होगा। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं एवं विभागों के लगभग 10 हजार लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इस दौरान मार्ग के महत्वपूर्ण स्थानों पर जी-20 देशों को झंडे लगाये जायेग। सभी स्थानों एवं चैराहों पर स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया जायेगा और पूरे रास्ते में पीएसी बैंड द्वारा देशभक्ति गीतों के धुन बजाये जायेगें।


## धांधली का आरोप लगाकर दिया धरना

**सेवापुरी।** स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय पर शुक्रवार को एक ग्रामीण कालिका बाजार के ग्राम प्रधान के साथ पहुंचकर धरने पर बैठ गया। उसने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता में उसका नाम शामिल होने के बाद अपात्र बताते हुए काट दिया गया। दोबारा नाम जोड़ने के लिए धनराशि की मांग की गयी। प्रकरण पर खंड विकास अधिकारी ने उसे समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। उसके बाद ग्रामीण ने धरना समाप्त किया।

## जी- 20 सम्मेलन पर निबंध प्रतियोगिता

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा जी- 20 सम्मेलन के प्रति जागरूकता के लिए राजनीति विज्ञान विभाग में शुक्रवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसका विषय जी-20 में भारत की भूमिका विकास की संभावनाएं रखा गया। विभागाध्यक्ष प्रो. सूर्यभान प्रसाद ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों का उत्साह वर्द्धन किया। अध्यापक डॉ. रेशम लाल ने भी अपने विचार रखें। प्रतियोगिता में संयोजक डॉ. जयदेव पांडेय, सह-संयोजक डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. विजय कुमार, डॉ. रवि प्रकाश सिंह, डॉ. पीयूष मणि त्रिपाठी के साथ स्नातक, परास्नातक और शोध के छात्र-छात्राओं की भी उपस्थिति रही।

## मीडिया साक्षरता आज के समय में बहुत जरुरी



**वाराणसी।** मीडिया सूचना साक्षरता और विकास विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारम्भ शुक्रवार को बीएचयू के पत्रकारिता एवं जनसंप्रेषण विभाग में आयोजित किया गया। दस विश्वविद्यालयों के 45 शोध छात्र-छात्राओं एवं आचार्यों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। बतौर मुख्य अतिथि कुलगुरू प्रो विजय कुमार शुक्ल ने कहा कि संसार में होने वाली घटनाएं की जानकारी मीडिया देता है। यदि ये जानकारी सकारात्मक रूप से पेश की जाती है तो समाज में ईमानदारी शांति, नैतिकता, सौहार्द कायम रह सकता है और यदि यही जानकारी नकारात्मक तरीके से पेश की जाती है तो समाज में भ्रष्टाचार लालच, भय, द्वेष, दुर्भावना, दंगे, असंतुलन और अव्यवस्था फैल जाती है। इन सभी चीजों को देखते हुए मीडिया साक्षरता आज के समय में बहुत जरुरी है।

## लोगों से अपनी समस्याओं को साझा करें : प्रो. संदीप कुमार

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ में शुक्रवार को समाज कार्य संकाय में राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम विषयक कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता बीएचयू के मनोविज्ञान विभाग के प्रो. संदीप कुमार ने 'आत्महत्या समस्या एवं रोकथाम' विषय पर व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया मे प्रति वर्ष लगभग 8 लाख लोग आत्महत्या करते हैं। भारत में सन 2021 में 1,65,000/- लोगों ने आत्महत्या की। आत्महत्या करने वाले प्रत्येक वर्ग से आते हैं, इसमें सर्वाधिक 20 से 30 वर्ष के युवा एवं 40 से 50 वर्ष के वयस्क होते हैं, जो प्रेम में असफल होने, दोस्ती के टूटने, रोजगार, जीवन में असमायोजन, कार्यस्थल के तनाव, घरेलू तनाव, मनोवैज्ञानिक बीमारियों एवं शारीरिक बीमारियों की वजह से आत्महत्या की ओर अग्रसर होते हैं। वास्तविकता यह है कि जीवन मे विभिन्न कारणों से तनाव उतपन्न होते रहेंगे। दोस्तों एवं लाइक माइंडेड लोगों से अपनी समस्याओं को साझा करें, मनोवैज्ञानिक सलाहकार की सेवाएं ले, क्राइसिस हॉटलाइन नंबर 022-27546669 से संपर्क कर सलाह लें। कार्यशाला का संयोजन प्रो. संजय ने किया, संचालन प्रो. शैला परवीन ने किया, आयोजन प्रो. भावना वर्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. वंदना सिन्हा ने किया। कार्यशाला में एम एस डब्ल्यू के 120 विद्यार्थियों ने एवं विभाग के शिक्षकों में प्रो. अनिल, प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, प्रो. बंशीधर पांडेय, डॉ. संदीप गिरी, डॉ. रमेश कुशवाहा, डॉ. अश्वनी सिंह, डॉ. अनिता सिंह ने सहभागिता की।

## 10 फरवरी को मनेगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**वाराणसी।** बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव व पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाने के लिए 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान छूटे हुये बच्चों को दवा खिलाने के लिए 13 से 15 फरवरी को मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने दी। बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाई जाएगी। कृमि मुक्ति के लिए दवा सेवन कराने से बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होता है। खून की कमी (एनीमिया) को भी नियंत्रित किया जा सकता है। आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ध्यान रखें कि इस दवा को चबाकर, पीसकर या चूरा बनाकर खिलाई जानी है। उन्होंने बताया कि एक से पांच साल तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, छह से 19 साल तक के स्कूल नहीं जाने वाले सभी बालक-बालिकाओं एवं ईंट-भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिक व घुमंतू लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केंद्र पर दवा खिलाई जाएगी। वहीं छह से 19 साल तक के सभी छात्र-छात्राओं को सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, प्राइवेट स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी।

## शत-प्रतिशत शिकायतों के निबटारे का दावा



**वाराणसी।** गांव की समस्या का गांव में ही समाधान के लिए आरंभ साप्ताहिक 'ग्राम चौपाल' शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसके तहत ब्लॉकों में निर्धारित ग्रामवार प्राप्त शिकायतों के शत-प्रतिशत निस्तारण का दावा है। चौबेपुर प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय क्षेत्र के उगापुर में लगी चौपाल में नाली, खड़ंजा, पानी, पेंशन एवं आवास आदि की समस्याए दर्ज हुईं। मौके पर प्रधान रामसूरत यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी ब्रजेश चंद अरविंद, अक्षय कुमार, विनय कुमार, नीतू सिंह, संजय कुमार, संतोष प्रजापति, अंजू चौरसिया, उमेश यादव, कैलाश यादव, गंगाराम, अरविंद, बृजेश वगैरह थे। गौरडीह के भगवानपुर की चौपाल में ग्राम प्रधान योगेंद्र यादव, सचिव सुजीत यादव, शुभम, केशव यादव, सुनीता गुप्ता, पूर्व प्रधान बलराम यादव, अशोक यादव, धर्म्मेंद्र मौर्य, गंगा प्रसाद, हवलदार यादव, गोपाल राजभर, अमरेश पाठक आदि थे।

# सीएमओ ने गैरहाजिर स्टाफ का वेतन काटा

कार्रवाई

### सीएचसी दुर्गाकुंड में गैरहाजिर मिले चिकित्सक

### सीएचसी में मिली कमियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए दुरुस्त करने का दिया निर्देश

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप चौधरी ने गुरुवार को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुगार्कुण्ड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सक समेत कई स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी से गैरहाजिर मिले। साथ ही मिली कमियों पर उन्होंने नाराजगी जतायी और उसे फौरन दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

गुरुवार को पूर्वाह्न अचानक सीएचसी दुगार्कुण्ड पहुंचे। निरीक्षण के समय उपस्थिति रजिस्टर के अवलोकन पर उन्होंने डा. सोनल त्रिपाठी, डॉ. आर्सिया, डा. वैंकट कृष्ण आर एनेस्थिसिया को अनुपस्थित पाया, जबकि डा. सारिका राय ने 12 जनवरी से 20 जनवरी तक उपस्थिति रजिस्टर में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं की थी। इसके अलावा सुदमी वार्डव्याय, शुभम मिश्रा बीएचडब्लू रंजीत कुमार श्रीवास्तव, सालिनी डीपीसी, चेतन श्रीवास्तव डीपीए रवि कुमार स्टाफनर्स नीतू कुमार स्टाफनर्स भी 19 जनवरी से 20 जनवरी तक अनुपस्थित पाये गये। अनिल कुमार और नरेन्द्र गुप्ता एल.टी. भी अनुपस्थित पाये गये।

इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अनुपस्थित पाये गये चिकित्साधिकारियो / कर्मचारियों का उक्त दिवस का वेतन अदेय करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के अन्दर वाटर कूलर के पास तथा अन्य स्थानो पर गंदगी पायी गयी। इस पर उन्होंने निर्देशित किया कि चिकित्सालय की साफ सफाई को अविलम्ब कराना सुनिश्चित करे। ओ.पी.डी. कक्ष के निरीक्षण में कोई चिकित्सक वहां उपस्थित नहीं मिला। इस कारण रोगी बाहर एवं अन्दर चिकित्सक का इन्तजार कर रहे थे।

औषधि कक्ष का निरीक्षण में पाया गया कि कक्ष में सभी दवाएं व्यवस्थित तरीके से रखा हुआ था और साफ सफाई संतोषजनक था उन्होंने सम्बंधित फार्मासिस्ट को ड्रग लिस्ट के अनुसार दवा रखने हेतु निर्देशित किया और निर्धारित समय से उपस्थित होकर कार्य करने एवं औधषि कक्ष की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का आदेश दिया।

# मृत बुनकर के आश्रितों को आर्थिक मदद की मांग

### कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष मिले पीड़ित परिवार से



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** अपहरण एवं हत्या के शिकार भेलूपुर क्षेत्र के गौरीगंज निवासी साड़ी कारोबारी स्व. महमूद आलम के आवास पर शुक्रवार को कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता पहुंचे। श्री राय ने घटना पर अफसोस जताते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद है। उन्होंने सरकार से मांग की कि स्व. महमूद आलम के परिवार को आर्थिक मदद दी जाए। साथ ही उसके अपहरण और हत्या में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो। इस मौके पर श्री राय के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, फसाहत हुसैन बाबू, शफक अब्बास रिजवी, अरशद लड्डू, विनय शादेजा, हसन मेहंदी कब्बन और इमाम रजा वगैरह भी थे।

# संयुक्त निदेशक ने जैविक खेती का लिया जायजा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मंडल के संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. आशुतोष मिश्र ने बड़ागांव और सेवापुरी विकास खंडों के कुछ गांवों का दौरा कर वहां चल रही जैविक खेती का जायजा लिया। सबसे पहले वह बड़ागांव के मधुमखियां में गठित जैविक कृषक समूहों के प्रगतिशील किसानों से संबंधित जानकारी ली।

किसान रमेश पटेल के खेत में मिर्च की खेती का निरीक्षण किया। साथ ही गांव के किसानों से बिष मुक्त सब्जियों के उत्पादन के लिए जैविक खेती अपनाने की अपील की।

मुआयने में एडीओ दिनेश सिंह, मास्टर ट्रेनर प्रवीण श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान कौशल पटेल, एफपीओ निदेशक शाश्वत पांडेय भी थे। इसी क्रम में डॉ. मिश्र ने सेवापुरी ब्लॉक के दौलतिया और गजापुर में जैविक कृषक समूहों की खेती देखी। उनके साथ उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी निरुपमा सिंह, तकनीकी सहायक कृष्ण कुमार सिंह, सत्यनारायण पटेल, उदयभान सिंह एवं प्रमोद कुमार वगैरह मौजूद थे।



# विद्यार्थियों ने बनाई एक से बढ़कर एक कलाकृति

दिखी प्रतिभा

### भाजपा की तरफ से आर्ट एवं पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



आर्ट एवं पेंटिग प्रतियोगिता में पेटिंग बनातीं छात्राएं

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को भाजपा की तरफ से जिले भर में आयोजित आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कलाकृति बनाई और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि बच्चों के मन से परीक्षा का भय खत्म हो। बच्चे पूरी तरह से खेलें। बचपन परीक्षा के बोझ और हर समय भविष्य की चिंता के नीचे दबे नहीं।

मंडुवाडीह स्थित एक निजी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि परीक्षाएं हमारे अंदर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बाहर लाने के लिए होती हैं ताकि हमारी क्षमताओं का एहसास हो। प्रधानमंत्री की पहल छात्रों के अन्दर से भय मुक्त करने में सहयोग करेगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र दिया गया। स्वागत डॉ. रचना अग्रवाल व विषय स्थापना डॉ. रमेश सिंह ने किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, डॉ. हरेंद्र राय आदि उपस्थित थे।

हरहुआ प्रतिनिधि के अनुसार, बाबतपुर रोड स्थित एक निजी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता विभिन्न सकूलों के 400 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। महिमा सिंह को प्रथम, विपुल कुमार को द्वितीय व विनीता को तृतीय पुरस्कार मिला। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिया गया। मुख्य अतिथि विधायक त्रिभुवन राम, विशिष्ट अतिथि सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, कमलेश झा, डॉ. उमेश सिंह, विद्या देवी, पवन सिंह, संतोष सिंह, उमेश सिंह, गणेश सहाय आदि थे।

## मुगलों ने सिर्फ मंदिर तोड़े, अंग्रेजों ने तोड़ी आस्था : प्रो. अंबिका

**वाराणसी।** भारतीय संस्कृति की प्रतिरोधक क्षमता इतनी मजबूत रही है कि 673 वर्ष की विदेशी आक्रांताओं की गुलामी के बावजूद वे हमारी संस्कृति को नष्ट नहीं कर पाये। मात्र मंदिर तोड़ने से संस्कृति नष्ट नहीं होती, मुगलों और अंग्रेजों की गुलामी के बावजूद संस्कृति बची हुई है। उक्त विचार प्रख्यात दार्शनिक एवं डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, मध्यप्रदेश के प्रो. अंबिका दत्त शर्मा ने शुक्रवार को डीएवी पीजी कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग में चल रहे दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन बतौर मुख्य वक्ता कही। प्रो. शर्मा ने कहा कि मुगलों ने सिर्फ मंदिर तोड़े जबकि अंग्रेजों ने मंदिर के प्रति हमारी आस्था को ही तोड़ दिया। अंग्रेजों ने हमारी आस्था और संस्कृति के प्रति जुड़ाव की जड़ को ही समाप्त कर दिया। अध्यक्षता प्रो. सतीश कुमार सिंह, संयोजक डॉ. संजय कुमार सिंह, संचालन डॉ. रामेंद्र सिंह व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संजीव वीर सिंह प्रियदर्शी ने दिया। इस अवसर पर प्रो. मिश्रीलाल, डॉ. इंद्रजीत मिश्रा, डॉ. संगीता जैन, डॉ. पारूल जैन, डॉ. बंदना बालचंदनानी, डॉ. महिमा, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. विश्रुत आदि शामिल रहे।

## शिव मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा, चला भंडारा

**वाराणसी।** काशी खंड स्थित काशी के पुराने मुहल्ले खोजवां में प्राचीन शिव मंदिर में शिव जी का प्राण प्रतिष्ठा की गई। यह मंदिर अत्यन्त प्राचीन रहा है जो कुछ वर्ष पूर्व खंडित हो गया था। इसमें सभी के सहयोग से भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा की गई। क्षेत्र के समाजसेवी नंदलाल केशरी उर्फ बर्तन साव ने बताया कि काफी पुराना मंदिर हे कुछ वर्ष पहले खंडित हो गया था जिसे की सब के सहयोग से मंदिर में फिर से प्राण प्रतिष्ठा करवाया गया है। इनके दर्शन मात्र से ही परिवार में होने वाले दुख तकलीफ दूर हो जाते है।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत निकाली रैली

**मिर्जामुराद।** आराजी लाइन विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय मिर्जामुराद में शुक्रवार की दोपहर खंड शिक्षा अधिकारी शशिकांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में बच्चियों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत रैली निकाल कर क्षेत्र में भ्रमण किया। रैली में बच्चियों ने हाथ मे बैनर, झंडी लेकर मम्मी पापा हमें पढ़ाओ-स्कूल में चलकर नाम लिखाओ, बेटा-बेटी एक समान, सबको मिले प्राथमिक ज्ञान, शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिससे चलती पीढ़ी है जैसे नारे लगाते रहे।

# सरकारी अस्पताल में रोग की जांच...मेरी तौबा

दर्द किया बयां

### मरीज को चिकित्सकों ने बतायी बायीं किडनी में पथरी, थी लीवर में परेशानी

### निजी पैथोलॉजी में जांच रहा नॉर्मल, मरीज अब सामान्य

जनसंदेश न्यूज

**मिल चुका है अवार्ड**

पं.दीनदयाल हॉस्पिटल अब एनक्वास सर्टिफाइड व प्रदेश में प्रथम स्थान इस अवार्ड के साथ ही इको का भी अवार्ड इस हॉस्पिटल को दिया जा चुका है बावजूद इस हॉस्पिटल में इस तरह की लापरवाही मरीज की जान पर भी बन सकती है, मरीज के हॉस्पिटल में इसकी शिकायत करने पर भी कोई समाधान नहीं हुआ।

**सरकारी चिकित्सालय से मोह भंग**

चिकित्सकों की लापरवाही और पैथालॉजी की ओर से गलत जांच के चलते लोगों का सरकारी अस्पताल से भोह भंग हो रहा है, और ना चाहते हुए भी लोग निजी चिकित्सालय की राह देख रहें हैं। सरकारी दस्तावेजों में भले ही सरकारी हॉस्पिटल अपनी सेवाओं में प्रथम द्वितीय का पुरस्कार ले ले लेकिन हकीकत में आनंद जैसे मरीजों की पीड़ा से बयां होती है।

**वाराणसी।** सरकार की ओर से आम लोगों को कम खर्च में बेहतर इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों का रास्ता दिखाया जाता है यह सुनिश्चित भी किया जाता है कि हर रोग का इलाज एक की छत के नीचे मिल सकेंगे, लेकिन सरकारी अस्पतालों की हालत ऐसी कि मरीज का दिल ही बैठ जाये।

कुछ ऐसा ही हुआ पांडेयपुर स्थित पं.दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल में सिकरौल निवासी 28 वर्षीय आनंद के साथ, पेट में दायी ओर लगातार दर्द और बुखार होने के बाद आनंद नौ जनवरी को पं.दीनदयाल हॉस्पिटल में इलाज के लिए पहुंचे, उन्होंने पर्चा बनवाया और डॉ.केजी पांडेय को दिखाते हुए परामर्श लिया, उन्होंने जांच के लिए लिखा,आनंद ने अस्पताल में ही जांच के लिए पर्चा बनवाया और जांच करवाकर रिपोर्ट का इंतजार किया, रिपोर्ट आने के बाद आनंद ने डॉ.केजी पांडेय से फिर परामर्श लिया तो जांच के आधार पर उन्होंने बताया कि उनकी किडनी बायीं में पथरी है, इसका ऑपरेशन कराना होगा, पथरी का नाम सुनते ही आनंद घबरा गये और परिजनों को बताया, परिजन भी सकते में थे।

उम्र छोटी थी इसलिए पथरी होने की खबर ने सभी को परेशान कर दिया, परिजनों के कहने पर आनंद ने एक बार फिर निजी लैब में जांच करवाकर निजी चिकित्सक से सलाह ली तो पता चला कि आनंद के लीवर में समस्या है, और यह सौ प्रतिशत सही है, उसी लक्षण के आधार पर निजी चिकित्सक ने इलाज शुरू किया आज आनंद को बहुत राहत है।

> इस मामले में जांच की जायेगी। दोष साबित होने पर कार्रवाई की जायेगी।
>
> डॉ.संदीप चौधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी

संक्षेप

## मोटे अनाजों की व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के संस्कृत एवं अन्य प्राच्य भाषा विभाग द्वारा शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें डॉ. अनीता द्वारा भारतीय पारंपरिक व्यञ्नों में मोटे अनाजों की व्यजन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें स्नातकोत्तर छात्र पीयूष पांडेय द्वारा बताया गया कि मोटे अनाज को खाने से हम अपने स्वास्थ्य को समय सापेक्ष होने वाली बीमारियों जैसे- हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, खून की कमी और कैंसर जैसे रोगों से मुक्ति पा सकते हैं। मोटे अनाज से बने व्यञ्नों की प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में विभाग के आचार्य प्रो. दानपति तिवारी कृष्णा, डॉ. सीमा यादव, डॉ. दीपक कुमार व डॉ. दी दिनेश चंद्र शुक्ल रहे। प्रतिभागियों का परिणाम प्रो. दानपति तिवारी (संस्कृत विभागाध्यक्ष) ने किया। संचालन शशी सिंह, मंगला चरण डॉ. श्वेता अग्रहरी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विभा सिंह ने किया। कार्यक्रम में स्नातक, स्नातकोत्तर शोध के छात्र उपस्थित रहे।

## आज से होगा कोविड टीकाकरण

**वाराणसी।** विदेशों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुये इस बीमारी से बचाव के लिए एक बार फिर से कोविड टीकाकरण पर जोर दिया जा रहा है। जनपद में कोविड टीकाकरण शनिवार से मंडलीय चिकित्सालय सहित जिला चिकित्सालयों व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर शुरू किया जा रहा है। इसके लिए शासन की ओर से पर्याप्त मात्रा में डोज मिल चुकी हैं। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने दी। बताया कि जनपद के 17 सरकारी चिकित्सा इकाईयों पर 18 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्तियों को कोविड का टीका लगाया जाएगा। सभी आठों ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों जैसे सीएचसी अराजीलाइन, सीएचसी चोलापुर, सीएचसी मिसिरपुर काशी विद्यापीठ, पीएचसी सेवापुरी, पीएचसी पिंडरा, पीएचसी बड़ागांव, पीएचसी हरहुआ और पीएचसी चिरईगांव तथा तीन शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों दुगाकुंड, चौकाघाट और शिवपुर में टीका लगाया जाएगा। साथ ही एसएसपीजी हॉस्पिटल कबीरचौरा, एलबीएस चिकित्सालय रामनगर, एसवीएम चिकित्सालय भेलूपुर, बीएलडबल्यू हॉस्पिटल, सेंट्रल हॉस्पिटल एनईआर और कचहरी स्थित मेडिकल केयर यूनिट में कोविड टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## आधारबद्ध जन्म पंजीकरण प्रक्रिया शुरू



**वाराणसी।** जनपद में नवजात शिशुओं के आधारबद्ध जन्म पंजीकरण की प्रक्रिया शुरु हो गई है। अब शिशु के जन्म पर ही आधारबद्ध पंजीकरण की व्यवस्था को सुनिश्चित कराये जाने का निर्णय लिया गया है। जनपद के चिन्हित 11 सरकारी चिकित्सा इकाईयों पर आधारबद्ध जन्म पंजीकरण की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने दी। बताया कि हरियाणा राज्य में लागू आधारबद्ध जन्म पंजीकरण की प्रक्रिया वाराणसी सहित 56 आकांक्षीय जनपदों में शुरू की गई है। यह सुविधा जनपद के उन चिकित्सा इकाईयों में शुरू की गई हैं जहां शिशुओं का जन्म अधिक हो रहा है। इस क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा गोद ली गई सीएचसी हाथी बाजार सहित जिला महिला चिकित्सालय, एलबीएस चिकित्सालय रामनगर, सीएचसी चोलापुर, सीएचसी अराजीलाइन, सीएचसी मिसिरपुर काशी विद्यापीठ, पीएचसी सेवापुरी, पीएचसी चिरईगांव, पीएचसी पिंडरा, पीएचसी बड़ागांव एवं सर सुंदर लाल चिकित्सालय बीएचयू में निःशुल्क शुरू की गई है।

## अनमोल मिस्टर फ्रेशर और अदिती मिस फ्रेशर



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान में शुक्रवार को एमए (जेएमसी) प्रथम सेमेस्टर के नव आगंतुक छात्र-छात्राओं के लिए एमए (जेएमसी) तृतीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक प्रो. अनुराग कुमार ने कहा कि पीढ़ी दर पीढ़ी हमें अपने संस्थान की गरिमा को आगे बढ़ाना है। यह नव्यागमन दो पीढियों के ऊर्जा का प्रसार है। संस्थाएं हमें कभी नहीं छोड़ती। संस्थाएं हमारा स्वागत करती हैं और बहुत दूर तक स्वागत करती हैं। कार्यक्रम में संस्थान के एसोसिएट प्रो. डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आज के नव आगंतुक ही कल के भविष्य हैं। वरिष्ठ अध्यापक डॉ. वशिष्ठ नारायण सिंह ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप जीवन में अच्छे कार्य करें। प्रतिभागियों में अनमोल निगम को मिस्टर फ्रेशर, अदिती को मिस फ्रेशर और आशुतोष को मिस्टर किंग और संस्कृति को क्वीन का ताज पहनाया गया। संचालन सौम्या एवं धन्यवाद ज्ञापन सूरज ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यापक डॉ. दयानंद, डॉ. संतोष मिश्रा, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. रविंद्र पाठक, डॉ. देवाशीष वर्मा, डॉ. जिनेश, अनिरुद्ध पांडेय, शैलेश चौरसिया, शोध छात्र मोहम्मद जावेद और विद्यार्थी मौजूद रहे।

**In The Court Of Principal Judge Family Court, Satna (M.P.)**

Presiding officer: श्री राजवर्धन गुप्ता, (वाद के निपटारे के लिये सम्मन) (MJC R/354/2021) पूजा पाण्डेय V/S प्रमोद पाण्डेय Process No.- 46/2022 पेशी दिनांक 08.02.2023। प्रेषति- प्रमोद पाण्डेय तनय स्व0 श्री फूलचन्द्र पाण्डेय उम्र 36 वर्ष, निवासी-ग्राम महुआरीकला, पो0-महुआरीकला, थाना-विन्ध्याचल, जिला-मिर्जापुर (उ0प्र0)। आवेदिका पूजा पाण्डेय पत्नी श्री प्रमोद पाण्डेय पुत्री श्री कपिलमुनि शुक्ला उम्र 28 वर्ष, हाल निवास-ग्राम मांद, थाना-कोलगंवा, जिला-सतना (म0प्र0) ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 125 द0प्र0स0 का आवेदन सस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 08.02.2023 को दिन में 11:00 बजे आवेदन का जवाब देने के लिये उप संजात होने के लिये संमस किया जाता है। न्यायालय में आपकी उप संजात के लिये जो दिन नियत किया गया है, वह इस बात के अंतिम निपटारा के लिये नियत दिनांक है, इसलिये आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रखना चाहिए, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजिर) नहीं होंगे तो आवेदन की सुनवाई या उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जावेगा। यह आज दिनांक 15.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया। कृपया ध्यान दें-1 यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर वह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सतना म.प्र.।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते है। क्र.सं.-1, ई-प्रापण निविदा संख्या- [illegible] दिनांक 14.02.2023, कार्य का नाम- [illegible] अनुमानित निविदा मूल्य- 53,91,368.34, बयाना राशि (रु.)- 187800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)- --, कार्य पूर्ण करने की अवधि- 80 (अस्सी) दिन। • बिड प्रारम्भ करने की तिथि- दिनांक 31.01.2023 • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि-दिनांक 14.02.2023 15.00 बजे तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 14.02.2023 15.00 बजे, • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

कार्यकारी इंजीनियर/ निर्माण/सामान्य/गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. [illegible] पर SMS करें।

[illegible]

**U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd.**
(An ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomtinagar, Lucknow

**E-Tender Notice (RETENDER)**

On behalf of Managing Director, U.P.R.N.N., E-Tender are invited by General Manager, Varanasi Zone.

| Sl. No. | MIT No. | Place of work | Date & Time Submission of BID |
|---|---|---|---|
| 1. | 3365/GM (VMS Zone) E-Tender/RNN/22-23 | Construction of Remaining Work in Different Project in Central Jail, Varanasi (Package-7) | 06.02.2023 04:00 PM |
| 2. | 3367/GM/RNN/Tender/22 | Construction of Balance work in different Primary Health Center District Azamgarh (Package-I) | 03.02.2023 02:00 PM |

Other details can only by downloaded from the website; www.etender.up.nic.in and notice of the same can be seen on uprnn web site; www.uprnn.upsdc.gov.in

General Manager, Varanasi Zone

# फिर विवादों में फंसा 362 कार्यों का टेंडर

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** जिला पंचायत की ओर से बीते 31 दिसंबर को किए गए करीब 362 कार्यों का टेंडर फिर विवादों में फंस गया है। करीब 10 जिला पंचायत सदस्यों की ओर से बीते 16 जनवरी को की गई शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने निविदा खोलने पर रोक लगाते हुए तीन सदस्यीय जांच कमेटी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है और 10 दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। जांच कमेटी में एसडीएम एएन फारुकी, एनआईसी के डीआईओ और वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक) शामिल है। जिलाधिकारी के आदेश के बाद जिला पंचायत में हड़कंप का माहौल है।

जिला पंचायत ने नवंबर 2022 में 362 कार्यों के लिए चार भागों में निविदा निकाली थी। इसमें जिला पंचायत के कुछ बाबुओं ने धांधली कर

**समस्या**

### डीएम ने निविदा खोलने पर रोक लगाते हुए बैठायी जांच

कथित फर्जी फर्मों के नाम से निविदा डाल दी। इसी बीच दिसंबर 2022 के प्रथम सप्ताह में जिला पंचायत सदस्य अक्षयलाल यादव ने मुख्य सचिव से निविदा निकालने में हुई धांधली की शिकायत की। इसके बाद मामले की जांच हुई और निविदा को 28 दिसंबर 2022 को निरस्त कर दिया गया।

जिला पंचायत के जिम्मेदारों ने खेल करते हुए 31 दिसंबर 2022 को पुराने स्वरूप में ही पुनः निविदा निकाल दिया, जिसके तहत पहली लिस्ट में 122, दूसरी लिस्ट में 127, तीसरी लिस्ट में 106 और चौथी लिस्ट में सात सड़कों के निर्माण व मरम्मत के कार्य शामिल थे। इसके बाद फिर कथित फर्मों के नाम पर टेंडर आवंटित किए जाने का खेल शुरू हो गया। बीते 16 जनवरी को करीब दस जिला पंचायत सदस्यों ने जिपं के जिम्मेदारों द्वारा टेंडर में अनियमित्ता किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी से की। इसके बाद जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने निविदा पर रोक लगाते हुए मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी।

### टेंडर में नहीं हुई है अनियमितता

**बलिया।** जिला पंचायत बलिया के अपर मुख्य अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि जिला पंचायत सदस्यों की शिकायत के बाद मामले की जांच के लिए जिलाधिकारी की ओर से तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। टेंडर में कोई अनियमितता नहीं की गई है।

## अनुज्ञापियों को नई गाइडलाइन का इंतजार

**बलिया।** आबकारी विभाग बलिया में शराब की दुकानों को लेकर अभी से लोग जानकारी लेने पहुंच रहे है। वैसे, 31 मार्च से पहले शराब की दुकानों की रिनुवल प्रक्रिया शुरू हो सकती है। संभावना यह भी है कि सरकार की नई पालिसी अगले सप्ताह आ सकती है। ऐसे में देखना यह होगा कि नई पालिसी में सरकार रिनुअल प्रक्रिया को महत्व देती है या फिर लाटरी सिस्टम के माध्यम से दुकानों का आवंटन करेगी। जिले में कुल 141 देशी शराब की दुकान तथा अंग्रेजी एवं बीयर की 47-47 दुकानें है। 2002 के आस-पास पहली बार लाटरी सिस्टम के माध्यम से शराब की दुकानों का आवंटन किया गया। उस समय स्टेडियम में तत्कालीन जिलाधिकारी राजेश कुमार सिंह की देखरेख में मैनुअल लाटरी सिस्टम के तहत शराब की दुकानों का आवंटन किया गया। इसके बाद 2009 में भी लाटरी के माध्यम से शराब की दुकानों का आवंटन हुआ। वर्ष 2018-19 में आनलाइन लाटरी के माध्यम से शराब की दुकानों को आवंटित किया गया। इधर, पांच वर्षों में शराब की दुकानों का रिनुअल प्रक्रिया चलती रही। अब अनुज्ञापियों को सरकार की नई पालिसी का इंतजार है।

# शादी अनुदान चाहिए तो फोन-पे पर डालो पैसा

**बैरिया।** सरकारी अनुदान देने में रोजाना ही रिश्वत मांगने की शिकायत लाभार्थी कर रहे है। विकास भवन बलिया से बोलने का हवाला दिया जा रहा है। ऐसी ही वाकया पुनः हुआ है। शादी अनुदान चाहिए तो 1250 रुपया मेरे फोन-पे नंबर पर तत्काल डालो। तुरन्त तुम्हारे खाते में शादी अनुदान की धनराशि पहुंच जाएगी। ऐसा नही करने पर दौड़ते रह जाओगे। एक पैसा भी नहीं मिल पाएगा।

इस तरह की सूचना दोकटी थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी सीमा देवी पुत्री सुरेंद्र यादव की फोन पर शुक्रवार को आया। जब इधर से सीमा यादव के पिता सुरेंद्र यादव ने फोन कर पैसा मांगने वाले के विषय में जानकारी की तो उसने बताया कि मैं विकास भवन से बाबू बोल रहा हूं। तुम्हारे शादी अनुदान की फाइल मेरे टेबल पर हैं। इसके बाद उसका फोन व्यस्त हो गया और दोबारा फोन नहीं लगा। इस संदर्भ में सुरेंद्र यादव ने बताया कि मोबाइल नंबर 9758 363003 से फोन आया था।

**मांगा रिश्वत**

### विकास भवन का बाबू बताकर लाभार्थी को किया गया फोन

बताया गया था कि यह नंबर फोन-पे है। इसी नंबर पर 1250 रूपये पंजीकरण शुल्क तुरंत भेजो। जैसे ही पैसा मेरे फोन पर खाते में आएगा, वैसे ही तत्काल तुम्हारे खाते में शादी अनुदान का पैसा चला जाएगा। सुरेंद्र यादव ने बताया कि पिछले साल मैंने अपनी पुत्री सीमा की शादी उदयी छपरा निवासी सुनील यादव से किया था। शादी अनुदान का आवेदन पत्र आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद विकास भवन में जमा किया था। उसके बाद इस तरह का फोन आया है। यह तो बानगी है। कई गांवों से इस तरह के फोन की शिकायत लोग कर रहे हैं। सुरेंद्र यादव ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## संक्षेप

### धूमधाम से मनी काशी प्रसाद उन्मेष की जयंती

**बलिया।** हिंदी प्रचारिणी सभा के चलता पुस्तकालय सभागार में स्वतंत्रता सेनानी, कवि एवं साहित्यकार काशी प्रसाद उन्मेष की 104वीं जयंती धूमधाम से मनायी गई। डॉ. शत्रुघ्न पांडेय ने कहा कि उन्मेष जी प्रखर वक्ता थे। वह निर्भिकता के साथ अपनी बात रखते थे। डॉ. चंद्रशेखर उपाध्याय ने कहा कि उन्मेष जी एक सजग रंगकर्मी एवं निर्भिक पत्रकार रहे। मौके पर अशोक, डॉ. भोला प्रसाद आग्नेय, शिवजी पांडेय रसराज आदि मौजूद रहे। इधर काव्य गोष्ठी में शशि प्रेम देव, मोहन श्रीवास्तव, संतोष कुमार गुप्त, फतेहचंद बेचैन, अजय कुमार, धर्मराज गुप्त, धर्मनाथ मिश्र, प्रभुनाथ मिश्र आदि ने अपनी रचना प्रस्तुत किया। अरविन्द कुमार उपाध्याय ने वाणी वंदना प्रस्तुत किया।

### विधायक को अभिनंदन पत्र देकर किया सम्मानित



**बांसडीह।** पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधायक केतकी सिंह के प्रयास से मैरीटार में जिला प्रशासन द्वारा पिकनिक स्पाट बनाये जाने से स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। बांसडीह नगर पंचायत के साथ ही आस-पास के लोगों को इसका पूरा लाभ मिलेगा। शुक्रवार भाजपा बांसडीह मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विधायक केतकी सिंह को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। श्री ओझा ने बताया कि सुरहाताल के किनारे मैरिटार में पिकनिक स्पाट बनाये जाने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसका लाभ बांसडीह क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। मौके पर मुनजी गोड़, दुर्गेश मिश्रा, विवेक गुप्ता, राहुल गुप्ता, रविंद्र मिश्रा, प्रवीण रावत आदि मौजूद रहे।

### डेढ़ किग्रा गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**रसड़ा।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने महाराजपुर राजकीय कन्या विद्यालय के समीप से शुक्रवार की सुबह डेढ़ किलो गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त को संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के खड़सरा गांव निवासी बलेन्दर राजभर पुत्र सलर राजभर गांजे का अवैध धंधा करता है। इसकी सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक अमरजीत यादव अपने पुलिस कर्मियों के साथ महाराजपुर राजकीय कन्या विद्यालय के समीप पहुंचे और डेढ़ किलो गांजा के साथ बलेन्दर राजभर को गिरफ्तार कर लिया।

### आज से शुरू होगी क्रिकेट प्रतियोगिता

**नगरा।** स्थानीय जनता इंटर कालेज के मैदान में 21 जनवरी, शनिवार को पूर्वाह्न नौ बजे से राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। डायमण्ड क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में 21 से 28 जनवरी तक चलने वाले टुर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर सिंह करेगें। संचालन समिति के डा. संजय सिंह, अब्दुल्ला शाह, राजबहादुर सिंह अंशु, चुलबुल पाण्डेय, बशीर शाह, टिंकू गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतियोगिता मे उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के दर्जनों से अधिक टीमें भाग लेंगी।

### गायत्री महायज्ञ के कार्यक्रम का शुभारंभ

**बलिया।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट बलिया द्वारा सोहांव ब्लाक के नरही ग्राम सभा में चल रहे तीन दिवसीय युवा चेतना जागृति अभियान एवं गायत्री महायज्ञ के सायं कालीन कार्यक्रम शुभारंभ ट्रस्ट के संरक्षक देवेंद्र नाथ उपाध्याय, सह संरक्षक मणिनाथ तिवारी, जगन्नाथ राय, बब्बन राय, शिवकुमार उपाध्याय, श्रीमती दुर्गावती ने दीप प्रज्वलित कर किया। शांतिकुंज से पधारे टोली नायक ऋषि देव तिवारी ने विचार क्रांति अभियान को विस्तार से बताते हुए कहा कि इस अभियान में व्यक्ति को परिष्कृत करने व मनुष्य में देवत्व के जागरण के लिए गायत्री परिवार विश्व स्तर पर अभियान चला रहा है। इसके तहत आओ गढे संस्कारवान पीढ़ी अभियान युवा जोड़ों अभियान व गृहे-गृहे गायत्री अभियान अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी अनिल श्रीवास्तव, सहायक प्रबंध ट्रस्टी पुष्पा मिश्रा, प्रेमलता राय, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, दुर्गावती, शिवकुमार उपाध्याय, गौतम सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, रणजीत राय, गुड्डू राय, उत्कर्ष, प्रिंस आदि मौजूद रहे।

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**बलिया।** रेवती पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए एक बाइक चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे सुसंगत धाराओं के तहत चालान न्यायालय कर दिया। बताया जाता है कि आरोपी नंबर प्लेट बदलकर गाड़ी का प्रयोग कर रहा था। चौकी प्रभारी गोपाल नगर धर्मेंद्र दत्त मय हमराह रेवती थाना क्षेत्र के कोलनाला तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक पर सवार युवक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने बाइक सवार युवक को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह बाइक मोड़कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक ने पुलिस टीम को बताया कि यह बाइक चोरी की है। उसने अपना नाम सुनील पुत्र जगधारी राजभर निवासी छपरा सारिब, थाना रेवती बताया।

### राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के अंतर्गत जिलाधिकारी ने की हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत




**बलिया।** राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के अवसर पर 20 जनवरी को बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार बलिया में जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई। साथ ही सतीश चन्द्र कालेज बलिया में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत हस्ताक्षर अभियान, शपथ एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें पेंटिग प्रतियोगिता में गुलाब देवी इण्टर कालेज की सुनिता शाह प्रथम विजेता एवं मुरली मनोहर डिग्री कॉलेज की आयुषी झा को द्वितीय स्थान एवं अर्पिता झा को तृतीय स्थान एवं सांत्वना पुरस्कार मधु शर्मा गुलाब देवी महाविद्यालय एवं डीएवी इण्टर कालेज की अनन्या को प्राप्त हुआ है। भाषण प्रतियोगिता में टाउन डिग्री कालेज की अनुजा को प्रथम, रागनी सिंह को तृतीय एवं गुलाब देवी इण्टर कालेज की शिवानी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। नाटक प्रतियोगिता में गुलाब देवी इण्टर कालेज को प्रथम स्थान जिसमें रोशनी सोनी, खुश्बू चैरसिया, अनामिका, रागिनी, अनिशा, मिष्ठिया, जिया, गौरी राजभर के द्वारा नाटक किया गया है। द्वितीय स्थान मुरली मनोहर डिग्री कालेज की बालिका जागृति उपाध्याय बालिकाओं को पेंटिग प्रतियोगिता हेतु किट प्रदान कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं संत्वाना के रूप में पुरस्कार के रूप में शील्ड प्रदान किया गया। सतीश चन्द्र कालेज बलिया के प्राचार्य वैकुण्ठ नाथ पाण्डेय एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम महिला शक्ति केन्द्र बलिया की महिला कल्याण अधिकारी पूजा सिंह एवं जिला समन्वयक निकिता सिंह, पूनम राजभर बलिया द्वारा आयोजित किया गया।

# आहरण वितरण अधिकारियों की बैठक संपन्न



आहरण वितरण अधिकारियों के साथ बैठक करते निरीक्षण अधिकारी

**बलिया।** जनपद के समस्त आहरण वितरण अधिकारी एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को कोषागार सभागार में महालेखाकार कार्यालय प्रयागराज के निरीक्षण अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। इसमें लेखा के रख-रखाव, सामान्य भविष्य निधि सम्बन्धी विसंगतियों एवं जनपद में लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में आहरण वितरण अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही राजस्व, पूंजीगत, ऋण के चालान, वित्तीय हस्त पुस्तिका, खण्ड-5 भाग-2, प्रपत्र 45ए को पूर्ण वर्गीकरण भरा जाय। जनपद में लम्बित 46.73 करोड़ के सहायता अनुदानों के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार को प्रेषित नहीं किया गया है, जिनका उपयोगिता प्रमाण पत्र लम्बित है। सभी आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देश दिये कि सामान्य भविष्य निधि पासबुक पूर्ण किया जाय। साथ ही आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा प्रकट किये गए समस्याओं का भी निराकरण किया गया। मौके पर सहायक लेखाधिकारी पंकज कुमार, दिपांशु, सहायक पर्यवेक्षक मक्खनलाल आदि मौजूद रहे।

## जिंदा किसान को मृतक घोषित कर रोक दिया भुगतान

**बैरिया।** कृषि विभाग ने जिन्दा किसान को मृतक घोषित कर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का भुगतान रोक दिया है। इससे किसान परेशान हैं। कागजी कोरम पूरा करने के बाद छह किस्त प्राप्त करने वाले किसान को कृषि विभाग ने मृतक घोषित किया है और उनकी अगली किस्त रोक दिया गया। अब किसान ग्राम प्रधान से जीवित प्रमाण पत्र बनवा कर हाकिमों की चौखट पर दस्तक देकर अपने को जिंदा साबित करने में लगा हुआ है। मामला विकास खंड मुरली छपरा के ग्राम पंचायत सोनबरसा के दलकी नम्बर दो (सूर्यभानपुर) गांव का है। यहां के निवासी बब्बन शर्मा पुत्र रामाधार शर्मा को किसान सम्मान निधि के तहत छह किस्त प्राप्त होने के बाद कृषि विभाग के पोर्टल पर मृतक घोषित कर किसान सम्मान निधि का भुगतान रोक दिया गया है। इस बाबत पूछने पर सहायक विकास अधिकारी कृषि सुशील यादव ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में है। तकनीकी गड़बड़ी के कारण ऐसा हुआ है। पोर्टल अभी बंद है। जैसे ही संबंधित पोर्टल खुलेगा, बब्बन शर्मा का पीएम किसान सम्मान निधि का सातवां किस्त भुगतान कर दिया जाएगा। इस संदर्भ में जिलाधिकारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी निर्देश प्राप्त हुए हैं।

# तहसीलदार ने राजनैतिक कार्यकर्ता को किया अपमानित

**रोष**

### पीड़ित ने समर्थकों के साथ की नारेबाजी, एसडीएम को सौंपा पत्रक

**बैरिया।** इसे नौकरशाही का रूप दिया जाय या घमंडी प्रवृति। जी हां, रजिस्टार कानूनगो से मिलने कंप्यूटर कक्ष पहुंचे राजनैतिक कार्यकर्ता प्रदीप चौधरी को नवागत तहसीलदार ने सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। साथ ही आग बबूला होते हुए कक्ष से धक्का देकर बाहर निकलवाया। इसके बाद अपने समर्थकों के साथ प्रदीप चौधरी ने तहसील के बाहर जमकर नारेबाजी की। तत्पश्चात एसडीएम को पत्रक सौंपा।

बताया जाता है कि दोकटी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार चौधरी सन् 2012 में बैरिया विधानसभा क्षेत्र से जनक्रांति पार्टी से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। वह सामाजिक समस्याओं को लेकर अक्सर तहसील व अन्य कार्यालयों में आते-जाते रहते हैं। इसी क्रम में गुरुवार को रजिस्ट्रार कानूनगो से मिलने उनके कक्ष में प्रदीप चौधरी



बैरिया तहसील के बाहर नारेबाजी करते लोग

पहुंचे तो लोगों ने बताया कि रजिस्ट्रार कानूनगो कंप्यूटर कक्ष में है। प्रदीप चौधरी कंप्यूटर कक्ष में चले गए, जहां रजिस्टार कानूनगो के साथ नवागत तहसीलदार सुदर्शन कुमार भी मौजूद थे। आरोप है कि उनको देखते ही तहसीलदार आग बबूला हो गये और उनको सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। साथ ही अपने कर्मचारियों से धक्का मार कर कंप्यूटर कक्ष से बाहर निकालते हुए मुकदमा दर्ज कराकर जेल भेजने की धमकी दी। इसके बाद प्रदीप चौधरी घर चले गए। शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य अजय यादव, प्रदीप वर्मा, राजकुमार चौधरी, रविंद्र निषाद, राजनारायण राठौर, सुनील चौधरी आदि के साथ तहसील पर पहुंचकर नारेबाजी की और तहसीलदार के इस कृत्य का विरोध करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

> मुझ पर लगाया जा रहा आरोप पूरी तरह बेबुनियाद एवं मनगढ़ंत है। मै उस व्यक्ति को जानता भी नहीं हूं। मै नया आया हूं और किसी को नहीं पहचानता।
>
> सुदर्शन कुमार, तहसीलदार बैरिया

# बीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**जन चौपाल**

### एक माह के अंदर समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

**जनसंदेश न्यूज**

**बैरिया।** विकास खण्ड बैरिया के ग्राम पंचायत टेंगरही में खंड विकास अधिकारी शैलेश कुमार मुरारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित जन चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। साथ ही उसके शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिया। वही, ग्राम पंचायत के चार्तुदिक विकास की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।

बता दें कि पंचायत भवन टेंगरही पर आयोजित जन चौपाल में गांव के आद्या प्रसाद मिश्र ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत किया कि मेरे यहां शौचालय नहीं है। हम लोगों को खुले में शौच करने जाना पड़ता है। शौचालय बनवा दिया जाए।

खंड विकास अधिकारी ने इसके लिए जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वही, शिवानंद राम ने बताया कि मेरे परिवार में एक ही



जन चौपाल में अपनी समस्या बताता ग्रामीण

अंत्योदय राशन कार्ड है। मेरी पुत्रवधू मुझसे अलग रहती है और पूरा राशन वही उठा लेती है। मेरा राशन कार्ड अलग किया जाए। संजीत सिंह ने राशन कार्ड बनाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

माधुरी देवी ने आवास बनाने का आग्रह किया। छट्ठू यादव ने जल जमाव की समस्या से निजात के लिए सोखता बनाने की गुहार लगाई। सभी समस्याओं का समाधान एक महीने के अंदर करने का आश्वासन खंड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को दिया। वही, प्रधान रेसर सिंह, प्रधान प्रतिनिधि शुभम सिंह के साथ बैठक कर पंचायत भवन के ऊपर सामुदायिक भवन बनवाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी अशोक मिश्र, स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ सर्वानंद, कृषि सहायक राम सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकत्री रमिता देवी आदि मौजूद रहे।

## सात दिवसीय युवा महोत्सव का समापन

**बैरिया।** स्थानीय द्वाबा संस्कृत प्रचार समिति महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती से चल रहे सप्त दिवसीय युवा महोत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। प्राचार्य डॉ. अरबिन्द राय ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कहा कि स्वामी विवेकानन्द से भारत ही नही, बल्कि पूरे विश्व के युवा प्रेरणा ले रहे है। स्वामी जी कहा करते थे कि उठो-जागो और तब तक नही रुको, जब तक की तुम अपना लक्ष्य न प्राप्त कर लो। उन्होने जोर देकर कहा कि स्वामी जी की याद में युवा महोत्सव मनाना तभी सार्थक होगा, जब उनके आदर्श को हर युवा अपने जीवन में आत्मसात करे। इस अवसर पर रामबदन गोड़, चन्दन कुमार राय, मनीष कुमार, शिवेश पाण्डेय, आशुतोष राय, मृतुन्जय उपाध्याय, प्रेम प्रकाश पान्डेय, निर्भय उपाध्याय, विद्यानाथ सिह, धर्मेन्द्र सिह, सच्चितानन्द वर्मा मौजूद रहे। संचालन रुपा केशरी ने किया।

# गांवों में होगा सामुदायिक सोख्ता का निर्माण

**बलिया।** घरों से निकलने वाले गंदे पानी को सोख्ता के जरिए ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों से राहत दिलाने की तैयारी शुरू कर दी है। अब सोख्ता निर्माण से जल संरक्षण किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में मनरेगा से 15-15 व्यक्तिगत और ग्राम पंचायत से सामुदायिक सोख्ता का निर्माण कराया जाएगा। कचरे से खाद भी बनाने की तैयारी है।

जिले में 940 ग्राम पंचायतें हैं। वैसे तो स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत गांवों में कई अभियान चल रहे हैं, लेकिन अब जिला पंचायत राज विभाग की ओर से ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों से बचाने और जल संरक्षित करने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर गांवों में व्यक्तिगत और सामुदायिक सोख्ता गड्ढा बनवाने की कवायद तेज हो चुकी है। गांव को साफ व स्वच्छ रखने और पानी संरक्षण के लिए मनरेगा से हर गांव में 15-15 सोख्ता बनाए जाएंगे। सोख्ता में कचरा एकत्रित होगा। इससे पानी का संरक्षण होगा। साथ ही गांव में कचरा सड़क व रास्तों में नहीं फैलेगा। व्यक्तिगत और सामुदायिक सोख्ता बनाने में तीन से लेकर 50 हजार रुपये तक की लागत आएगी। ग्राम पंचायतें व्यक्तिगत सोख्ता मनरेगा से बनवाएंगी। सामुदायिक सोख्ता के निर्माण पर ग्राम पंचायतों को शासन से मिलने वाली निधि खर्च करनी पड़ेगी।

**पहल**

### हर गांव में मनरेगा से बनाये जायेंगे 15-15 सोख्ता

#### सड़क पर नहीं फैलेगा पानी

**बलिया।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्तेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले के 940 ग्राम पंचायतों में पानी का संरक्षण करने के लिए 15-15 व्यक्तिगत सोख्ता गड्ढे और सामुदायिक सोख्ता के गड्ढे बनवाने की तैयारी है। इससे जलस्तर भी बढ़ेगा। हैंडपंप का पानी सड़क पर भी नहीं फैलेगा। संक्रामक बीमारियों की रोकथाम पर असर पड़ेगा।

# सभी को होना चाहिए अपने दायित्व का बोध



नागाजी सविमंवमावि में अभिवादन करते अतिथिगण



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माल्देपुर में विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों के संकुल स्तरीय पूर्व छात्र, प्रबंध समिति एवं आचार्य बंधुओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के बाद जगदीश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान ने किया।

**बोले हेमचन्द्र**

### संकुल स्तरीय पूर्व छात्र, प्रबंध समिति एवं आचार्यो की बैठक संपन्न

विद्या भारती पूर्वी उप्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने कहा कि आने वाले समय हम सभी आचार्य बन्धुओं को आधुनिकता के साथ-साथ सामन्जस्य, संस्कार व संस्कृति को लेकर चलना है। अपने-अपने दायित्व का सभी बन्धुओं को बोध होना चाहिए। विद्यालय के विकास के लिए सभी आचार्य बन्धुओं द्वारा निरन्तर परिश्रम किया जा रहा है।

कहा कि आज भी भारत भूमि का एक बड़ा भाग ऐसा है, जहां के निवासीगण को भोजन, वस्त्र, आवास, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं का घोर अभाव है। मानव धर्म कहता है कि अपने ऐसे बान्धवों के जीवन से इस अभाव को दूर करना हम सभी का पुनीत कर्तव्य है।

विद्या भारती प्रतिवर्ष इस कार्य के लिये अपने आचार्यो, छात्रों, अभिभावकों एवं समाज के सुधीजन से समर्पण कराकर इस पुनीत कार्य को सम्पन्न करती है।

इस अवसर पर शिशु शिक्षा समिति, गोरक्ष प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक श्रीराम सिंह, प्रान्तीय उपाध्यक्ष अक्षय कुमार ठाकुर, विभाग प्रचारक तुलसी राम, रामकुमार तिवारी, प्रबन्धक अनिल सिंह, संजय कुमार कश्यप, डा. रिषभ तिवारी आदि मौजूद रहे।

## खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम संपन्न

**नगरा।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद बलिया विभाग रसड़ा जिले के नगरा प्रखंड वार्ड नंबर 14 में शिवजी मंदिर प्राथमिक विद्यालय ब्राह्मण पूरा के प्रांगण में खिचड़ी सहभोज का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि मंगल देव चौबे प्रांत सह मंत्री गोरक्ष प्रांत ने कहा कि जाति से ऊपर उठकर विश्व हिन्दू परिषद मकर संक्रान्ति पर सहभोज का आयोजन करके समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है। एक साथ बैठकर खिचड़ी का महाप्रसाद ग्रहण करते है, जो समाज मे एकरुपता बनाए रखने का अद्भुत कार्यक्रम है। इस मौके पर विहिप के जिला मंत्री अजय सिंह बबलू, जिला सह मंत्री बलिया जितेंद्र ठाकुर, स्वामित्व पांडे, जिला सत्संग प्रमुख संतोष पांडे, प्रखंड अध्यक्ष प्यारेलाल पांडे, प्रखंड मंत्री अभिषेक वर्मा, रसड़ा प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष गोलू, प्रखंड संयोजक अरुण आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता महंत सुजीत दास जी महाराज ने किया।

# पिछड़ा वर्ग आरक्षण को होगा कमेटी का गठन

**निकाय चुनाव**

### खंगाला जायेगा 1995 से अब तक निकायों में लागू आरक्षण का ब्योरा

**बलिया।** जिले में निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर कमेटी का गठन होगा। इसे लेकर उप्र राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग ने निर्देश जारी कर दिए हैं। कमेटी में एडीएम व पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के साथ स्थानीय एसडीएम और संबंधित निकायों के अधिशासी अधिकारी शामिल रहेंगे। यह कमेटी सभी निकायों के लिए अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व के संदर्भ में समकालिक अनुभाविक गहन जांच एवं अध्ययन करते हुए रिपोर्ट सौंपेगी।

कमेटी उपलब्ध रिकार्डो, रिपोर्टो, सर्वे और अन्य आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर कुल जनसंख्या में पिछड़े वर्ग के नागरिकों की जनसंख्या के शहरी निकायवार अनुपात तथा उनके पिछड़ेपन के क्रम में अध्ययन करेगी। आयोग के निर्देश के बाद वर्ष 1995 से अब तक निकायों में लागू किए गए आरक्षण का ब्योरा खंगाला जाने लगा है। पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर गठित कमेटी की ओर से राजनीतिक प्रतिनिधित्व के संबंध में अनुभवजन्य साक्ष्य एकत्रित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके लिए डीएम की ओर से नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों, पूर्व अध्यक्षों, सदस्यों, जातिगत संगठनों, संस्थानों की ओर से राजनीतिक आरक्षण के संबंध में मत लिए जाएंगे। डीएम इन मतों को आयोग को सात दिन के भीतर उपलब्ध कराएंगे। जिले में महिलाओं के लिए तीन, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए दो निकाय आरक्षित किए गए थे। इसके अलावा, जनपद के सात निकायों को अनारक्षित रखा गया था।

बलिया नगर पालिका के अलावा नगर पंचायत चितबड़ागांव और सिकंदरपुर को महिला के लिए और बैरिया एवं नव सृजित नगरा नगर पंचायत को पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया था। इसके अलावा नगर पालिका रसड़ा और नगर पंचायत रेवती, मनियर बासडीह, बेल्थरारोड, सहतवार व नव सृजित रतसड़ कला नगर पंचायत को अनारक्षित की श्रेणी में रखा है।

#### वार्डवार तैयार होगी रिपोर्ट

**बलिया।** एसडीएम/सहायक निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार मिश्र ने बताया कि आयोग के निर्देश पर निकायों में वार्डवार रिपोर्ट तैयार कराई जाएगी। इसमें 1995 से लेकर अब तक का रिकार्ड निकलवाया जा रहा है। आरक्षण को लेकर लोगों के अभिमत भी शामिल किए जाएंगे।

#### पुण्यतिथि कल

**बलिया।** समाजवादी विचारधारा के प्रखर वक्ता छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर 22 जनवरी को पूर्वाह्न 10 बजे सपा कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह जानकारी जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने दी है।

# संविदा विद्युत कर्मियों की हड़ताल शुरू



हड़ताल करते संविदा विद्युत कर्मी

**बैरिया।** विद्युत विभाग की वादाखिलाफी से आहत संविदा कर्मी शुक्रवार से हड़ताल पर चले गये। विद्युत उपकेंद्र बैरिया के तहसील व ग्रामीण क्षेत्र के लगभग पांच दर्जन संविदा विद्युत कर्मी अपराह्न में हड़ताल शुरू किये। बैरिया ग्रामीण क्षेत्र के संविदा कर्मियों ने अपना चार्ज बलिया से आए विद्युत कर्मी टीजीटू रमेश वर्मा तथा बैरिया नगर क्षेत्र का चार्ज जेई सुनील पाल को सौंप दिया। हड़ताली संविदा कर्मियों का कहना था कि हम लोगों का दो माह का वेतन बकाया है। अब तीसरा माह भी चल रहा है। इसके साथ ही सात माह का ईपीएफ भी हम लोगों के खाते में नहीं आया है। पहले ही हम लोग दिसंबर माह में वेतन और ईपीएफ के भुगतान की मांग की थी। इसको लेकर एक जनवरी को हम लोगों ने हड़ताल किया तो अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही आप लोगों के वेतन और ईपीएफ का भुगतान हो जाएगा। फिर 16 जनवरी को अधिशासी अभियंता ने

**नाराजगी**

**अविलंब बकाया वेतन एवं ईपीएफ भुगतान की मांग**

आश्वासन दिया कि 19 जनवरी तक अगर आप लोगों को वेतन नहीं मिला तो मैं भी आप लोगों के साथ रहूंगा। 19 जनवरी तक हमारे वेतन और ईपीएफ का भुगतान नहीं हुआ तो हड़ताल पर चले गये। एसएसओ अखिलेश पांडेय ने बलिया से आए टीजी-टू रमेश वर्मा को सब स्टेशन बैरिया ग्रामीण का चार्ज तथा बैरिया तहसील फीडर का चार्ज जेई सुनील पाल को सौंप दिया। बैरिया विद्युत उपकेंद्र से संबंधित इलाके में विद्युत आपूर्ति जैसी थी, वैसी ही स्थिति में है। उधर, पूछे जाने पर अवर अभियंता सुनील पाल ने बताया कि आज शाम तक संविदा विद्युत कर्मियों के खाते में उनका वेतन आ जाएगा। ऐसी ऊपर से सूचना मिल रही है।

## दिव्यांगजनों को उपकरण निःशुल्क दिए जाते हैं, दलालों से बचें: जिला दिव्यांगजन अधिकारी

**बलिया।** ए.के. गौतम जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बलिया ने बताया है कि जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया जाता है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण एवं मोटराइज्ड ट्राई-सायकिल योजनान्तर्गत पात्र दिव्यांगजन को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किये जाते हैं। कार्यालय को जानकारी मिली है कि जनपद में कतिपय दलाल किस्म के व्यक्ति अपने को विकास भवन व ब्लाक के कर्मचारी बताते हुए ट्राई-सायकिल, मोटराइज्ड ट्राईसायकिल दिलाने हेतु धनराशि की मांग कर रहे हैं, जबकि उक्त उपकरण पूर्णतया निःशुल्क है। आप इनके झांसे में कदापि न आयें, अन्यथा आपको आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस योजनान्तर्गत किसी प्रकार की कोई धनराशि मांग सम्बन्धी जानकारी मिलने पर आप तत्काल 8707528924, 94735 70293 नम्बरों पर सम्पर्क करते हुए अथवा विकास भवन में अवस्थित कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बलिया के कक्ष में अपनी लिखित शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिससे सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही करायी जा सके।

# मौनी अमावस्या पर बन रहा खप्पर योग का संयोग

**आस्था**

**नदियों में स्नान से पाप क्षय होने के साथ होती है आरोग्य में वृद्धि**



आचार्य डॉ. अखिलेश उपाध्याय

**बलिया।** माघ महीने की माघी अमावस्या या मौनी अमावस्या 21 जनवरी, शनिवार को शनिचरी अमावस्या के योग में है। इस दिन सूर्य देव चंद्रमा के साथ मकर राशि में विराजमान होते है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ सूर्य, शनि, शुक्र के युति होने से 30 साल बाद खप्पर योग का भी संयोग बन रहा है। उक्त बातें आचार्य डॉ. अखिलेश कुमार उपाध्याय ने व्यक्त करते हुए बताया कि खप्पर योग शनि के शुभ प्रभाव के लिए किए जाने वाले उपायों के लिए विशेष होता है। वर्ष के सभी अमावस्या में यह एकमात्र विशेष अमावस्या होती है।

इस दिन पवित्र नदियों में स्नान से पाप क्षय होने के साथ आरोग्य में वृद्धि होती है। इस दिन गर्म वस्त्र दान, अन्न दान, पितरों के नाम तर्पण, गुड़, घी, तिल, शहद युक्त खीर गंगा में प्रवाहित करने से पितरों को तृप्ति मिलती हैं। इससे घर में सुख-समृद्धि, संतान प्राप्ति और भाग्य का उदय होता है। बताया कि भगवान शिव को केसर का दूध चढ़ाने से स्वास्थ्य उत्तम होता है और अविवाहित कन्याओं को योग्य वर की प्राप्ति होती है। इस दिन पंचामृत अभिषेक से आर्थिक संकट से मुक्ति, नाग पूजन से कालसर्प दोष से मुक्ति, संध्याकाल में घृत युक्त लाल धागे से दीपक जलाकर तुलसी पूजन से विकट परिस्थितियों से मुक्ति, घी का दीपक जलाने से यमफंद यानी कि मृत्यु के भय से मुक्ति मिल जाती है। यहां तक कि अकाल मृत्यु तक का योग नष्ट हो जाता है। दही, तिल एवं तामसिक चीजों को खाना इस दिन निषेध है।

# 580642 कार्डधारकों को दिसंबर तक मिलेगा राशन




**बलिया।** जिले के 580642 कार्डधारकों को एक जनवरी से लेकर 31 दिसंबर 2023 तक निःशुल्क राशन मिलेगा। जिले में कुल 101684 अंत्योदय कार्डधारक है। इनका 335417 यूनिट है, जिन्हें राशन दिया जा रहा है। इसी क्रम में पात्र गृहस्थी कार्ड की संख्या 478958 है और 2136567 यूनिट है।

ऐसे में कुल 2471981 यूनिट को राशन दिया जा रहा है। जिले में सरकार लगभग एक करोड़ रुपया प्रतिमाह राशन पर खर्च कर रही है। कार्डधारक राशन की दुकानों पर पहुंचकर राशन ले रहे है। एक समय था जब किसी और के राशन कार्ड पर दूसरा व्यक्ति राशन लेता था, लेकिन नये सिस्टम के तहत बिना अंगुठा लगाये किसी भी कार्डधारक को राशन नहीं मिल सकता। वैसे, जिला पूर्ति कार्यालय में कार्ड बनवाने के लिए लोग चक्कर लगा रहे है। सबसे अधिक राहत उन तबकों को है, जो रोज कमाने-खाने वाले है। मेहनत-मजदूरी करने वाले गरीबों के लिए यह राशन काफी राहत पहुंचा रहा है। मध्यम वर्ग के लोग भी सरकार के निःशुल्क राशन का लाभ उठा रहे है।

चट्टी-चौराहों पर यह चर्चा आम है कि निःशुल्क राशन वितरण होने से अधिकतर घरों में चूल्हे जल रहे है। जिले के 17 ब्लाकों के अंतर्गत प्रत्येक गांवों में स्थित कोटे की दुकानों पर राशन लेने के लिए कार्डधारकों की भीड़ लग रही है। मोदी-योगी सरकार में निःशुल्क मिल रहे राशन को लेकर कार्डधारक काफी प्रसन्न है। वैसे, पहले सरकार की तरफ से तीन रुपया प्रति किग्रा चावल एवं दो रुपया किग्रा गेहूं मिलता था। गेहूं व चावल में 90 पैसा कोटेदार का होता था।

## अंततः 25 मिनट के बिलंब से खुला मधुबन रेल ढाला

**बेल्थरा रोड।** बेल्थरारोड से किड़िहरा पुर रेलवे स्टेशनों के मध्य समपार संख्या 19 बी, किलोमीटर 33, 4-5 (मधुबन ढाला) पर पटरी दुरुस्ती का कार्य कराए जाने के बाद शुक्रवार की शाम 4:25 बजे रेलवे क्रासिंग गेट खोल दिया गया। बताते चलें कि कल देर शाम मधुबन ढाला पर कार्य कराए जाने हेतु प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक रेलवे क्रासिंग को बंद रखने की सूचना मीडिया गलियारे में घूमने लगी थी। आमजन को सोशल मीडिया के माध्यम से ढाला के 5 घंटे तक बंद रहने वाली सूचना आज प्रातः ही मिल सकी। इस दरम्यान चैकियां मोड़, सोना डीह त्रिमुहानी, अखोप, बेलौली चट्टी, मधुबन रेलवे ढाला पर बड़े वाहनों को रोक कर रखा गया अथवा उन्हें डायवर्ट कर दूसरे रास्तों से उनके गंतव्य भेजने के लिए निरीक्षक आर.के.सिंह के नेतृत्व में उभांव पुलिस पूरी मुस्तैदी से लगी रही। चल रहे कार्य को निर्वाद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए दुर्ग-नौतनवां एक्सप्रेस को लगभग आधे घंटे तक बेल्थरा रोड रेलवे स्टेशन पर ही रोके रखा गया। शाम 4 बजे तक आम जनता के लिए खुलने वाला रेलवे ढाला अंततः 25 मिनट की देरी से शाम 4:25 बजे खोला जा सका।

# प्रदेश में उद्यमशीलता को दिया जा रहा बढ़ावा

**बोले प्रणव द्विवेदी**

**उद्यमशीलता को बढ़ावा देने को स्टार्टअप बूट कैम्प का आयोजन**




कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता


**बेल्थरारोड।** उप्र सरकार द्वारा नामित एजेंसी नेत्रत्वशाला ने बेल्थरारोड तहसील क्षेत्र के स्व. केशव प्रसाद पीजी कालेज ससना, बहादुरपुर में पूर्वी उत्तर प्रदेश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप बूट कैम्प का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि प्रणव द्विवेदी ने शैक्षिक संस्थानों में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जागरूकता पैदा करने की दिशा में काम करने वाली अग्रणी संस्था नेत्रत्वशाला पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप के विकास पर विशेष योगदान देने हेतु बूट कैम्प के शुभारंभ की घोषणा की।

कहा कि प्रदेश में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और राज्य के लिए एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण के साथ प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी में बूट शिविर आयोजित किया जा रहा है। बूट कैम्प प्रदेश के एक लाख से ज्यादा छात्रों, युवा उद्यमियों और महत्वाकांक्षी व्यापार मालिकों को स्टार्टअप इकोसिस्टम और उनके लिए उपलब्ध अवसरों की व्यापक समझ प्रदान करेगा। शिविर में इंटरएक्टिव वर्कशाप, मेंटरशिप सत्र, सफल उद्यमियों और निवेशकों के साथ नेटवर्किंग के अवसर शामिल होंगे।

नेत्रत्वशाला के सीईओ प्रतीक अग्रवाल ने कहा कि हम वर्ष 2020 से स्टार्टअप के क्षेत्र में कार्यरत है तथा इस महत्वपूर्ण पहल पर उत्तर प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी करने को लेकर उत्साहित हैं। बताया कि प्रदेश में अपार संभावना है। युवाओं के सही मार्गदर्शन से लाखों नये रोजगार पैदा किए जा सकते है। योगी सरकार द्वारा लायी गई स्टार्टअप पालिसी हर जिले में स्टार्टअप इकोसिस्टम खड़ा करने हेतु संकल्पित है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। नेत्रत्वशाला जिला प्रमुख बलिया जितेंद्र शर्मा को बलिया से बेस्ट स्टार्ट अप आइडिया सीड फंड के लिए 5 लाख रुपये का फंड भी आवंटित किया गया। मौके पर सुश्री काव्या सिंह, स्टार्टअप मेंटर विनय सिंह, स्टेट ग्रुप हेड अमिय कृष्ण, जितेंद्र, टीएन, राजेंद्र प्रताप, बंटी सिंह, वेद प्रकाश आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डा. हरेराम सिंह तथा संचालन डा. बेचन यादव ने किया।

## संक्षेप

### पांच साल बाद नीरज सिंह गुड्डू के मंच पर दिखे राम गोविन्द चौधरी



**बलिया।** सहतवार में आयोजित स्व. बद्रीनाथ सिंह पुण्यतिथि समारोह के मंच पर पांच साल बाद पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविन्द चैधरी नीरज सिंह गुड्डू एक साथ मंच पर दिखे और आयोजन में राम गोविन्द चैधरी ने जान भर दी। इस कार्यक्रम में सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव मंच पर विराजमान थे। विधानसभा चुनाव के पूर्व 19 जनवरी 2022 को आयोजित स्व. बद्रीनाथ पुण्यतिथि समारोह में राम गोविन्द चैधरी नीरज सिंह गुड्डू के मंच पर साथ इसलिए नहीं दिखे कि नीरज सिंह गुड्डू प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव थे। उस समय सपा व प्रसपा आमने-सामने थी। वैसे तो राम गोविन्द चैधरी बद्रीनाथ सिंह की पुण्यतिथि समारोह में बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी करते रहे है और नीरज सिंह गुड्डू के साथ उनका सम्बन्ध पुराना रहा। 2017 में विधानसभा चुनाव के पूर्व एक अवसर ऐसा आया जब शिवपाल सिंह यादव ने नीरज सिंह गुड्डू को सपा से बांसडीह विधानसभा क्षेत्र से टिकट की घोषणा की थी, लेकिन कुछ दिन के बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री राम गोविन्द चैधरी को टिकट सहतवार से अपने दल सपा से उम्मीदवार घोषित कर दिया। ऐसे में नीरज सिंह गुड्डू सपा से नाराज होकर अलग राजनीति करने लगे। पांच साल पहले 19 जनवरी 2017 को एक तरफ राम गोविन्द चैधरी सपा से टिकट लेकर सहतवार के धरती पर पहुंचे तो जरूर लेकिन वह बद्रीनाथ के पुण्यतिथि में सम्मिलित नहीं हो पाये। वहीं स्व. बद्रीनाथ सिंह पुण्यतिथि समारोह में नीरज सिंह गुड्डू स्थानीय व जनपद के लोगों के साथ पुण्यतिथि समारोह को सफल तरीके से सम्पन्न कराया। उसके बाद लगातार पूर्व मंत्री राम गोविन्द चैधरी व नीरज सिंह गुड्डू आमने-सामने रहे। अब सपा पूरी ताकत के साथ सरिता सिंह को चुनाव जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। क्योंकि शिवपाल सिंह यादव ने भी स्थानीय जनता से निवेदन किया है कि वह आने वाले निकाय चुनाव में सरिता सिंह को चुनाव जिताये।

### शनिवार को अवकाश के कारण सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस

**बलिया।** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाली संपूर्ण समाधान दिवस की तिथि में आंशिक बदलाव हुआ है। डीएम सौम्या अग्रवाल ने बताया कि मेरी अध्यक्षता में 21 जनवरी दिन शनिवार को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण बेल्थरारोड तहसील में आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस सोमवार को आयोजित होगा। इसी प्रकार सभी तहसीलों में 21 जनवरी शनिवार को होने वाली सम्पूर्ण समाधान दिवस 23 जनवरी सोमवार को आयोजित होगी।

### कर्मों से होती है मनुष्य की पहचान

**सिकंदरपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिकंदरपुर की प्रबंधक कुसुम बहन ने कहा है कि कोई भी कार्य छोटा नहीं होता है। मनुष्य की पहचान उसके व्यवहार एवं कर्मों से होती है।आदर्श नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 10 में शुक्रवार को सोनू गुप्ता द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कंबल ओढ़ाते हुए कुसुम बहन ने कहा कि बिना किसी फल की इच्छा, सामाजिक भेदभाव, छोटे-बड़े की सच्चे दिल से सेवा कर उन्हें राहत प्रदान करने की निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा से ही पुण्य अर्जित होता है। शुभ भावना के साथ किए गए कर्म के अनुरूप ही श्रेष्ठ फल की प्राप्ति होती है। कहा कि हर व्यक्ति को श्रेष्ठ कर्मों के लिए प्रोत्साहित रहना चाहिए। मन में बार-बार उठने वाले संकल्पों के अनुरूप ही मनुष्य कर्म क्षेत्र में कार्य करने को प्रवृत होता है। इसलिए शुभ एवं सकारात्मक संकल्पों को ही मन में बार-बार दोहराते हुए उन्हें मूर्तरूप देने के पुरुषार्थ में तत्पर रहना चाहिए। नीतू दीदी ने कहा कि कर्मों के आधार पर आत्मिक जागृति से परमात्मा की याद में मन को स्थिर किए जाने से सकारात्मक भावनाओं का निर्माण होता है। ऐसी मानसिक स्थिति में किए गए कर्मों का परिणाम हमेशा सुखदायी होता है। इस मौके पर रीना दीदी, उमाशंकर शर्मा, रविकांत शर्मा, शशिकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

### केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का सतत शैक्षणीक कार्यक्रम सम्पन्न



**बैरिया।** केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन बैरिया इकाई की आम सभा एवं सतत शैक्षणीक कार्यक्रम स्थानिय होटल में सम्पन्न हुई। दवा व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनन्द सिंह ने दुकान संचालन के तरीके बताये। औषधि निरीक्षक सिद्धेश्वर शुक्ला ने ड्रग एण्ड कास्मेटिक एक्ट एवं रूल्स की जानकारी दिए। जिला महामंत्री ने बताया कि दवा व्यापार में सेवा की भावना रखना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ट लिपिक रवि पाण्डेय, जिला कोशाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, राजेश सिंह, विशाल सिंह, संतोष तिवारी, मन्टू, कामता प्रसाद, शिवजी गुप्ता, राजेश गुप्ता, मनोज, आनन्द, शाकीर अली, मुकेश शर्मा, नवल किशोर आदि दवा व्यापारी मौजूद रहे।

### जनपद न्यायाधीश ने वृद्ध आश्रम का किया औचक निरीक्षण



**बलिया।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के कुशल मार्ग दर्शन में 20 जनवरी 2023 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, नरेन्द्र पाल राणा द्वारा वृद्धाश्रम गड़वार, बलिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नरेन्द्र पाल राणा द्वारा आवासीत वृद्धजनों से उनके रहन-सहन व खान-पान के बारे में जानकारी ली। वृद्धाश्रम में निवासित सभी वृद्धजनों से बातचीत कर उनकी छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया गया। इसके साथ-ही वृद्धाश्रम गड़वार, बलिया में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीशध्सचिव, नरेन्द्र पाल राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें वृद्धजनों को विधिक रूप से जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के अपर जनपद न्यायाधीशध्सचिव, द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनो के अधिकारो, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन (विधवा पेंशन) के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं और आयकर तक में छूट दी जा रही है। इस योजना के तहत कोविड-19 में अनाथ हुये बच्चों की शिक्षा, आवास, शादी व रोजगार प्रशिक्षण की व्यवस्था है। इसके साथ ही 11 फरवरी 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक करते हुये बताया गया कि अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाकर सुलह-समझौता के आधार निस्तारण करायें तथा इस सस्ते, सुलभ न्यायिक प्रक्रिया का लाभ उठायें व लाभान्वित होवें। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जयन्त कुमार, डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, अधीक्षक घनश्याम सिंह, नन्द गुप्ता लेखाकार, समस्त कर्मचारीगण एवं वृद्धजन उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### अमावस्या स्नान व मेला को लेकर तैयारी पूरी स्नान आज

**दोहरीघाट, मऊ।** कस्बे के एक मात्र रामघाट पर ही शनिवार को मौनी अमावस्या के स्नान को लेकर तैयारियाँ पुरी हो गयी है नदी में बैरकेटिग लगायी गयी है। वही गहरे पानी मे जाकर स्नान करने की मनाही है। विदित हो कि कस्बे के रामजानकी घाट व गौरीशंकर घाट पर स्नान करने पर रोक लगाई गई है क्योंकि वहाँ नदी गहरी होने व घाट की दुर्व्यवस्था के कारण स्नान करना खतरनाक है इसलिये वहां पर प्रशासन द्वारा स्नान पर रोक लगा दिया गया है। सिर्फ रामघाट पर ही स्नान को लेकर सभी तैयारी पुरी की गयी है। जिसकी तौयारियो को लेकर एसडीएम घोसी सुरेश कुमार व सीओ उत्तम कुमार द्वारा रामघाट पर निरीक्षण करने पहुचे। वही नदी मे बेरिकेडिंग लगा कर लोगो को गहरे पानी मे जाने से रोकने की व्यवस्था के साथ नावो,नाविकों गोताखोरों को तैनात किया गया है। रामघाट पर तीन वॉचटावर, लाइट की व्यवस्था, अलाव, व महिलाओं के लिए कपड़े बदलने के लिए टेंट की व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा किया गया है। घाट की साफ सफाई की गई है। वही इसको लेकर पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात रहेंगे।

### निर्वाचन कार्य संपन्न कराने हेतु निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी की हुई नियुक्ति

**मऊ।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिसूचना के अनुसार जनपद में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों में उप निर्वाचन संपन्न कराए जाएंगे। जिसमें नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अंतिम तिथि 24 जनवरी पूर्वाहन 10 बजे से अपराहन 04 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का दिनांक 25 जनवरी, पूर्वाहन 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापस लेने का 27 जनवरी पूर्वाहन 10 बजे से अपराहन 3 बजे तक, प्रतीक आवंटन का 27 जनवरी को अपराहन 3 बजे से कार्य समाप्ति तक, मतदान का 09 फरवरी को प्रातः 7 बजे से अपराहन 5 बजे तक एवं मतगणना का 10 फरवरी को प्रातः 8 से कार्य की समाप्ति तक निर्धारित किया गया है। निर्वाचन को संपादित कराने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन अधिकारी के रूप में विकास खंड मुहम्मदाबाद में डॉक्टर पशुपति कुमार केसरी चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद मोहम्मदाबाद एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार सिंह अवर अभियंता आरईडी को नियुक्त किया गया तथा निर्देश दिया गया कि निर्वाचन कार्य निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं।

### छात्र संवाद व एग्जाम वारियर्स कला प्रतियोगिता का आयोजन

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के करहां में भाजपा द्वारा बाबा बहाल दास इंटर कालेज में छात्र संवाद एवं एग्जाम वारियर्स कला प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। मौके पर कला क्षेत्र की प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय के रूप में विशेष पुरस्कार सहित 25 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार संजना निषाद पुत्री रामरतन निषाद कक्षा-11, द्वितीय पुरस्कार प्रिया मौर्या पुत्री रामाश्रय मौर्य कक्षा-9, तृतीय पुरस्कार सलोनी शर्मा पुत्री विनोद शर्मा कक्षा-9 ने प्राप्त किया। पुरस्कार में प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहजानन्द राय क्षेत्रीय महामंत्री एवं मऊ जनपद प्रभारी गोरक्ष प्रान्त ने किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. उमेश सरोज एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य रवि भूषण प्रताप सिंह रहे। इस अवसर पर मंच पर ब्लाक प्रमुख मु.बाद गोहना रानू सिंह, पूर्व प्रत्याशी मु.बाद गोहना पूनम सरोज, ओमकार सिंह मुन्ना, विद्यालय के प्रबंधक चंद्रशेखर मौर्य, प्रधानाचार्य इंद्रजीत मौर्य, धर्मेंद्र सिंह, अबुल फैज खां आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लालजी वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन पूनम सरोज ने किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सहजानन्द राय ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप उत्साही छात्र-छात्राओं ने जिस प्रकार इस कला प्रतियोगिता एवं छात्र संवाद कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया वह काबिले तारीफ है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपकी प्रतिभा का सम्मान कर आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है ताकि भविष्य की प्रतियोगिताओं के प्रति आपके अंदर दृढ़ इच्छाशक्ति पैदा हो।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 22 जनवरी को

**मऊ।** खंड विकास अधिकारी परदहां रामचंद्र यादव ने बताया कि मा० मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत 22 जनवरी को प्रातः 08 बजे 200 जोड़ों (जोड़ो की संख्या घट-बढ सकती हैं) की सामुहिक विवाह कलेक्ट्रेट परिसर मऊ की दक्षिण दिशा के प्रांगण में होना निश्चित है।

# फाइनेंस कम्पनी एजेंट से लूट की घटना का सफल अनावरण



**मऊ।** शुक्रवार को को स्वाट टीम व थाना रानीपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर ब्राह्मणपुरा चैराहे से कुछ दूरी पर मसंडी रोड पर समय लगभग 11:30 बजे दो मोटसाइकिल सवार पांच अभियुक्तों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 47 हजार रुपए, एक बैग, आईकार्ड/कागजात व तीन पिस्टल/तमंचा व चार जिंदा/खोखा कारतूस व पांच मोबाइलफोन बरामद किया गया।

पूछताछ में उनका नाम क्रमशः सुशील कुमार गौतम उर्फ साधू पुत्र सभाष राम निवासी अकबरपुर तड़वा थाना रानीपुर, शिवम चैहान उर्फ परमहंस पुत्र रविन्द्र चैहान निवासी चैनपुर थाना रानीपुर, रोहित कुमार पुत्र महेन्द्र राम निवासी अकबरपुर थाना रानीपुर, बालेश्वर राजभर उर्फ डोली पुत्र वीरेन्द्र राजभर निवासी अकबरपुर थाना रानीपुर, रविन्द्र राम पुत्र रामू राम निवासी अकबरपुर तड़वा थाना रानीपुर ज्ञात हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि 17 जनवरी को हम लोगो द्वारा ही फाइनेंस कम्पनी एजेन्ट से लूट की घटना कारित की गयी थी। इस घटना में हम तीन लोग सुशील, परमहंस व रोहित थे तथा एक अन्य साथी मृत्यूंजय पुत्र राजेश राजभर निवासी मिजार्पुर थाना रानीपुर रास्ते मे आगे असलहा लेकर खड़ा था जो रास्ते में पुलिस से हमारी रक्षा करता तथा बालेश्वर व रविन्द्र द्वारा मुखबिरी की गयी थी। इस सम्बन्ध में पूर्व में पंजीकृत मु.अ.सं. 08/23 धारा 392 भादवि. में धारा 411,12.बी की बढोत्तरी किया गया तथा मु.अ.सं.10/23 धारा 307,504 भादवि. व धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया। बरामद मोटरसाइकिल वाहनों को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया। गिरफ्ताकर्ता पुलिस टीम अमित मिश्रा थानाध्यक्ष कोपागंज प्रभारी स्वाट टीम, हे.का. धमेन्द्र सिंह, हे.का. चन्दन सिंह, का. पंकज सिंह, का. अविनाश धर दुबे, का. विराट पटेल, का. राजेश यादव, का. संजय सिंह, का. विशाल सिंह, हे.का. चा. नागेन्द्र सिंह स्वाट टीम मऊ, राजेश कुमार प्रभाकर थानाध्यक्ष रानीपुर, उ.नि. अजित दुबे मय हमराहियान थाना रानीपुर, हे.का. विवेक सिंह प्रभारी सर्विलांस टीम, हे.का. संजय सिंह, का. बृजेश मौर्य सर्विलांस टीम मऊ। उक्त गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रूपए के पुरस्कार की घोषणा की गई।

## ग्राम पंचायत चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को कराया अवगत

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** शासन के निदेर्शानुसार विकासखंड मुहम्मदाबाद गोहना की ग्राम पंचायत भाटपारा में शुक्रवार को ग्राम पंचायत चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। ग्राम पंचायत भाटपारा मे शुक्रवार पंचायत भवन जर्जर तथा सुविधाएं उपलब्ध ना होने के कारण अति प्राचीन शिव मंदिर परिसर मे खंड विकास अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित ग्राम पंचायत चैपाल मे आये ग्रामीणों ने विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, आवास तथा राशन कार्ड की समस्याओं से अवगत कराया। मुख्य समस्या सुनार बस्ती हेतु सुरक्षित चक मार्ग को अतिक्रमण किए जाने का मुद्दा गरमाया रहा परंतु राजस्व विभाग के किसी भी संबंधित अधिकारी की उपस्थिति ना होने की वजह से समस्या का समाधान नहीं हो सका। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण दुर्गेश सिंह ने अपने विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला जिसमें शादी अनुदान, विधवा दिव्यांग पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना आदि से लोगों को जागरूक किया।

## शीतला माता धाम व उसके आस-पास के क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर सफाई जारी



**मऊ।** स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.0 के तहत शहर को स्वच्छ बनाने को लेकर नगर पालिका परिषद मऊ द्वारा स्वच्छ विरासत अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत नगर के ऐतिहासिक शीतला माता धाम को स्वच्छ धरोहर में स्थापित करने के लिये नगर पालिका द्वारा शीतला माता मन्दिर परिसर व उसके आस-पास के क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर सफाई करायी जा रही है। यह अभियान 24 जनवरी तक चलाया जायेगा। शुक्रवार को भी पालिका कर्मचारियों ने शीतला माता मन्दिर परिसर व उसके आस-पास के क्षेत्रों में जंगी पैमाने पर सफाई की। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि शहर में आने वाले पर्यटकों पर शहर के ऐतिहासिक स्थलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण स्थापित करने तथा स्वच्छता परमो धर्म के मूल सिद्धान्त को सभी पर्यटक व और नगर वासियों तक स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश के क्रम में यह अभियान चलाया जा रहा है। जो 24 जनवरी तक चलेगा। इस अभियान में 21 जनवरी को प्रातः 10 बजे शीतला माता मन्दिर से मिजार्हादीपुरा चैक तक रन फार जी20 मैराथन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें उन्होने नगरवासियों से शामिल होने की अपील की है। इस अभियान को सफल बनाने में पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश, नरेन्द्र कुमार व स्वच्छ भारत मिशन के डीसी मनीष सिंह व डीपीएम पियूष सिंह सहित पालिका के सफाई कर्मी पूरी लगन से कार्य कर रहें है।

## इंदारा-दोहरीघाट बड़ी रेल लाइन पर ट्रेन का ट्रायल शुरू, खुशी से झूम उठे लोग

**कोपागंज, मऊ।** इंदारा दोहरी घाट बड़ी रेल लाइन का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। गुरुवार को बड़ी रेल लाइन पर रेल विभाग ट्रेन का ट्रायल शुरू करने के बाद क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि पच्चीस बागियों वाले ट्रेन जैसे ही गुरुवार की देर शाम कोपागंज पहुंचा बड़ी संख्या में लोग ट्रेन देखने पहुंच गए। उधर बड़ी रेल लाइन का काम अंतिम दौर में चल रहा है। रेल लाइन पर बिजली से ट्रेन दौड़ाने की कोशिश में लगे रेलवे विभाग पूरे दिन रात काम पूरा करने के लिए डेरा डाले हुए हैं। लोगों के मुताबिक जिस तरह से बड़ी रेल लाइन बनाने के साथ ट्रेन के ट्रायल शुरू होने शुरू हुए हैं आने वाले इस वर्ष के मार्च तक बहुप्रतीक्षित इंदारा दोहरी घाट बड़ी रेल लाइन पर एक सौ दस किलो मीटर प्रति घंटे से चलने वाले ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा। वहीं लोगों का कहना है कि बड़ी रेल लाइन पर ट्रेन के संचालन शुरू होने को लेकर क्षेत्र वासियों में काफी व्याकुलता बनी हुई है। अब जबकि बड़ी रेल लाइन पर आने वाले दिनों में ट्रेन चलने शुरू हो जाएंगी। इसको लेकर लोगों में काफी खुशी का माहौल है।

# ग्राम प्रधानों ने एडीओ को सौंपा ज्ञापन



**रेवती।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष आशुतोष शंकर सिंह लालू के नेतृत्व में प्रधानों ने मनरेगा मजदूरों के साथ हाथ में तिरंगा लेकर नारेबाजी करते हुए रेवती ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत को सौंपा। प्रधानों ने मनरेगा में नई गाइड लाइन को निरस्त कर पुरानी गाइड लाइन लागू करने, प्रधानों का वेतन उनके खाते में भेजे जाने, प्रधानों के विरुद्ध फर्जी शिकायतों पर रोक लगाने, विकास कार्यों में उपयोग किए जा रहे सामग्री के मूल्यों का भुगतान बाजार मूल्य के अनुसार किए जाने, प्रधानों के बैठने के लिए ब्लाक परिसर पर आवास की व्यवस्था किए जाने, सचिव व अभियंताओं द्वारा की जा रही मनमानी पर रोक लगाने, राशन के दुकानदारों व आंगनबड़ी कार्यकर्ताओं की मिलीभगत से बच्चों के राशन व पुष्टाहार के गबन पर रोक लगाने, मनरेगा से हुए कार्य का पक्का आईडी जेनरेट करने तथा उनको कार्य कराने की अनुमति प्रदान किए जाने की मांग की। जब प्रधान मनरेगा मजदूरों के साथ ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचे तो जानकारी मिली कि बीडीओ कार्यालय में मौजूद नहीं है। इसके बाद प्रधान कार्यालय के गेट पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। थोड़ी देर के बाद एडीओ पंचायत विनोद ब्लाक कार्यालय पर पहुंचे, जिन्हें ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर वीरेश कुमार, अर्जुन चौहान, शिवजी, उमाशंकर, विजेन्द्र कुमार, मुन्ना, गरिमा, अंजलि, अरविंद, झाबर आदि मौजूद रहे।



आईटीआई मैदान में जन समूह का अभिवादन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं सीएम आदित्यनाथ योगी।

## डबल इंजन की सरकार से होगा विकास

गाजीपुर में लोकसभा और विधानसभा की आसफलता के बाद भी विकास में कोई कमी नहीं हुई। डबल इंजन की सरकार से बिना भेदभाव गरीबों को हर योजनाओं का लाभ मिलता है। डबल इंजन की सरकार से सराकारी योजनाओं का लाभ सभी लोगों के यहां पहुंचानें में आसानी होती है। सीएम ने कहा कि सुरक्षा और विकास की गांरटी हम देते है, आगामी 2024 में डबल इंजन की सरकार पर लोग भरोसा जताएं।


आईटीआई मैदान में सीएम आदित्यनाथ योगी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सुनता जन समूह।

## कार्यक्रम में शामिल नेतागण

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, केन्द्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी, आयुष विभाग मंत्री दयाशंकर दयालू, सांसद बलिया विरेन्द्र सिंह मस्त, आजमगढ दिनेश लाल यादव, एमएलसी विशाल सिंह चंचल, अध्यक्ष जिला पंचायत सपना सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल, संगीता बलवन्त, अलका राय,सूनीता सिंह, सुनील ओझा, धर्मपाल, भानु प्रताप एवं एडीजी जोन वाराणसी राजकुमार, आई जी के0 सत्यनारायण, जिलाधिकारी आर्यका आखौरी,पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह सहित समस्त जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# गाजीपुर की धरती पर योगी ने भरी हुंकार

## श्री राम हमारी विरासत हैं, अयोध्या में भव्य मंदिर का हो रहा निर्माण

## बोले, भाजपा सरकार में माफियाराज का खात्मा


आटीआई मैदान में कार्यक्रम स्थल पर जाते हुए सीएम आदित्यनाथ

*गाजीपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गाजीपुर की पहचान महाराज गाधी से रही है। रामायण में इसका उल्लेख भी है। संत तुलसीदास ने रामचरित्र मानस में इसका उल्लेख भी किया है। उन्होंने रामचरित्र मानस की एक पक्ति भी सुनाई। जिसमें बताया गया है कि राक्षसों के आतंक से मुक्ति करने का माध्यम क्या है। सीएम ने कहा कि माफिया अपराधी ये आतंकी बिना प्रभु की इच्छा से मरेंगे नहीं। यह बात इसी धरती के संत महर्षि विश्वामित्र के मन में सर्वप्रथम आई थी। विश्वामित्र से जुड़ी पावन धरा के आधार पर ही मेडिकल कालेज का नाम महर्षि विश्वामित्र पड़ा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम हमारी विरासत है। पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयास से अयोध्या में भव्य निर्माण अंतिम चरणों में चल रहा है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम वृहद स्तर पर बन गया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए लोगो के लिए सरकार तैयार है। बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे ने पूर्वांचल की पूरी कायाकल्प ही बदल दी। पीएम के लोकापर्ण के बाद ही यह विकास संभव हो पाया है। सीएम ने पूर्व रेल राज्यमंत्री मनोज सिंन्हा की तारीफ करते हुए कहा कि रेलवे की प्रगति मनोज सिंन्हा ने अपने कार्यकाल में बेहतर किया है। उन्होंने कहा कि दुनीया का सबसे बड़ा रीवर क्रूंज भी वाराणसी से गाजीपुर चलाने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रयास से संभव हो पाया है।*


कुर्था गांव स्थित पवहारी बाबा को दर्शन कर बाहर निकले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं सीएम आदित्यनाथ योगी।

### दर्शन पूजन किया

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को ग्राम कुर्था स्थित पवहारी बाबा आश्रम में दर्शन पूजन किए। बंशीबाजार स्थित होटल नन्द रेजीडेंसी में जनपद के भूतपूर्व सैनिको के साथ संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया । इस दौरान उन्होने होटल के एक हाल में सैनिकों को अंग वस्त्रम पहना कर सम्मान कर उनसे संवाद भी किया।

### बदलता भारत

जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी जी ने नौ महीने में दो वैक्सीन बना दी है। जबकि पहले पोलिया की वैक्सीन काफी समय बाद है। भारत में तीव्र गति से वैक्सीनेशन हुआ है। भारत लेने वाला नहीं है देने वाला हो गया है। युक्रेन की लड़ाई में 25 हजार बच्चों को सुरक्षित लाया गया। जबकि अन्य देशो ने अपने बच्चों को बुलाने का प्रयास नहीं किया। भारत के बच्चे को बुलाने के लिए रूस के राष्ट्रपति से बात कर युद्ध रूकवा कर लाए थे। यूपी हर क्षेत्र में योगी के नेतृत्व में विकास में छलांग लगा रहा है।


पुलिस लाइन मैदान में सीएम आदित्यनाथ का उतरता उड़न खटोला।

### यूपी में डिफेंस कॉरिडोर हो रहा तैयार

योगी आदित्यनाथ ने मोदी सरकार और अपनी सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि पिछली सरकार ने वन रैंक वन पेंशन योजना में मात्र 500 करोड़ का फंड रखा था। जबकि मोदी सरकार ने 35 हजार करोड़ का फंड रखा। उन्होंने कहा कि सरकार ने सेना को अत्याधुनिक हथियारों और उन्नत सिस्टम से लैस करने की दिशा में बहुत तेजी से काम किया है। अटल टनल हो या बॉर्डर पर रोड का काम या फिर सैनिकों की सुरक्षा के लिए बुलेट प्रूफ जैकेट सब हम बना रहे हैं, यूपी में डिफेंस कॉरिडोर तैयार हो रहा है।


आईटीआई मैदान में सीएम योगी का स्वागत करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह।


शहर स्थित एक पैलेस में सीएम आदित्यनाथ योगी के संबोधन को सुनते भूतपूर्व सैनिक।

## रिहायशी बस्ती में घुसा माइनर का पानी, ग्रामीण परेशान

जनसंदेश न्यूज


सुगवलियां गाँव बस्ती में बडौरा अधियारां माइनर का पानी।

**सुहवल।** सिंचाई के कर्मचारियों के लापरवाही के चलते क्षेत्र के बडौरा अधियारां माइनर का पानी बंद किए जाने के बावजूद माईनर का मुह खुला होने के कारण व उसमें इकठ्ठा पानी सुगवलियां गाँव के ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बनता जा रहा है, यह पानी अब गाँव के घनी बस्तियों की ओर अपना रूख कर चुका है,जो धीरे धीरे चारो तरफ फैलता जा रहा है,जिससे फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान हो सकता है।

ग्रामीणों के लिए जो कभी भी बडे संकट का कारण बन सकता है। ग्रामीणों ने बताया बीते तीन दिन पूर्व महकमें के द्वारा इसमें क्षमता से ज्यादा व तेज प्रवाह के साथ पानी खोल दिया गया था। पानी बंद तो कर दिय गया,मगर उसमें इकठ्ठा पानी व उसके खुले हुए मुह को आज तक बंद नहीं किया गया ,जिसका नतीजा कि अब तक तीन दिनों में करीब पच्चास वीघे की विभिन्न तरह की फसल जलमग्न हो चुकी है। इसको लेकर विभाग के प्रति लोगों में रोष गहराता जा रहा है,कभी भी फूट सकता है। इस संबंध में सिंचाई विभाग के अवर अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि माईनर का पानी तो बंद कर दिया गया,मगर लगे हुए पानी के निकासी का कोई उचित जगह न होने से यह समस्या उत्पन्न हुई है।

### विवादित बयान देने वाले नायब तहसीलदार पर भाजपाई मुखर

**गहमर।** विवादित बयान देने पर नायब तहसीलदार सेवराई हिम्मत बहादुर के खिलाफ भाजपा मंडल अध्यक्ष भदौरा ने पुलिस को तहरीर दी है। साथ ही मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। इसमें नायब तहसीलदार के बयान पर आपत्ति जताई गई है। विशेष उच्च शिक्षा सचिव सहित अन्य अधिकारियों के बीते बुधवार को शक्ति पीठ मां कामाख्या धाम मंदिर पर पूजा अर्चना के लिए आए थे। अधिकारियों के दर्शन पूजन के बाद तहसील परिसर में हिम्मत बहादुर ने मंदिर जाने वालों को बेवकूफ बताते हुए राममंदिर पर भी विवादित बयान दे डाला था। इस पर नाराजगी जताते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष भदौरा हरिओम सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सेशल मीडिया के मध्यम फेसबुक आदि और इंटरनेट समाचार की विभिन्न साइट पर हिम्मत बहादुर नायब तहसीलदार सेवराई को यह कहते हुए देखा और सुना कि मंदिरों में पूजा करने वाले बेवकूफ लोग जाते है तथा अयोध्या में राम मंदिर दुकानदारी चलाने के लिए बनाया जा रहा है। मैं मंदिरो का विरोधी हूँ मेरा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता। उनका यह कृत्य मेरी धार्मिक भावनाओं को आहत करता है, तथा धार्मिक विद्वेष भी फैलाने वाला है। इनकी इन बयान का तहसील के कुछ लेखपाल भी सही ठहरा रहे थे।

## इंजीनियर ने निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

जनसंदेश न्यूज


सोनवल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते पूर्व मध्य रेलवे दानापुर के असिस्टेंट डिविजल इंजिनियर राजेश मीना।

**सुहवल।** सोनवल निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन के स्थित लेवल क्रासिंग से दिलदारनगर तक करीब सोलह किमी लंबे रूट पर पीक्यूआरएस (प्लासर क्विक रिलेयिंग सिस्टम) मशीन के जरिए नई रेल पटरियां व स्लीपर लगाए जाने का कार्य चालू माह के अंत तक प्रस्तावित है।

इसी कार्यो के निरीक्षण के सिलसिले में शुक्रवार को पूर्व मध्य रेलवे दानापुर के असिस्टेंट डिविजल इंजिनियर राजेश मीना व एसीएम कमर्शियल राजीव रमन सोनवल निमार्णाधीन स्टेशन मातहतों संग पहुंचे। मालूम हो कि होने वाले इस कार्य के चलते इस ब्रांच लाइन में चलने वाली एकमात्र पैसेंजर ट्रेन का संचालन महकमें के द्वारा आगामी फरवरी माह से सोनवल से दिलदारनगर तक किए जाने की योजना है । इस दौरान अधिकारी द्वय ने यात्रियों को ट्रेन से उतरने व चढ़ने में कोई समस्या न हो इसके लिए लेवल क्रासिंग के तीन सौ मीटर लंबा व करीब पांच फीट चौड़ा बन रहे अस्थाई प्लेटफार्म का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा अधिकारियों के द्वारा लेवल क्रासिंग के केबिन में बनने वाले अस्थाई टिकट काउंटर के जगह का भी निरीक्षण कर इसे जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। सोनवल से दिलदारनगर तक स्लीपर व रेल बदलने का यह काम करीब मार्च माह तक चलने की उम्मीद है। इस अवसर पर दिलदारनगर स्टेशन प्रबंधक नफीस अहमद खान,टीआई संजय कुमार,आरवीएनएल मैनेजर पीके सिंह,असिस्टेंट मैनेजर रितेश कुमार,सर्वेयर अजय राय,शाह फैजल,निगमानंद जेना,आशीष पांडेय,बुकिंग सुपरवाईजर बलिराम,हरेन्द्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### किसान सम्मान निधि के लिए बारा में लगाया शिविर



**बारा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों की 13वीं किस्त के भुगतान पूर्व अवशेष भूलेख अंकन एवं ई – केवाईसी कराए जाने के लिए शुक्रवार को बारा में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा पहुंच कर लाभ उठाया गया। कृषि विभाग भदौरा के वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप – बी उदयराज सिंह ने किसानों की समस्याओं को सुना। उन्होंने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भारत सरकार की जन लाभकारी योजनाओं में से एक योजना है। बताया कि योजना की 13 वीं किस्त जारी होनी है, जिन कृषकों की ई – केवाईसी एवं भूलेख अंकन नहीं होगी तो ऐसे कृषक 13 वीं किस्त से वंचित रह जाएंगे। ई – केवाईसी एवं भूलेख अंकन से छूटे किसानों की सूची पंचायत घर पर चस्पा कर दी गई है। उन्होंने बताया कि शिविर में 18 किसानों ने भूलेख अंकन के लिए आवेदन दिया है। वहीं, ई–केवाईसी के लिए आए 10 किसानों को सहज जन सेवा केंद्र भेजा गया।

### ग्राम चौपाल में 34 मामलों का तत्काल निपटारा

**कासिमाबाद।** स्थानीय विकास खंड के सिपाह ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल के तहत गांव की समस्या गांव में समाधान किए जाने का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में कुल 36 मामले शिकायत में मिले जिसमें मौके पर ही 34 का निस्तारण कर दिया गया । ग्राम विकास अधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल के तहत विकासखंड के सिपाह ग्राम पंचायत में खंड विकास अधिकारी भीमराव प्रसाद की अध्यक्षता में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी गई। इस चौपाल में कुल 205 ग्राम वासी उपस्थित रहे। चौपाल में नाली, खड़ंजा, आवास, शौचालय, मनरेगा, पशुपालन के साथ कृषि तकनीकी पर विशेष रूप से लोगों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया।खंड विकास अधिकारी भीमराव प्रसाद ने कहा कि चौपाल के माध्यम से लोग अपनी समस्याओं को निस्तारण कराने हेतु बढ़–चढ़कर भाग ले। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी भीमराव प्रसाद,सहायक विकास अधिकारी पंचायत धनंजय यादव, ग्राम विकास अधिकारी धनंजय कुमार, सहायक विकास अधिकारी कृषि उदयभान मौर्य, तकनीकी सहायक मुलायम सिंह आदि रहें।

### सरिता सिंह हत्याकांड में पुलिस हिरासत में पुत्र

**गाजीपुर।** सरिता सिंह हत्याकांड में शुक्रवार को एक नया मोड़ आ गया है। पुलिस ने सरिता की हत्या के मामले में पुत्र को ही हिरासत में ले लिया है। सदर कोतवाल तेज बहादुर सिंह का कहना है कि सीएम कार्यक्रम की व्यस्तता के चलते पूछताछ पूरी नहीं हो पाई है। लेकिन आरोपी से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई होगी। थाना बिरनो क्षेत्र के गांव डांडी कलां निवासी 40 वर्षीय सरिता सिंह की बीते गुरुवार की दोपहर घर में ही सिलवट से कूंच कूंचकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी होते ही सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। आनन–फानन में पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसके साथ ही हत्यारे की गिरफ्तारी को लेकर जाल बिछाया गया।बताया जा रहा है कि सदर कोतवाली क्षेत्र फुल्लनपुर में हुई वारदात को अंजाम बेटा आदित्य सिंह ने ही दिया है। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को तत्काल खोज निकाला। गिरफ्तारी के बाद हत्यारा पुत्र आदित्य ने पुलिस को बताया कि वह रोज–रोज मां सरिता सिंह की डांट फटकार से प्रताड़ित था। गुरुवार को भी फटकार से वह अपने आप को रोक नहीं सका और घर में पड़े सिल से प्रहार करने के बाद सरिता सिंह को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी ने पुलिस को यह भी बताया कि वह मां को मारना नहीं चाहता था, लेकिन गुस्से के आवेश में किए गए प्रहार के बाद अधिक चोट लगने पर सरिता की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पुत्र को हिरासत में ले लिया है।

### नगर में अवैध होर्डिंग की आई बाढ़

**जमानिया।** नगर की प्रमुख सड़क हो या फिर चौराहा हर जगह अवैध होडिंग की बाढ़ सी आ गई है। नगर में तहसील विकासखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कोतवाली के पास ही दो दर्जन से अधिक अवैध होर्डिंग लगी हुई है। इन्हें हटाने का साहस न तो नगर पालिका प्रशासन कर पा रहा है और न ही प्रशासन कोई ठोस कदम उठा रहा है। जबकि हकीकत यह है कि यह होडिंग नगर की सूरत बिगाड़ रही हैं। पूरे नगर की अगर बात करें तो लाइसेंसी होडिंग की संख्या न के बराबर है। यह वह होडिंग हैं जिससे नगर पालिका को राजस्व मिल सकता है लेकिन अवैध होडिंग बिना किसी अनुमति के नगर क्षेत्र में लगाया गया है। इसे हटाने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। दरअसल नगर पालिका की ओर से इस प्रकार का कोई लाइसेंस भी वितरित नहीं किया गया है।

## चकरोड को अतिक्रमण से रिहा कराने के लिए लगायी गुहार

सुनवाई

### देवल-लहना में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी गई समस्याएं


देवल में चौपाल लगाकर समस्या सुनते बीडीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव।

**गहमर।** विकास खंड भदौरा के ग्राम सभा देवल व लहना में शुक्रवार को विकास खंड अधिकारी (बीडीओ) ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया और समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाए। तत्पश्चात बीडीओ ने गांव में भ्रमण कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। विकास खंड अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने गांव देवल व लहना के पंचायत घर में चौपाल लगाकर जनसमस्याएं सुनीं। बीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उसके निस्तारण कराने का भरोसा दिया। इस दौरान आवास, पेंशन, जलनिकासी, शौचालय आदि का मुद्दा छाया रहा। इस दौरान बारी-बारी से ग्रामीणों की समस्या को सुना गया। लहना गांव के भुनेश्वर सिंह ने जल निकासी व चकरोड़ पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। शेषनाथ चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पैसा उनके खाते में नहीं आ रहा है। तो कई ग्रामीणों ने गली में अतिक्रमण कर रास्ते में पानी गिराने की शिकायत की। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर भेदभाव सहित विभिन्न प्रकार के गंभीर आरोप लगाया। इसके बाद वह ग्राम सभा देवल में पहुंचे। यहां पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की। सिद्धनाथ सिंह कुशवाहा ने लघुडाल नहर में बांस बल्ली आदि अन्य सामग्री डालकर पानी रोकने का आरोप लगाते हुए पानी खुलवाने की मांग किया। सत्यनारायण ने पीएम किसान निधि का पैसा उनके खाते में नहीं आ रहा है बताया। इस दौरान दोनों गांवो में सम्पर्क मार्ग, आवास, नाली, सीसी रोड, शुद्ध पेयजल, आवास, खड़ंजा, पेंशन आदि का मुद्दा उठाया। इस मौके पर प्रधान नरेंद्र प्रताप सिंह ग्राम पंचायत सचिव ईश्वर राय एडीओ पंचायत शिवशकल यादव, एडीओएजी प्रभाकर पाण्डेय आदि मौजूद थे।

### भाजपा सरकार गरीबों का उजाड़ रही आशियाना

**गाजीपुर।** भाकपा ( माले) अखिल भारतीय किसान महासभा के कार्यकर्ताओं ने गांव समाज बंजर,भीटा,चकरोड ,नहर भू माफिया ताकतों से खाली कराकर भूमिहीन आवासविहीन गरीबों में आवासीय पट्टा करो,2017 हाईकोर्ट का बेदखली आदेश हुरमुजपुर मझौली में लागू क्यों नहीं, एसडीएम, डीएम गाजीपुर जबाव दो, हाईकोर्ट की अनदेखी करना बंद हो-हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर पूरे जिले में भूमिहीन आवासविहीन गरीबों की बगैर बैकल्पिक व्यवस्था किए जा रहे गैरकानूनी बेदखली पर रोक लगाओ, आदि सवालों को लेकर हुरमुजपुर मझौली गांव में धरना शुरू किया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह ने कहा कि योगी सरकार और जिला प्रशासन ने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर जखनियां तहसील क्षेत्र के हुरमुजपुर मझौली, जगदीश पुर गुरुदता, छतमा, मकदुमपुर, माखनपुर, में भूमिहीन आवासविहीन गरीबों की रिहायशी झोपड़ी को जबरिया गैरकानूनी तरीके से बगैर लिखित आदेश के उजाड़ दिया गया।

## मौनी अमावस्या आज, श्रद्धालु लगाएंगे गंगा में आस्था की डुबकी

धर्म कर्म

### गंगा स्नान करने से श्रद्धालुओं का कष्ट होता है दूर

**गाजीपुर।** आगामी शनिवार को मौनी अमावस्या है और उस दिन को बहुत शुभ और पावन माना जाता है। माघ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मौनी अमावस्या कहते हैं। मौनी अमावस्या को माघी अमावस्या या माघ अमावस्या भी कहते हैं। मौनी अमावस्या के दिन श्रद्धालु गंगा सहित आसपास की पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाकर दान-पुण्य करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन गंगा स्नान करने से सभी कष्ट खत्म हो जाते हैं, और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मौनी अमावस्या के दिन मौन व्रत रखने, भगवान विष्णु और पीपल के पेड़ की पूजा करने की परंपरा है। बंसीबाजार राधेनगर के पंडित श्रीनिवास चौबे ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मौनी अमावस्या के दिन सभी देवी-देवता गंगा में वास करते हैं। इस कारण से इस दिन गंगा स्नान का महत्व है। गंगा से जुड़े सभी तीर्थ स्थलों पर इस दिन स्नान करने के लिए लोग आते हैं। अन्य पवित्र नदियों में भी स्नान किया जाता है। साथ ही तिल और गुड़ का दान करने से शनि और सूर्य की पीड़ा समाप्त हो जाती है। इस बार अमावस्या शनिवार को पड़ रही है। इसलिए इसे शनिश्चरी अमावस्या भी कहते हैं। शनि को प्रसन्न करने के लिए शनिश्चरी अमावस्या का खास महत्व बताया गया है। बता दें कि 17 जनवरी से शनि कुंभ राशि से मकर राशि में प्रवेश कर गए हैं। यह धनु, कुंभ, मकर, तुला और मिथुन राशि वालों के लिए और भी खास है। इस दिन शनि भगवान को काला तिल और पीपल के सामने दिया जलाना चाहिए।

#### 30 साल बाद बन रहा खास संयोग

मौनी अमावस्या पर 30 साल बाद एक खास संयोग बन रहा है। पंचांग के मुताबिक इस बार 21 जनवरी को पड़ने वाली अमावस्या पर खप्पर योग होगा। जो शनि के शुभ प्रभाव को बढ़ाएगा। मकर राशि में सूर्य और शुक्र की युति से खप्पर योग बन रहा है।

## जनसंपादकीय

# जोशीमठ त्रासदी से उपजे सवाल

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**



उत्तराखंड के जोशीमठ शहर में जो हो रहा है वो बड़ी चिंता का सबब है। ये त्रासदी बहुत से सवाल खड़े करती है। जोशीमठ चार दशक पहले भी भयावह और असुरक्षित था और आज भी त्रासदी के मुहाने पर है। बीते कुछ अंतराल में उत्तराखण्ड में जो त्रासदियां पेश आई हैं, उससे साफ हो गया है कि विकास का जो माडल अपनाया गया है उसमें खामियां हैं। वर्ष 1803 के गढ़वाल के महाभूकंप से 2013 की आपदा तथा फरवरी, 2021 एवं जोशीमठ की वर्तमान आपदा तक आते-आते यह प्रक्रिया प्राकृतिक से मानवकृत अधिक हो गई है। वर्तमान में जोशीमठ में आई आपदा को सिर्फ आंशिक रूप से प्राकृतिक कहा जा सकता है। यह त्रासदी दरअसल हमारे द्वारा बनाई और विकसित की गई है।

जोशीमठ, बदरीनाथ और केदारनाथ का प्रवेश द्वार और देशवासियों के लिए एक प्रमुख तीर्थ है। उसका अपना एक पौराणिक महत्व है। जोशीमठ का महत्त्व सांस्कृतिक, पौराणिक, आध्यात्मिक और सामरिक है। सिर्फ 40 किलोमीटर की दूरी पर चीन की सीमा है। इसे भगवान विष्णु का दूसरा घर माना जाता था। आदि शंकराचार्य ने भारत में हिंदुत्व के जो चार मठ स्थापित किए थे, उनमें से एक 'ज्योतिर्मठ' इसी शहर का प्राचीन नाम था। विष्णु अवतार नरसिंह भगवान भी अपना गुस्सा शांत करने इसी पहाड़ पर आए थे। लोग उनके मंदिर में पूजा करते हैं। आज शिवलिंग भी खंडित हो गया है, लिहाजा श्रद्धालु उसे देखकर रो रहे हैं और किसी अनिष्ट की कल्पना से कांप रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि आज 21वीं सदी में जोशीमठ में जो संकट पैदा हुआ है उसकी आशंका वर्ष 1976 में एक शीर्ष नौकरशाह ने उजागर कर दी थी। उनकी अध्यक्षता में बने एक पैनल ने क्षेत्र में भारी निर्माण पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी। दरअसल, मिश्रा आयोग ने चेताया था कि जोशीमठ एक भूस्खलन के स्थल पर बसा है और बड़े निर्माणों का बोझ उठाने में सक्षम नहीं है। आयोग ने बड़ी संख्या में भवन निर्माण से परहेज रखने की सलाह दी। लेकिन उनकी सिफारिश को उत्तराखंड के सत्ताधीशों व प्रशासन ने अनदेखा किया। बीते दशकों में जोशीमठ में अंधाधुंध निर्माण कार्य हुए। रोप-वे के लिये भारी-भरकम पिलर बनाये गये। बताया जाता है कि ऊपर के पिलरों से दरार पड़ने का सिलसिला शुरू हुआ। ब्रिटिश काल से ही लोग इस तथ्य से अवगत हैं कि जोशीमठ की बसाहट ऐसी जगह पर है, जो एक ग्लेशियर के पिघलने से निकले मलबे के रूप में है। यह भूगर्भीय दृष्टि से एक नाजुक जगह है। ऐसी जगह पर किए जाने वाले निर्माण कार्यों के प्रति सावधानी बरती जानी चाहिए थी।

सवाल उठता है कि पहाड़ की कमजोर बुनियाद के बारे में चेताने के बावजूद आखिर बड़े पैमाने पर अव्यवस्थित निर्माण की अनुमति क्यों दी गई। दरअसल, बड़ी पन-विद्युत परियोजनाओं के लिये सुरंग खोदने तथा ऑल वेदर राजमार्ग के विस्तार ने पहले से संवेदनशील ढलानों को अत्यधिक अस्थिर बना दिया। जिसका नतीजा आज बड़ी दरारों के रूप में सामने आ रहा है। निस्संदेह, उत्तराखंड में तीर्थयात्रा और ट्रैकिंग सर्किट के लिये जोशीमठ महत्वपूर्ण पड़ाव है। साथ ही चीन की संवेदनशील सीमा के चलते इसका सामरिक महत्व भी अधिक है। यहां चीन सीमा की वजह से सेना की बड़ी छावनी स्थित है। सुरक्षा कारणों के चलते सेना की आवाजाही को सुगम बनाने के लिये सड़कों के बुनियादी ढांचे का उन्नयन भी जरूरी था।

पर्यावरण विशेषज्ञ बताते हैं कि चमोली से लेकर जोशीमठ तक पूरा क्षेत्र आपदाएं झेल चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि 2013 और 2021 की बाढ़ का इस इलाके में प्रतिकूल असर पड़ा था। दो साल पहले सर्दी के मौसम में एक हिमाच्छादित झील के फटने से करीब 204 से अधिक लोगों की मौत हुई थी, जिसमें ज्यादातर जलविद्युत परियोजना में काम करने वाले प्रवासी श्रमिक व कर्मचारी थे। साथ ही संपत्ति का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ था। ऐसे वक्त में जब भूमि धंसने से जोशीमठ का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है, बचाव का तात्कालिक विकल्प नजर नहीं आता। प्रभावित इलाकों से लोगों को निकालने की चुनौती है। फिर उसके बाद उनके पुनर्वास की समस्या है।

सिर्फ जोशीमठ ही नहीं, राज्य के अन्य 70 स्थानों और गांवों के लोगों ने भी घरों, जमीन में दरारों की शिकायतें की हैं। टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों के हालात भी जोशीमठ सरीखे हो सकते हैं। वहां भी पहाड़ को छिन्न-भिन्न किया गया है। कुल 35,000 परिवारों पर अचानक संकट आ पसरा है। विकास के नाम पर पहाड़ों को चीर-चीर कर 'महानगरीय' बनाने की भूख पहाड़ों को जिंदा कहां रहने देगी? दरअसल 'ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स, 2020' में भारत का स्थान पांचवां है। नीति आयोग और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक सरीखे संवैधानिक संगठन अपनी-अपनी रपटों में आगाह कर चुके हैं कि पहाड़ों पर जो अतिक्रमण, ड्रिल निर्माण किए जा रहे हैं, विकास के नाम पर सुरंगें और राजमार्ग बनाए जा रहे हैं, उनके कारण एक दिन पहाड़ पर जीवन ही समाप्त हो सकता है। इससे बड़ी और खौफनाक चेतावनी और क्या हो सकती है?

लोगों ने जीवन भर की पूंजी जोड़कर घर बनाये हैं, घर छोड़ते वक्त उनकी आंखों में आंसू हैं। ऐसे में इस शहर को बचाने का यक्ष प्रश्न सामने है। दरअसल, बड़े निर्माण शुरू करने से पहले उस चट्टान का वैज्ञानिक आकलन जरूरी था जिस पर यह शहर टिका है। यह इलाका भूकंप की दृष्टि से भी संवेदनशील बताया जाता है। विडंबना यह है कि इसके अलावा शहर के वर्षा जल व घरेलू जल निकासी के निस्तारण की पर्याप्त व्यवस्था यहां नहीं रही है। पानी पहाड़ के भीतर जाता रहा है। लोग यहां निमार्णाधीन पनबिजली परियोजना का निर्माण स्थगित करने की मांग कर रहे हैं, जिसकी सुरंगों को खोदने के चलते संकट बढ़ने की आशंका जतायी जा रही है।

जोशीमठ में जमीन धंसने की घटनाओं पर यह कहा गया कि पास से गुजरते हुए हाइवे के निर्माण और एनटीपीसी की परियोजना के कारण यहां की जमीन खिसक रही है। इसके बाद कई विशेषज्ञों ने बताया कि इस निर्माण के कारण जमीन नहीं दरक रही है, लेकिन इतनी जल्दी नतीजे पर पहुंचना ठीक नहीं। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि जोशीमठ और उसके आसपास हर तरह के निर्माण को ठप नहीं किया जा सकता, क्योंकि एक तो यह तीर्थस्थल है और दूसरे चीनी सीमा भी अधिक दूर नहीं। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जो भी निर्माण हो, वह मानकों को ध्यान में रखते हुए हो।

दरअसल, जोशीमठ भूगर्भीय हलचलों के चलते भी धंसने के प्रति संवेदनशील है। जो उपचारात्मक उपायों की तत्काल जरूरत बताता है। लेकिन इसको लेकर दीर्घकालिक रणनीति बनाने की जरूरत है। छोटे-छोटे टुकड़ों में समस्या का समाधान तलाशना चुनौती की गंभीरता को कम करने में सहायक नहीं हो सकता। प्रयास हो कि स्थानीय लोगों की जीविका भी प्रभावित न हो। इतना ही नहीं, जोशीमठ की चुनौती से सबक लेकर अन्य पर्वतीय शहरों की स्थिति की पड़ताल करने तथा उत्तराखंड की घाटियों में पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को लेकर फिर से विचार करने की भी जरूरत है। उचित यह होगा कि सरकारें हर तरह के निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने के लिए किसी समिति का गठन करने के साथ यह सुनिश्चित करें कि उसकी ओर से तय किए गए मानकों पर वास्तव में अमल भी हो। यह अमल तब होगा, जब इंजीनियरों के साथ ठेकेदारों को जवाबदेह बनाया जाएगा और उनकी ओर से कराए जाने वाले निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की प्रभावी ढंग से निगरानी भी की जाएगी।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# जिनके अदब ने बदल दी उर्दू अदब की धारा

## स्मरण

**जाहिद खान**



कुर्रतुल ऐन हैदर आजादी के बाद भारतीय फिक्शन का सबसे अहम सुतून मानी जाती हैं। जिनकी तख़्लीकात ने उर्दू अदब को एक नई राह दिखलाई। उसे ऊंचाईयों पर पहुंचाया। अदब को और जदीद बनाया। उर्दू अदब में मंटो, चंदर, बेदी, इस्मत के बाद जो लेखन सामने आया, उसमें कुर्रतुल ऐन हैदर का नाम अव्वल नंबर पर है। या यूं कहें, उनके बाद का दौर कुर्रतुल ऐन हैदर का जमाना है। उन्होंने एक के बाद एक वो नायाब किताबें अपने चाहने वालों को दी, जो आज भी पसंद की जाती हैं। उनका कोई जवाब नहीं। कुर्रतुल ऐन हैदर की शुरूआती किताबों में रूमानियत और एक खास किस्म की जज्बातियत नजर आती है, लेकिन बाद की किताबों में बंटवारे और अपने देश से निर्वासन का दर्द दिखाई देता है। इन सब मरहलों से वे गुजरी थीं, लिहाजा उनकी तमाम तख़्लीकात में एक प्रमाणिकता है। 20 जनवरी, 1927 को अलीगढ़ में पैदा हुईं कुर्रतुल ऐन हैदर यानी ऐनी आपा का पूरा नाम मुसन्निफा कुर्रतुल ऐन हैदर था। उनके वालिद सज्जाद हैदर यलदरम, तो उर्दू के नामवर मुसन्निफ थे ही, अम्मी 'नजर' बिन्ते-बाकिर भी उर्दू की बड़ी अदीब थीं। उनकी अम्मी का लेखन में यह रुतबा था कि उन्हें उर्दू की 'जेन ऑस्टिन' कहा जाता था। जाहिर है कि ऐसे अदबी माहौल में कुर्रतुल ऐन हैदर का झुकाव लेखन की ओर होना ही था। उनका बचपन अहमदाबाद, अलीगढ़, लखनऊ और बिजनौर में गुजरा। कुर्रतुल ऐन हैदर ने एमए तक की पढ़ाई लखनऊ में, फिर आगे की एक बड़ी डिग्री लन्दन के हीदरलेस आर्ट्स स्कूल से ली। वालिद के इंतकाल और मुल्क के बंटवारे के बाद, वह पाकिस्तान चली गयीं। लेकिन वहां उनका कयाम मुख़्तसर ही रहा। थोड़ा सा अरसा गुजरा होगा कि वह लंदन चली गयीं। बीबीसी लंदन के लिए उन्होंने फ्रीलांस राइटिंग, जर्नलिज्म की। लंदन में वह तकरीबन एक दशक तक रहीं। साल 1950 से 1960 के दरमियान में वह यहीं रहीं। पाकिस्तान और लंदन में रहकर भी कुर्रतुल ऐन हैदर अपने मुल्क को नहीं भुला पाईं। न तो पाकिस्तान का और न ही लंदन का माहौल उन्हें रास आया। आखिरकार वापिस भारत लौट आईं। लौटने के बाद वह अंग्रेजी सहाफत के मैदान में ही रहीं। 'द टेलीग्राफ' में रिपोर्टिंग की। उन्होंने बम्बई में 'इम्प्रिंट' के मैनेजिंग एडिटर का ओहदा संभाला। उसके बाद तकरीबन सात साल तक उनका 'इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया' के एडिटिंग महकमे से वास्ता रहा।

कुर्रतुल ऐन हैदर जब महज छह साल की थीं, जब उन्होंने अपनी पहली कहानी लिखी, नाम था-'बी चुहिया'। शुरूआत में बच्चों के लिए कुछ कहानियाँ लिखीं। सतरह-अठारह साल की उम्र तक आते-आते साल 1945 में उनके अफसानों का पहला मजमुआ 'शीशे का घर' शाया हो गया था। उसके एक साल बाद ही कुर्रतुल ऐन हैदर ने उर्दू अदब की दुनिया में एक उपन्यासकार के तौर पर अपनी आमद दर्ज. कराई। 'मेरे भी सनम-खाने' उनका पहला उपन्यास था। फिर तो यह सिलसिला चल निकला। साल 1947 में प्रकाशित उनके कहानी-संग्रह 'सितारों से आगे' का उर्दू में एक अलग ही मुकाम है। नक्क़ादों का यह मानना है कि इस मजमुए में शामिल कहानियां ने उर्दू अदब को नये तेवर दिये। गोया कि इस संग्रह से उर्दू में नई कहानी का आगाज होता है। कुर्रतुल ऐन हैदर के अफसानों में औरत की आजादी और उसका पूरा वजूद नुमायां तौर पर नजर आता है। शिल्प और भाषा के लिहाज से 'मलफूजाते हाजी गुलबाबा बेकताशी', 'कारमन', 'कलंदर', जिलाबान', 'हाउसिंग सोसायटी', 'हसब-नसब' वगैरह उनके अहमतरीन अफसाने हैं। उन्होंने अपने अफसानों में शिल्प और भाषा के स्तर पर कई नये प्रयोग किये। वे किसी खास शैली में नहीं बंधी।

तक़्सीमे वतन और जलावतनी ये वो हादसे हैं, जिनका असर कुर्रतुल ऐन हैदर की तहरीरों में हमेशा रहा। उनके कई अफसानों में इन हादसात का असर दिखाई देता है। अपने उपन्यास 'आखिरे-शब के हमसफर', में वे आजादी की जंग में अपना योगदान देने वाले बौद्धिक इंकलाबियों की दास्तान को बुनती हैं। वहीं 'चांदनी बेगम' में वे औरतों की आजादी, अपने हक के लिए जद्दोजहद करने वाली महिला किरदारों की अक्कासी करती हैं। 'चाय के बाग' और 'अगले जनम मोहे बिटिया न कीजो' में उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान में सत्ता के शोषणकारी निजाम के खिलाफ आवाज बुलंद की है। कुर्रतुल ऐन हैदर की तमामतर अफसानों और नॉवेलों में समूचे भारतीय उपमहाद्वीप का इतिहास और संस्कृति दिखाई देती है। देश की समन्वयवादी संस्कृति, साम्प्रदायिक सौहार्द, एकता, सद्भावना और भाईचारे को उन्होंने हमेशा अपनी रचनाओं में रेखांकित किया। इनमें भी 'आग का दरिया' उनका सबसे मकबूल नॉवेल है। साल 1959 में प्रकाशित 'आग का दरिया' को जो शोहरत मिली, वह किसी दूसरे उर्दू उपन्यास को नसीब नहीं हुई। यहां तक कि इसे आजादी के बाद लिखा जाने वाला सबसे बड़ा उपन्यास माना गया। जाहिर है कि किसी भी अदीब के लिए इससे बड़ा और मर्तबा क्या हो सकता है ? कमोबेश सभी बड़े नक्क़ादों ने इस उपन्यास की तारीफ की। मशहूर शायर निदा फाजली ने इस उपन्यास की अज्मत को बयां करते हुए कहा, "मोहम्मद अली जिन्ना ने हिन्दुस्तान के साढ़े चार हजार सालों की तारीख (इतिहास) में से मुसलमानों के 1200 सालों की तारीख को अलग करके पाकिस्तान बनाया था। कुर्रतुल ऐन हैदर ने नॉवल 'आग का दरिया' लिख कर, उन अलग किए गए 1200 सालों को हिन्दुस्तान में जोड़कर हिन्दुस्तान को फिर से एक कर दिया।" उपन्यास के लिए इससे बड़ी तारीफ और तमगा क्या हो सकता है। 'आग का दरिया' की मकबूलियत का ही सबब है कि इस उपन्यास का दुनिया की कई जबानों में तजुर्मा हुआ।

कुर्रतुल ऐन हैदर की दूसरी किताबों में 'सफीन-ए-गमे दिल', 'आखिरे-शब के हमसफर', 'कारे जहाँ दराज है', 'तीन उपन्यास', 'चाय का बाग', 'सीताहरन' और 'चांदनी बेगम' जैसे उपन्यास शामिल हैं, तो 'सितारों से आगे', 'शीशे के घर', 'पतझड़ की आवाज', 'रौशनी की रफ़्तार' और 'यह दाग-दाग उजाला' उनके अफसानवी मजमूए हैं। कुर्रतुल ऐन हैदर ने कई मुल्कों की यात्राएं की और इन यात्राओं के संस्मरण अपने रिपोर्ताज में दर्ज किए। ईरान यात्रा पर 'कोहे-दमावंद', सोवियत संघ-'गुलगश्ते जहां', जापान और दक्षिण-पूर्व एशिया-'सितम्बर का चांद', अमरीका-'जहान-ए-दीगर' उनके अहम रिपोर्ताज हैं। कुर्रतुल ऐन हैदर की किताबों में 'कारे जहाँ दराज है' एक खास तरह की किताब है। संस्मरणात्मक और आत्मकथात्मक शैली में लिखा गया, यह उपन्यास फैक्ट और फिक्शन का शानदार मेल है। ऐसी दूसरी किताब उर्दू में नहीं लिखी गयी। इस उपन्यास में वे जहां अपने खानदान और पुरखों का किस्सा बयां करती हैं, वहीं उस किस्से के साथ वह दौर भी बड़ी प्रमाणिकता के साथ आया है। यह वाकई एक दिलचस्प नॉवेल है। कुर्रतुल ऐन हैदर बहुत अच्छी तजुर्मा निगार भी थीं। उन्होंने हेनरी जेम्स के उपन्यास 'पोर्ट्रेट ऑफ ए लेडी' का तजुर्मा 'हमीं चराग, हमी परवाने' और 'मर्डर इन द कैथेड्रल' का अनुवाद 'कलीसा में कत्ल' के नाम से किया। 'आदमी का मुकद्दर', 'आल्पस के गीत', 'तलाश' उनकी दूसरी अनूदित कृतियां हैं। कथा लेखन के अलावा उनकी ललित कलाओं, खासकर म्यूजिक और मुसव्विरी में भी गहरी दिलचस्पी थी। उपन्यास 'गर्दिशे रंगे चमन' में उनके रेखांकन प्रकाशित हुए हैं।

कुर्रतुल ऐन हैदर, तरक्क़ीपसंद तहरीक से हालांकि उस तरह से बावस्ता नहीं रहीं, जिस तरह से इस्मत चुगताई और रजिया सज्जाद जहीर जुड़ी थीं। लेकिन अपने इंटरव्यू और तहरीरों में उन्होंने कई बार यह बात कुबूली है कि वे तरक्क़ीपसंद तहरीक और तरक्क़ीपसंद अफसाना निगार कृश्न चंदर से काफी मुतास्सिर हुई हैं। अलग-अलग जगह उन्होंने कहा या लिखा है, "मैं उर्दू अदब में तरक्क़ीपसंद तहरीक की हामी हूं, जिंदगी एक नये मोड़ पर आ चुकी है, इंसानियत एक आलमगीर इंकलाब से हमकनार हो रही है। दुनिया एक नये पैगाम से मुंतजिर है और इस ट्रांजीशन और तजरबाती दौर में वही अदब हमारे लिये सेहतमंद तामीरी और पॉजिटिव साबित हो सकता है, जो ज़िंदगी की सही तन्कीद की एक नई और बेहतर दुनिया का पैगाम तरक्क़ीपसंद अदब का पैगाम है।" यही नहीं एक जगह उन्होंने कहा है, "मेरे नजदीक अदब बराय जिंदगी का नजरिया बेहतर है, लेकिन इस हद तक नहीं कि अदब महज प्रोपेगंडा बन जाये। जिंदगी कितनी ही बीमार और हकीकतें कितनी ही गलीज और तल्खकाम सही लेकिन तस्वीर के रौशन और खुशगवार रुख को नजरअंदाज कर-के सेहतमंद अदब किसी तरह पैदा नहीं किया जा सकता।" इन बातों से यह साबित होता है कि वह मिजाज से तरक्क़ीपसंद थीं और तरक्क़ीपसंद खयालात की हमनवां, हमसफर थीं। कृश्न चंदर उनके पसंदीदा अफसाना निगार थे। वह उनकी शैली से काफी प्रभावित थीं।



कुर्रतुल ऐन हैदर साहित्य अकादमी में उर्दू सलाहकार बोर्ड की दो बार मेम्बर रहीं। विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर वह जामिया इस्लामिया यूनीवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी से जुड़ीं। कैलिफोर्निया यूनीवर्सिटी में अतिथि प्रोफेसर भी रहीं। हिंदुस्तानी अदब में उनके बड़े योगदान और उर्दू अदब की बेमिसाल खिदमत के लिए कुर्रतुल ऐन हैदर कई पुरस्कारों और सम्मान से नवाजी गईं। कहानी संग्रह 'पतझड़ की आवाज' पर उन्हें साहित्य अकादमी अवार्ड से सम्मानित किया गया। 'पद्मश्री', 'गालिब मोदी अवार्ड', 'इकबाल सम्मान', 'कुल हिन्द बहादुर शाह जफर अवार्ड, 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' वगैरह दीगर सम्मान हैं जिनसे वो नवाजी गईं। यही नहीं अनुवाद के लिए उन्हें प्रतिष्ठित 'सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार' मिला, तो देश के बड़े नागरिक सम्मानों में से एक 'पद्मभूषण' से भी वह सम्मानित की गईं। सच बात तो यह है कि कुर्रतुल ऐन हैदर का जिस तरह का लेखन है, उनके लिए कोई भी सम्मान छोटा ही है। उनके नाम के साथ जुड़कर, इन सम्मानों का मर्तबा बढ़ा।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

**अपने उपन्यास 'आखिरे-शब के हमसफर', में वे आजादी की जंग में अपना योगदान देने वाले बौद्धिक इंकलाबियों की दास्तान को बुनती हैं। वहीं 'चांदनी बेगम' में वे औरतों की आजादी, अपने हक के लिए जद्दोजहद करने वाली महिला किरदारों की अक्कासी करती हैं। 'चाय के बाग' और 'अगले जनम मोहे बिटिया न कीजो' में उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान में सत्ता के शोषणकारी निजाम के खिलाफ आवाज बुलंद की है।**

# मीडिया में विश्वसनीयता का संकट

## प्रसंगवश

**सतीश सिंह**



सर्वोच्च अदालत ने 12 जनवरी 2023 को टीवी समाचार सामग्री के बारे में टिप्पणी करते हुए कहा कि आजकल टीवी समाचार चैनलों द्वारा नकारात्मक समाचार सामग्री का प्रसारण किया जा रहा है, जिससे समाज में नफरत फैल रहा है. शीर्ष अदालत ने कहा कि देश में स्वतंत्र और संतुलित मीडिया की जरूरत है, लेकिन टीवी समाचार चैनल टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट) के लिए और कुछ दूसरे कारणों की वजह से देश और समाज को बाँटने का काम कर रहे हैं। सर्वोच्च अदालत की यह टिप्पणी मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करती है.

सामाजिक समरसता को कायम रखने या समाज के सभी वर्गों के बीच सामंजस्य स्थापित करने या समाज के विकास को सुनिश्चित करने, सच को सामने लाने या उसे उजागर करने आदि में मीडिया की अहम भूमिका होती है. मीडिया की ऐसी महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इसे देश का चौथा स्तंभ कहा गया है, लेकिन बदलते परिवेश में यह अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है।

समय के अनुसार मीडिया के स्वरूप में आमूल-चूल परिवर्तन आया है। आज मीडिया कई खानों में विभक्त हो गई है। अब प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, मीडिया के पुराने चेहरे माने जाते हैं। इक्कीसवीं सदी के पहले दशक के शुरूआत में सोशल मीडिया का पदार्पण हुआ था, जिसे न्यू मीडिया भी कहते हैं। सोशल मीडिया को पुनः फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, वाहट्सएप आदि जैसे उप भागों में विभाजित किया जा सकता है. बदले परिवेश में सोशल मीडिया की भूमिका बहुत ज्यादा प्रभावशाली हो गई है।

आजादी से पहले और आजादी के कुछ सालों बाद तक भारत में मीडिया पर लोगों का अटूट विश्वास था। उच्च और सर्वोच्च अदालत अखबारों में छपी खबर को सबूत के तौर पर या नजीर के तौर पर पेश करते थे। कई अदालतों ने अखबार में छपी खबरों के आधार पर अपने फैसले सुनाये हैं, लेकिन आज मीडिया के प्रति लोगों का भरोसा बहुत ज्यादा कम हो गया है।

अब अदालत शायद ही अखबार में छपी खबर को सबूत मानती है या उसे आधार मानकर कोई फैसला सुनाती है।

तीन मई, 2022 को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' द्वारा विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक का 20वाँ संस्करण प्रकाशित किया गया था, जिसके अनुसार भारत 180 देशों में 150वें स्थान पर है। इसके पहले भारत 142वें स्थान पर था। वर्ष 2016 में यह 133वें स्थान पर था। देखा जाये विगत कुछ सालों से भारत की रैंकिंग में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

इस सूचकांक के अनुसार रैंकिंग में गिरावट का कारण पत्रकारों के खिलाफ हिंसा और राजनीतिक रूप से पक्षपातपूर्ण मीडिया में वृद्धि होना है। इस सूचकांक में नॉर्वे पहले, डेनमार्क दूसरे, स्वीडन तीसरे, एस्टोनिया चौथे और फिनलैंड पांचवें स्थान पर है, जबकि उत्तर कोरिया 180 देशों की सूची में सबसे निचले स्थान पर है। पत्रकारों के लिये उपलब्ध स्वतंत्रता के स्तर के अनुसार यह सूचकांक देशों और क्षेत्रों को रैंक प्रदान करता है। हालांकि, इसे पत्रकारिता की गुणवत्ता का संकेतक नहीं माना जाता है, क्योंकि गुणवत्ता एक अलग मुद्दा है।

इस रैंकिंग से भारत में मीडिया की स्थिति को अच्छी तरह से समझा जा सकता है. निसंदेह बीते सालों में पक्षपातपूर्ण मीडिया के प्रतिशत में इजाफा हुआ है और गाहे-बगाहे पत्रकारों के विरुद्ध हिंसा की वारदातें भी देखने को मिली हैं। यह भी देखा जा रहा है कि सरकारें विज्ञापन के जरिये अखबारों या टीवी चैनलों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करती हैं। हालाँकि, मामले में पत्रकार भी कम दोषी नहीं हैं। अधिकांश पत्रकार बिना दबाव के भी खुद से सत्तारूढ़ दल के मुरीद बन जाते हैं।

हाल ही में लोकनीति-सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) द्वारा कराये गये एक सर्वे के अनुसार दूरदर्शन के न्यूज चैनलों को आमजन सबसे ज्यादा भरोसेमंद मानते हैं. मामले में दूसरे स्थान पर अखबार आता है, जबकि निजी समाचार चैनलों पर लोगों का सबसे कम भरोसा है. प्रतिशत में दूरदर्शन समाचार पर 34, अखबारों पर 31 और निजी समाचार चैनलों पर 13 प्रतिशत लोग भरोसा करते हैं.

इस सर्वे के अनुसार अब आमजन का राजनीतिकरण हो चुका है. जो लोग भाजपा के समर्थक हैं, उनमें 48 प्रतिशत दूरदर्शन समाचार चैनलों पर, 45 प्रतिशत अखबारों पर और 11 प्रतिशत निजी समाचार चैनलों पर भरोसा करते हैं, जबकि गैर-भाजपा राजनीतिक दलों के समर्थक 34 प्रतिशत दूरदर्शन समाचार पर और 29 प्रतिशत अखबारों पर भरोसा करते हैं. वहीं, निजी समाचार चैनलों पर कांग्रेस समर्थकों का महज 1 प्रतिशत भरोसा है. वहीं, अन्य राजनीतिक दलों का 8 प्रतिशत.

इस सर्वे के अनुसार बहुसंख्यक हिन्दुओं के मुकाबले मीडिया पर मुसलमानों का भरोसा बहुत ही कम है। ऐसी स्थिति के लिए निजी समाचार चैनल जिम्मेदार हैं, जो टीआरपी या मुनाफे के लिए भ्रामक और गलत खबर प्रसारित करते हैं। इसी वजह से सरकार को अक्सर इनके खिलाफ कड़ी एड्वायजरी जारी करनी पड़ती है। अप्रैल 2022 में भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूक्रेन-रूस युद्ध और उत्तर-पश्चिम दिल्ली में जहांगीरपुरी हिंसा पर कवरेज को लेकर निजी न्यूज चैनलों को एक कड़ी 'एडवाइजरी' जारी करते हुए कहा था कि निजी न्यूज चैनल उत्तेजनात्मक भाषा, मनगढ़ंत हेडलाइन और भड़काऊ तरीके से हिंसा के वीडियो दिखा रहे हैं, जिससे सांप्रदायिक सौहाद्र के बिगड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है।

आज प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए भी खबर के मायने बदल गए हैं. खबरों को प्रसारित या प्रकाशित करने से पहले उसे सही तरीके से जांचा-परखा नहीं जा रहा है. आजादी से पहले पत्रकारिता पत्रकारों के लिए मिशन था, लेकिन अब कुछ पत्रकारों में जिम्मेदारी का एहसास नहीं है। सोशल मीडिया के आगाज के बाद मीडिया की साख और भी ज्यादा कम हुई है, क्योंकि सोशल मीडिया अनियंत्रित है अर्थात सरकार इसे नियंत्रित नहीं कर रही है. कुछ कानून बनाये गए हैं, लेकिन उन्हें ठीक से अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है। सोशल मीडिया पर कोई भी किसी तरह की सूचना प्रकाशित कर सकता है. सूचना सही है या गलत, इसे निर्धारित करने की जिम्मेदारी आज यूजर की है और यूजर के बहुत ज्यादा जागरूक नहीं होने की वजह से वह भ्रमित है।

कहा जाता है कि अगर झूठ को सौ बार बोला जाये तो वह सच लगने लगती है. झूठ को सच बनाने के लिए आज मीडिया सेल काम कर रही है, जो मुहिम की तरह खबरों को झूठ से सच बनाने में लगे हुए हैं. पेड न्यूज का चलन भी आज जोरों पर है. कोई भी व्यक्ति पैसे देकर अपने मन-मुताबिक खबरें प्रसारित या प्रकाशित करवा सकता है. ऐसी खबरों को सुनकर या देखकर या पढ़कर कोई भी भ्रमित हो सकता है और उसका ध्यान सच से हट सकता है.

ग्रामीण पत्रकारिता की बात करें तो स्थिति और भी भयावह है. पत्रकार पीत पत्रकारिता में आकंठ डूबे हैं. अधिकांश पत्रकार ब्लेकमेलिंग का काम कर रहे हैं, क्योंकि वे पत्रकारिता करने के साथ-साथ एक्स्ट्रा कमाई भी करना चाहते हैं, क्योंकि अधिकांश ग्रामीण पत्रकारों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है. उन्हें जीवनयापन हेतु पत्रकारिता के साथ-साथ दूसरे काम करने होते हैं.

मीडिया को सही रास्ता दिखाने वाली प्रेस काउन्सिल ऑफ इंडिया मृतप्राय हो चुकी है, क्योंकि अधिकांश मामलों में यह गलत या भ्रामक खबरों को प्रसारित या प्रकाशित करने पर या सामाजिक समरसता या सौह्द्र बिगाड़ने वाले अखबार या मीडिया समूह के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही है.


ऐसे में सवाल का उठता लाजिमी है कि क्या मीडिया की गिरी साख फिर से वापिस आ सकती है? मौजूदा दौर में यह मुझे संभव प्रतीत नहीं लग रहा है, क्योंकि मीडिया हाउस के कर्त्ताधर्ता कोपोर्रेट या बड़े कारोबारी हैं। कुछ अपवादों को छोड़कर अधिकांश का उद्देश्य है सिर्फ और सिर्फ मुनाफा कमाना। इसके लिये वे किसी भी हद तक जाने के लिये तैयार रहते हैं।

बावजूद इसके, मौजूदा स्थिति में आंशिक सुधार जरूर आ सकता है, लेकिन इसके लिए मीडिया समूहों को अपने पत्रकारों के वेतन-भत्ते बढ़ाने होंगे अर्थात उन्हें मजीठिया कमीशन की सिफारिशों को लागू करना होगा। साथ ही, उन्हें पत्रकार को पत्रकार बने रहने देना होगा। उनसे मार्केटिंग का काम करवाने से परहेज करना होगा। पत्रकारों के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करनी होगी और उनकी संपादकीय गुणवत्ता को सुधारने पर ध्यान देना होगा.

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 8294586892)**

**भारत में मीडिया की स्थिति को अच्छी तरह से समझा जा सकता है. निसंदेह बीते सालों में पक्षपातपूर्ण मीडिया के प्रतिशत में इजाफा हुआ है और गाहे-बगाहे पत्रकारों के विरुद्ध हिंसा की वारदातें भी देखने को मिली हैं। यह भी देखा जा रहा है कि सरकारें विज्ञापन के जरिये अखबारों या टीवी चैनलों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करती हैं। हालाँकि, मामले में पत्रकार भी कम दोषी नहीं हैं। अधिकांश पत्रकार बिना दबाव के भी खुद से सत्तारूढ़ दल के मुरीद बन जाते हैं।**

## व्यंग्य



# चोरों ने भी मांगी सरकारी पेंशन

**रामविलास जांगिड़**

राष्ट्रीय चोर एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि वह हमें भी पेंशन स्कीम का लाभ दे। चोर समुदाय सरकार, पुलिस और कोर्ट कचहरी के धंधे को तीव्र गति से आगे बढ़ाने के लिए सदियों से कृत संकल्प है। समस्त चोरों ने अपना ध्येय वाक्य बना रखा है कि वे राज, पुलिस और वकील के परिवारों को कभी भी विपन्न अवस्था में नहीं आने देंगे। उनके परिवारों के लिए नाना प्रकार से चौर्य कला का प्रदर्शन करते रहेंगे। चाहे कितनी ही ठंड पड़े।कितना ही पाला पड़े। लोग रजाई से बाहर भी नहीं निकलें। शीत लहर के साथ मावठ की बरसात भी हो रही हो, तब भी चिकने फिसलते पाइपों पर चढ़कर भी हम चोर लोगों ने अपनी चोरगिरी का परिचय दिया है। चाहे कितनी ही बरसात हो। बाढ़ के हालात क्यों ना हो। लोग सड़कों पर नावें क्यों न चलाएं। कितना ही आना जाना दुभर क्यों ना हो जाए। फिर भी सेठ हरामीलाल की कोठी के पिछवाड़े सेंध लगाकर चोरी करने का महान कर्म हम चोर लोगों द्वारा ही पूरा किया जाता है। कितनी ही भारी गर्मी क्यों न पड़े। सड़क की छाती पर लोग गर्मी से रोटियां सेक लेते हैं। ऐसी दुर्दांत गर्मी में जब लोग एसी में घुसकर डबल बेडों में सोते रहते हैं। उस अवस्था में भी हम चोर भाई लोग अपना कर्म पूरा करने में पीछे नहीं हटते।

सब इसलिए कि सरकार को हमारी योजना का लाभ मिले। सरकार बेचारी पुलिस वालों से हफ्ता लेती है। पुलिस वाले बेचारे हमसे हफ्ता लेते हैं। हम नेता, वकील और पुलिस में हमारी चोरी का बंटवारा करते हैं। चौर्य कला वास्तव में बहुत मेहनत, ईमानदारी, लगन और अभ्यास का परिणाम है। युवावस्था में तो चोर व्यवसाय को बहुत आगे तक ले जाया जा सकता है। धीरे-धीरे बिल्ली की तरह चलना, खांसी होने पर भी मुंह को बंद रखना, सांस रोके रखना जैसी शारीरिक क्रियाओं के सहारे हम लोग अपना जीवन बिता देते हैं। लेकिन हमें मिलता क्या है? बस कुछ देर के लिए मीडिया में हमारी तस्वीर! जेल की हवा और कोर्ट के चक्कर! सारी उम्र गल जाती है लेकिन बुढ़ापे का कोई सहारा नहीं होता है। इसलिए सरकार चोर व्यवसाय को जिंदा रखने के लिए तुरंत पेंशन की व्यवस्था करे।

चोरों के बच्चों को चौर्य कला में डिग्री दिलाने के लिए सरकार मदद करे। राष्ट्रीय चोर विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए हम चोरों के लिए नियमानुसार आरक्षण की व्यवस्था करे। देखा गया है कि चोर विश्वविद्यालय में नेता और अफसर लोगों के बच्चों को तुरंत एडमिशन दे दिया जाता है। ये लोग ही चोर व्यवसाय को बदनाम करते हुए, अपनी कुर्सी पर बैठे-बैठे ही डाका डालते हैं। ये डिग्री चोर की लेते हैं और डाकू बन जाते हैं। डाकू और चोर में बड़ा अंतर होता है। डाकू दिन दहाड़े बेखटके होकर काम करते हैं और हम चोर लोग रात अंधियारे में छुप कर अपनी कला को अंजाम देते हैं। डाकू लोग मार-काट मचाते हैं और हम लोग शांति से अपना काम निपटाते हैं। अत्यंत प्रतिष्ठित चोर व्यवसाय को इतनी तीव्रता से पूरी दुनिया में पहचान दिलाई, इसके लिए सरकार को चोरों का आभार व्यक्त करना चाहिए। सरकार को हम चोर लोगों के लिए तुरंत पेंशन व्यवस्था करनी चाहिए।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं- <raisubhash953@gmail.com>

# सड़क दुर्घटना में पति की मौत पत्नी घायल

**हादसा**

## वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे थे घर

जनसंदेश न्यूज


अस्पताल परिसर में रोते बिलखते परिजन

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भोराजपुर गांव के समीप मदियापार मोड़ पर शादी समारोह से लौट रहे दंपति की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ में टकरा गयी जिससे पति की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। स्थानीय कस्बा निवासी ओम प्रकाश मोदनवाल 70 वर्ष पुत्र जियालाल मोदनवाल अपनी पत्नी प्रमिला 67 वर्ष को लेकर अपने एक रिश्तेदार के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने शाहगंज गए थे। शुक्रवार की शाम अतरौलिया थाना क्षेत्र के भोराजपुर गांव के समीप मदिया पार मोड़ पर पहुंचे ही थे कि उन्हें नींद आ गई जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ में जा टकरयी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि ओमप्रकाश का हेलमेट चकनाचूर हो गया और उनके सर में गंभीर चोटे आई तथा पीछे बैठी पत्नी भी बुरी तरह घायल हो गयी। स्थानीय लोगो ने आनन-फानन में उन्हें 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय ले आए जहां डॉक्टरों ने ओम प्रकाश को मृत घोषित करते हुए पत्नी प्रमिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक ओम प्रकाश का पटेल मोड़ के पास जलपान की दुकान है। मृतक के पास 3 पुत्र दो पुत्रियां हैं। सबकी शादी हो चुकी है।

## रेलवे ठेकेदार के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज

**फुलपुर (आजमगढ़)।** विद्युत विभाग ने चोरी से विद्युत का उपभोग कर रहे उपभोक्ताओं के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए चोरी से विद्युत का उपभोग कर रहे रेलवे के ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। स्थानीय क्षेत्र में सरकारी विभाग के ठेकेदारों द्वारा बिद्युत चोरी का मामला प्रकाश में आया है। खुरासन रोड़ रेलवे स्टेशन के आवासीय परिसर में सरकारी भवन का निर्माण ठेकेदार राजू सिंह डीडी आहूजा फर्म द्वारा बिद्युत चोरी की जा रही थी। जांच के दौरान पकड़े जाने पर ठेकेदार राजू डीडी आहूजा कम्पनी के खिलाफ अवर अभियंता निखिल शेखर सिंह द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया। इसी प्रकार अवर अभियन्ता मनीष कुमार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में टेवगा गांव में मोहीउद्दीन उर्फ मिस्टर व मो. अफजल पुत्र समसुद्दीन के खिलाफ विद्युत चोरी की धारा में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। साथ ही 25 बिद्युत विच्छेदन की कार्यवाही की गई।

# पीड़ित लगा रहा तहसील और थाने का चक्कर

**गुहार**

## लेखपाल पर लगाया धन उगाही का आरोप

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के ग्राम भैसासुर निवासी दिलीप कुमार पुत्र स्व.रमई ने बताया कि वह ग्राम पांती में गाटा संख्या 118 में एक बीघा जमीन बैनामा कराया था लेकिन आज तक उसे कब्जा नहीं मिल सका। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त गाटा में कई खातेदार हैं जो कि अपनी जगह पर काबिज है किंतु राम प्रकाश पांडेय पुत्र स्व.राम प्यारे पांडेय द्वारा जबरदस्ती गुंडई के बल पर हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया। प्रार्थी को उसके द्वारा क्रय की गई जमीन पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है। प्रार्थी न्याय के लिए तहसील और थाने का चक्कर लगा रहा है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी राम प्रकाश जमीन जोतने बोने नहीं दे रहे हैं। जब भी हम लोग अपनी जमीन जोतने बोने के लिए जाते हैं तो विपक्षी द्वारा गाली-गलौज व मारपीट की जाती है। पीड़ित का आरोप है कि जब इस संबंध में उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया तो उन्होंने लेखपाल और कानूनगो की संयुक्त टीम को मौका मुआयना के लिए भेजा, जहां लेखपाल और कानूनगो द्वारा पैसे की मांग की जा रही है। इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी बूढ़नपुर ने बताया कि अगर ऐसा है तो जांच कर-के कार्रवाई की जाएगी।



# सीओ और एसएचओ ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** क्षेत्राधिकारी महेंद्र शुक्ला व थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह ने नगर पंचायत में रूट मार्च कर व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की गुणवत्ता को जांचा तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर खराब हुए सीसीटीवी कैमरे सही कराने का निर्देश दिया। व्यापारियों से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए क्षेत्र के लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी परेशानियों को समझते हुए उन्हें पूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा क्षेत्र में अमन शांति बहाली के लिए लोगों को जागरूक किया गया। क्षेत्राधिकारी ने व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उनकी परेशानियों को जाना। इसी क्रम में केसरी चैक, मदिया पार मोड़ आदि स्थानों पर रूट मार्च कर लोगों को शांति और सुरक्षा का भरोसा दिया। प्रमुख चैराहे पर चेकिंग कर चालान भी काटे। उन्होंने नगर पंचायत अतरौलिया में स्थित शराब की दुकानों पर भी जाकर जांच किया। दुकान पर बैठकर शराब पीने वालों को मना किया और सख्त चेतावनी भी दी।

## नसीरपुर की टीम ने ट्राफी पर जमाया कब्जा

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के दिलौरी में चल रहे मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में शुक्रवार को केके नसीरपुर की टीम ने मुबारकपुर सिकठी को 6 विकेट से हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। दोनो ही टीमो को पुरस्कृत किया गया। उक्त टूनार्मेंट में शुक्रवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। टास जीत कर मुबारकपुर सिकठी की टीम ने बल्लेबाजी का फैसला लिया। मुबारकपुर सिकठी की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट खो कर 83 रन का लक्ष्य दिया। कासिम और आसिम ने दो-दो विकेट झटके। जबाब में खेलने उतरी केके नसीरपुर की टीम ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 6वें ओवर में ही 4 विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर ली। नसीरपुर की ओर से अकबर ने सर्वाधिक 36 रनो की पारी खेली। विजेता टीम को मनीष राय ने कप प्रदान किया जबकि उपविजेता टीम को शाहिद सूरी ने कप दिया। मैच में मैन आफ द मैच अकबर को जबकि मैन आफ द सीरीज ओसामा शेख को दिया गया। कमेंट्री सुजीत शान, शाकिर फराही ने किया।

# शासन के निर्णय का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**बैठक**

## खाली पड़ी अनुपजाऊ भूमि का प्रशासन कराये सर्वे

जनसंदेश न्यूज


कलेक्ट्रेट पर बैठक करते आशियाना बचाओ ग्रामवासी मोर्चा के सदस्य

**आजमगढ़।** प्रशासन द्वारा कुल 8 ग्रामों के लगभग 4000 घरों को तोड़कर मन्दुरी हवाई पट्टी का विस्तार करके अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाये जाने के विरोध में आशियाना बचाओ ग्रामवासी मोर्चा द्वारा कलेक्ट्रेट पर बैठक की गयी। अध्यक्षता डा.राधेश्याम प्रजापति एवं संचालन ज्ञानचन्द ने किया। मोर्चा के संरक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि विगत 15 दिसम्बर को आशियाना बचाओ ग्रामवासी मोर्चा के बैनर तले 8 ग्रामों के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर धरना देकर शासन को संबोधित ज्ञापन सौंपा था। उक्त ज्ञापन पर शासन द्वारा विचार करते हुये उड्डयन विभाग के पत्र 6 जनवरी 2023 द्वारा उन 8 गांवों की रिहायशी आबादी को छोड़कर खाली परती पड़ी अनुपजाऊ जमीनों पर एयर पोर्ट बनाने का विकल्प जिलाधिकारी एवं कमिश्नर से मांगा है। वक्ताओं ने शासन के इस निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन अपना अड़ियल रवैया छोड़कर खाली व परती पड़ी अनुपजाऊ जमीनों का सर्वे करके शासन को विकल्प भेजे। जब तक प्रशासन पूर्व सर्वे को निरस्त करके नया सर्वे नहीं करा लेता, तब तक ग्रामीणों का आन्दोलन जारी रहेगा। सभा को ओमहरी प्रजापति, शिवबचन, ओम प्रकाश सिंह, जीत नरायन यादव, केदार वर्मा, नीरज राय, संगीता व सुभावती ने भी सम्बोधित किया।

# गोंड समाज को न्याय दिलाने के लिए भाजपा उनके साथःअजय


दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते अजय सिंह, सुहाल प्रसाद व भगवान गोड़

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** गोंड जन जाति संघर्ष समिति के तत्वाधान में शुक्रवार को नेहरू हाल में सोमनाथ गोड़ की अध्यक्षता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि भाजपा उपाध्यक्ष अजय सिंह थे। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश गोंड ने किया। सुहाल प्रसाद गोड़ ने समस्याओ पर प्रकाश डालते हुये बताया कि शासनादेशों का मतलब क्या है, जब जिले में उसका पालन ही नहीं होगा। लगातार शासनादेश होते जा रहे हैं। जनगणना से प्रमाणित है कि जनपद में भारी संख्या में गौंड जन जाति निवास करती है। अब हमें कुछ ठोस करना होगा। संरक्षक महानन्द गोंड ने कहा कि बहुत हो चुका अब हमे निर्वाचक आन्दोलन करना ही होगा। बिना आन्दोलन किये, विना संघर्ष किये गोंड जाति का कल्याण नहीं होगा। मुख्य अतिथि अजय सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि मैं गोड़ जाति को प्रमाण पत्र अवश्य दिलाऊँगा। गोंड समाज के भारतीय जनता पार्टी की तरफ से पूरा सहयोग मिलेगा गोंड समाज का संघर्ष अब हमारा संघर्ष है।

## छात्रवृत्ति आवेदन में आनलाइन संशोधन 27 जनवरी तक

**आजमगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल ने बताया कि शासन द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति के छात्रों के संदेहास्पद डाटा को कारणों सहित छात्र, संस्थाओं के लॉगिन पर 19 जनवरी से 27 जनवरी तक आनलाइन प्रदर्शित किया जायेगा। जिसे छात्र द्वारा आवेदन में संशोधन करने उपरान्त सम्बन्धित विद्यालय से फारवर्ड कराना होगा, तभी संशोधन पूर्ण माना जायेगा। जिन छात्रों का बैंक रिस्पांस (पीएफएमएस) नहीं आया है या बैंक रिस्पांस त्रुटिपूर्ण है, ऐसे छात्र, छात्रायें भी अपने आवेदन में बैंक सम्बन्धी विवरण को अपडेट कर सकेगें। उन्होने जनपद के समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों, छात्रों को निर्देशित किया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जारी समय-सारिणी के अनुसार संशोधन करना सुनिश्चित करें, जिससे दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति पाने से वंचित न रहे।

# पिछड़ा समाज भाजपा की ताकत

जनसंदेश न्यूज



**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला कार्य समिति बैठक जिला कार्यालय पर मुख्य अतिथि संजय भाई पटेल विशिष्ट अतिथि सन्तोष चैहान की उपस्थिति में हुई। बैठक का शुभारम्भ पं0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं0 दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पाजली अर्पित कर दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संजय भाई पटेल ने कहा कि पिछड़ा समाज भारतीय जनता पार्टी की ताकत है। केन्द्र व राज्य में नरेन्द मोदी के नेतृत्व में योगी के मार्गदशन में जो काम सरकार कर रही है उसमें पिछड़ा वर्ग समाज की 100 प्रतिशत भागीदारी है। पिछड़ा समाज को मजबूत करते हुए केन्द्र सरकार ने 27 प्रतिशत का आरक्षण पिछड़ा समाज को दिया। केन्द्र व राज्य की सरकार पिछड़ां के हितैशी है। जिसका जीता जागता प्रमाण निकाय चुनाव है। हाईकोर्ट के ओदश को न मान कर सुप्रिम कोर्ट में पिछड़ों को आरक्षण देकर ही चुनाव कराया जाय, ऐसा मुख्यमंत्री ने किया। जिससे पिछड़ा समाज अपने आप को गौर्वान्वित महसूस करता है। विशिष्टि अतिथि सन्तोष चैहान ने कहा कि भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है तो इसकासारा श्रेय पिछड़ा समाज को जाता है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इन्द्रेश चैहान तथा संचालन जिला महामत्री मिथिलेश चैरसिया ने किया। बैठक में क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी मोनू विश्वकर्मा, जयजय राम प्रजापति, हरिकेश राजभर, रवि गुप्ता, राजेश विश्वकर्मा, हरिकेश राजभर, रवि गुप्ता,, राजेश विश्वकर्मा, पुष्पा राजभर, चन्द्रशेखर यादव, नन्दलाल चैहान, हनुमान चैहान, परमहंस चैहान, जयराम यादव, दीपक मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# निर्भीक होकर आत्मविश्वास से परीक्षा दें विद्यार्थी

जनसंदेश न्यूज

**सलाह**

## परीक्षा पे चर्चा के तहत आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न


छात्रा को प्रमाण पत्र देती पूर्व सांसद नीलम सोनकर

**आजमगढ़।** परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम स्वाभिमान मंच व भाजपा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत ‟आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता” लालगंज क्षेत्र के 5 विद्यालयों में आयोजित किया गया जिसमें लगभग 1000 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद नीलम सोनकर ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन निर्भीकता व आत्मविश्वास से परिपूर्ण विद्यार्थी ही सभी चुनौतियों का मुकाबला कर सकता है। पढ़ाई के साथ-साथ जिस क्षेत्र में रुचि हो चाहे कला, खेल, गीत, संगीत आदि उस क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं, सिर्फ पढ़ाई पूरी करना ही शिक्षा नही है, हर प्रकार का ज्ञान रखकर ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सकता है। अभिभावक भी बच्चो को दबाव देकर न पढ़ाएं उसके रुचि क्षेत्र के हिसाब से उसे करियर चुनने में सहयोग व मार्गदर्शन दें। भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय ने कहा कि प्रधानमंत्री तनावमुक्त परीक्षा हेतु सम्पूर्ण देश में अभिनव प्रयास कर रहे हैं, इसी क्रम में यह आर्ट व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया है। 27 तारीख को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विद्यार्थियों से संवाद करेगें। इसी प्रकार पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विनोद राय, कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन जयप्रकाश पांडेय ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में जिला स्तर पर चिल्ड्रेन च्वाईस पब्लिक स्कूल की लाइबा नूर प्रथम को प्रथम, श्रेया मिश्रा ओमप्रकाश मिश्रा पब्लिक स्कूल, फुलेश दीदारगंज द्वितीय स्थान, अंजलि सोनकर जीडी यांकर्स इंग्लिश स्कूल तृतीय स्थान, आनंद कुमार लालता सिंह विद्या वाहिनी इंटर कॉलेज बसहिं अतरौलिया चतुर्थ स्थान व विकास कुमार- एलपीजे आदर्श इंटर कॉलेज फूलपुर के पंचम स्थान पर रहें। इसके साथ ही सभी विद्यालयों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार विजेताओं को तथा दस प्रतिभागियों को एक्सीलेंस आर्ट वारियर्स व पच्चीस प्रतिभागियो को सुपीरियर आर्ट वारियर्स व सभी प्रतिभागियों को आर्ट वारियर्स का प्रमाणपत्र दिया गया। विभिन्न विद्यालयों के 980 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, सह संयोजक अभिषेक सिंह बॉबी, जिला मंत्री भाजपा, अजय राय, जयप्रकाश जायसवाल, अंशुमान जायसवाल, जयशंकर सिंह, रजनीश श्रीवास्तव, विकास तिवारी, मयंक कुमार श्रीवास्तव, चन्द्रहास राय भोलू, केशव सिंह, आमिर खान सहित दर्जनों सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहें।

# यज्ञ परिक्रमा के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला



**आजमगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के चड़ई गांव स्थित जयबजरंग अखाडा द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मे अंतिम दिन जहां परिक्रमा के लिए रेला उमड़ पड़ा वहीं कथा वर्णन में श्रीकृष्ण की बाल लीला और रुकमणी विवाह का प्रसंग सुनाया। पूणार्हुति में लोगो ने हिस्सा लिया। शनिवार को भंडारा में लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। ज्ञान यज्ञ में यज्ञाधीश पं.प्रेमशंकर महराज रहे। वहीं आचार्य पं.दिवाकर तिवारी रहे। अंतिम दिन कथा वाचक विजय शास्त्री ने रुकमणी विवाह प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि भगवान कण कण में वास करते हैं उनसे केवल प्रीत लगाने की जरूरत है। जो सच्चाई पर रहते हुए भगवान में विश्वास रखते हैं कामनाओं की पूर्ति जरूर होती है। सतकर्मों पर चलते हुए भगवान की भक्ति में जो लीन होता है किसी न किसी रुप में दर्शन अवश्य पाता है। यज्ञ में बनाई गयी बेदी की अंतिम दिन परिक्रमा करने वालों का तांता लगा रहा। मत्रोच्चारण के बीच पूणार्हुति में लोगो ने हिस्सा लिया। मंत्रोच्चारण से पूरा क्षेत्र भक्ति रस से सराबोर रहा। 14 जनवरी से शुरू यज्ञ का प्रसाद भंडारा शनिवार को होगा। कार्यक्रम में रामनाथ यादव, रामपाल यादव, अमरजीत यादव, शंकर यादव, रामनयन आदि ग्रामीण संचालन में लगे रहे।

## संक्षेप

### सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों ने किया जागरूक



**लालगंज (आजमगढ़)।** श्रीकृष्ण गीता राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ऋषिकेश सिंह के नेतृत्व में ‟सड़क सुरक्षा जागरूकता गतिविधि” कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को महाविद्यालय के प्रांगण में अलग-अलग ग्रुप बनाकर सड़क सुरक्षा के विषय पर चर्चा करने के लिए अवसर प्रदान किया गया। जिसका उद्देश्य महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को जागरूक करके सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली क्षति के बारे में एक सोच विकसित करना था। छात्र-छात्राओं में यह प्रवृत्ति पैदा करने का प्रयास किया गया कि वाहन चलाते समय या सड़क पर पैदल चलते समय हमें किन नियमों का अनुपालन करना चाहिए। इससे हम यात्रा में होने वाली अनावश्यक देरी और दुर्घटना दोनों से बच सकते हैं। मनुष्य का जीवन और समय दोनों अनमोल हैं, अगर हम सावधानी बरतें तो दोनों को बचा सकते हैं तथा असावधानी पूर्वक वाहन चलाना या यातायात के नियमों की अनदेखी करना दंडनीय अपराध के साथ जानलेवा भी होता है। इस सड़क जागरूकता गतिविधि कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को आवश्यक जानकारी देने में महाविद्यालय की प्रो. शीला मिश्रा, डॉ.विपिन कुमार सिंह, डॉ.अतुल कुमार यादव, डॉ. नीरज श्रीवास्तव, आशीष कुमार सिंह, दिलीप, संतोष यादव, शुभम गिरी आदि उपस्थित रहे।

### तमंचा, कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**लालगंज (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए तरवां थाने की पुलिस ने एक मोटर साईकिल, एक देशी तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को फद्दुपुर तिराहा से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। तरवां पुलिस ने एक अभियुक्त शिवम गिरी पुत्र ओम प्रकाश गिरी निवासी हसनपुर उर्फ भरथीपुर थाना तरवां को जखनिया मार्ग बहद फद्दुपुर तिराहा से एक अदद मोटर साईकिल ग्लैमर एफआई, एक अदद देशी तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार एक अभियुक्त रवि गिरी पुत्र लालजी गिरी निवासी हसनपुर उर्फ भरथीपुर मौके से भागने में सफल रहा।



### बड़ागांव में लगाया गया ग्राम चैपाल

**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खंड के बड़ागांव ग्रामसभा में शुक्रवार को ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार श्रीवास्तव नोडल अधिकारी के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि जो भी योजनाएं जनहित में संचालित की जा रही हैं उससे गांव का प्रत्येक व्यक्ति लाभान्वित हो। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो, चाहे सरकार द्वारा संचालित योजना वृद्धा विधवा पेंशन हो, राशन कार्ड हो, कॉलोनी हो या शौचालय की योजना हो, किसी तरह की समस्या हो तो उसे संज्ञान में लाया जाए। उन सभी समस्याओं का निदान किया जाएगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र राय ने कहा कि सारी योजनाएं प्रधान द्वारा गांव के प्रत्येक लाभार्थी के घर पहुंचाई जा रही हैं। गरीब व्यक्तियों का चयन करके जो आवास का पात्र है, शौचालय का पात्र है, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन का पात्र है सभी जरूरत मन्दों को प्रदान किये जा रहे हैं। ग्राम प्रधान रविंद्र राय ने कहा कि उनकी कोशिश है कि गांव के प्रत्येक लाभार्थी को सरकारी योजना का लाभ शत प्रतिशत मिल सके और गांव का विकास हो। इस अवसर पर एडीओ कृषि प्रदीप यादव, ग्राम विकास अधिकारी लालमन यादव, डॉ.अनिल राय सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मेंहनगर पेट्रोल पंम्प से मोटर चोरी

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तहसील मुख्यालय के ठीक सामने केसरवानी परिवार फिलिंग स्टेशन से गुरूवार की रात टुल्लू पम्प चोरी चला गया। मेहनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पवनीकला निवासी महेंद्र केसरवानी पुत्र झिलमिल राम वीपीसीएल कम्पनी का पेट्रोल पंप स्थापित है। पंप पर पानी का छिड़काव व साफ सफाई करने के लिए एक हार्स पावर का मोटर पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पानी चलाने के लिए जब कर्मचारी गये तो देखा कि मोटर गायब है। कर्मचारी ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने छानबीन कर तहरीर देने को कहा। शुक्रवार को महेंद्र केसरवानी ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दिया। इस बाबत थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है, पेट्रोल पंप लगे सीसी टीवी फुटेज से छानबीन कर विधिक कार्यवाही किया जायेगा।

### किशोरी भगाने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**आजमगढ़।** थाना सिधारी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किशोरी को अगवा करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। सिधारी थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने तहरीर दिया कि उसकी बहन को अभियुक्त रोशन पुत्र स्व.कैलाश निवासी थाना सिधारी बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पूछने पर वादी के परिवारजन के लोगों को जान माल की धमकी दे रहा है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में थी। शुक्रवार को उक्त अभियुक्त को हाइडिल चैराहे के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

### 300 छात्र छात्राओं को दिया गया स्मार्टफोन

**मोहम्मदपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खंड अंतर्गत सरस्वती शांति महाविद्यालय रानीपुर रजमो बिंद्रा बाजार में शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह के नेतृत्व में 300 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी नजर आ रही थी। श्री सिंह ने कहा कि सरकार की यह योजना हर छात्र छात्रा तक स्मार्टफोन पहुंचा कर उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देना है। स्मार्टफोन से सारी व्यवस्था घर बैठे छात्र छात्रा कर सकते हैं। विद्यालय के प्रबंधक महेश्वर मिश्रा ने उपस्थित सभी लोगों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्राचार्य आशुतोष मिश्रा, दिलीप सिंह, आलोक सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, राजेंद्र मिश्रा, घनश्याम उपाध्याय आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभाकर यादव ने किया।

### पीड़ित ने लगायी मंडलायुक्त से न्याय की गुहार

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के आवंक गांव में विवादित भूमि पर राजस्व परिषद द्वारा स्थगन आदेश के बाद भी राजस्व विभाग कर्मियों द्वारा ट्रैक्टर से जुताई कराने पर पीड़ित पक्ष ने मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी से जांच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। आवंक गांव में 18 वर्ष से भूमि विवादित है। इस मामले में राजस्व परिषद द्वारा भूमि पर यथास्थिति का स्थगन आदेश 14 वर्ष पूर्व से है। पीड़िता वकीदुनिशा पत्नी महबूब ने प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया है कि राजस्व कर्मियों की मिली भगत से विवादित भूमि पर जबरन ट्रैक्टर से जुताई करा दी गयी। राजस्व परिषद के आदेश को राजस्व कर्मी ही मानने से इंकार कर दिये। पीड़िता ने अधिकारियों से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### भेड़ उठा ले गये चोर, दी तहरीर

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोठिया गांव के समीप नेशनल हाइवे के किनारे से रात में वाहन सवार चोर 60 भेंड़ चोरी कर ले गये। पीड़ित ने सूचना पुलिस को दे दी है। रानी की सराय थाना क्षेत्र के कोठिया गांव निवासी फिरतू पाल जो भेड़ पालन करता है और खेत में बैठाकर इससे ही जीविकोपार्जन भी करता है। गुरुवार की रात भेड़ गांव के समीप से गुजरे नेशनल हाइवे के किनारे बैठाया था। रात में नींद लगने पर स्वयं सो गया। रात में ही वाहन सवार बैठी भेड़ से 60 भेड़ लादकर उठा ले गये। सो कर उठने पर भेड़ कम दिखने पर अवाक हो गया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

### फरिहां रेलवे स्टेशन पर सभी ट्रेनों का ठहराव आवश्यक : अरुण कुमार

**आजमगढ़।** समाज सेवी अरुण कुमार द्वारा कई मांगों को लेकर फरिहा स्टेशन के पास धरना दिया जा रहा है। अपनी मांगों को पूरा करने के लिए उन्होने जिला प्रशासन को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी को सौपे पत्रक के माध्यम से अरुण कुमार समाज सेवी ने बताया कि आजमगढ़ से चलने वाली कैफियत एक्सप्रेस को चण्डीगढ़ का बढ़ाया जाय तथा उन्होने मांग किया गया कि जनता की सहूलियत को देखते हुए फरिहा रेलवे स्टेशन पर सभी ट्रेनों का ठहराव किया जाय जिससे स्थानीय लोगों को आने जाने में आसानी हो सके। साथ ही उन्होने देश के महापुरुषों के नाम से पूरे भारत में कई ट्रेनों का संचालन किया जा जाय महापुरुषों के नाम से ट्रेनों के संचालन से ही महापुरुषों के प्रति सच्ची श्रद्धाजंलि होगी।

# मंदिर के नाम पर वसूली करने वाला जेएनयू का छात्र गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**पुलिस ने पटना निवासी मनीष को दबोचा**

**विंध्याचल में निर्माण के नाम पर मांगा था दान**

**जनसंदेश न्यूज**


पत्रकार वार्ता में खुलासा करते कप्तान

**मीरजापुर।** माता विंध्यवासिनी मंदिर के विकास के नाम पर वेबपेज और फेसबुक अकाउंट बनाकर लोगों से चंदा मांगने वाले आरोपी को जनपद पुलिस ने पटना से गिरफ्तार किया। जिसका खुलासा एसपी संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस लाइन में किया। पकड़ा गया आरोपी मनीष जेएनयू का पूर्व-छात्र निकला। जो विंध्याचल मंदिर के विकास के नाम पर एकाउंट में रुपए मंगा रहा था। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कारीडोर के नाम पर वसूली की शिकायत विंध्याचल थाना में किया गया था। पुलिस ने 17 जनवरी को भानू पाठक की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। जांच में जुटी पुलिस ने आरोपी बिहार प्रांत के पटना के थाना पत्रकारनगर चित्रगुप्त नगर निवासी मनीष कुमार को गिरफ्तार किया। उसके पास से 2 मोबाइल और 4 हजार रुपया नगद बरामद किया गया। आरोपी जेएनयू से एमफिल और एलएलबी करने के बाद पटना में प्रैक्टिस कर रहा था।

जल्द रुपया कमाने के लिए विंध्याचल मंदिर के लिए फेसबुक व वेबपेज बनाकर लोगों से दान के नाम पर वसूली कर रहा था। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही मामले की तहकीकात में जुटी है। अधिकांश समय दिल्ली में रहकर जेएनयू से एमफिल व एलएलबी की पढ़ाई करने वाला मनीष इन दिनों पटना में रहकर प्रैक्टिस कर रहा था। पुलिस विंध्याचल मंदिर के विकास के नाम पर वसूली के पीछे के कारण की तह तक जाने के लिए जांच में जुटी है। एसपी ने कहा कि मन्दिर निर्माण के लिए किसी प्रकार का चंदा लेने का कोई प्राविधान नहीं है। मन्दिर के नाम पर चंदा मांगने वालों की तलाश वेबपेज पर किया जा रहा है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। आरोपी को पकड़ने वाले विंध्याचल थाना प्रभारी अतुल कुमार राय एवं सायबर सेल प्रभारी विनीत राय की टीम को 20 हजार रुपए इनाम घोषित किया।

# बीडीओ ने दो पंचायतों में चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्यायें



**हलिया।** खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार ने विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में लालापुर पटेहरा में शुक्रवार को ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी तथा निस्तारण हेतु शासन को रिपोर्ट भेजी है। देवरी उत्तर व बबुरा खुर्द गांव में स्थित तालाब के भीटों पर बाहरी लोगों के द्वारा पक्के मकान बनाकर अतिक्रमण करने कि शिकायत ग्रामीणों ने की।

जिस पर खंड विकास अधिकारी ने अतिक्रमण हटवाने का आश्वासन दिया है। ग्राम पंचायत लालापुर में मुबारक अली ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव स्थित बबुरा खुर्द तालाब के भीटे पर वर्षो से निवास कर रहे हैं। जमीन न होने के कारण तालाब के भीटे पर ही रात गुजारनी पड़ती है। जमीन एवं आवास तथा शौचालय की मांग की है। इसी तरह विकास खंड के पटेहरा गांव के पंचायत भवन पर चौपाल के माध्यम से खंड विकास अधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, आलोक राव, ग्राम प्रधान फरजाना बेगम, असफाक अहमद, गंगा शर्मा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन


बनाये गये मॉडल के साथ स्कूल के छात्र

**जिगना।** क्षेत्र के गौरा रामनगर स्थित एल जे. रॉयल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए गए माडल को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया।

प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील सिंह उर्फ राजन सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने विद्यालय के समस्त स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया और इसी तरह से विद्यालय के बच्चों को अच्छे-अच्छे कार्यक्रमों के जरिए इनका ज्ञानवर्धन होते रहना चाहिए।

इस विज्ञान प्रदर्शनी में जो बच्चे प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करेंगे उन्हें 26 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान प्रधानाचार्य अनीता बिंद, प्रधानाचार्य प्रिया सिंह, सहयोगी प्रधानाध्यापक हेमंत सिंह, पिंकी सिंह, बृजेश यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## बाल अपचारी सहित 3 चोर गिरफ्तार, चोरी का समरसेबल बरामद

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान पर 19 जनवरी 2023 को वादी महेश मौर्य पुत्र सियाराम निवासी रजौहा थाना मडिहान मीरजापुर द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध घर की समरसेबल चोरी होने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर धारा 380 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त चोरी की घटना का संज्ञान लेकर थाना प्रभारी मड़िहान को अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी करने के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को उ0नि0 भरत सुमन मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार पुत्र संतोष निवासी बनदेइया थाना मड़िहान मीरजापुर व 02 बालअपचारियों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी निशानदेही पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी का एक अदद समरसेबल बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही हुए किशोर जेल भेजा गया।

# मतदाता दिवस मनाये जाने की तैयारियों की सीडीओ ने की समीक्षा

**मीरजापुर।** आगामी 24 जनवरी 2023 को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं 25 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उत्तर प्रदेश दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकायों को निर्देशित करते हुये कहा गया कि जिसे जो सहभागिता सुनिश्चित की गयी हैं वह उसे पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ सुनिश्चित कराते हुये भव्य रूप से उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन सुनिश्चित करायें।


बैठक में अधिकारियों को संबोधित करतीं सीडीओ

उन्होने स्थल चयन के उपरान्त सभी विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार हेत प्रदर्शनी लगाने के भी निर्देश दिये गये। तत्क्रम में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुपालन एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल के द्वारा आगामी 25 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में भी जारी आदेश में उल्लिखित बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। मतदाता दिवस पर्व को वृहद रूप से मनाये जाने हेतु मतदाता जागरूकता सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों एवं आयोजनों के लिये पूर्व की भातिं कार्यक्रम आयोजित किये जाये तथा मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ कार्यक्रम के अन्तर्गत दिलायी जाय।

बैठक में जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# मंडलायुक्त ने कॉरिडोर का किया स्थलीय निरीक्षण

**निरीक्षण**

**कोतवाली मार्ग पर चल रहे प्रगति कार्य में सुस्ती पर लगाई फटकार**


कॉरिडोर का निरीक्षण करते आयुक्त

**मीरजापुर।** मंडलायुक्त मुथुकुमार सामी बालासुब्रमणियम ने शुक्रवार लगभग दो बजे विन्ध्य कोरिडोर का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने चारों प्रवेश मार्गो सहित परिक्रमापथ में चल रहे प्रगतिकार्यों का नजदीकी अवलोकन किया। पुरानी व्हीआईपी मार्ग से पैदल भ्रमण करते हुए न्यु व्हीआईपी, बंगाली चौराहा, बरतर तिराहा, कोतवाली मार्ग, मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, पक्काघाट तक विधिवत निरीक्षण किया।

कोतवाली मार्ग से बरतर तिराहा के मध्य निर्माणकार्य में धीमापन पर कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को फटकार लगाई। उन्होंने कहा की विगत दो महीने से मैं लगातार इस योजना पर बात कर रहा हूं, पर आपलोग मेरी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहे है। खरीदी गई संपत्तियो पर स्थित भवनों, दुकानों के ध्वस्तीकरण का कार्य अभी तक क्यों नही पूर्ण किया गया। कोतवाली मार्ग पर ही सड़कों के मध्य खड़े विद्युत के खंभों पर भी उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा की अभी तक मार्ग के मध्य खड़े खंभों को हटाने का काम क्यों पूरा नहीं किया गया। उपरोक्त तीनों मुद्दोपर उन्होंने विभागीय उच्चाधिकारियों से जबाब मांगा। कोतवाली मार्ग पर ढलाई के पूर्व बिछाए गए पत्थर के चुरों को देख कार्यदाई संस्था के अधिकारियों से कहा की आप सुनिश्चित करें कि जो भी सामग्रियां इस्तेमाल में लाई जा रही है वह गुणवत्ता के हिसाब से सही है। निरीक्षण के पश्चात मौजूद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा की कार्य आशानुरूप काफी हद तक सही दिशा में प्रगति पर है। आगामी दिसंबर तक कोरिडोर के प्रथम फेज का निमार्णाधीन कार्य पूर्ण हो जायेगा। निर्माणकार्य में थोड़ा बिलंब स्वाभाविक है, फिर भी इस कार्य को समय से पूरा करा लिया जाएगा। मैने इस योजना में सहयोगी विभागो से बात कर सही दिशा में तीव्रगति से कार्य पूरा करने का निर्देश जारी किया है। नए कार्यों में गंगाघाटों की योजना शासन को भेजी गई है। इस दौरान कार्यदाई संस्था के योजनाप्रबंधक वीरेंद्र कुमार सहित कई और विभागीय भी मौजूद रहे।जजज

## डीएम ने मंडलायुक्त को कॉरिडोर की दी विस्तृत जानकारी

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. ने आयुक्त सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल सहित कारीडोर से सम्बन्धित सभी अधिकारियें के साथ बैठक कर कार्य प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी बताया गया कि परिक्रमा पथ/परकोटा का कार्य 70 प्रतिशत तक तथा चार मुख्य द्वारों में तीन द्वार यथा पुरानी वी0आई0पी0, न्यू0 वी0आई0पी0 व पक्का घाट मार्ग पर मुख्य द्वार लगभग 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया हैं। कारीडोर के फेज-2 विकास कार्य के लिये भूमि अधिग्रहण हेतु कार्यवाही प्रकियाधीन हैं। जून 2023 तक यह कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा मन्दिर की संरचना व उसमें पत्थरों का प्रयोग भीड़ नियंत्रण एवं पर्यटक सुविधायें, श्रद्धालुओं के आगमन के दृष्टिगत व्यवस्था एवं सुविधायें, पर्यटक सुविधा केन्द्र, राही होटल का उच्चीकरण, विन्ध्य वीथिका, घाटों का निर्माण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में निर्माणाधीन कार्यो को प्रयास किया जा रहा है, मार्च तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

# मिर्ची रेस्टोरेंट में पकड़ी गई बिजली चोरी

**कार्रवाई**

**शास्त्री ब्रिज के पास चल रहे रेस्टोरेंट पर बिजली विभाग का छापा**

**मीरजापुर।** विंध्याचल क्षेत्र में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान जारी है। टीम ने शुक्रवार को शास्त्री ब्रिज के पास मिर्ची रेस्टोरेंट में बिजली चोरी का मामला पकड़ा। रेस्टोरेंट में अवैध तरीके से 9 किलोवाट की बिजली प्रयोग किया जा रहा था। जिस पर बिजली विभाग के थाना में मामला दर्ज कराया जा रहा है।

विद्युत विभाग विंध्याचल की टीम ने रेस्टोरेंट में औचक छापेमारी की। शास्त्री ब्रिज के नीचे पुतलीघर में संचालित मिर्ची रेस्टोरेंट में कटिया लगाकर विद्युत उपयोग करते हुए पकड़ा गया। ग्राहकों की सेवा के नाम पर मिर्ची रेस्टोरेंट संचालक बिजली विभाग को ही मिर्ची लगा रहा था। मौके पर पहुंची टीम ने कटियामारी की वीडियो बनवाया। जांच में नौ किलोवॉट की विद्युत चोरी का मामला सामने आया है। रेस्टोरेंट संचालक पर बिजली विभाग के फतहा स्थित कार्यालय परिसर में स्थापित एंटी पॉवर थेफ्ट थाना में मामला दर्ज कराया जा रहा है। कुछ माह पूर्व रेस्टोरेंट से कुछ ही कदम दूर पर्यटन विभाग के होटल में बिजली चोरी पकड़े जाने पर मामला दर्ज कराया गया था। बिजली विभाग के अभियान के बावजूद बिजली चोरी करने वालों के मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। बड़ी बिल्डिंग में संचालित लान, हास्पिटल, होटल में बिजली चोरी कर जनता के साथ ही सरकार के खजाने में सेंध लगाया जा रहा है। विंध्याचल क्षेत्र के अवर अभियंता रमन चतुर्वेदी ने बताया कि सरकार बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए प्रयासशील है। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार बिजली कनेक्शन लेकर ही उसके उपयोग पर जोर दिया। कहा कि बिजली चोरी कर-के कानून और सरकारी मंशा के खिलाफ काम करने वालों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

# अव्यवस्था के चलते आधा दर्जन से अधिक गोवंशों की मौत


जंगल में पड़े मृत मवेशी

**हलिया।** विकास खंड के उमरिया गांव स्थित पशु आश्रय स्थल पर मौजूद गोवंश भीषण ठंड व शीतलहर की चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहे हैं। आधा दर्जन से अधिक मृत गोवंशों के खुले आसमान के नीचे फेंक दिए जाने का वीडियो किसी ने शुक्रवार को इंटरनेट मीडिया पर डाल दिया जो तेजी से वायरल हो रहा है।

गोवंशों की सुरक्षा व देखरेख में लगे कर्मचारियों ने मृत गोवंशों को पशु आश्रय स्थल से कुछ दूर पर खुले आसमान के नीचे फेंक दिया है। वायरल वीडियो में गोवंशों के शव को कुत्ते नोचते हुए दिखाई दे रहे हैं जो गोवंशों की सुरक्षा में लगे जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पोल खोल रहा है। जबकि मृत गोवंशों के शवों को दफनाया जाना चाहिए लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते शवों को खुले आसमान के नीचे फेंक दिया गया है। वर्तमान समय में उमरिया पशु आश्रय स्थल पर तीन सौ से अधिक गोवंश मौजूद हैं लेकिन समुचित ढंग से गोवंशों की व्यवस्था नही होने से ठंड की चपेट में आकर असमय मौत के मुंह में समा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि दो तीन दिन के भीतर आधा दर्जन से गोवंशों की मौत हो चुकी है जिसे पशु आश्रय स्थल के कर्मचारियों द्वारा खुले आसमान के नीचे फेंक दिया गया है जिसके चलते दूर से ही दुर्गंध आ रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है।


**वायरल वीडियो**

**तैनात कर्मियों ने खुले आसमान के नीचे गोवंशों को फेंका**

## भाई को मृत घोषित कर जमीन हड़पने वाला दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना पड़री, मीरजापुर पर 20 नवम्बर 22 को वादी मुरली साहनी पुत्र स्व0 राम अधार निवासी ग्राम कनौरा थाना पड़री मीरजापुर द्वारा नामजद के विरूद्ध वादी को मृत घोषित कर जमीन हड़पने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना पड़री पर धारा 419/420/467/468/471भा0द0वि0 पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना का संज्ञान लेकर थाना प्रभारी पड़री को अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को उ0नि0 विजय कुमार सरोज मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना पड़री पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित दूसरे वांछित अभियुक्त राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व0 राम अधार निवासी गजियां कंतित थाना विन्ध्याचल मीरजापुर (हालपता ग्राम कनौरा थाना पड़री मीरजापुर) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# समय पर सुनिश्चित करायें कृषकों के भुगतान : अपर जिलाधिकारी


क्रय केद्र का निरीक्षण करते एडीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने तहसील सदर क्षेत्रान्तर्गत धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया गया। विपणन शाखा, क्रय केन्द्र पड़री-निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी दीपिका बरनवाल उपस्थित रही। केन्द्र पर टोकन सूची चस्पा पाया गया। क्रय केन्द्र पर खरीद हेतु 537 किसानों द्वारा सम्पर्क किया जाना सम्पर्क रजिस्टर में अंकित पाया गया। केन्द्र पर 252 किसानों से 1364.20 मी0टन धान की खरीद के सापेक्ष 1271.20 मी0टन धान का प्रेषण मिल को किया गया है। तथा 223 किसानों का भुगतान किया गया है। निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि अवशेष धान का प्रेषण व कृषकों के भुगतान की कार्यवाही समयबद्ध कराना सुनिश्चित करें तथा टोकन के अनुसार पारदर्शी तरीके से क्रय करना सुनिश्चित करें।

## राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह ने मां विंध्यवासिनी का किया दर्शन पूजन

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश बीज निगम के अध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह ने मां विंध्यवासिनी धाम में पहुंचकर मत्था टेका और इस दौरान विंध्याचल में बन रहे विंध्य कारीडोर का भी निरीक्षण किया। विंध्य धाम पहुंचने पर उनका स्वागत हिन्दु युवा वाहिनी के निवर्तमान जिला संयोजक अमित श्रीनेत ने किया। त्रिकोण दर्शन पूजन और विंध्य कॉरिडोर के निरीक्षण के उपरांत राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह ने लाल बाग कॉलोनी स्थित निवर्तमान जिला संयोजक अमित श्रीनेत के निवास पर पहुंचकर परिजनों से कुशल क्षेम जाना और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। कहा कि सभी लोग योगी सरकार की जनहित की नीतियों के विषय में लोगों को जागरुक करते रहें। इस दौरान निवर्तमान मंडल प्रभारी संजय चंद, शुभम गुप्ता विष्णु सोनकर, अजित श्रीनेत, अश्विन सोनकर अमित पांडे, रिंकू पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### श्रमिक के रिहायशी मड़हे में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नौगवां गांव के गुरूआन बस्ती में बृहस्पतिवार रात नौ बजे के करीब अचानक बिजली के तार तार में शार्ट सर्किट होने के कारण श्रमिक मदन कोल के रिहायशी मड़हे में आग लग गई संयोग ठीक था कि मड़हे में सो रहे दो छोटे बच्चों को किसी तरह से श्रमिक की पत्नी राजकुमारी कोल ने आनन-फानन में मड़हे से बाहर निकाल लिया नही तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। वहीं मड़हे में रखा आठ हजार रुपए सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। नौगवां गांव के गुरूआन मुहल्ला निवासी श्रमिक मदन कोल रोजगार की तलाश में बाहर गया हुआ है पत्नी राजकुमारी अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ मड़हे में खाना खाने के बाद सो रही थी कि अचानक मड़हे में विद्युत तार में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई आग के विकराल विकराल रूप धारण करने से कुछ ही देर में मड़हा जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से मड़हे के भीतर रखा करीब पांच कुंतल चावल, दो कुंतल गेहूं, आटा तथा अन्य खाद्य सामग्री तथा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। भीषण ठंड के मौसम में रिहायशी मड़हा जलकर राख हो जाने से श्रमिक परिवार के सामने रहने व खाने की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान पति शिव सागर पाल ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस तथा हल्का लेखपाल को दे दिया है। श्रमिक की पत्नी राजकुमारी ने बताया कि मड़हे के भीतर आठ हजार रुपए नकद सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया है श्रमिक की पत्नी ने तहसील प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है।

### खुद का लाइसेंसी रिवाल्वर गिरने से चली गोली, जज घायल

**मीरजापुर।** जनपद न्यायालय के एडीजे कोर्ट 6 के जज तलेवर सिंह गोली लगने से घायल हो गए। अपनी ही लाइसेंसी रिवाल्वर से अचानक गोली चलने से वह घायल हो गए। जिनका उपचार मंडलीय अस्पताल में किया जा रहा है। तलेवर सिंह मेरठ जिले के मूल निवासी हैं। जज श्री सिंह का उपचार मंडलीय अस्पताल में किया गया। जिनकी हालत ठीक बताई जा रहीं हैं। बताया जाता है कि अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे तलेवर सिंह का लाइसेंसी रिवाल्वर अचानक गिर गया। उसमें से निकली गोली जमीन से टकराकर उनके पैर में लग गई। चेंबर में गोली चलने से अफरा तफरी मच गई। कचहरी परिसर के अधिवक्ता गण भी एकत्रित हो गए। घायल जज को तत्काल उन्हें मंडलीय अस्पताल लाया गया। कुछ ही देर में अस्पताल पुलिस छावनी में तब्दील हो गई। जिले के न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारी अस्पताल में पहुंचे। इस दौरान अस्पताल में मौजूद पुलिस कर्मी काफी सतर्क रहें। आम लोगों को कुछ देर के लिए इमरजेंसी गेट से जाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। चिकित्सकों ने घायल तलेवर सिंह का जांच कर उपचार आरंभ किया। आपरेशन थियेटर में ले जाए जाने पर तमाम लोग भगवान से उनकी कुशलता की कामना करते नजर आए। चिकित्सक के द्वारा उनके कुशलता और खतरें के बाहर बताएं जाने पर लोगों ने राहत की सांस ली और भगवान को नमन किया।

### नदिनी व बबुरा गांव में किया गया चौपाल का आयोजन

**जिगना।** छानबे विकास खंड के ग्राम पंचायत नदिनी व बबुरा में शुक्रवार को गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे नगर विधायक रत्नाकर मिश्र उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रत्नाकर मिश्र ने कहा कि हर ब्यक्ति का विकास शासन के द्वारा जनहित मे कराये जा रहे है। शौचालय, आवास, शिक्षा सहित विकास कार्यो सहित संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। परियोना निदेशक अनय मिश्र ने आवास की जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता ने ब्लॉक से संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ब्लॉक संबंधी समस्या का हल किया जायेगा। एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद पटेल पेंशन, पारिवारिक लाभ योजना, सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा एडीओ कृषि ने खाद बीज अनुदान सहित अन्य योजना की जानकारी दी। एबीएसए राजेश श्रीवास्तव ने शिक्षा विभाग तथा प्रभारी बाल विकास ने आंगनवाड़ी से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए कुपोषित बच्चों का निःशुल्क इलाज कराने व पशु चिकित्साप्रभारी ने जन सहयोगिता पशुपालन की जानकारी दी। चौपाल में सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रभाशंकर, एडीओ सांख्यिकी विन्ध्यवासनी पाठक, प्रमुख प्रतिनिधि के रूप में कुलदीप सिंह, संदीप शुक्ल, प्रधान अंजना पाठक, दिलीप पाठक ग्राम प्रधान बबुरा आनंद मोहन सिंह उर्फ भुल्लन सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी प्रमोद कुमार, जगदीश सोनकर सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### मानक के विपरीत बन रहे साइन बोर्ड

**राजगढ़।** विकास खंड अंतर्गत एनआरएलएम द्वारा निर्मित घटिया किस्म का सिमेंटेड साइन बोर्ड की सप्लाई होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। प्रधानों एव ग्रामीणों ने साइन बोर्ड बनवाने वालों के खिलाफ कारवाई करने की मांग किया है। खंड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को निर्माण करने वाली संस्था के खिलाफ तत्काल करवाई करने का आश्वासन दिया है। ब्लाक कैंपस अंतर्गत एनआरएलएम के तहत निर्मित सूचना बोर्ड ग्राम पंचायतों में मनरेगा से कराए गए कार्यों में लगाए जा रहे हैं। आरोप हैं कि यह सूचना बोर्ड इतना घटिया सामग्री से निर्मित किया जा रहा है। जोकि हल्के से दबाव के बाद सूचना बोर्ड टूट कर जमीन पर गिर जा रहा है। ग्राम प्रधानों ने अच्छे क्वालिटी का बोर्ड बनवाने की मांग किया है। लेकिन एनआरएलएम के सदस्यों द्वारा एव आपूर्ति राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत समूह के माध्यम से किया जा रहा है। घटिया सामग्री से निर्मित मानक की अनदेखी कर कार्यस्थल पर लगाए गए अधिकतर बोर्ड तेज हवा के झोंके या मवेशियों के धक्के से टूट कर जमीन पर गिर जा रहे हैं। ग्राम प्रधानों ने बताया कि सार्वजनिक सूचना बोर्ड की आपूर्ति राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा संचालित समूह द्वारा किया जा रहा है। जो गुणवत्तापूर्ण न होने से कार्यस्थल पर लगाए जाने के बाद टूट कर गिर जा रहा है। जबकि प्रति बोर्ड लगभग पांच हजार रुपये का भुगतान ग्राम पंचायत से किया जाता है। ग्रामीणों एव प्रधानों को खंड विकास अधिकारी रमाकांत ने सही ढंग से निर्माण करने का आश्वासन दिया है।

### अपर जिला जज ने सखी वन स्टॉप सेन्टर का किया औचक निरीक्षण

मीरजापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर के सचिव / अपर जिला जज लाल बाबू यादव ने क्षयरोग अस्पताल प्रागंण में स्थित वनस्टॉप सेन्टर मीरजापुर का औचक निरीक्षण किया। दौरान निरीक्षण सेन्टर में केन्द्र प्रबन्धक पूजा मौर्या, कम्प्यूटर आपरेटर रोमी सिंह, केस वर्कर उपस्थित थी। अन्य मनोसामाकि परामर्श दाता प्रियंका सिंह, पैरामेडिकल नर्स सीता सिंह के बारे में बताया गया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान में मड़िहान क्षेत्र में गई हुई है। वन स्टॉप सेन्टर में कुल 8 सीसी कैमरे, सही हालत में पाये गये। सेन्टर में कोई भी प्रवासित महिला नहीं पाई गई है। सेन्टर में प्रवासित महिलाओं के लिए दो चौकी, विस्तर, कम्बल व खाने के बर्तन व्यवस्था है किन्तु पर्याप्त नहीं है। सेन्टर में पंजिकाओं एवं पत्रावलियों का निरीक्षण किया गया। केन्द्र प्रबन्धक पूजा मौर्या द्वारा अवगत कराया गया कि सेन्टर में कुल 11 महिलाओं / बालिकाओं को नियमानुसार महिला सेल्टर होम मड़िहान एवं बालिका सेल्टरहोम सोनभद्र में प्रवासित कराया गया है। उन्होने यह भी बताया वेतन व मानदेय एक वर्ष से नहीं मिल रहा है। केन्द्र प्रबन्धक को निर्देशित किया गया वेतन व मानदेय बावत जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी को अविलम्ब पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

### प्रमोद ने दिनेश को चित कर जीती इक्यावन हजारी कुश्ती

**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित श्री रामलीला मैदान परिसर में शुक्रवार को कुश्ती का विराट दंगल आयोजित किया गया। वहीं जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति मीरजापुर के तत्वावधान में आयोजित कुश्ती का विराट दंगल में मुख्य कुश्ती का जबरदस्त मुकाबला जोकि उत्तर प्रदेश पुलिस के सब इंस्पेक्टर प्रमोद यादव व वाराणसी के दिनेश पहलवान के मध्य हुआ। जिसमें प्रमोद यादव ने दिनेश पहलवान को चित कर इक्यावन रुपये की कुश्ती अपने नाम कर लिया। वही जबरदस्त व बेहद ही रोमांचकारी कुश्ती मुकाबला को देखने भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ एकत्रित रही। वही कुल 33 जोड़ कुश्ती हुआ। जिनमें इक्कीस हजार की चार जोड़, बारह हजार व पांच सौ की तीन जोड़, छह हजार व चार हजार की दो जोड़ और दो हजार की पांच जोड़ कुश्ती का जबरदस्त दांव-पेंच मुकाबला चला। जिसमें बारह हजार की तीन व इक्कीस हजार की चार कुश्ती बराबरी पर रहा। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता हरेश सिंह उर्फ बल्लू सिंह ने किया। अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य शिवशंकर चौबे व राजकुमार बिंद उर्फ राजू बिंद ने अलग अलग जोड़ियों से हाथ मिलवाकर कुश्ती के विराट दंगल का उद्घाटन किया। इस दौरान गुड्डू सिंह, सुनील भारती, समोद यादव, हड्डी ठीकेदार, संदीप सिंह, नरेश यादव, धर्मेन्द्र यादव समेत भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ एकत्रित रही।

### कार के धक्के से बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल, रेफर

**अहरौरा।** स्थानीय नगर चौकी क्षेत्र के अहरौरा से चितविश्राव जाने वाले मार्ग पर गुरुवार की देर रात्रि में ब्रेजा कार के धक्के से बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के निवासी रमेश सोनकर पुत्र दया सोनकर उम्र 26 वर्ष अपने साथी के साथ बाईक से अहरौरा बाजार से घर को लौट रहा था कि अहरौरा डीह के पास ब्रेजा कार बाईक की टक्कर में बाईक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुँची पुपिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुची जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर चोट होने के कारण वाराणसी ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया।

# एनसीएल ने एक दिन के अधिभार हटाव के आंकड़े में लगाई छलांग

**शानदार प्रदर्शन**

### एक दिन में 15.39 लाख क्यूबिक मीटर अधिभार हटाकर बनाया नया रिकॉर्ड



एनसीएल खदान में कोल उत्खनन करती मशीन

**अनपरा।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने गुरुवार को एक दिन के अधिभार हटाव के आंकड़े में एक नई छलांग लगाई है। एनसीएल ने गत दिवस को 15.39 लाख क्यूबिक मीटर अधिभार हटाकर एक नया इतिहास बनाया है, जो कंपनी की स्थापना काल से अब तक का एक दिन का रिकॉर्ड अधिभार हटाव है। टीम एनसीएल ने इस वित्तीय वर्ष में एक दिवसीय अधिभार हटाव में कई रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। एनसीएल ने हाल ही में 13 जनवरी को 14.90 लाख क्यूबिक मीटरअधिभार हटाव रिकॉर्ड बनाया था। कंपनी के इस शानदार प्रदर्शन पर सीएमडी भोला सिंह एवं कंपनी के कार्यकारी निदेशकमंडल ने एनसीएल कर्मियों को बधाई दी है एवं वित्त वर्ष में सुरक्षा व सतत खनन प्राथमिकता देते हुए निर्धारित लक्ष्य पूरा करने का आह्वान किया है। एनसीएल को वित्तीय वर्ष में 410 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाने का भारी लक्ष्य दिया गया है। जिसका पीछा करते हुए चालू वित्त वर्ष में एनसीएल ने 26.22% की शानदार वृद्धि के साथ अभी तक 354.06 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटा लिया है। अधिभार हटाव में भारी बढ़त एनसीएल को आने वाले समय में योजनाबद्ध तरीके से कोयला उत्पादन करने में मदद करेगी। कोल इंडिया की अग्रणी अनुषंगी, एनसीएल कोयला उत्पादन एवं प्रेषण में भी शानदार प्रदर्शन कर रही है और वित्तीय वर्ष में गुरुवार तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 11.38% की भारी वार्षिक वृद्धि के साथ 104.18 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर लिया है। कोयला ग्राहकों को भरपूर आपूर्ति करते हुए एनसीएल ने अभी तक 8.34% वार्षिक वृद्धि के साथ रिकॉर्ड कोयला प्रेषण किया है और कंपनी ने बिजली घरों सहित सभी ग्राहकों को 107.45 मिलियन टन कोयला प्रेषित किया है। एनसीएल अपने प्रेषण का अधिकांश हिस्सा बिजली घरों को देती है। अपने प्रेषित कोयले में से एनसीएल ने गत दिवस तक 96.81 मिलियन टन कोयला बिजली घरों को भेजा है। एनसीएल को चालू वित्त वष में एनसीएल को 122 मिलियन टन कोयला उत्पादन व प्रेषण के लक्ष्य दिये गए हैं। उत्पादन व प्रेषण के साथ एनसीएल नवाचारी व सतत खनन को भी बढ़ावा दे रही है एवं इस दिशा में कई कदम उठा रही है।

# गांव की समस्याओं के समाधान और पर्यटन को लेकर खिंची बड़ी लकीर

**खास मुलाकात**

### आईजीआरएस में हासिल की नंबर वन रैंकिंग, चलाया प्लास्टिक मुक्ति अभियान

### सोन ग्रामोदय ऐप के साथ कुपोषण के खिलाफ छेड़ी निर्णायक मुहिम फ्लोराइड-आयरन पीड़ितों को रिमूवल किट का शुरू किया वितरण



डीएम से खास मुलाकात में चर्चा करते शशिकांत चौबे

**सोनभद्र।** फ्लोराइड और आयरन की अधिकता का दुष्प्रभाव झेलती बड़ी आबादी, गांव-शहर, हर जगह प्लास्टिक का अंबार, प्राकृतिक सुषमा से भरपूर होने के बावजूद पर्यटन सुविधाओं से जूझ रहे जिले में समस्याओं के समाधान और पर्यटन सुविधाओं के विकास को लेकर डीएम चंद्रविजय सिंह ने एक बड़ी लकीर खिंच दी है। ग्राम समाधान दिवस के जरिए जहां गांव की समस्याओं का गांव स्तर पर ही समाधान का लगातार प्रयास जारी है। वहीं आईजीआरएस रैंकिंग में जिले को पहले नंबर पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सोन ग्रामोदय ऐप के जरिए ग्रामीणों का अधिकारियों-कर्मियों से सीधे जुड़ाव की पहल के साथ ही, कुपोषण को लेकर भी कई अभिनव पहल की जा रही है। फ्लोराइड-आयरन पीड़ितों को राहत देने के लिए, ग्रामीणों में रिमूवल किट का वितरण भी, अब तक की हुई पहले में सबसे अनूठी है। डीएम चन्द्र विजय सिंह शुक्रवार को जनसंदेश टाइम्स के खास मुलाकात कार्यक्रम में जिले के विकास जनसुविधाओं के बारे शुरू की गई पहल के बारे में जानकारी दिया। कहा कि जिले में पर्यटन विकास की अपरा संभावनाओं को देखते हुए शासन के पास कई प्रस्ताव भेजे गए हैं। डीएमएफ फंड को स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल व सड़क निर्माण पर खर्च किया जा रहा है। मिशन कायाकल्प के तहत प्राथमिक स्कूलों के साथ ही राजकीय इंटर कालेजों का जिर्णोद्धारा कराया जा रहा है। आरओ प्लांट व बिजली के अलावा अन्य सुविधाओं से लैश किया जा रहा है। सीएचसी व पीएसची में भी सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं ताकि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। प्लास्टि का कचरा पूरे विश्व के लिए एक विकराल समस्या है। इससे निपटने के लिए तमाम पहल की जा रही है। जिले में हर-घर से कचरा इकट्ठा करने का अभियान चलाकर आमजनों को जागरूक भी किया जा रहा है। इसके साथ ही केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी व विकास परक योजनाओं पर विशेष फोकस किया जा रहा है ताकि पात्रों को इसका लाभ मिल सके और विकास योजनाएं आमजन तक पहुंचाई जा सकें। चालू वित्तीय वर्ष में 13965 प्रधानमंत्री और 3738 मुख्यमंत्री आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। वहीं 128 अमृत सरोवर भी पूर्ण हो चुके हैं। 411404 आयुष्माान कार्ड बनाए गए हैं। मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। हर-घर नल योजना का काम तेजी से चल रहा है। कुल 56 परियोजनाओं को लोकार्पण व 177 परियोजनाओं को शिलान्यास किया जा चुका है।

## संक्षेप

### प्रशासन ने लगवाई अंबेडकर की मूर्ति



डा. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते बसपा जिलाध्यक्ष बी सागर

**सोनभद्र।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में कोन थाना क्षेत्र के रामगढ़ में अराजक तत्वों द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तोड़ी गई मूर्ति को प्रशासन द्वारा शुक्रवार को स्थापित करा दिया गया। बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष बी सागर ने नई मूर्ति का अनावरण किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बहन कुमारी मायावती राष्ट्रीय अध्यक्ष बसपा का निर्देश रहता है कि देश प्रदेश में कहीं भी अराजकता हो हमारे कार्यकर्ता अनुशासन में रहकर के अपने लोगों की मदद करने का काम करें अराजक तत्वों का कोई जाति धर्म मजहब नहीं होता ऐसे लोग समाजिक भाईचारा बिगाड़ने का काम करते हैं। ऐसे अपराधियों को प्रशासन दंडित करने का काम करेगा। इस मौके डॉ राम अवतार चौहान, विमलेश यादव, विकलेश भारती, बलवंत रंगीला, अमन मौर्या, धर्मेंद्र भारती, डा अशोक भारती, कृष्णानंद शर्मा, चंद्रकांत भारती, जगदीश भारती, धर्मजीत मास्टर आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाये जाने सम्बन्धी तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन युवक-युवतियों की उम्र 18 वर्ष से अधिक है, उनको मतदाता बनने के लिए जनपदवासियों को जागरूक कर उन्हें प्रेरित किया जाये। सभी को मतदाता शपथ दिलायी जाये, इसके लिए जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़-नाटक, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये। जनपद स्तर, तहसील मुख्यालय एवं प्रत्येक बूथों पर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर लोगों को वोट देने के महत्व के प्रति समझाया जाये। कहा कि वर्तमान थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगें हम के सम्बंध में आयोग की पहल के बारे में जागरूकता फैलाने और इसका व्यापक प्रसार करने के लिए राज्य/जिला आइकॉन को ऑडियो-वीडियो संदेशों की रिकॉर्डिंग के माध्यम से कार्य में शामिल किया जाये। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस में संबंधित स्वीप के सभी कार्यकलाप अनिवार्यतः, कोविड उपयुक्त व्यवहार और मौजूदा दिशा निदेर्शों/मानदंण्डों के अनुसार आयेजित किए जाए। बैठक में उप जिलाधिकारी सदर रमेश कुमार, ओबरा राजेश कुमार सिंह, तहसीलदार दुद्धी ब्रजेश वर्मा, जगरूप सिंह, बीएसए हरिवंश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारीगण, कालेजों के अध्यापक, सुनील कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### चिकित्सा शिविर में दर्जनों मरीजों की हुई जांच

**ओबरा।** भारतीय जन कल्याण समिति के स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को अग्रवाल धर्मशाला में एक निःशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र मित्तल ने बताया कि शिविर में वाराणसी से आए चिकित्सक विवेक नन्द राय और ओबरा के चिकत्सक मो. शारिक खां ने लोगों की जांच की व दवा भी दी। नेत्र चिकित्सक खुशबु अग्रवाल ने लोगों की आंखों की जांच की। शिविर में 20 लोगो की शूगर की जांच कराई, शिविर में लगभग 100 लोगों की जांच कि गई। सचिव राजनरायन और अमित सिंह कुशवाहा ने बताया कि समिति समय समय पर समाजिक कार्य करती रहती है और आगे भी करती रहेगी। चिकित्सा शिविर में राजकुमार अग्रवाल, रविन्द्र गर्ग, अमित गुप्ता, सुनील बाबू, छोटे लाल साहनी, भोला साहनी, कुलदीप अग्रवाल, मुकेश सिंह, रमेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### एक किलो 100 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**रामगढ़।** एसपी के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को पन्नूगंज पुलिस ने रामनरेश पुत्र रामचन्द्र निवासी तरावां, रॉबर्ट्सगंज हाल पता ग्राम पचपेड़िया, पन्नूगंज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो 100 ग्राम गांजा बरामद करते हुए एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

### 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रधानों ने किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

**खलियारी।** विकास खण्ड नगवां में प्रधानों के शोषण के खिलाफ प्रधान संघ के अध्यक्ष लालता यादव व सतीश जायसवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रधानों ने ब्लाक मुख्यालय पर प्रदर्शन कर केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि पंचायत में मनरेगा से कराये गये कार्य का भुगतान किया जाये, एप से हाजरी भरने पर रोक लगायी जाय। प्रधानों ने कहा कि कोटेदार बिना स्टाक रजिस्टर प्रमाणित कराये ही अगला डिमान्ड कर दिया जाता है। मांग किया कि पंचायतों का सीमांकन कर अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाय। ग्राम पंचायत में लगने वाले समाधान दिवस में सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित होकर गांव की समस्या का निस्तारण करायें। प्रधानों ने चेताया कि अगर उनकी मांग नही मानी गयी तो वे बड़ा आन्दोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर अमृतलाल, शम्भू यादव, रज्जप अली, ओमप्रकाश, युसुफ अली, शान्ति देवी आदि मौजूद रहे।

# जीवन में हर परिस्थिति में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है परीक्षा पर चर्चा

**प्रतियोगिता**

### नगर के राजा शारदा महेश इंटर कालेज में आयोजित हुई आर्ट व पेंटिंग प्रतियोगिता

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चाह्व से पूर्व शुक्रवार को राजा शारदा महेश इण्टर कालेज में आर्ट एवं पेंटिंग एग्जाम वॉरियर प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम में जनपद के 18 विद्यालयों से जुड़े 460 बच्चों ने सहभागिता कर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया एवं परीक्षा पर चर्चा से संबंधित कई कलाकृतियां बनायीं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामशकल, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, जिला प्रभारी अशोक चौरसिया, अजय शेखर ने किया। प्रतियोगिता में अदिति अग्रवाल को प्रथम, खुशी सिंह को द्वितीय, अंजली जैसवार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा प्रतियोगिता में दस सर्वश्रेष्ठ एवं 27 श्रेष्ठ छात्र घोषित किये गये, जिन्हें मुख्य अतिथि, जिला प्रभारी, भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभाग लिए सभी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। वहीं राजा शारदा महेश इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह कोई प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि आपके लिए यह उत्सव है, जिसमें आप अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगे।

जिला प्रभारी ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा आप बच्चों के लिए बहुत ही प्रेरणादायक कार्यक्रम है, जो आपको जीवन में हर परिस्थिति में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इसलिए 27 जनवरी को प्रधानमंत्री की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम सबको अवश्य सुनना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छात्रों के परीक्षा तनाव को कम करने के लिए प्रधानमंत्री का कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा के छठवें संस्करण का आयोजन 27 जनवरी को होगा। कहा कि छात्र का भविष्य भारत का भविष्य है, इसलिए प्रधानमंत्री छात्रों के भविष्य को निखारने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। कार्यक्रम में सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, रामसुन्दर निषाद, डा. गोपाल सिंह, अशोक मौर्य, शम्भूनारायण सिंह, संतोष शुक्ला, कन्हैया जायसवाल, राकेश मेहता, मिठाईलाल सोनी, अनूप तिवारी, बलराम सोनी, संदीप चौरसिया, पुष्पा सिंह, रुबी गुप्ता, गुड़िया त्रिपाठी, कमलेश चौबे, राहुल पटेल समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया।



पुरस्कार प्राप्त छात्रों के साथ अतिथिगण

# कोयला चोरी में आधा दर्जन गिरफ्तार, दो बाइक व छह मोबाइल बरामद

**शक्तिनगर।** एक ट्रक कोयला चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए आधा दर्जन अभियुक्तों के साथ आधा दर्जन मोबाइल एवं दो मोटरसाइकिल बरामद कर न्यायालय में रिमांड के लिए पेश किया। बीते साल 7 जून को बीना से एक ट्रक कोयला लोड कर चांदसी मंडी के लिए चला लेकिन बीच रास्ते में ही पूरा कोयला बेच दिया गया। ड्राइवर ने अपने मोबाइल का सिम निकाल दिया जिससे लोकेशन का पता नहीं चला। परेशान कोयला मालिक चन्द्र किशोर पांडेय पुत्र जीवधन पांडेय निवासी पश्चिमी पारसी थाना अनपरा ने शक्तिनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच में जुट गई।

पुलिस अधीक्षक ने अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक एस पी सिंह के नेतृत्व में एसओजी प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह हेड कॉन्स्टेबल बृजेश कुमार सूर्यबंशी, जगदीश कुमार मौर्य, अतुल कुमार सिंह, शशि प्रकाश सिंह, सतीश कुमार पटेल, अमर सिंह, रितेश कुमार पटेल, अजीत यादव टीम गठित कर मामले के विवेचना में लगा दिया। गुरुवार की अपराह्न मुखबिर की सूचना पर टीम ने भिलाई बंधे के सामने टाटा मोटर्स के पास से आरोपी आशीष कुमार सिंह पुत्र पारस नाथ सिंह निवासी नैपुरा कला चौरा माता मंदिर डाफी थाना लंका वाराणसी, गुलशन उर्फ भोला यादव पुत्र अमरनाथ यादव निवासी मलेसर थाना नौगढ़ चंदौली, जितेंद्र यादव पुत्र राम गहन यादव निवासी बैरगढ़ थाना चकर घट्टा चंदौली, अमित यादव पुत्र राम केश यादव निवासी बाधी थाना नौगढ़ चंदौली एवं रोहित पाठक पुत्र अमरनाथ पाठक निवासी हरन खुरी चतरा थाना पन्नूगंज को गिरफ्तार कर लिया। जमा तलाशी के दौरान छः मोबाइल एवं दो मोटरसाइकिल बरामद हुआ।

### रासलीला मंचन का हुआ शुभारंभ

**डाला।** हाथीनाला पंचमुखी प्रांगण में शुक्रवार को रासलीला मंचन की शुरूआत रघुवंश संकल्प सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष रघुवंश दिलीप दास ने ठाकुर जी की आरती करके किया। उन्होंने बताया कि रासलीला शांति का संदेश लाता है। कृष्ण लीला त्याग समर्पण, प्रेम, भाई चारा, सद्भाव का संगम है। कृष्ण लीला को अनुसरण करने से मन को शान्ति और सुख समृद्धी बढ़ती है। कृष्ण लीला आपको प्रेम और सद्भाव में रहना सिखाती है। लीला को सच्चे मन से श्रवण व आत्मसात करने वालों के घर कभी बिबाद नही हो सकता है। विशाखा रमण बिहारी रासलीला मंडल संस्थान के संस्थापक स्वामी दाऊ दयाल उपाध्याय ने बताया कि हाथीनाला में रासलीला मंचन करने के लिए 17 सदस्यी टीम के साथ वृंदावन से आए हैं। रविवार को पूतना वध व अर्धनारेश्वर दर्शन की रासलीला होगा। इस मौके पर हरिनारायण दास, चंद्रशेखर सिंह, संदीप सिंह मोनू, बिट्टू सिंह, सुनील सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जांच में दो नामांकन फार्म हुए रद्द

**दुद्धी।** दुद्धी बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन फार्म की जांच के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर किए नामांकन प्रदीप कुमार व सदस्य गवर्निंग काउंसिल के पद पर किए नामांकन संतोष कुमार का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया। दोनों नामांकन पर एक ही प्रस्तावक व समर्थक होने के कारण नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया है। अब चुनाव मैदान में 17 प्रत्याशी हैं। एल्डर कमेटी के चेयरमैन विजय कुमार सिंह व मुख्य चुनाव अधिकारी रामदुलारे गुप्त ने बताया कि अध्यक्ष पद पर कुलभूषण पांडे रामपाल जौहरी तथा बलवंत सिंह चुनाव मैदान में हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आनंद कुमार एकमात्र नामांकन होने के कारण इनका निर्विरोध चुना जाना माना जा रहा है। उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर बिपिन बिहारी वीरेंद्र कुमार ओमप्रकाश अग्रहरी पवन कुमार दुबे सहित चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं उपाध्यक्ष 2 वर्ष से ऊपर राकेश कुमार जसपाल सिंह है। उन्होंने बताया कि सचिव पद पर दिनेश कुमार बबीता गुप्ता संजय कुमार कनौजिया सहित तीन प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में हैं। कोषाध्यक्ष पद पर मात्र एक नामांकन होने के कारण राजेश रंजन जौहरी का चुना जाना तय माना जा रहा है। सा सचिव प्रशासन कौन सा यादव सचिव प्रकाशन यशवंत कुमार शर्मा सदस्य गवर्निंग काउंसिल 15 वर्ष दूबेश आदि उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नाम वापसी के बाद 17 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। अध्यक्ष पद के लिए 3 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वही सचिव पद पर भी 3 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं जिसमें एक महिला प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में अपनी भाग्य आजमा रही हैं।

### स्कूटी के धक्के से वृद्ध की मौत

**शक्तिनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बासी में पैदल जा रहे राहगीर की स्कूटी के धक्के से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पैदल जा रहे धर्म देव महतो 65 पुत्र जयपाल महतो निवासी ग्राम बिलहरी, रिविलगंज, छपरा बिहार को स्कूटी सवार ने धक्का मार दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक धरमदेव अपनी बेटी के ससुराल आए हुए थे।

### ब्लू डायमंड और मेगा वारियर्स सेमी फाइनल में

**ओबरा।** स्थानीय अवर अभियंता मनोरंजन क्लब चार में चल रहे जे.ई.पी.एल.सीजन-12 के 13वें दिन शुक्रवार को पहले मैच में टॉस जीतकर ओबरा राइजर्स ने क्षेत्र रक्षण करने का फैसला लिया। इं दिनेश गुप्ता की कप्तानी में बल्लेबाजी करने उतरी राइजिंग स्टार्स की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 6 विकेट खोकर 57 रन बनायी। जवाब में उतरी ओबरा राइजर्स की टीम 6.3 ओवरों में 22 रनों पर ही सिमट गई। राइजिंग स्टार्स ने यह मैच 34 रनों से जीत लिया। प्लेयर आफ द मैच इं दिनेश गुप्ता रहे, जिनके 22 रनों के योगदान से टीम को शानदार जीत मिली। इस मैच को जीतने के बाद भी राइजिंग स्टार्स नेट रन रेट के आधार पर ब्लू डायमंड से पीछे रह गया। इसके चलते ब्लू डायमंड ने सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लिया। दूसरे और मैच में टॉस जीतकर मेगा वारियर्स की टीम ने पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी क्रिक चार्जर की टीम इं अशोक यादव की कप्तानी में निर्धारित 10 ओवरों में 51 रन बनायी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेगा वारियर्स की टीम ने इं बबलू प्रजापति की कप्तानी में 8.4 ओवरों में मैच को 6 विकेट से जीत कर सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। इस मैच में इं सुनील को प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

# पेयजल योजना में शिथिलता बरतने वाली एजेंसियों के भुगतान में करें कटौती

**बोले डीएम**

### ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा, निर्माण कार्यों में लायी जाय तेजी, समय से हो श्रमिकों का भुगतान



बैठक को संबोधित करते डीएम चंद्रविजय सिंह

**सोनभद्र।** डीएम चन्द्र विजय सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान बेलाही, तेन्दुहारी, गुरमुरा पाईप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर डीएम ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहाकि ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति में तेजी लायी जाये। डीएम ने कहा कि जिन एजेन्सियों द्वारा निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी पायी जाये, उनके भुगतान में कटौती कर पेनाल्टी की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। कहा कि ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना में कार्य करने वाले वर्कर, लेबर आदि के भुगतान की कार्यवाही समय से सुनिश्चित की जाये।

लेबरों के भुगतान समय से न होने की शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि जिन एजेन्सियों द्वारा लेबरों के भुगतान के मामले में शिथिलता बरती जा रही है, उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्यवाही की जाये। सभी एई और जेई जल निगम लगातार भ्रमणशील रहकर ग्राम समूह पाईप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों में तेजी लाने को कार्यवाही सुनिश्चित करायें। वहीं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पेयजल योजना के निर्माण एजेन्सी द्वारा अनावश्यक रूप से सड़कों को काट दिया जाता है जिससे लोगों को आने-जाने में असुविधा होती है। जिसका डीएम ने संज्ञान में लेकर सम्बन्धित निर्माण एजेन्सियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पाईप पेयजल योजना के अन्तर्गत पाईप लाईन बिछाते समय सड़कों को अनावश्यक तरीके से न काटें। कहा कि निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी पाये जाने पर सम्बन्धित एई और जेई के खिलाफ शासन स्तर पर कार्यवाही हेतु पत्राचार किया जायेगा। इस मौके पर सीडीओ सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी नमांमि गंगे आशुतोष दूबे, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय सिंह, निर्माण एजेन्सी के प्रतिनिधिगण सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# प्रदूषण की रोकथाम को आदतों में सुधार जरूरी

**बोले अरुण सक्सेना**

### पेड़ों की कटाई पूरी तरह से रोकना बेहद जरूरी

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड जिला सोनभद्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण और उपशमन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं का क्षमता निर्माण इंटरचेंजऱ विषय पर आयोजित सेमिनार में राज्य मंत्री समेत विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी

गौरतलब है कि राज्य मंत्री, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उप्र, केपी मलिक ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कहा कि हमे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए खुद में जबरदस्त सुधार लाना होगा। पर टी एन सिंह क्षेत्रीय प्रदुषण अधिकारी जनपद सोनभद्र ने कहा कि जनपद अब प्रदुषण से मुक्त हो गया है। बनवासी सेवा आश्रम गोविन्दपुर से आयी हुई सुधा प्रिंस ने कहा कि एक तरफ भूमी संरक्षण पर काम हो रहा है दूसरी तरफ उस भूमी का पेदावार घट रहा है। 2012 मे सीएससी ने इसका अध्ययन किया था। ललन मिश्रा बीएचयू वाराणसी से आए हुए उन्होंने कहा कि गूगल से डाटा लेकर रखा गया है। मनोज सिंह ने कहा कि विकास करते रहिए उसकी रख रखाव भी करते रहिए। जापान ने कन्ट्रोल कर लिया है। डेटा अभी और कुछ बताता है। अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि पेड़ो का कटाई पूरी तरह से रोकना तथा नया पेड़ लगाना पर्यावरण के लिए हितकर होगा। कार्यक्रम मे के पी मलिक, वन पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन विभाग तथा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, के पी यादव यहां उपस्थित रहे। क्षेत्र से पधारे विद्ववान लोग, वातावरण, पर्यावरण, जल, वायु, सूर्य संघ से कोयला जलता है। जिसका सैल्युशन निकलने की जरूरत है। मौके पर जिला के सभी मुख्य अधिकारी और परियोजनाओं के हेड मौजूद रहे।

# बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष ने असहायों में बांटा कंबल



असहायों में कंबल बांटते पूर्व बीजेपी जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी

**सोनभद्र।** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला मुख्यालय स्थित सार्वजनिक स्थल रोडवेज, रेलवे स्टेशन, मंदिर प्रांगण, स्वर्ण जयंती चौक, धर्मशाला व अन्य स्थलों पर भ्रमण करते हुए भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष डा. धर्मवीर तिवारी ने कंबल बांटकर उनका हाल जाना। उन्होंने बताया कि ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिससे आमजनमानस को सुविधाओं का लाभ मिल सके। वहीं इधर-उधर सो रहे लोगों को नगर स्थित आश्रय स्थल पहुंचाया गया।

वहीं विभिन्न मंदिरों में भ्रमण कर पुजारियों व मौजूद लोगों में भी कंबल वितरित कर व्यवस्थाओं व रहन-सहन संबंधित जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा ठंड में व्यवस्थाओं के नाम पर कोरमपूर्ति कर दी गई है। अगर जिला प्रशासन नामित अधिकारी चिन्हित कर सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण करने का निर्देश देते तो व्यवस्थाओं का पता चल पाता। इस मौके पर मनीष अग्रहरी, तन्मय त्रिपाठी, धर्मेंद्र पटेल, योगेश सिंह, रवि जायसवाल, अखिलेश कश्यप, राहुल शर्मा, अशोक शर्मा, सुनील चौहान आदि मौजूद रहे।

### कंबल पाकर खिले चेहरे

**म्योरपुर।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कुंडाडीह व औरहवा गांव में क्षेत्रीय विधायक रामदुलार गोड़ की पत्नी सुरतन देवी ने शुक्रवार को जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु कम्बल का बितरण किया। कम्बल पाकर उनके चेहरे खिल उठे। इस मौके पर उमाशंकर सिंह मरकाम, मानरूप गोड़, होरीलाल पासवान, आशीष अग्रहरी, शशिकांत, दीपक अग्रहरी, अरुण सोनी, रंजीत सिंह, देवधारी, सुखन प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# 28 लाख रुपये नकदी के साथ दो गिरफ्तार


नकदी समेत पकड़े गए अभियुक्तों संग जीआरपी टीम।

**डीडीयू नगर।** जीआरपी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी चेकिंग के दौरान दो व्यक्ति के पास से 28 लाख रुपये बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि ये रुपये वह शख्स वाराणसी से आरा बिहार ले जा रहा था। फिलहाल जीआरपी आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जीआरपी पुलिस द्वारा ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर लगातार चेकिंग अभियान चला रही थी।

इसी दौरान जीआरपी पुलिस को दिलदार नगर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर दो व्यक्ति बैग के साथ दिखे और पुलिस टीम को देखकर घबराने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर जब जीआरपी पुलिस ने व्यक्ति के बैग की तलाशी ली गई तो पुलिस के होश उड़ गए। पुलिस युवक और बैग को लेकर जीआरपी लेकर पूछताछ किया गया तो एक ने अपना नाम शनि कुमार व मिहिर कुमार पुत्र मनोज शाह आरा बिहार का है। यह पैसा वह वाराणसी से बिहार लेकर जा रहा था और पकड़े गए।

## नेशनल हाइवे किनारे मिला अज्ञात शव

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लीलापुर गांव के समीप शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज आगे की कार्यवाही में जुट गई। इस बाबत सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि लीलापुर नेशनल हाइवे पर एक व्यक्ति का शव मिला है जो देखने में विक्षिप्त प्रतीत होता है शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिनाख्त की कार्यवाही की जा रही है।

## श्रद्धापूर्वक मना शहीद चंदन राय का शहादत दिवस

**चहनियां।** क्षेत्र के मारूफपुर में शहीद चन्दन राय का पांचवा शहादत दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कर्नल संदीप शर्मा, शहीद के पिता सत्यप्रकाश राय, मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित व ध्वजारोहण किया। गायक मनोहर सिंह ने देश भक्ति की गीतों से समा बांध दिया। ताना बाना की टीम द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान हिन्दु युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राकेश राय ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पूंछ मेंढर सेक्टर में आरआर 37 बटालियन में बतौर सिगनल मैन चन्दन राय की 2018 को हुई शहादत हम सब के लिए गौरव का विषय है। विशिष्ट अतिथि विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि देश के नाम पर वीरगति होने वाले ऐसे हर शहीद परिवार का सम्मान करना चाहिए। शहादत शोक नही उत्सव मनाने का दिन होना चाहिए। इस दौरान प्रमुख अरुण जायसवाल, धनंजय सिंह, अखिलेश अग्रहरि, प्रबंधक प्रभुनारायण सिंह, अतुल सिंह रघुवंशी, डा.केपन पाण्डेय, राजेन्द पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह, डा.सरिता मौर्य, आनन्द तिवारी, रामदयाल यादव, मोहित राय, विजय , रवि प्रकाश गुप्ता,आशुतोष सिंह आदि लोग उपस्थित थे। संचालन रामदरश यादव ने किया।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट भवन का किया औचक निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन द्वारा कलेक्ट्रेट भवन में स्थित विभिन्न पटल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई और रिकार्डो को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कहा कि फाइलों व रिकार्डो का रख-रखाव व्यवस्थित ढ़ंग से किया जाए। सभी पटलों पर भ्रमण कर वहां की स्थिति जानी और पटल सहायकों से पूछताछ की। कार्य की गति तेज रखने और समय से शिकायतों का निस्तारण विभागीय कार्यो को करने के निर्देश दीं।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पटल के निरीक्षण के दौरान कहा कि जो भी शिकायतें आन लाइन, मुख्यमंत्री संदर्भ और उच्चाधिकारियों के संदर्भ की हों, उन्हें समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारित किया जाए। आपदा राहत पटल लिपिक को आपदा राहत की सहायता राशि टाइमलाइन के भीतर संबंधितों को लाभ दिलाने के निर्देश दिये। कंट्रोल रूम व टेलीफोन कक्ष के निरीक्षण के दौरान कहा कि जगह-जगह विभागीय अधिकारियों का नाम पदनाम चस्पा किया जाय ताकि आमजन को सहूलियत से उपलब्ध हो सकें। प्राप्त शिकायतों का संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए रजिस्टर में दर्ज किया जाय। साथ ही शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाय। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के निरीक्षण के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि बाहर से आ रहे व्यक्तियों का कोविड की जांच जरूर कराएं और रजिस्टर में अंकित करें। मौके पर कंट्रोल रूम के दो टेलीफोन चालू नहीं थे जिस पर तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। धान खरीद कंट्रोल रूम प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते हुए रजिस्टर में अंकित किया जाए। साथ ही शिकायतकर्ता से फीडबैक लेकर निस्तारण संबंधित जानकारी रजिस्टर में अंकित करें। कंट्रोल रूम में स्वास्थ्य विभाग से लगे दो कार्मिक अनुपस्थित पाये जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश प्रभारी को दिया। जिलाधिकारी ने सभी पटल सहायक और उनके सहयोगी कर्मियों को निर्देश दीं कि अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक ढंग से करें। इस दौरान प्रभारी अधिकारी आलोक कुमार उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट का निरीक्षण करती डीएम ईशा दुहन।

## मौनी अमावस्या पर बंद रहेंगे विद्यालय

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन के निर्देश पर जनपद के सभी विद्यालय मौनी अमावस्या को देखते हुए बंद रहेंगे।यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने देते हुए, बताया कि मौनी अमावस्या को लेकर जनपद के सभी परिषदीय विद्यालय व अर्द्ध सरकारी विद्यालय बंद रहेंगे।

## संक्षेप

### चार सौ किसानों के तीस हजार कुंतल धान की हुई खरीदारी

**सकलडीहा।** विकास खंड में तीन तीन राजकीय क्रय केन्द्र खोला गया है। जिससे किसानों की धान की खरीदारी को लेकर कोई समस्या न हो। शुक्रवार को एसडीएम के निर्देश पर क्षेत्रीय विपणन अधिकारी कामाख्या वर्मा ने क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान धान की खरीदारी और किसानों की सहुलियत के बारे में जानकारी लिया। सकलडीहा विकास खंड में खडेहरा, रानेपुर और महेसुआ सहित अन्य कई केन्द्र संचालित है। जहां पर मिलरों के सहयोग बगैर खरीदारी का निर्देश है। एसडीएम मनोज पाठक के निर्देश पर क्षेत्रीय विपणन अधिकारी कामाख्या वर्मा ने सकलडीहा, महेसुआ और रानेपुर क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। नंबरिंग का मिलान कराया। इसके साथ ही बोरा और उठान के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। हर हाल में किसानों को 28 फरवरी से पूर्व धान की खरीदारी करने का लक्ष्य है। महेसुआ क्रय केंद्र पर 60 हजार के सापेक्ष तीस हजार कुंतल करीब चार सौ किसानों की खरीदारी किया जा चुका है। करीब दो सौ किसानों की खरीदारी करना है। एसडीएम मनोज पाठक ने बताया कि धान की खरीदारी में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगा। इस मौके पर क्षेत्रीय विपणन अधिकारी कामाख्या वर्मा, विपणन निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता सकलडीहा, मुकेश कुमार महेसुआ, चन्द्रभान सिंह, सोनू सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### निकाय चुनाव व अन्य शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**चंदौली।** धान विक्रेय में आ रही समस्याओं के अलावा नगरीय निकाय में निर्वाचन से संबंधित शिकायतों एवं निराश्रित पशुओं के रखरखाव के संबंध में शिकायत दर्ज कराने के लिए कलक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसमें धान खरीद संबंधित शिकायत 05412-262100 की जा सकती है। इसके अतिरिक्त नगर निकाय निर्वाचन संबंधित शिकायत 05412-260149, निराश्रित पशुओं की रखरखाव एवं अन्य संबंधित शिकायतों के लिए 05412-260476 टेलीफोन नंबर जारी किया गया है। वहीं अन्य किसी शिकायतों के लिए कंट्रोल नंबर 05412-260477 जारी है। इसके अलावा कोविड कंट्रोल नम्बरः 05412-260101, 260102, 260105, 260107, 260108, 260110,260111, 260112, 260118, 260119, 260230, 260084 जारी किया गया है।

### बोलेरो के धक्के से महिला घायल

**नौगढ़।** थाना क्षेत्र के सरहसताल गांव के समीप नौगढ़-मद्धूपुर मार्ग पर शुक्रवार को बोलेरो के धक्के से प्यारे वनवासी 45 वर्ष निवासी सरहसताल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवाया गया। बताया जाता है कि नित्य की भांति शुक्रवार को भी प्यारे वनवासी जंगल में जलावनी लकड़ी लाने के लिए सायकिल से जा रहा था। अपने घर से मात्र कुछ दूर नौगढ़-मद्धूपुर मार्ग पर पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर धक्का मार दिया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बच्चों को धूम्रपान के प्रति किया जागरूक

बबुरी। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को रूरल इंडिया डेवलपमेंट फाउंडेशन के द्वारा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय त्रिभुवनपुर एवं कम्पोजिट विद्यालय कुरई पर बच्चों को धूम्रपान से बचाव के लिए जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू सेवन से होने वाले भयंकर बीमारियों जैसे मुंह का कैंसर, बाल का झड़ना, पेट मे अल्सर, विकृत शुक्राणु एवं गैंग्रीन तथा मोतियाबिंद जैसी बीमारियो के बारे बताते हुए नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। इसके कुछ धाराओं जैसे धारा-4, धारा-6ए, धारा-6बी के विषय में बच्चों एवं अध्यापकों को अवगत कराया गया एवं विद्यालय परिसर में शिक्षक एवं बच्चों को तंबाकू का सेवन न करने के लिए शपथ भी दिलाया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों सहित संस्था के कर्मचारी चंद्र प्रकाश तिवारी एवं विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र कुमार सुशील कुमार गुप्ता, सुभाष चंद्र, चंदन कुमार, अरविंद कुमार, सोहराब अली, सुरेंद्र कुमार, विवेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

### हार्डवेयर व नेटवर्किंग प्रशिक्षण के लिए हुआ साक्षात्कार

**चंदौली।** पूर्वांचल कम्प्यूटर शिक्षण सेवा संस्था में नाबार्ड द्वारा संचालित कौशल विकास पहल कार्यक्रम योजनान्तर्गत कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग कोर्स के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस दौरान डीडीएम नाबार्ड तनुज कुमार सेन, तथा प्रबंधन रामचन्द्र द्वारा प्रशिक्षण के लिए 30 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम 60 दिवसीय होगा। इसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम सैद्धान्तिक 40 प्रतिशत व 60 प्रतिशत व्यवहारिक रूप में दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण में उद्यमिता विकास की भी जानकारी विस्तृत प्रदान की जायेगी तथा अधिक से अधिक प्रशिक्षित युवकों व युवतियों को रोजगार से जोड़ा जा सके।

### कांग्रेसियों ने मनाई अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि


खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि मनाते कांग्रेसी।

**डीडीयू नगर।** शहर कांग्रेस कमेटी ने काली महाल स्थित पार्टी कैम्प कार्यालय पर शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेसजनों ने खान अब्दुल गफ्फार खान के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजली अर्पित की और उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि खान अब्दुल गफ्फार खान आजादी के लड़ाई के प्रबल पुरोधा थे, उन्हें हिन्दुस्तान से बहुत लगाव था। राष्ट्रपिता बापू के निकटतम सहयोगी रहे खान अब्दुल गफ्फार खान को सीमान्त गांधी के नाम से लोग जानते है। हिन्दू मुस्लिम एकता को जरूरी समझकर उन्होंने गुजरात की जेल में गीता तथा कुरान की कक्षा लगाई। देश के विभाजन के विरोधी गफ्फार खान 1985 के कांग्रेस शताब्दी समारोह के प्रमुख आकर्षण का केंद्र थे। कार्यक्रम में दशरथ चौहान, कमरूल बारी, तारीक अब्बास, डा. नन्दलाल प्रसाद गुप्ता, अनवर सादात, मृत्युंजय शर्मा, प्रमोद मौर्य, रमेश सिंह रामा, मोहन गुप्ता, सोनू सोनकर, किशुन सोनकर, विशुन रावत, अमरनाथ, दीपक गुप्ता, रितेश गुप्ता, मनोज सोनकर, राहुल गुप्ता, सौरभ गुप्ता, मुहम्मद सलमान आदि थे।

# कार्रवाई ना होने की दशा में होगा आंदोलनः योगेंद्र नाथ ओझा

जनसंदेश न्यूज

**नियामताबाद।** एलबीएस महाविद्यालय के नियामताबाद परिसर में सकलडीहा पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्राध्यापकों के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने संयुक्त बैठक की। बैठक लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की इकाई शिक्षक संघ द्वारा आयोजित थी। बैठक का उद्देश्य 19 तारीख को महाविद्यालय के साथ हुई घटना के परिप्रेक्ष्य में रणनीति तैयार करना तथा निवारक उपायों पर विचार करना था। बैठक में समवेत रूप से कल की घटना की कठोर निंदा की गयी।


एलबीएस महाविद्यालय में बैठक करते शिक्षक व प्राचार्य।

साथ ही उचित प्रशासनिक कार्यवाही न होने की दशा में संघर्ष तेज करने की सहमति बनी। सभी के द्वारा सहमति व्यक्त की गयी कि महाविद्यालय, उसके प्राध्यापको-कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं के विरुद्ध किसी प्रकार के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महाविद्यालय का दैनिक कार्यावधि में पुलिस प्रशासन की सुरक्षा की माँग एक अस्थाई पुलिस चैकी के रूप में की गयी। सभी प्राध्यापकों ने निश्चित किया कि यदि सोमवार तक कोई ठोस प्रशासनिक कार्यवाही नहीं हुई तो जिला प्रशासन के उच्च अधिकारी को ज्ञापन सौपा जाएगा और उचित कार्यवाही के अभाव में कार्य-बहिष्कार तथा धरना प्रदर्शन द्वारा अपना असंतोष व्यक्त करेंगे तथा कार्यवाही की मांग करेंगे। बैठक में महाविद्यालय के प्रबंधक राजेश कुमार तिवारी, प्राचार्य प्रो. उदयन मिश्र, डा. प्रदीप कुमार पांडेय,योगेन्द्र नाथ ओझा, इशरत जहां, संजय पांडेय, बृजेश कुमार मिश्र, हेमन्त कुमार सिंह, उदय शंकर, शंकर यादव आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता अजीत त्रिपाठी तथा संचालन महामंत्री विवेक सिंह ने किया।

## सेवा न्यास दिव्यांश कमेटी के अध्यक्ष बने अभिमन्यु सिंह

**डीडीयू नगर।** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जन्म स्थली सेवा न्यास दिव्यांश कमेटी का गठन का शुक्रवार को हुआ। जिसमें अभिमन्यु सिंह को जिलाध्यक्ष, तेतरा देवी को महिला जिलाध्यक्ष व राजेश यादव को नगर अध्यक्ष बनाया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जन्म स्थली सेवा न्यास दिव्यांश कमेटी की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक में कमेटी का गठन हुआ, जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर अभिमन्यु सिंह, महिला जिलाध्यक्ष तेतरा देवी उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, महामंत्री पप्पू कुमार, जिला सचिव इंद्रजीत, सचिव विजय कुमार को सर्व सहमति से चूना गया। जिला महिला कमेटी में जिलाध्यक्ष तेतरा देवी व जिला महामंत्री रीना बानो, को चुना गया। कमेटी के नगर अध्यक्ष के पद पर राजेश यादव राजू, नगर उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, नगर महामंत्री धर्मेंद्र यादव, नगर सचिव दिलीप चौहान, नगर संगठन मंत्री हवलदार चौहान को बनाया गया। संस्था के संयोजक कृष्णा गुप्ता नए पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में शंकर चौहान, संजय चौहान, मनोज कुमार, दुर्गा प्रसाद, सिपाही, एकरामउद्दीन, राजेश शर्मा, धनंजय आदि दिव्यांश सदस्य मौजूद उपस्थित रहे।

# चकियाः अध्यक्ष रामकरण व महामंत्री बने अखिलेश


चकिया में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

**चकिया।** बार एसोसिएशन द्वारा संचालित श्री आदित्य पुस्तकालय प्रबंध समिति के क्षेत्र के पदाधिकारियों के लिए बार सभागार में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न की गई। जिसमें अध्यक्ष पद पर रामकरण और महामंत्री पद पर अखिलेश कुमार श्रीवास्तव निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आदित्य पुस्तकालय प्रबंध समिति के नए सत्र के पदाधिकारियों के लिए कुल 230 मतदाताओं में से 208 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें रामकरण ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी ओंकारनाथ सिंह को 22 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद की कुर्सी अपने नाम कर ली। रामकरण को 108 और ओमकारनाथ सिंह को 88 मत मिले। इसके अलावा महामंत्री पद पर अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने 119 मत पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रामबाबू सोनकर को पटखनी देते हुए विजयी हुए। इसके अलावा निर्विरोध हुए अन्य पदों में उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र नाथ द्विवेदी, कोषाध्यक्ष पद पर शिवमूरत, ऑडिटर पद पर कर्मवीर, उपमंत्री पद पर विनय कुमार सिंह के अलावा कार्यकारिणी में 9 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए।

# मौनी अमावस्या स्नान की तैयारी पूर्ण, स्नान आज

**चहनियां।** मौनी अमावस्या (माघ मेला) को लेकर तैयारियां पूर्ण हो गयी है। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर लाखों श्रद्धालु स्नान करेंगे। गंगा में रस्सा के इस पार गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष, एडीओ पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी ने पानी मे कोई डूबे न गोताखोर से थाहाया गया। बलुआ फील्ड सहित मार्ग पर दुकानें सज गयी है। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर मौनी अमावस्या (माघ मेला) को लेकर बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर प्रसाशन व गंगा सेवा समिति द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। शनिवार की भोर से मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए भीड़ जुटेगी।

शुक्रवार को बने रैन बसेरा कालेज, सरकारी विद्यालयों व रिश्तेदारी में दूरदराज बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड सहित कई जनपदों से आकर लोग डेरा डंडा डाल दिये है। गंगा में कोई अनहोनी न हो इसके लिए एक दायरे में स्नान करने के लिए रस्सा लगाया जा चुका है। गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल, एडीयो पंचायत कौशलेंद्र विक्रम सिंह, ग्राम विकास अधिकारी आनन्द यादव ने रस्सा के अंदर इस पार कोई डूबे न इसके लिये प्राइवेट गोताखोर व बांस से पानी को थाहाया गया। रस्सा को दुरुस्त किया गया। घाट पर जिला पंचायत द्वारा पांच महिला चेंजिंग रूम, खोया पाया केंद्र, लाइटिंग, रैन बसेरा बनाया गया है। पंचायत विभाग द्वारा 12 अस्थायी शौचालय, 8 स्थायी शौचालय, 2 स्थायी चेंजिंग रूम व घाट की साफ सफाई हुई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक मेडिकल टीम थाने पर व चार एम्बुलेंस लगाया गया है। वन विभाग द्वारा 12 पॉइंट पर अलाव जलाया जायेगा। वही बलुआ फील्ड पर मिष्ठान, गुड़हिया, चाट, जलेबी, औरते के श्रृंगार, फल आदि की सैकड़ों दुकानें सज गयी है। लोग मौन रहकर स्नान करेंगे। सैकड़ो भिखारियों की टोली आकर बलुआ घाट पर टीक गये है। मौनी अमावस्या को लेकर सकलडीहा एसडीएम मनोज पाठक द्वारा लगातार गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल द्वारा मॉनिटरिंग होता रहा।

## सहकारी समितियों से निराश लौट रहे किसान

**डीडीयू नगर।** अलीनगर नियमताबाद ब्लॉक अंतर्गत किसी भी कापरेटिव पर यूरिया खाद नहीं मिलने से किसानों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना शुक्रवार को बसनी किसान निवासी केदार यादव ने बताया कि नियमताबाद ब्लाक अंतर्गत लगभग 7 से 8 कॉपरेटिव सेंटर पर खाद लेने गया था लेकिन निराशा ही हाथ लगी। किसी सेंटर पर खाद नहीं मिल रहा। उन्होंने बताया कि गेंहू की फसल में बाली आ गई है अगर उर्वक यूरिया खाद का छिड़काव नहीं किया गया तो सारा फसल खराब हो जाएगा। फसल के सहारे जीवन यापन करने वाले कई किसान मर जायेंगे। साथी ही किसान केदार यादव ने यह भी बताया कि एक व्यक्ति यूरिया खाद लेकर आ रहा था तो मैंने पूछा या खाद कहां मिला है तो उसने बताया यह मैं प्राइवेट दुकान चला रहा हूं जो मुझे यह खाद महंगा मिला है यह खाद्य कॉपरेटिव पर 270 रुपये का मिलता है लेकिन बाजार में 380 रुपये में मिला है। यही जनपद के अन्य सहकारी समितियों पर ही ऐसी स्थिति रही। इस संबंध में एआर कोआपरेटिव अजय कुमार मौर्या ने बताया कि जनपद में पर्याप्त खाद उपलब्ध है। यदि कहीं खाद की कमी की शिकायत व सूचना प्राप्त होती है तो वहां उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

# डबल इंजन की सरकार में युवा और महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर

**बोले सूर्यमुनी**

## लोगों को प्रतिदिन मुहैया कराया जा रहा रोजगार व शिक्षा

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** तहसील मुख्यालय पर शुक्रवार को भाजपा कार्यकताओं की ओर सेवाभाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा किया गया। अंत में दौ सौ जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजना के माध्यम लोगों को प्रतिदिन रोजगार और शिक्षा मुहैया कराया जा रहा है।


भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी।

गांव गांव महिला महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत आत्मनिर्भर हो रही है। सरकार गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ दिलाने के लिये गांव गांव चौपाल प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम चला रही है। इससे सीधे ग्रामीणों को योजना का लाभ मिल रहा है। अंत में सेवाभाव कार्यक्रम में उपस्थित जरूरत मंद महिला और ग्रामीणों को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ शंभूनाथ, गया सिंह, विनय तिवारी, भानू प्रताप सिंह, अरुण मिश्रा, मुसाफिर प्रजापति, विजय गुप्ता, रामसुंदर चौहान, पूनम चौहान, रामजी गोंड, मोनू पाण्डेय , विनय पाण्डेय, रंजय पांडेय, पूनम चौहान, तारा सिंह, भगवान दास, रवि शेखर राजभर, रामभरोष गुप्ता, रवि सिंह एवं इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## वसूली समीक्षा में कई अमीनों का वेतन रोकने का निर्देश

**सकलडीहा।** अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्र के निर्देश पर वसूली अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। शुक्रवार को तहसीलदार विकास धर दूबे संग्रह विभाग के अमीनों के साथ राजस्व वसूली की समीक्षा किया। इस दौरान वसूली कम होने पर कई अमीनों का वेतन रोकने का निर्देश दिया। फरवरी माह तक वसूली बेहतर नहीं होने पर दंडात्मक कार्रवाई का संकेत दिया है। तहसीलदार की वसूली समीक्षा को लेकर अमीनों में खलबली मची है। तहसील प्रशासन द्वारा रायल्टी, विद्युत कर, व्यापार कर, स्टैंप सहित न्यायालयों के समस्याओं के निस्तारण को लेकर समीक्षा किया गया। क्रमशरू अमीनों से विभिन्न कर के सापेक्ष वसूली के बारे में जानकारी लिया। वसूली कम होने व लापरवाही बरतने पर कई अमीनों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने का निर्देश दिया। चेताया कि फरवरी माह तक वसूली में सुधार नही होने पर अमीनों के खिलाफ दंडनात्मक कार्रवाई किया जायेगा। कई अमीनों के वसूली बेहतर होने पर प्रशंसा किया। इस मौके पर तहसीलदार विकास धर दूबे, नायब तहसीलदार अमित सिंह, ध्रवेश सिंह, अखिलेश मिश्रा, अमीन विजय शंकर, उमाशंकर सिंह, तेरसू राम, बिहारी यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता में अव्वल रही चंदौली ताइक्वांडो एकेडमी

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** चंदौली ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को शहर के राज गार्डन में 18वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह व डॉ. आनंद श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैंपियन 196 अंक प्राप्त कर 26 गोल्ड, 4 सिल्वर व दो ब्रांच के साथ चंदौली ताइक्वांडो एकेडमी रही। सामुदायिक भवन मानस नगर ने 118 अंक के साथ 15 गोल्ड, 4 सिल्वर व एक ब्रांच रनर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। 101 अंक प्राप्त कर सकलडीहा ताइक्वांडो एकेडमी 9 गोल्ड 11 सिल्वर 5 ब्रांच के साथ तृतीय स्थान पर रही।

प्रतियोगिता में बेस्ट कोर्स ऑफ द ईयर के साथ एक्टिव कोच की ट्रॉफी कोच अमित मौर्य को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के सब जूनियर बालक वर्ग में रितिक कुमार, मोहम्मद अब्दुल खालिक, आर्यन चौहान, अग्रज शेखर, सत्यम चौहान, शिवम कुमार, सत्यम, शुभम कुमार, प्रियांशु सिंह, प्रिया, अंजन कुमार व रितेश यादव ने अपने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं कार्तिक कुमार, अर्जुन कुमार, आशीष चैधरी व अंकुश यादव ने रजत पदक और मोहम्मद अली हुसैन ने कांस्य पदक प्राप्त किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में सरीना परिधि आयशा, वैष्णवी चैहान, सुलेना, शांभवी मिश्रा,


ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे।

वंदिता यादव, मौसम शर्मा, तेजस्विनी मिश्रा, श्रेयांशी यादव, शीतल चैहान व आध्या यादव ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कैडेट बालक वर्ग में अरविंद कुमार, अमन चैहान, रंजीत कुमार, सनी पटेल, विनोद अरुण कुमार, उत्कर्ष पांडेय व विनीत तिवारी ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

कैडेट बालिका वर्ग में मुस्कान कुमारी, शिवांगी शर्मा, खुशबू शर्मा व कुसुम कुमारी ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए। जूनियर बालक वर्ग रोशन चौहान, रोहित कुमार धीरज चौहान, रोहित चौहान, नितेश यादव, अंश कुमार, आलोक यादव, भारत कुमार व प्रदीप गौरव मौर्य ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में आकांक्षा चौहान ने स्वर्ण और समीक्षा अब्भी ने रजत पदक पर कब्जा जमाया। सीनियर बालक वर्ग में साहिल कुमार, मोहित पाठक, दीपू कुमार, राहुल पांडेय, रोहित यादव मोहित यादव, रजनीकांत पाठक राहुल जायसवाल व अभिजीत विश्वकर्मा ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग में शीबू बानो, आरजू खान लक्ष्मी चैहान, सुधा कुमारी, सीमा खान व प्रिया मौर्य ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं खुशबू कुमारी ने रजत पदक प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को विधायक रमेश जायसवाल, समाजसेवी चंदेश्वर जायसवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष आलोक वरुण चंदौली ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव पीपी यादव, मोदीनगर इंटर कॉलेज प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार व वाराणसी ताइक्वांडो के सचिव नंदलाल जायसवाल ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक केशरी व सचिव शरद प्रताप राव ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना व अतिथियों को सम्मानित किया।

## भाजपा सरकार में प्रगति कर रहा देश व प्रदेशः रमेश

**नियामताबाद।** क्षेत्र के सुरौली में जिला प्रशासन चला गांव की ओर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। उसके बाद गांव की एक सड़क का शिलान्यास किया। विधायक रमेश जायसवाल ने कहा प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में देश और प्रदेश प्रगति की तरफ अग्रसर है चारों तरफ विकास कार्य दिखाई दे रहे हैं चैपाल में लगे स्टालों के द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जन चैपाल के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ गांव के गरीब जनता के पास पहुंचे इसके लिए हम सभी तत्पर हैं शासन की मंशा के अनुरूप जितने भी कल्याणकारी योजनाएं हैं यह आप तक पहुंचे इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार, खंड विकास अधिकारी राहुल सागर एवम ग्राम प्रधान सोनी चैहान, महेंद्र कुमार माही, ओमप्रकाश, सुनील चैहान, भाजपा मंडल महामंत्री सहित ग्रामवासी व सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## कुश्ती महासंघ प्रमुख को इस्तीफा देने को क्यों नहीं कहा गया?, डीसीडब्ल्यू प्रमुख ने पूछा

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) प्रमुख स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को सवाल उठाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) अध्यक्ष को महिला पहलवानों द्वारा लगाये यौन उत्पीड़न के आरोपों के बावजूद इस्तीफा देने को क्यों नहीं कहा गया है? भारत के शीर्ष पहलवान डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पिछले दो दिन से यहां जंतर मंतर पर धरने पर बैठे हैं जिसमें ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिका और विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट शामिल हैं। पहलवानों ने बृजभूषण शरण के खिलाफ यौन उत्पीड़न और धमकाने का आरोप लगाया है। मालीवाल ने हिंदी में ट्वीट में पूछा, पहलवानों के धरने को 72 घंटे हो चुके हैं। अभी तक डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष का इस्तीफा क्यों नहीं मांगा गया है? क्यों यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिये प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही?



# भारत VS न्यूजीलैंड 2023: रायपुर के अंतरराष्ट्रीय पदार्पण से पहले विकल्पों पर विचार करेगा भारत

### न्यूजीलैंड के खिलाफ आज होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रृंखला जीतने की कवायद में जुटे भारत को अपने मध्यक्रम से अधिक रन और डेथ ओवरों में गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी

**रायपुर।** न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रृंखला जीतने की कवायद में जुटे भारत को अपने मध्यक्रम से अधिक रन और डेथ ओवरों में गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। शहर पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले की मेजबानी कर रहा है और ऐसे में 60 हजार से अधिक दर्शकों के स्टेडियम में आकर मेजबान टीम का हौसला बढ़ाने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड की टीम 350 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले मैच में 131 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद 206 रन और बनाने में सफल रही थी जो भारत के लिए चिंता का सबब होगा। मेहमान टीम वापसी करते हुए जोरदार जीत दर्ज करने के करीब थी लेकिन मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। शुभमन गिल ने बल्ले से अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दोहरा शतक जड़ा और अकेले दम पर भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। पिछले कुछ समय से प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हार्दिक पंड्या से पारी के अंतिम ओवरों में ताबड़तोड़ रनों की उम्मीद होगी। बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जड़ने के बाद मध्य क्रम में जगह पाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन हैदराबाद में पहले वनडे में नाकाम रहने के बाद इस बार मौके का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। कप्तान रोहित शर्मा अच्छी लय में लग रहे हैं और उन्हें अच्छी शुरूआत भी मिली है लेकिन वह बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। वह भी एक बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। हालांकि बड़ी चिंता गेंदबाजी विभाग में है। बुधवार को माइकल ब्रेसवेल ने अकेले दम पर न्यूजीलैंड को जीत के करीब पहुंचा दिया था। भारत ने पहले वनडे में तूफानी गेंदबाज उमरान मलिक की जगह शारदुल ठाकुर को मौका दिया था क्योंकि वह बल्लेबाजी में बेहतर विकल्प हैं। लेकिन प्रबंधन को जल्द ही फैसला करना होगा कि उसे एक ऐसा गेंदबाज चाहिए जो बल्लेबाजी कर पाए या ऐसा विशेषज्ञ गेंदबाज जो अपनी अतिरिक्त गति से विरोधी टीम को ध्वस्त कर सके और साथ ही बीच के ओवरों में भी विकेट हासिल कर सके। सिराज ने अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया है। मोहम्मद शमी ने नई गेंद से शानदार गेंदबाजी की है लेकिन ब्रेसवेल ने उनके खिलाफ आसानी से रन बटोरे। हार्दिक भी काफी महंगे साबित हुए। स्पिन विभाग में वाशिंगटन सुंदर के लिए यह भुलाने वाला मुकाबला था जबकि कुलदीप यादव ने प्रभावी गेंदबाजी की। टीम के पास कुलदीप और युजवेंद्र चहल को एक साथ खिलाने का विकल्प भी है लेकिन अभी एक कलाई के स्पिनर और एक अंगुली के स्पिनर को खिलाने को तरजीह दी गई है। श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड का कभी हार नहीं मानने का जज्बा दिखा और इससे टीम का मनोबल बढ़ा होगा। ऐसा नियमित रूप से नहीं होता कि सातवें नंबर पर खेलने उतरे ब्रेसवेल और आठवें नंबर पर उतरे मिशेल सेंटनर टीम को हार की कगार से वापसी कराएं। फिन एलेन ने कुछ अच्छे शॉट लगाए लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल पाए। केन विलियमसन की गैरमौजूदगी में टीम को ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो एक छोर संभाले रखे। हेनरी शिपली, लॉकी फर्ग्युसन और ब्लेयर टिकनर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के खिलाफ गिल ने आसानी से रन जोड़े थे और ये तीनों अपनी गेंदबाजी में अधिक सटीकता लाना चाहेंगे। यह देखना होगा कि स्पिनर ईश सोढ़ी इस करो या मरो के मुकाबले के लिए पूर्ण फिटनेस हासिल कर पाते हैं या नहीं।



***टीम इस प्रकार हैः-***

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, इशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, शारदुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक।

**न्यूजीलैंडः** टॉम लैथम (कप्तान), फिन एलेन, डग ब्रेसवेल, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, हेनरी शिपली, ईश सोढ़ी, और ब्लेयर टिकनर। समयः मैच दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## IPL 2023 से पहले रिकी पोंटिंग ने रखी शर्त बोले- मैं चाहता हूं पंत डगआउट में मेरे पास बैठे



**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग चाहते हैं कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान टीम के नियमित कप्तान ऋषभ पंत सप्ताह के प्रति दिन डगआउट में उनके बगल में बैठें। पंत दिसंबर के आखिरी सप्ताह में कार दुर्घटना में घायल हो गए थे जिसके कारण वह आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। भारत के विकेटकीपर और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत का अभी मुंबई में उपचार चल रहा है। पोंटिंग ने आईसीसी की समीक्षा में कहा, आप उस जैसे खिलाड़ी की जगह नहीं भर सकते हैं। उस तरह के खिलाड़ी आसानी से पैदा नहीं होते। हम उनकी जगह किसी विकेटकीपर बल्लेबाज को टीम में रखने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, यदि वह वास्तव में खेलने के लिए शारीरिक रूप से फिट नहीं है हम तब भी चाहेंगे कि वह टीम के साथ रहे। यदि वह यात्रा करने में सक्षम होता है और टीम के साथ रहता है तो मैं सप्ताह के प्रत्येक दिन डगआउट में उसके बगल में बैठना पसंद करूंगा। पोंटिंग ने कहा,ह्यह्य मैं निश्चित तौर पर यह सुनिश्चित करना चाहूंगा कि मार्च में शिविर की शुरूआत करने के लिए जब हम दिल्ली में मिलेंगे तो यदि वह टीम के साथ रहने में सक्षम होता है तो मैं चाहूंगा कि वह पूरे समय हमारे साथ बना रहे। भारत को फरवरी – मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलना है। इसके बाद इन दोनों टीमों के बीच जून में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी खेला जा सकता है। पोंटिंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत को पंत की कमी खलेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह विश्व में चोटी के छह या सात बल्लेबाजों में शामिल है। ऐसा ही है ना। पंत अभी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में सातवें स्थान पर है। पोंटिंग ने कहा,ह्यह्य जब उसने शुरूआत की तो हम सभी को लगा कि वह टेस्ट बल्लेबाज की तुलना में टी20 और एकदिवसीय में अच्छा बल्लेबाज साबित होगा लेकिन वास्तव में हुआ इसके उलट। उसका टेस्ट क्रिकेट का रिकॉर्ड शानदार है।

# रणजी ट्रॉफी: दिल्ली ने 42 साल बाद दर्ज की मुंबई पर ऐतिहासिक जीत

### दिल्ली ने एलीट ग्रुप-बी मुकाबले में मुंबई को आठ विकेट से हरा कर 42 साल का सूखा खत्म किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप-बी मुकाबले में मुंबई को आठ विकेट से हरा कर 42 साल का सूखा खत्म किया। मुंबई ने दिल्ली के सामने 95 रन का लक्ष्य रखा, जिसे मेजबान टीम ने चौथे दिन दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। दिल्ली ने इससे पहले 1980 में मुंबई को रणजी ट्रॉफी मुकाबले में मात दी थी। यह 41 बार की रणजी चैंपियन मुंबई के खिलाफ दिल्ली की कुल दूसरी जीत है।

इस ऐतिहासिक विजय की ओर कदम बढ़ाते हुए दिल्ली ने चौथे दिन की शुरूआत में ही मुंबई के आखिरी बल्लेबाज को आउट कर दिया। ऋतिक शौकीन ने 11वें नंबर के बल्लेबाज रॉयस्टन डियास को पगबाधा आउट किया जिसके बाद दिल्ली बल्लेबाजी करने उतरी। दिल्ली की पारी की शुरूआत करने आये अनुज रावत ने अपनी पहली तीन गेंदों पर ही दो चौके और एक छक्का जड़ा, हालांकि चौथी गेंद पर वह आउट हो गये। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये शौकीन ने भी दिल्ली की आक्रामकता कम नहीं होने दी और ओवर की आखिरी गेंद पर चौका जड़ दिया। पहली पारी में 45 रन का महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ऋतिक ने दूसरी पारी में 39 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की बदौलत नाबाद 36 रन बनाते हुए सलामी बल्लेबाज वैभव शर्मा के साथ 69 रन की साझेदारी की। वैभव ने 49 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के के साथ 36 रन का योगदान दिया। उनके आउट होने के बाद विकेट पर उतरे नितीश राणा ने छक्का लगाकर दिल्ली को जीत दिलाई।



## बॉलीवुड न्यूज

### 'तू झूठी मैं मक्कार' का 23 को रिलीज होगा ट्रेलर



**मुंबई।** तू झूठी मैं मक्कार ने रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की सिजलिंग केमिस्ट्री के साथ अपने अनोखे टाइटल की वजह से भी दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। जबकि फिल्म ने अपने रिफ्रेशिंग फील, वाइब्रेंट सीन्स और रोमांटिक-कॉम के वादे के साथ युवाओं से कनेक्ट कर लिया है, इसने सभी की प्रत्याशा को भी खूब बढ़ाया है और अब सब बेसब्री से फिल्म के ट्रेलर के रीलीज का इंतजार कर रहे है। लेकिन लगता है कि फैन्स का यह इंतजार खत्म होने वाला है क्योंकि फिल्म के एक सैसी और कवरफुल पोस्टर के साथ आज मेकर्स ने ट्रेलर के रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है 23 जनवरी है। फिल्म का यह नया पोस्टर फिल्म की दुनिया को जीवंत करता है, जो बहुत ही रंगीन, मजेदार और जीवन से भरपूर है। यह देखते हुए कि यह लव रंजन की फिल्म है, हम अंदाजा लगा सकते हैं कि फिल्म की कहानी घिसी-पिटी नही होगी। यहां तक कि आज के प्यार और रिश्ते भी कुछ भी हैं, लेकिन प्रेडिक्टेबल हैं। दर्शकों ने एक ट्रू ब्लू यूथ फिल्म के लिए कुछ समय तक इंतजार किया है और तू झूठी मैं मक्कार निश्चित रूप से इस पर खरी उतरने वाली है जो एक ऐसी दुनिया का वादा करती है जिससे आज के युवा खुद को जोड़ पाएंगे। ऐसे में अब हमें फिल्म के ट्रेलर के लिए और ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा जो निश्चित रूप में रणबीर और श्रद्धा के किरदारों को दर्शाएगा।

### 'मरते दम तक' की विशेष स्क्रीनिंग के साथ मनाया जश्न



**मुंबई।** अमेजन ओरिजिनल रियलिटी डॉक्यू-सीरीज सिनेमा मरते दम तक दर्शकों को पर्दे के पीछे से 90 के दशक की हिंदी पल्प मूवीज की पहले कभी न देखी गई आकर्षक और अप्रमाणित दुनिया में ले जाती है- एक सुनहरा युग जिसने क्ल्ट फिनॉमिना के लिए एक लॉयल फैन-बेस का दावा किया कि यह था। हाल में प्राइम वीडियो, वसन बाला और वाइस मीडिया ने फिल्म बिरादरी के दोस्तों और मीडिया के सदस्यों को लव फॉर सिनेमा का जश्न मनाने के लिए एक साथ लेकर आए और इस रियलिटी डॉक्यू-सीरीज की खास स्क्रीनिंग रखी। इस मौके पर सिनेमा मरते दम तक की टीम पूरे जोश में नजर आई और दर्शकों की तारीफ, तालियों और प्यार से अभिभूत दिखीं। इस विशेष स्क्रीनिंग में अपर्णा पुरोहित, हेड ऑफ इंडिया ओरिजिनल्स, प्राइम वीडियो, वसन बाला, समीरा कंवर के साथ विनोद तलवार, शिवा रिंदानी और हरीश पटेल जैसे 90 के दशक के पल्प इंडस्ट्री के क्रिएटर्स और टैलेंट मौजूद थें। वहीं इंडस्ट्री से सिकंदर खेर, हुमा कुरैशी, आकांशा रंजन कपूर, राधिका मदान, आरती कदव, कनन गिल, सुमुखी सुरेश, साहिल शाह, कनीज सुरका, सुमैरा शेख, रिताशा राठौर जैसे स्टार्स भी इस इवेंट का हिस्सा बनें। वाइस स्टूडियो प्रोडक्शन और शानदार फिल्म निर्माता, वसन बाला द्वारा निर्मित, छह-एपिसोड की यह रियलिटी डॉक्यू-सीरीज 90 के दशक के पल्प सिनेमा इंडस्ट्री की चकाचौंध और इंडिपेंडेंट इकोसिस्टम की पहली झलक है।

# रामलीला चबूतरा की दीवार तोड़ने के मामले केस दर्ज

**नौगढ़।** प्राचीन रामलीला चबूतरा की दीवार जेसीबी मशीन से तोड़े जाने के आरोप में ग्राम प्रधान सहित आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध पुलिस ने विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमा दर्ज किया। अशांति फैलाने के जुर्म में उपजिलाधिकारी डा.अतुल गुप्ता ने चार अभियुक्तों को भेजा जेल। बताया जाता है कि नौगढ़ कस्बा मे बैंक आफ बड़ौदा के समीप आसीन प्राचीन रामलीला चबूतरा पर करीब 6 माह पूर्व बनाई गई पक्की दीवार को ग्राम पंचायत बाघीं की प्रधान नीलम ओहरी का प्रश्रय पाकर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष डा.आनंद कुमार गुप्ता व अन्य ने जेसीबी मशीन से गुरुवार को ढहवा दिया, जिसकी जानकारी होते ही गांववासियों का आक्रोश काफी बढ़ गया। जेसीबी मशीन को बाजार त्रिमुहानी पर खड़ा कराकर लगातार 6 घंटे तक प्रबल विरोध जारी रहा। मौके पर विधायक कैलाश आचार्य, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह व प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह उपजिलाधिकारी सदर ने मौके पर पहुंच कर आक्रोशित लोगों को काफी समझा बुझाकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। डीएम को मामले के बारे में जानकारी देकर जिला विकास अधिकारी ने बताया था कि क्षतिग्रस्त दीवार को जोड़वाये जाने के साथ ही दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही होगी। थानाध्यक्ष अतुल कुमार प्रजापति ने बताया कि तहरीर के आधार पर ग्राम प्रधान नीलम ओहरी, दीपक गुप्ता, आनंद गुप्ता, राजेश गुप्ता, विशाल गुप्ता एवं ममता रानी के विरुद्ध धारा 147, 427 व 3/5 के तहत मुकदमा दर्ज कर के अशांति फैलाने के आरोप मे 4 नामजद अभियुक्तो आनंद गुप्ता, विशाल गुप्ता, दीपक गुप्ता व राजेश गुप्ता के विरुद्ध धारा-151 के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय उपजिलाधिकारी नौगढ़ में पेश किया गया। उपजिलाधिकारी डा.अतुल गुप्ता ने बताया कि अशांति फैलाने के आरोप में पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किए गए ग्राम पंचायत बाघीं के रहनुमा 4 अभियुक्तों को जेल भेजा गया है।

**कार्रवाई**

### एसडीएम ने अशांति फैलाने के आरोप में चार को भेजा जेल

# एससी-एसटी मामले में पुलिस करे निष्पक्ष कार्रवाई

**चंदौली।** फर्जी तरीके से एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कराए जाने के खिलाफ भाकपा(माले) जिला सचिव कामरेड अनिल पासवान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि चकिया कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राजेश कुमार चैहान पुत्र रामनाथ चौहान, उदल चौहान पुत्र रामचंद्र चौहान निवासी ग्राम गलीमापुर को कुछ लोगों द्वारा गलत रिपोर्ट दर्ज करा कर एससी-एसटी के तहत मुकदमे में फंसाने की कोशिश किया जा रहा है जो कानून की भावना के खिलाफ है।

इसकी पुलिस क्षेत्राधिकारी चकिया विवेचना कर रहे हैं किंतु उनके द्वारा राजेश कुमार चौहान व उदल चौहान के पक्ष को नहीं लिया जा रहा है जो गलत है। भाकपा माले जिला सचिव कामरेड अनिल पासवान ने कहा कि अगर फर्जी तरीके से मुकदमे में फंसाया गया तो भाकपा माले आंदोलन तेज करेगी।



एससी एसटी के तहत फर्जी मुकदमे को लेकर एसपी से मुलाकात कर लौटता प्रतिनिधिमंडल।

# जागरूकता से ही सभ्य समाज का निर्माण : सुधांशु

**सकलडीहा।** गांव-गांव जनचैपाल लगाकर लोगों को सरकार की योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। इसके बाद भी लोग सुविधा से वंचित है। उक्त विचार महेसुआ पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र और ग्रामीणों को नोडल अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने कही।

इस मौके पर सरकार की योजना और बच्चों को स्वच्छता के प्रति संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जन चैपाल के नोडल अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा जिला अल्पसंख्यक अधिकारी व जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र मौर्या ने कहा कि बगैर जन जागरूकता का समाज का विकास और उत्थान नही हो सकता है। जबकि शासन की ओर से गांव गांव जनचैपाल के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके बाद भी लोग सुविधा के लाभ से वंचित है। इसके पूर्व बीडीओ अरूण कुमार पांडेय, एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय ने सरकार की विभिन्न योजना के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए स्वच्छता के प्रति संकल्प दिलाया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामीण और छात्रों को दिया गया। इस मौके पर एडीओ आईएसबी रणजीत सिंह,सचिव संजय यादव, शशीकांत, अरूण कुमार, मिथिलेश, समर, प्रधान रामसूरत राजभर सहित अन्य मौजूद रहे।




पूर्व माध्यमिक विद्यालय महेसुआ में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए अधिकारी।

## अर्जेंटीना- फ्रांस ने खेला 5-5 से रोमांचक ड्रॉ

**राउरकेला।** अर्जेंटीना ने शुक्रवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक मुकाबले में फ्रांस के साथ 5-5 से ड्रॉ खेलकर पूल-ए में दूसरा स्थान हासिल किया। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर आयोजित मुकाबला जीतकर फ्रांस पूल-ए में दूसरा स्थान हासिल कर सकता था। फ्रांस ने एटीन टाइनेवेज (10वां) के एक और विक्टर चार्लेट (35वां, 37वां, 48वां, 59वां) के चार गोलों की मदद से आखिरी मिनट तक 5-4 की बढ़त ले ली थी, लेकिन निकोलस डेला टोर ने 60वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। निकोलस ने इससे पहले 33वें और 41वें मिनट में भी दो गोल किये, जबकि निकोलस कीनन (दूसरा) और मार्टिन फरेरो (50वां मिनट) ने अर्जेंटीना के लिये एक-एक गोल किया। अर्जेंटीना ने तीन मुकाबलों में दो जीत और एक ड्रॉ के साथ पूल-ए में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि फ्रांस एक जीत, एक हार और एक ड्रॉ के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

# बिहार खाद ले जाने के प्रयास में चार के खिलाफ एफआईआर

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जिला कृषि अधिकारी बसंत कुमार दुबे ने धरौली पुलिस चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सिंह की सूचना पर बिहार सीमा पर पिकअप पर लगे 45 बोरी खाद को बिहार प्रांत में ले जाते समय पकड़ा। जिला कृषि अधिकारी तथा उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी के निरीक्षण में भारत यूरिया आईपीएल ब्राण्ड पिकअप सं0- बीआर 24 जीसी 1349 पर लदी मिली।


उक्त वाहन के खराब हो जाने पर दूसरे पिकअपयूपी 63 टी 0582 पर लाद कर बिहार सीमा में प्रवेश कर रही थी, जिसे अधिकारियों ने पकड़कर कब्जे में ले लिया। इसके बाद जिला कृषि अधिकारी ने संजय फर्टिलाइजर जरखोर के संचालक संजय सिंह समेत तीन अन्य के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सैयदराजा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

**सख्ती**

### धरौली पुलिस चौकी की सूचना पर जिला कृषि अधिकारी ने की कार्रवाई

उन्होंने बताया कि वाहन संख्या बीआर 24 जीसी 1349 के साथ वाहन मालिक शानु कुमार पुत्र नन्द सिंह ग्राम-बेतरी पोस्ट-भभुआ, बिहार तथा उनके साथ राजेश कुमार पुत्र बिहारी बिन्द, ग्राम बेतरी भभुआ भी थे।

दूसरा वाहन के साथ वाहन मालिक महेन्द्र सिंह यादव पुत्र नथुनी सिंह पकड़े गए। शानु कुमार तथा राजेश कुमार द्वारा बताया गया कि उन्होंने उर्वरक मेसर्स संजय फर्टिलाइजर जरखोर कला बबुरी से खरीदा था जो अपने उपयोग के लिए बिहार राज्य स्थित अपने गांव ले जा रहे थे, किन्तु उनके पास उर्वरक खरीद की कोई रसीद नहीं थी। इसे देखते हुए शानु कुमार, राजेश कुमार, महेन्द्र सिंह यादव एवं संजय फर्टिलाइजर, जरखोर बबुरी चंदौली के प्रोपराइटर संजय सिंह के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के सेक्शन के अन्तर्गत सैयदराजा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। उर्वरकों की तस्करी एवं कालाबाजारी पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है। कोई भी असामाजिक तत्व ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाये जाने पर कठोर कार्यवाही करायी जायेगी।



# लिंग असमानता के खिलाफ करें जागरूक : डीएम

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जन जागरूकता के उद्देश्य से पूर्व गर्भाधान एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम 1994 (पीसीपीएनडीटी एक्ट) विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**बैठक**

**डीएम बोले, लिंग परीक्षण कराने वालों पर होगी कार्रवाई**

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अन्तर्गत विकास भवन में आयोजित हुई जागरूकता कार्यशाला**



कार्यशाला को सम्बोधित करते जिलाधिकारी मनीष वर्मा

विकास भवन के सभागार में किया गया। कार्यशाला में जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट का विस्तार पूर्वक प्रस्तुतिकरण किया गया।

एसीएमओ डॉ. राजीव यादव द्वारा जनपद के पजींकृत अल्ट्रासाउंड के केंद्र संचालकों, सीएचसी, पीएचसी के चिकित्सकों को कार्यशाला में बताया कि 0-6 वर्ष के बच्चों का बाल लिंगानुपात जो पहले 1000 लड़कों पर 930 लड़कियां थी, घटकर 918 हो गया है, जिससे स्पष्ट हो रहा है कि बाल जन्मदर में 12 अंक की गिरावट हो रही है जो कि बहुत ही चिंतनीय है। जिसके सम्बन्ध में विधिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि लिंग असमानता एक सामाजिक बुराई के साथ ही कानूनी अपराध भी है। उन्होंने सभी पैथोलॉजी सेंटर के संचालकों को निर्देशित किया है कि अपने सेंटर पर पीसीपीएनडीटी एक्ट का पोस्टर, बैनर द्वारा प्रचार प्रसार करें और स्पष्ट रूप से प्रमुख स्थान पर लगाएं कि उनके यहाँ लिंग परीक्षण नहीं होता है। अपने सेंटर के सभी कर्मचारियों और आसपास के अस्पतालों के कर्मचारियों को भी लिंग असमानता के खिलाफ जागरूक किया जाए। जनपद में बाल लिंगानुपात घट रहा है जिसके लिए जिलाधिकारी ने अपील किया कि लिंग परीक्षण कराने वालों की गोपनीय सूचना दे। उन्होंने कहा कि जनमानस लिंग असमानता के खिलाफ जागरूक हो रही है। सरकार के द्वारा व्यापक रूप से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में लड़कियां सभी क्षेत्रों में आगे हैं। बच्चा पैदा होने के बाद अगर कोई व्यक्ति लड़का लड़की में भेद करता है तो उसको सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की जा सकती है। बेटियां बेटों से किसी भी मामलें में कम नहीं होती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा अवैध पैथोलॉजी सेंटरों की जांचकर कार्यवाही की गई है और भविष्य में भी कड़ी कारवाई की जाएगी और फर्जी पैथोलॉजी सेंटर संचालित किए जाने या लिंग पहचान करने वाले लोगों के खिलाफ जांचकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भी भेजा जाएगा। कार्यशाला के आयोजक जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मुख्य नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय, विदिशा परीक्षा अधिकारी मुरलीधर गिरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ज्ञान को कौशल में बदलना आज की जरूरत : प्रो. एसएस खनका

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग में शुक्रवार को विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल विकास पर एक दिवसीय

**आयोजन**

**उद्यमिता कौशल विकास पर हुई कार्यशाला**



कार्यशाला का आयोजन किया गया । इसमें बतौर विशेषज्ञ भारतीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान, फरीदाबाद के पूर्व आचार्य एसएस खनका ने कहा कि विद्यार्थी सपने देखें और मेहनत कर साकार करने का प्रयास करें । विद्यार्थी जीवन बहुत ही अनमोल है विद्यार्थी जीवन में किया गया परिश्रम जीवन भर काम आता है ह्ल ज्ञान को कौशल में परिवर्तित करना आज की मूल आवश्यकता बन गया है बिना कौशल के कोई किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो सकता ह्ल उन्होंने कहा कि आज छोटे- छोटे स्टार्टअप बड़े उद्यम का रूप ले रहे है जिससे प्रेरणा लेने की जरूरत है ।

उन्होंने कहा कि रोजगार तलाशने की जगह रोजगार सृजन करने वाला बने इसी क्रम में वित्तीय अध्ययन विभाग के प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य की बहुत सारी योजनाए उद्मियों के लिए है जिसके माध्यम से अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उद्यम में वित्त प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की । कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशील कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, डॉ. आलोक गुप्ता, मो .अबू सालेह, अनूपम कुमार समेत विभाग के विद्यार्थी मौजूद थे ।

# कूटरचित तरीके से विद्युत कनेक्शन देने का आरोप

जनसंदेश न्यूज

**अनियमितता**

**कोतवाली फीडर के अवर अभियंता व लाइनमैन की भूमिका संदिग्ध**

जौनपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र के मखदूम शाह अढ़न निवासी लक्ष्मी प्रसाद बिन्द ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कोतवाली फीडर के अवर अभियंता व लाइन मैन पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कूटरचित तरीके से मन्नो देवी के नाम से कनेक्शन देने का आरोप लगाया है।

बतातें चलें कि गुरूवार को लक्ष्मी प्रसाद बिन्द ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अधीक्षण अभियंता प्रथम व अधिशासी अधिकारी विद्युत विभाग को दिये गये तहरीर में बताया है कि उनकी व उनके परिवार की पुश्तैनी सम्पत्ति आराजी नं. 9, 18, 27 व 28/1 मखदमू शाह अढ़न में है, जिसका विवरण सरकारी दस्तावेजों में भी मौजूद है तथा उनके पूर्वजों ने मकान बनवाया था। पुश्तैनी सम्पत्ति पर मन्नो देवी पत्नी रामराज बिन्द सहित उनके अन्य सहयोगी जबरियन कब्जा कराने की फिराक में हैं और लगातार दल-बल व छल कर कब्जे की कोशिश कर रहें हैं। उन्होने बताया कि कोतवाली फीडर के अवर अभियंता सुरेन्द्र कुमार यादव व लाइनमैन अफजाल अहमद को मिलाकर मन्नो देवी व उनके सहयोगियों ने कुटरचित दस्तावेज के आधार पर बिजली कनेक्शन दे दिया है जबकि मन्नो देवी इसके पूर्व में भी कई बार कनेक्शन के लिये आवेदन किया था लेकिन दस्तावेज पूर्ण न होने के कारण आवेदन कैन्सिल कर दिया गया था। परन्तु इस बार कुछ ही दिन पूर्व कोतवाली का चार्ज लिये अवर अभियंता के धन के लालच में कनेक्शन को स्वीकृति दे दिया है। लक्ष्मी प्रसाद ने उच्चाधिकारियों से कनेक्शन को कैन्सिल कर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है।

## दो फरार अभियुक्त के खिलाफ हुई धारा 82 की कार्रवाई

सुइथाकला। अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा के अनुक्रम में न्यायालय के आदेश पर सरपतहां पुलिस टीम द्वारा दो स्थानों पर धारा 82 की कार्रवाई की गई। मु.अ.सं. 80/2022 भारतीय दण्ड संहिता की धारा 363, 366 में निरुद्ध स्थानीय थाना क्षेत्र के कम्मरपुर निवासी प्रशान्त दूबे पुत्र श्री नारायण दूबे तथा मु.अ.सं. 228/2021 भारतीय दण्ड विधान की धारा 379 में निरूद्ध आजमगढ़ जनपद के सरायमीर थाना क्षेत्र स्थित पवई लाड़पुर निवासी अजय यादव उर्फ गुड्डू पुत्र सतिराम के यहां उपनिरीक्षक धुरेन्धर प्रसाद मय हमराह हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह व शशांक शेखर द्वारा मुनादी कराकर नोटिस चस्पा की गयी। उक्त संदर्भ में उपनिरीक्षक ने बताया कि उक्त अभियुक्त के यहां डुगडुगी बजाने के साथ ही मुनादी कराकर धारा 82 की कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई के उपरान्त फरार अभियुक्त यदि नियत अवधि में हाजिर नहीं होता है तो उसकी चल संपत्ति की कुर्की की कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी।

# गोली से घायल युवक की ट्रामा सेंटर में हुई मौत

जनसंदेश न्यूज

जफराबाद। क्षेत्र के महरुपुर में बुधवार को गोली लगने से घायल अमिताभ मिश्र की बीएचयू ट्रामा सेंटर में शुक्रवार की भोर में मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

ज्ञात हो फरीदपुर गांव निवासी

**दुखद**

**चार नामजद सहित दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज**

अमिताभ मिश्र पुत्र अवधेश मिश्र बुधवार को अपने बुलेट बाइक से शहर जा रहे थे। महरुपुर बाजार में कार सवार बदमाशों ने उनको पीठ तथा पेट में गोली मार दिया। उनको जिला चिकित्सालय से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर बीएचयू के लिए रेफर कर दिया गया।

### गोली मारने वाले आखिर कौन थे?

थाने से मात्र 200 मीटर दूर हथियार से लैस चार पहिया से बदमाशों ने वाराणसी लखनऊ राज्य मार्ग पर थाने के पास दिन दहाड़े एक युवक को गोली मारने का दुस्साहस किया। गोली मारने के बाद जफराबाद थाने के सामने से ही हमलावर आराम से निकल गए। हमलावरों ने दिन में 11:25 पर अमिताभ को गोली मारी। 11:32 पर जगदीशपुर रेलवे फाटक को पार किया। लाइन बाजार से उनकी गाड़ी काजगांव मार्ग पर निकली। जिस स्थान पर अमिताभ के ऊपर बदमाशों ने गोली चलाई ठीक सामने यूनियन बैंक की शाखा है। उक्त स्थान पर एक भी सिपाही ड्यूटी पर तैनात नहीं था। पुलिस के लिए बड़ा चैलेंज है। सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा है। तहरीर पर जफराबाद पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। क्षेत्र में मारने वाले कौन थे, किस कारण से उन्होंने मारा और क्यों, यह चर्चा का विषय बना हुआ है। अभी तक किसी नतीजे पर पुलिस नहीं पहुंच पाई है। थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने बताया कि नामजद लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

ट्रामा सेंटर में ऑपरेशन करके पेट की गोली को निकाला गया था। ऑपरेशन के बाद ही अमिताभ की हालत बिगड़ने लगी। बाद में उसकी मौत हो गयी। मृतक के भाई अवनीन्द्र मिश्र की तहरीर पर उनके ही मिसिरपुर गांव के चार लोगों पर नामजद तथा दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 147, 148 तथा 307 के तहत रात को मुकदमा दर्ज कर लिया। हालांकि अब धाराओं में मृत होने के बाद बदलाव होगा।

**संक्षेप**

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का जनपद आगमन आज



जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि 21 जनवरी को केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी लोकसभा प्रवास समिति की बैठक जिला भाजपा कार्यालय पर करेंगी। उसके उपरांत जिला पदाधिकारियों की बैठक लेंगी उसके बाद समस्त मोर्चा के जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक लेंगी। बैठक के उपरान्त विधानसभा बदलापुर के प्रवास समिति की बैठक मिरसादपुर बदलापुर में ही लेगी, उसके उपरांत बदलापुर विधानसभा के समस्त पदाधिकारियों की बैठक लेगी। बैठक के बाद अन्नपूर्णा देवी खुटहन ब्लाक जायेंगी जहां पर लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में शिरकत करेंगी उसके उपरांत खुटहन मण्डल के बूथ नं. 416 पर बूथ समिति की बैठक करेंगी और वहीं पर जलपान भी करेगी। उसके उपरांत मंत्री गिरीश चन्द्र यादव के यहाँ शोक संवेदना व्यक्त करेंगी और रात्रि विश्राम निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग जौनपुर में करेंगी। उन्होंने आगे बताया कि दूसरे दिन 22 जनवरी को शाहगंज विधानसभा में विधानसभा के प्रवास समिति की बैठक लेंगी उसके उपरान्त शाहगंज जन प्रतिनिधि एवं सहकारिता प्रतिनिधियों के साथ बैठक नगर पालिका परिषद के हाल में लेगी और उसके बाद शाहगंज मण्डल के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

## छात्रों के भविष्य के लिए पीएम ने लिखा एक्जाम वॉरियर्स पुस्तक : बीपी सरोज

मछलीशहर। स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के बेलवा बाजार में स्थित भोलानाथ शांति निकेतन इंटर कॉलेज में स्थानीय भाजपा सांसद बीपी सरोज ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखी गई एक्जाम वॉरियर्स पुस्तक के अंतर्गत बने चित्र और उसमें लिखे हुए मंत्र को कला प्रतियोगिता के माध्यम से उकेरने और उसमें उत्तीर्ण हुए छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सांसद बीपी सरोज ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों का भविष्य ही देश का भविष्य तय करता है। इसलिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों के भविष्य को निखारने के लिए स्वयं एक्जाम वॉरियर्स पुस्तक लिखी है। वह परीक्षा पर चर्चा के माध्यम से छात्रों के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना चाहते हैं जिससे छात्र परीक्षा में सफल हो सके और भविष्य का एक मजबूत भारत बना सके। कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री कितने संवेदनशील और दूरदर्शी हैं इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने व्यस्तता के बावजूद छात्रों के लिए स्वयं एक्जाम वॉरियर्स पुस्तक लिखी जिसमें छात्रों को सफल होने के लिए 28 मंत्र और अभिभावकों को भी 6 सुझाव दिए हैं। छात्रों को भाजपा काशी क्षेत्र शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक कमलेश झा, जिला अध्यक्ष रामविलास पाल और प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह, दिनकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सूर्यभान सिंह, क्षेत्रीय संयोजक डॉ. अंजना श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्याम दत्त दुबे ने किया। प्रमुख उपस्थित लोगों में चंद्रप्रकाश सिंह पप्पू सुरेंद्र पाठक राकेश मिश्रा और अभिभावकगण रहे।



छात्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते सांसद

# संदिग्ध परिस्थिति में फांसी से लटका मिला राजमिस्त्री का शव

जौनपुर। शहर के मोहल्ला परमानतपुर में निमार्णाधीन मकान में गुरुवार की देर रात राजमिस्त्री का संदिग्ध परिस्थिति में फांसी से लटका शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस आत्महत्या का मामला मानते हुए छानबीन में जुटी है।

मोहल्ले में राजकुमार गौतम के निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल पर दीवार में लगी खूंटी में मफलर से फंदे के सहारे लटका शव देखकर किसी ने शोर मचाया। मृत युवक की पहचान 45 वर्षीय विजय कुमार गौतम के रूप में हुई। वह बदलापुर थाना क्षेत्र के देवरामपुर गांव का निवासी था। पेशे से राजमिस्त्री विजय कुमार गौतम रोजी-रोटी के सिलसिले में तीन-चार वर्ष से शहर में ही रहता था। सप्ताह-पंद्रह दिन पर घर आता-जाता था। कुछ दिनों से वह राज कुमार के यहां कार्य कर रहा था। 15 जनवरी को खिचड़ी पर गांव गया और दूसरे दिन काम पर लौट आया था। खबर लगने पर सरायपोख्ता पुलिस चौकी प्रभारी अरविंद कुमार सिंह सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मृतक के स्वजन को दी गयी। शुक्रवार की सुबह रोते-बिलखते स्वजन आ गए। मृत विजय गौतम के परिवार में पत्नी माधुरी देवी के अलावा दो पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। एक पुत्री दोनों आंखों से दिव्यांग है। चौकी प्रभारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी के मामले में टीम गठित

**पिछले एक साल में हुई 11 बार चोरी**

केराकत। कोतवाली थाना क्षेत्र के नारायनपुर गांव में हुई चोरियों का पदार्फाश करने के लिए सीओ गौरव शर्मा ने शुक्रवार को एक टीम गठित की। सीओ ने बताया कि टीम का नेतृत्व कोतवाली थाना के एसएसआई दिग्विजय सिंह करेंगे। मालूम हो कि इसी महीने की 13 जनवरी की रात कोतवाली थाना क्षेत्र के नारायनपुर गांव निवासी डा. सत्यदेव सिंह के घर करीब 60 हजार रुपए मूल्य के सामान की चोरी हो गई थी। डॉ. सत्यदेव सिंह ने बताया कि गांव में पिछले एक साल में गांव में छोटी बड़ी कुल 11 चोरी की घटना हो चुकी है। लेकिन किसी भी घटना का खुलासा नहीं हो सका है। उनकी शिकायत पर सीओ गौरव शर्मा ने खुलासा के लिए एक टीम गठित कर दी है। उल्लेखनीय है कि नारायन पुर गांव केराकत और चंदवक थाना क्षेत्र के बार्डर पर स्थित है। जिसके कारण यहां न तो चंदवक और न ही केराकत थाना की पुलिस पहुंच पाती है। जिसके कारण यह क्षेत्र चोरों के लिए मुफीद साबित हो रहे हैं। डॉ. एसडी सिंह ने बताया कि इस गांव में इस साल अब तक ग्यारह चोरियां हो चुकी हैं और किसी भी चोरी का पदार्फाश नहीं हो सका है। चोरी की घटनाएं बढ़ने से नागरिकों में रोष है।

## समाचार पत्र विक्रेता संघ की बैठक सम्पन्न

जौनपुर। समाचार पत्र विक्रेता संघ के पदाधिकारियों की एक बैठक संघ भवन मीरपुर धरनीधरपुर में संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 22 जनवरी रविवार अपराहन 3 बजे समाचार पत्र विक्रेता संघ भवन पर एक समीक्षा बैठक होगी। सभी समाचार पत्र विक्रेताओं से संस्थापक अध्यक्ष राम सहारे मौर्य ने अपील किया है कि समीक्षा बैठक में पहुंचकर बैठक को सफल बनावें। बैठक में राम प्यारे प्रजापति, मंगरू राम मौर्य, अवधेश मौर्य, अखिलेश मौर्य, संतोष मौर्य और मदन मोहन गुप्ता मौजूद रहे।

### नवजात बालिका का मिला शव

सुजानगंज। बेलवार मार्ग पर रायपुर कला सड़क के बगल कल्लू प्रजापति के मकान से थोड़ी दूर खेत में नवजात बालिका का शव मिलने से सनसनी फैल गई। गुरुवार देर शाम किसी ग्रामीण की नजर नवजात बालिका के शव पर पड़ी उसने लोगों के बीच चर्चा की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। नवजात बालिका की उम्र महीने से भी कम बताई जा रही है।

# जांच टीम ने खोल दी ग्राम प्रधान और सचिव की पोल

**पीएम आवास के लिए भेजे गए 17 पात्रों में से मिले सिर्फ दो पात्र**

जनसंदेश न्यूज

गभिरन। खुटहन खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा नामित तीन सदस्यीय जांच टीम ने पीएम आवास मामले में ग्राम प्रधान व सचिव की पोल खोलकर रख दी। फोन पर एक ग्रामीण की शिकायत पर बीडीओ की सतर्कता व सजकता से सरकारी धन का दुरुपयोग होने से बच गया।

गौरतलब है कि गोबरहा ग्राम प्रधान और सचिव के द्वारा 17 ग्रामीणों को पीएम आवास हेतु पात्र बताकर ब्लॉक पर एक सूची बनाकर भेजी गयी थी। खंड विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि फोन कर एक व्यक्ति ने सूचित किया कि गाँव के अपात्रों को कागज पर पात्र बताकर आवास दिया जा रहा है। इतना सुनते ही बीडीओ श्री सिंह ने मामले की तह तक जाने हेतु तत्काल तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर दिया। सदस्यों ने गॉव जाकर जमीनी जांच की तो हकीकत सामने आ गयी। प्रधान व सचिव द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर भेजी गई 17 लाभार्थी पात्रों की सूची में से सिर्फ 2 ही पात्र मिले।

बीडीओ ने 15 अपात्रों को सूची से नाम कटवा दिया। इसी तरह अभी कुछ दिन पहले ग्राम पंचायत बीरी शमसुददीनपुर की जांच में भी भ्रष्टाचार की पोल खुल चुकी है। इन दो जांचों से यह साबित हो रहा कि ग्राम प्रधान, सचिव से मिली भगत करके अनुचित तरीके अपने चहेतों को पात्र बताकर सरकारी धन का बंदरबांट करने का प्रयत्न कर रहे है। सरकारी योजनाओं का लाभ अपात्रों को दिया जा रहा है। इसी तरह की जांच यदि अन्य गावों में करायी जाय तो कागज पर कई पात्र, जमीनी जांच में अपात्र निकलेंगे।

# चौपाल में ग्रामीणों से ली गयी समस्याओं की जानकारी

जनसंदेश न्यूज

गौराबादशाहपुर। धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र के केशवपुर ग्राम पंचायत में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में जिलाधिकारी के न पहुंचने पर डीडीओ

**बैठक**

**जिलाधिकारी के न पहुंचने पर एसडीएम व डीडीओ ने योजनाओं के बारे में बताया**




ग्राम चौपाल को सम्बोधित करते वक्ता

और एसडीएम सदर ने पहुंचकर ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाई तथा उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान डीडीओ बीबी सिंह ने ग्रामीणों से आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सफाई कर्मियों के गांव में आने के बारे में ग्रामीणों से पूछे जाने पर मुस्तफाबाद के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सफाई कर्मी कम दिखते हैं। जिस पर डीडीओ ने सम्बंधित अधिकारियों को समस्या का ध्यान देने के लिए निर्देश दिया। डीडीओ के सामने 7 वृद्ध व एक विधवा महिला ने पेंशन के लिए मांग किया। जिस पर उन्होंने आवेदन करने के लिए निर्देश दिया। डीडीओ ने ग्रामीणों से स्पष्ट रूप से कहा कि कभी भी यदि गांव का कोटेदार राशन कम दे तो इसकी सूचना तत्काल बीडीओ व सप्लाई इंस्पेक्टर को दें।

ग्राम चौपाल में राजस्व के एक पुराने मामले का एसडीएम सदर सुनील कुमार भारती ने थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह को साथ में लेकर मौके का निरीक्षण किया तथा मौके पर ही उक्त मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम को निर्देश दिया। इस दौरान बीडीओ काशीनाथ सोनकर, एडीओ पंचायत लालजी राम, सप्लाई इंस्पेक्टर रत्नेश श्रीवास्तव, एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, सीडीपीओ अभिषेक द्विवेदी, राम आजाद यादव, अखिलेश कुमार गौड़, बीटीएम ज्ञानेश्वर मिश्र आदि मौजूद रहे।

## विशेष लोक अदालत का आयोजन आज

जौनपुर। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाणी रंजन अग्रवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आर्बिट्रेशन के निष्पादन याचिकाओं/प्रार्थनापत्रों के अन्तर्गत धारा 34 आर्बिट्रेशन एण्ड कोन्शिलिएशन एक्ट, 1996 से सम्बन्धित अधिक से अधिक वादों का 21 जनवरी को आयोजित विशेष लोक अदालत में आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों का सुलह समझौतें के माध्यम से निस्तारण कराये जाने हेतु किया जायेगा। इसमें वादकारीगण न्यायालय में आकर आर्बिट्रेशन एण्ड कोन्शिलिएशन एक्ट के अन्तर्गत निष्पादन वादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराकर लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकते है।

उक्त जानकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रशान्त कुमार ने दिया।

# लंभुआ ने शाहगंज को पराजित कर जीती ट्रॉफी

जनसंदेश न्यूज

गभिरन। खुटहन क्षेत्र की सीमा से सटे जनपद सुल्तानपुर करौंदी कला के गॉव कटघरपूरे चौहान में आयोजित सोनवा बाबा क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में लंभुआ ने एक रोमांचक मैच में शाहगंज को 10 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया।

**खेल कूद**

**बल्लेबाज ओमप्रकाश ने एक ओवर में जड़े छह छक्के, युवराज सिंह के रिकॉर्ड की दिलाई याद**



विजेता टीम लंभुआ को ट्रॉफी व जीत की रकम से पुरस्कृत किया गया।

फाइनल में पहुंची लम्भुआ सुल्तानपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। लंभुआ के बल्लेबाजों ने निर्धारित 10 ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करे हुए 5 विकेट पर कुल 165 रन बनाये। लंभुआ के रवि ने 13 छक्के और 3 चौकों की मदद से 95 रनों की आतिशी पारी खेल दर्शकों के बीच खूब वाहवाही लूटी। जवाब में 166 रनों का पीछा करने उतरी शाहगंज की टीम ने जबरदस्त खेल दिखाया। धाकड़ बल्लेबाज ओमप्रकाश ने लगातार 6 गेंदों पर 6 गगनचुंबी छक्के लगाकर युवराज सिंह की पारी की याद दिला दी। अपनी 70 रनों की पारी से वह अपनी टीम को जिताने की भरसक कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो पाए। शाहगंज की टीम 155 रन ही बना सकी।

विजेता टीम लंभुआ को बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान शिव रक्षा उपाध्याय ने टूर्नामेंट के लिए घोषित चमचमाती ट्रॉफी व 25000 रुपये तथा उपविजेता टीम को 14000 रुपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया। विजेता टीम लंभुआ के लिए 95 रन बनाने वाले रवि को मैन आफ द मैच तथा पूरे टूर्नामेंट में अपने बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शाहगंज के ओम प्रकाश को मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें नकद धनराशि के अलावा पुरस्कार स्वरूप साइकिल भेंट की गई।

इस मौके पर सुरेन्द्र मिश्र, नरेंद्र वर्मा, सुभाष वर्मा, सुरेन्द्र पाल, जय प्रकाश उपाध्याय, शैलेन्द्र उपाध्याय, परविन्द पाल, शिव कुमार समेत सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

# आप की बैठक में आंदोलन सफल बनाने पर हुई चर्चा

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बिजली दरों में वादा खिलाफी के खिलाफ आयोजित होने वाले 25 जनवरी व 27 जनवरी और 1 फरवरी को आम आदमी पार्टी द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु जनपद में एक महत्वपूर्ण आकस्मिक बैठक गुरुवार समय दोपहर लगभग 12 बजे केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह (मुन्ना) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी कैलाश पटेल एवं विशिष्ट अतिथि जिला सह प्रभारी गुलाब सिंह राठौर उपस्थित हुए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष श्री मुन्ना ने कहा कि आगामी 25 जनवरी को राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर लखनऊ के इको गार्डन में होने वाले आंदोलन प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी जनपद से लगभग 400 की संख्या में जाएगी और जब तक सरकार द्वारा बिजली के दामों को कम नहीं किया जाएगा तब तक आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी इसके खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के जिला महासचिव विनोद कुमार प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. दिवाकर मौर्य, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह, पंचायत प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनीष सिंह, मुरली मनोहर, शशिधर चौहान, मानिक चंद्र मौर्य, राजेंद्र कुमार सिंह, सुनील यादव, सुनील शर्मा, इस्लाम खान, शाकिर अहमद, अमित विश्वकर्मा, रिजवान अहमद इत्यादि लोग शामिल रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर रसोइयों ने दिया ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** उत्तर प्रदेशीय रसोइयां संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष शिवशंकर उपाध्याय की अध्यक्षता में शुक्रवार को परिषदीय स्कूलों के रसोइयों ने बीआरसी पर एक मासिक बैठक कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

बैठक में रसोइयों के हित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें पद को स्थायी करने, समय-समय पर मानदेय में वृद्धि, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों की तरह महीने की 10 तारीख तक मानदेय का भुगतान करने और कार्य दिवस में छुट्टी अवकाश पाने सम्बन्धी मुद्दों पर चर्चा हुई जिसके बाद उन्होंने उक्त माँगों से सम्बन्धित एक ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नाम खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यालय सहायक प्रवीण कुमार चतुर्वेदी को दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनीता समेत अन्य रसोइयां से सिंगारी, परमिला, बदामा, आशा आदि प्रमुख रही।



मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपती रसोइयां

# प्रधानों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते प्रधान

जनसंदेश न्यूज

**जफराबाद।** सिरकोनी विकासखंड में शुक्रवार को ग्राम प्रधानों ने अपनी समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

प्रधान पति अशोक सिंह ने बताया कि हम लोगों ने बीडीओ के माध्यम से प्रधानमंत्री को अपनी समस्या के निस्तारण के लिए पत्रक दिया है जिसमें मजदूरी 213 रुपये मिलती है उसमें मजदूर नहीं मिल पाते हैं। कम से कम 400 रुपये कर दिया जाए। हम लोग जहां काम करा रहे होते हैं वहां नेटवर्क खराब होने की वजह से मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी नहीं लग पाती है मोबाइल मॉनिटरिंग से हम लोग मजदूरों की हाजिरी लगाने का प्रयास भी कर रहे हैं। मजदूर काम करता है लेकिन ऑनलाइन हाजिरी न हो पाने के कारण जब हम लोग मास्टर रोल फीडिंग कराने आते है तो पता चलता है कि काम ही नहीं हुआ है। तब हम लोगों का भुगतान कैसे होगा। इस मौके पर मनोज यादव, आदित्य सिंह, मनोज यादव अशोक कुमार यादव, सनी सिंह, साहब लाल, अनिल यादव, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# बेटियां अपनी मेहनत से हर क्षेत्र में लहराती हैं परचम : अंजना देवी

आयोजन

## कुटीर पीजी कालेज चक्के में आयोजित हुई खेलकूद प्रतियोगिता

**पराऊगंज।** ग्राम संकुल स्तरीय खेलकूद समागम नेहरू युवा केंद्र जौनपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा खो-खो, बालीबाल 400 मीटर दौड़ बालक एवं 100 मीटर दौड़ बालिका एवं ऊंची कूद प्रतियोगिता का आयोजन कुटीर पीजी कॉलेज चक्के के क्रीड़ांगन में शुक्रवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सरैया अंजना देवी एवं अध्यक्षता प्राचार्य मेजर डॉक्टर रमेश मणि त्रिपाठी ने किया।

विजेता टीम को मुख्य अतिथि अतिथि ने पुरस्कृत करते हुए कहा कि बेटियों को जिस भी क्षेत्र में मौका दिया जाता है वे अपनी कामयाबी का परचम लहराती हैं। बेटियों में गजब की इच्छा शक्ति होती है, जरूरत है केवल अवसर की। मौका मिलने पर वह अंतरिक्ष तक का सफर पूरा कर लेती हैं। बेटियां आज के दौर में अपनी मेहनत से हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। विजेता खिलाड़ियों को साधुवाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहाकि भारत सरकार द्वारा ग्राम संकुल स्तरीय खेलकूद समागम का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में निरंतर आयोजित होने पर ग्रामीण अंचल के साधन विहीन बालक एवं बालिकाएं अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय पटल पर निखार कर राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. राघवेंद्र कुमार पांडे, प्रभारी पूनम धर्मेंद्र दुबे, प्रधानाध्यापक सिंह, डॉ. अवनीश कुमार दुबे, कृष्ण प्रताप दुबे, पूर्व ग्राम प्रधान अमरनाथ यादव, कृष्ण कुमार मिश्र समेत आदि लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता राम सिंह यादव अध्यक्ष नेहरु युवा मंडल की संरक्षकत्व में आयोजित हुआ।

# आवासीय विद्यालय में पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बालिका सप्ताह दिवस के अवसर पर 18 से 24 जनवरी तक बालिकाओं को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उक्त के क्रम में शुक्रवार को कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय में पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कराया किया गया।

कार्यक्रम में महिला शक्ति केंद की जिला समन्वयक बबिता व प्रतिभा सिंह द्वारा बताया कि आज लड़कियां लगभग हर क्षेत्र में कार्यरत हैं और अपनी स्थिति को मजबूत कर रही हैं, एक दौर ऐसा भी था जब बच्चियों को गर्भ में ही मार दिया जाता था। इस कारण लिंग असमानता की समस्या बढ़ी। जन्म के बाद उनका बाल विवाह कर देते, जिसकी वजह से वह अपना बचपन खो देती हैं। शारीरिक,



मानसिक और सामाजिक विकास से वंचित रह जाती हैं और साथ ही कम उम्र में गर्भवती होने से किशोरी और शिशु दोनों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इन सभी का असर देश के विकास पर भी होता है। बालिकाओं के खिलाफ होने वाली इन्हीं कुरीतियों के अंत और किशोरियों को समाज के प्रथम पायदान पर लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष जनवरी माह में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाली बालिकाओं को सम्मानित करके उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य शशिरानी श्रीवास्तव व अन्य शिक्षिका सीता सिंह, रंजना यादव, आयशा तहसीन द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# एनसीसी कैडेटों को कराया गया शस्त्राभ्यास

जनसंदेश न्यूज



**खेतासराय।** खेतासराय-खुटहन मुख्य मार्ग पर स्थित सर्वोदय इण्टर कॉलेज खुदौली में एनसीसी के 98 बटालियन के कैडेटों को हथियार का परीक्षण कराया गया। जिसमें उनको हथियार को चलाने और बारीकियों के बारे में बताया गया।

उक्त प्रशिक्षण कार्य जौनपुर एनसीसी के 98 बटालियन के कमाण्ड अधिकारी कर्नल निकेत सिंह नेगी के निर्देशन में सकुशल सम्पन्न हुआ। जानकारी के अनुसार उक्त कॉलेज प्रांगण में शुक्रवार की सुबह एनसीसी कैडेटों को ए व बी प्रमाण-पत्र की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले कैडेटों को 5.56 एमएम इंसास राइफल, 7.62 एसएलआर राइफल एवं पॉइंट 22 राइफल को खोलना, जोड़ना व उसकी विशेषताओं के बारे में बताते हुए प्रशिक्षक मण्डल में सूबेदार त्रिया, हवलदार अमरीक सिंह के साथ हवलदार हेमंत द्वारा कैडेटों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण देते हुए अभ्यास कराया गया। इस दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय ने प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कैडेटों को क्रेडिट स्कोर अच्छी तरह से प्रशिक्षण लेने की बात कहते हुए बारीकियों को समझने की बात कही, जो जीवन में आगे चलकर लोगों को जागरूक करने के भी काम आ सके। इसके अलावा कैप्टन राजेश यादव, सेकेंड ऑफिसर विनोद कुमार मिश्रा, प्रवक्ता दिनेश कुमार गुप्ता, रेखा यादव आदि लोगों ने प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया।

## लोस चुनाव से पहले प्रत्येक क्षेत्र का दौरा करेगा यदुवंशी महासंघ

**भदोही।** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले यदुवंशी महासंघ का प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्र में दौरा होगा। यह जानकारी यदुवंशी महासंघ के राष्ट्रीय सचिव सेवालाल यदुवंशी ने कही। वे शुक्रवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि प्रदेश में इस समय सुशासन के नाम पर तानाशाही हो रही है। ऐसे में जनता त्राहि.त्राहि कर रही है। विकास के नाम पर जनता का शोषण हो रहा है और अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं। ऐसे में जनता का अब इस सरकार है तोह भंग हो चुका है। कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता परिवर्तन का शंखनाद करेंगी।

## संक्षेप

### निपुण भारत मिशन के अंतर्गत जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**भदोही।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न बिंदुओं यथा विद्यालयों में हो रहे कायाकल्प के कार्य, कक्षा कक्ष में हो रहे परिवर्तन, छात्रों की उपस्थिति, शिक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचार एवं शिक्षक संकुलों की प्रभावी बैठकों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी द्वारा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। उनके द्वारा शिक्षक संकुल की बैठको, कक्षा कक्ष में संदर्शिकाओं के प्रयोग, शिक्षण योजनाओं का प्रयोग एवं शिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अकादमिक टीम को संबोधित करते हुए योजना निर्माण के साथ सहयोगात्मक पर्यवेक्षण पर जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने आगामी माहों के लिए रोस्टर बना कर विद्यालय आवंटन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ छात्र उपस्थिति पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया तथा आगामी माह में विशेष योजना बना कर उपस्थिति पर फोकस करने को कहा गया। साथ ही उन्होंने प्रत्येक विकास खण्ड से 20 विद्यालयों की सूची बनाने के लिए कहा गया जिनमे न्यूनतम छात्र उपस्थिति हो रहे हैं। ऐसे विद्यालयों में एआरपी एवं अधिकारियों द्वारा जनमानस के साथ बैठक कर उपस्थिति बढ़ाने के प्रयास करने हेतु कहा गया। इसके साथ ही डीएम ने नगर के अधिशाषी अधिकारी को नगर के विद्यालयों में कायाकल्प के लिए तत्काल योजना निर्माण हेतु निर्देशित किया।

### 26 जनवरी से 32 ग्रामीण बाजारों में होगी साफ-सफाई

**ज्ञानपुर।** जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेन्ट कमेटी की जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रर सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी भदोही को ममहर ग्राम पंचायत के खेल मैदान पर कूड़ा करकट डालकर अतिक्रमण किए जाने का संज्ञान लेते हुए कठोर कार्यवाही करने का निर्देश दिया तथा साथ ही साथ ममहर में अव्यवस्थित पानी युक्त नालिया एवं कूड़ा कचरा को अस्थायी अपशिष्ट कूड़ा केन्द्र पर निस्तारित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी राकेश यादव ने बताया कि ग्रामीण बाजार सफाई अभियान के अन्तर्गत 26 जनवरी को सभी विकास खण्डों के स्थलों को चयनित करते हुए 32 ग्रामीण बाजारों में साफ-सफाई अभियान का शुभारम्भ किया जाएगा। जिसके लिए अगामी 21 दिनों में सभी ग्रामों की साफ-सफाई व ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन की डीपीआर बनाया जाना है। गॉव की साफ-सफाई हेतु आवश्यक सफाई कीट की व्यवस्था ग्राम पंचायत निधि से कराया जाएगा। तथा साफ-सफाई हेतु श्रमिक की व्यवस्था सस्टेन मॉडल के अनुसार यूजर चार्ज एकत्रित कर किया जाएगा। प्रत्येक विकास खण्ड से प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट बनाये जाने हेतु जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी को कड़े शब्दों में निर्देशित करते हुए अविलम्ब स्थल चयनित कर सूची प्रेषित करने का निर्देश दिया। गंगा के किनारे के ग्राम पंचायतों को मॉडल ओडीएफ बनाए जाने व स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 पर विचार विमर्श किया गया।

### जल संरक्षण के लिए अपने युवा साथियों के साथ नायब खोद रहे तालाब

**ज्ञानपुर।** अभोली विकास खंड के कनकपुर गाँव निवासी नायब बिंद धावक प्रतिदिन सुबह गाँव के एक तालाब को अकेले खोदने का बीड़ा उठाया हैं। साथ ही साथ तालाब के किनारे बच्चो के लिए दौड़ पथ भी बना रहें है। जिससे बच्चो को दौड़ करने में सुविधा हो सकें। इस दौड़ पथ को नायब बिंद ने एक नाम दिया है। नायब खेल सरोवर कनकपुर तालाब नायब बिंद का कहना हैं जल संरक्षण हमारे लिए बहुत जरूरी है। सरकार एवं सभी लोगों को जल संरक्षण के लिए बहुत तेजी से आगे आना होगा जिससे जल संकट से बचा जा सकें। आपको बता दे कि नायब बिंद 2018 में भदोही से दिल्ली तक स्वच्छता मैराथन दौड़ लगा चुके हैं।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. UPHIN/2012/46221
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# डायग्नोस्टिक सेंटरों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

जायजा

## अनियमितता मिलने पर दो सेंटरो को डीएम ने कराया सील

## डायग्नोस्टिक सेंटरों के मालिकों में मची हड़कंप बंद कर हुए फरार

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** मानकों की अनदेखी कर संचालित किए जा रहे डायग्नोस्टिक सेंटरों पर अब जिला प्रशासन ने कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। गोपनीय स्तर पर की गई जांच के आधार पर शुक्रवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गोपीगंज के दो अलग-अलग डाग्नोस्टिक सेंटरों में छापा मारा। डीएम के अचानक डायग्नोस्टिक सेंटरों पर पहुंचने से नगर में हड़कंप मच गया, सेंटर संचालक



डायग्नोस्टिक सेंटरों की जांच के दौरान मौजूद जिलाधिकारी गौरांग राठी

अपने अपने सेंटरों को बंद कर भाग निकले।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने टेक्नीशियन के न होने और अन्य खामियों के मिलने पर दोनों सेंटरों को सील करा दिया। जिलाधिकारी द्वारा की गई इस कार्रवाई से अन्य डाग्यनोस्टिक सेंटर संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गोपीगंज बस स्टैंड स्थित शिवा डायग्नोस्टिक सेंटर पर पहुंचे तो संचालक ताला लगा कर भाग निकला। जब की अंदर जांच कराने आई नूरजहां पत्नी इद्रीस निवासी अनंतडीह महिला किसी तरह पीछे के दरवाजे से बाहर निकली, उसे सील किया गया। वही बस स्टैंड स्थित मेडिको अल्ट्रा साउंड सेंटर पर भी पहुंचे डीएम के गहन छानबीन पर कई अनियमितताएं पाई गई, डाक्टर और टेक्नीशियन मौजूद नहीं थे, एक अन्य जो वहां की देखरेख कर रहा था पूछताछ के लिए अपने साथ ले गए, और सेंटर को सील कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी के पास किसी के द्वारा गोपनीय शिकायत की गई थी। दोनों डायग्नोस्टिक सेंटर को सील करके अभिलेखों की जांच पड़ताल की जा रही है। गलत पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी के साथ नायब तहसीलदार संजय कुमार, कानूनगो अमरेश पांडेय, लेखपाल बेलाल अहमद सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में जी टीवी क्विज का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

क्विज प्रतियोगिता

## छात्रों ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा, प्रिंसिपल शालिनी मेहरा ने बढाया बच्चों का उत्साह

**भदोही।** नगर के सिविल लाइन रोड स्थित वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को जी टीवी क्विज का आयोजन किया गया, जिसमे कक्षा छः से ग्यारह तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

जी टीवी क्विज की तरफ से अभिषेक ने विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तरी की, जिसमे विर्द्यार्थियों ने अति उत्साह के साथ प्रश्नो का उत्तर प्रस्तुत किया।वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता का पहला चरण था जिसमें कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। प्रतियोगिता में छात्रों के बीच प्रश्नावली का वितरण किया गया और उन्हें 20 प्रश्नों के उत्तर देने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित विद्यार्थियों को प्रश्नोत्तरी के उपरान्त प्रशस्ति पत्र प्रदान कर मनोबल बढाया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रिंसिपल शालिनी मेहरा बच्चों के बीच लगातार उपस्थित होकर विद्यार्थियों को स्वयं के मनोबल बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किये बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।



# भदोही की टीम ने लक्ष्मी हॉस्पिटल को हराकर किया प्रतियोगिता से बाहर

खेल

## डीघ पर मास्टर क्रिकेट एकेडमी ने दर्ज की जीत

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान मेढ़ी में चल रहे तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ के छठें दिन शुक्रवार को दो मैच खेले गए। पहला मुकाबला डीघ व मास्टर एकेडमी के बीच व दूसरा मैच लक्ष्मी हॉस्पिटल वाराणसी व भदोही इलेवन के बीच खेला गया।

पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीघ की टीम ने निर्धारित बीस ओवरों के मैच में 16 वे ओवर में 46 रन बनाकर आल आउट हो गई। जबाव में खेलने उतरी मास्टर एकेडमी की टीम ने एक विकेट की कीमत पर छठे ओवर में ही मैच जीत लिया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का दूसरा मैच लक्ष्मी हॉस्पिटल वाराणसी व भदोही इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें लक्ष्मी हॉस्पिटल वाराणसी के कैप्टन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवरों मे 7 विकेट पर 127 रन बनाए। जबाब में खेलने उतरी भदोही की टीम ने चार विकेट से मैच जीत लिया। भदोही के बल्लेबाज विशाल ने सर्वाधिक 49 रनों की पारी खेलकर विजय की आधारशिला रख दी, कैप्टन विपिन राय ने 28 रन बनाया व शनि पांडेय ने 24 रनों की पारी खेली। भदोही की टीम ने 19 वें ओवर में छः विकेट की कीमत पर लक्ष्य प्राप्त कर-के लक्ष्मी हॉस्पिटल को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। मैच के दौरान हजारो की संख्या में दर्शक मौजूद रहें। चौके,छक्के व विकेट पर दर्शको ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह, विजयशंकर राय, जेपी सिंह, राजमणि पांडेय, राजकुमार सरोज, दिनेश यादव, प्रमेन्द्र गौतम, सभाजीत बिंद आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।

# सफाईकर्मियों सहित कर्मचारियों का तीन माह से रुका वेतन खाने के पड़े लाले

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज की ओर से पिछले तीन महीने से सफाई कर्मियों सहित नियमित कर्मचारियों के वेतन ना मिलने से उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। कर्मचारियों का आरोप है कि शासन द्वारा राज्य वित्त का पैसा हमारी तनख्वाह, पेंशन, भत्ता आदि का आता है, परंतु अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदारों भुगतान कर दिया जाता है। वही सेवाप्रदाता को हर माह भुगतान किया जा रहा है। जिसके कारण वेतन रुका हुआ है। हालत यह हो गई है कि दुकानदार राशन उधार में नहीं दे रहे है। बच्चों की पढ़ाई फीस जमा न होने के कारण बाधित हो रही है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया की शासन से ग्रांट काम मिलने के कारण कुछ परेशानी आई थी, जिसकी वजह से वेतन रुका हुआ है। अगले सप्ताह तक सैलरी दे दी जायेगी। उधर कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मानदेय व वेतन का भुकतान नहीं किया गया तो उच्चाधिकारियों के सामने मामले को उठाया जाएगा।

# हर क्षेत्र में आगे बढ़कर बेटियां कर रहीं नाम रोशनः जिपं अध्यक्ष

कार्यक्रम

## महिला महाविद्यालय औराई में रेंजर्स पंच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में शुक्रवार को रेंजर्स पंच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी एवं प्राचार्य डॉ. बृजकिशोर त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया। तत्पश्चात रेंजर्स लीडर डॉ. श्वेता सिंह व शिविरार्थियों ने मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का टोपी, स्कार्फ व बैज लगाकर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।



महिला महाविद्यालय औराई में रेंजर्स के साथ खड़े जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि अब जमाना लद गया है जब बेटियां बेटों से पीछे हुआ करती थीं।आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने शिविरार्थियों से इन पंच दिवसीय शिविर में सीखी गई बातों को अपने जीवन में उतारने की अपील की। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में टोली नंबर एक प्रथम, टोली नंबर सात द्वितीय व टोली नंबर पाँच ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट रेंजर्स का पुरस्कार प्रीति देवी बी.ए प्रथम सेमेस्टर एवं रानी यादव बी.ए प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। रेंजर्स रीडर डॉ. श्वेता सिंह ने पांच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर की आख्या एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुचिता वर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय अनुज कुमार सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


Best Wishes For New Year
Running Successfully from Last 18 Years
Best Wishes For New Year
Affiliation No. 2131496
Come For Golden Future
School No. 71237
2023
HAPPY NEW YEAR
Maa Vaishno Modern Public School
(M.V.M. Public School)
प्रवेश प्रारम्भ
Affiliated to C.B.S.E. (10+2) New Delhi (English Medium)
एम.वी.एम. गर्ल्स इण्टर कालेज
Play Group to Sr. Secondary 10+2 (SCIENCE & COMMERCE)
Robertsganj-Sonebhadra (U.P.)
Mob.: 8115316765
Annual Day Celebration
Admission Open
MAA VAISHNO MODERN PUBLIC SCHOOL
Branch: Brahm Nagar
Parivartan
Transformation is Happening
On Saturday, 21st January 2023, at 2:00 pm
Venue: Parasi Pandey (Kamoji Road)- Sonbhadra
Admission Open
Branch: Parasi Pandey
Chemistry Lab
Admission Open
MAA VAISHNO MODERN PUBLIC SCHOOL
Branch: Jamgaeen (Ghurma)
Teaching Staff
Physics Lab
Biology Lab
Annual Sports Meet
Education Partners
class edge
better teachers make better students™
Computer
Library
Rangoli
Contact No. 9415206498, 9919804521, 8115274909, 8115940090
Parasi Pandey (Kamoji Road) 9555901345, 9839135428, Jamgain (Ghurma) 6394207473, 8115274909
email : mvm.ps05@gmail.com, website : mvmpublicschool.in